(अनिरुद्ध पाण्डेय

बीती रात
सबेरा आया

आवेदन

'पन्ना पुखराज' की कहानी सन् १६३० मे १६३७ तक के स्वतंत्रता संघर्ष पर आधारित थी। उसी क्रम मे 'बीती रात सवेरा आया' सन् १६३६ से १६४७ तक के स्वतंत्रता सग्राम की कहानी है। आजाद हिन्द फौज की ऐतिहासिक क्रान्तिकारी भूमिका कथा की संजीवनी है। युद्ध की इतिवृत्तात्मकता बडी कठोर होती है। उपन्यास की सरस विधा मे मिल कर भी उसका मूल धरातल बदलता नही। फिर भी पाठक देखेंगे कि प्रस्तुत कहानी बडी मनोरम और हृदयग्राही बन गयी है। तत्कालीन भारतीय जनमानस की वृतियो का इसमे बडा ही संश्लिष्ट और रोचक चित्र उभारा है। सच तो यह है कि प्रस्तुत उपन्यास युद्ध, यौवन और जीवन का अत्यन्त मर्मस्पर्शी चित्र बन पड़ा है। युद्ध विषयक साहित्य मे इस विशेषता के कारण प्रस्तुत उपन्यास भारतीय साहित्य की अनमोल निधि है।

दूसरे विश्व युद्ध के वर्षों मे मुझे बर्मा के सरहद्दी प्रदेशो और दक्षिण पूर्व एशिया के कितने भूभागो मे रहने का सुअवसर मिला। इधर उन पुरानी स्मृतियों को ताजा करने के लिए मुझे दो बार बर्मा की सीमा मे मिले नागा प्रदेश की यात्रा करनी पडी। वहीं, कोहिमा मे, यह उपन्यास पूरा हुआ। हिन्दी टाइप की वहाँ सुविधा नहीं मिली। अत उपन्यास की पाण्डुलिपि जैसी लिखी गयी वैसी ही रही। उसे दुबारा जाँचने, घटाने-बढ़ाने का मौका नही मिला।

मैं कितना चाहता हूँ कि उपन्यास आसामी और नागामी भाषाओ मे भी प्रकाशित होता। उससे आसाम और नागालैण्ड के सहृदय मित्र तथा विद्वान मेरे प्रस्तुत प्रयत्न को स्वय पढ पाते। उनमे कथावस्तु के बारे मे मेरी विशद चर्चा हुई थी। लेकिन पैंतीस वर्षों के बाद भी राष्ट्र भाषा हिन्दी अभी भारत के हर भू-भाग में पूरी तरह प्रतिष्ठित नहीं है। मैं शुभेच्छु मित्रो से क्षमा याचना ही कर सकता हूँ।

यह कम अचरज की बात नही कि मुट्ठी भर अंग्रेज व्यापारी छल और धोखा तथा हमारी आपसी फूट से भारत के शासक बन बैठे। उन्होंने भारतीय सैनिकों के बल पर ही समूचे देश पर अपना अधिकार जमा उसे दासता की जंजीरों मे जकड़ रखा। उस महान कलंक को आज़ाद हिन्द फौज के वीर सेनानियो ने समूल धो दिया। वही अंधेरा मिटा कर उजाला लाये। मेरी बडी अभिलाषा है कि उन

अमर सेनानियों या उनके वंशजों के पास प्रस्तुत कृति जरूर पहुँचे। वे सुदूर भविष्य के किसी काल में भुलाये नहीं जा सकते और वे हमेशा देश के प्रेरणा-स्रोत बने रहेंगे। जेनरल शाह नवाज़ खां की सुप्रसिद्ध पुस्तक 'आज़ाद हिन्द फौज' से उपन्यास लिखने में बहुत मदद मिली। उनके प्रति आभार न व्यक्त करना अकृतज्ञता होगी।

दीपावली १९८३

—अनिरुद्ध पाण्डेय

सन् इकतालीस का साल बीत रहा था। फ्रान्स की दुर्भेद्य मैजिनो लाइन (जर्मनी की सरहद पर बनायी गयी रक्षा पंक्ति) कब की टूट चुकी थी। फ्रान्स पर अधिकार कर हिटलर की फौजें इंगलैण्ड की ओर मुँह किए 'इंगलिश चैनेल' के फ्रान्सीसी किनारे पर डटी थी। जर्मनी के हवाई हमलों से इंगलैण्ड के निवासियों का जीना हराम हो गया था। राजधानी लंदन का सारा काम-काज ज़मीन के नीचे खोदी गयी खाइयों, गुफाओं और तहखानों में लुक-छिप कर चल रहा था। हिन्दुस्तान युद्ध के मैदान—योरोप—से बहुत दूर था। हिन्दुस्तान इंगलैंड के अधीन था। उसने हिन्दुस्तान को भी युद्ध में झोंक दिया था। नगर नगर में फौज की भर्ती के दफ्तर खुल गये थे। जगह जगह किसानों की खेती की जमीनों पर छावनियाँ बनायी जा रही थी, हवाई अड्डे बनाये जा रहे थे। देश-विदेश की फौजें हिन्दुस्तान लायी जा रही थी। जन-जीवन त्रस्त था। कीमतें बेतहाशा चढ़ने लगी थी। भूखे भारत में चारों ओर दुर्भिक्ष, महामारी और पेट की त्राहि त्राहि मची थी। बंगाल की दशा भयावह थी। पेट की ज्वाला में भुनकर आदमी अपने को बेच रहा था। लाज, शर्म, हया भूल गयी थी। काला बाजारी, चोर बाजारी, घूसखोरी, बेईमानी और लूटपाट का ताण्डव शुरू हो गया था। अंगरेजी सरकार को अपनी लेनी की देनी पड़ी थी। उनके छक्के छूट रहे थे। उन्हें हिन्दुस्तान की नंगी भूखी मानवता से कभी कोई वास्ता नहीं रहा था। दुर्भिक्ष, अकाल इस संकट में उनके सहायक सिद्ध हो रहे थे। अंगरेज की लड़ाई सदा से हिन्दुस्तानियों की भूख पर ही लड़ी गयी।

निम्न मध्यम वर्ग के पढ़े-लिखे लोगों की जान सांसत में थी। अमीर, उमरा, रईस भी कम सन्तप्त नहीं थे। व्यवसायी, बड़े या छोटे, अनैतिकता के प्रवाह में बेरोकटोक बह रहे थे। बीते कल की दीवारें गिर रही थी, आने वाले कल का भरोसा नहीं था। सभी गोता लगा रहे थे—अपना अपना कोठा भर रहे थे। लूट खसोट की बाजारें गर्म थी। साधारण जन ही नहीं असाधारण भी इसी पटराग में बह रहे थे।

जैसी बहे बयार पीठ तब तैसी कीजे, कुटिल जनों के इसी मंत्र को सभी अपना रहे थे।

बनारस के चौक की मुंशी बाबू की ऊँची हवेली में इसी देश काल की चर्चा चल रही थी। बनारसी साड़ियों के दलाल और कारबारी जुटे थे। दूधिया ठण्ढाई छन रही थी। मघई पान के बीड़े मुंह में दबा कर बाबा विश्वनाथ की बलैयां ली जा

रही थी। मुंशी बाबू के जिगरी दोस्त त्रिभुवन प्रसाद पण्डा ने अपनी गर्दन को मोड़ कर एकाएक कहा,—"महाभारत हुआ था। उसमें भारत गारत हो गया। कलियुग उसी के बाद आ पहुँचा। यह सर्वग्रासी महायुद्ध दुनिया को खत्म करके छोड़ेगी। प्रलय का अनहद गूंज रहा है। कोई नामलेवा नहीं बचेगा।"

मुंशी बाबू ने अपने विशिष्ट अन्दाज़ में मुस्कुराते हुए कहा,—"जरमन के पास अग्निबाण है। इस बार आदमी की परछायीं भी नहीं बचेगी। लंदन, सुना, तहस-नहस हो गया।"

कालिका राय जमे बैठे थे। शेर बोल उठे,—'आशिक का जनाजा है, ज़रा धूम से निकले।'

मिसरा सबको पसन्द आया। सब ही ही कर दाद देने लगे।

सुकवि विदीर्ण ने दो की जगह पान की चार गिलौरियां मुंह में दबायी थीं। बनारस का पान खाया नहीं चाभा जाता है। कवि जी ने मुंह में दबाये बीड़ों को चाभ कर इस आशय से कि वह कालिका राय से पीछे न रह जायँ, कहा,—"चक्र शैतान ने है तेज़ चलाया अब के।"

कालिका राय ने ही दाद दी,— "विशेशरगंज के भाग जग गये। गाड़ियां लद कर दनादन कलकत्ता भाग रही है। जौ, चना, सोने के भाव बिक रहा है। लाला वित्तूमल करोड़पति बन गया। उसका मुनीम हरप्रसाद, वह छंटा बदमाश, लाखों से खेल रहा है।"

"हरप्रसाद का बाप कल तक कुंज गली में बन्ने रंगरेज के यहाँ दहाड़ी पर रंगायी करता था।"—मुंशी बाबू ने किसी ध्यान में खोये हुए मानो भेद की बात कही।

"अरे, हरप्रसाद भी शकरकंदी का खोंचा लगाता था। मैंने ही पन्द्रह रुपल्ली पर उसे वित्तूमल के यहाँ नौकर रखाया। वह नम्बरी चार सौ बीसिया है। बालों में खिजाब लगाता है, हाकिम हुक्कामों को डाली भेजता है। दरोगा के साथ 'वार फण्ड' में चन्दा वसूल करा रहा है। दोनों की पाँचों घी में हैं। मिस्टर फिशर ने उससे हाथ मिलाया ......।"—लाला गोपालदास ने, साड़ियों के प्रमुख व्यापारी, व्यंगोक्ति कसी। हर प्रसाद ने कभी उनको चूना लगाया था।

"अरे, एक हरप्रसाद हो तो कहा जाय। विशेशरगंज में जो कल कौड़ी कौड़ी का मोहताज था, आज लाला बना बैठा है। दमड़िया ने कलकत्ता में आढ़त खोल ली है। यहाँ खरीदता है वहाँ बेचता है। कापी बही में माल नदारद दिखाता है। कहता है, जापान हिटलर की ओर खड़ा हो गया है। वह बर्मा पर धावा बोलने ही वाला है। तब वह चाँदी सोने के महल में रहेगा"—कालिका राय ने विदीर्ण पर रोब जमाने के लिए दमड़ी साहु की कारस्तानी सुनाई।

सुकवि उन्नीस कैसे रहते? आँखें नचाकर बोले,—"सारी दुनिया पागल हो रही है। अरे, सोने की लंका जल कर भस्म हो गयी थी। ये चोर बाजारिए क्या

रुपयों से अपनी चिता फूकेंगे ?'

मुंशी बाबू ने बात काटी,—"दुनिया रसातल को जा रही है। आपने सुना नहीं, कल एक गोरे ने छावनी में जबरदस्ती एक देहातिन से अपना मुंह काला किया ?'

"कब, कैसे ?"—सुकवि विदीर्ण घटना का विवरण जानने के लिए अधीर हो उठे।

"हरौआ की ओर से किसी गाँव की औरतें गंगा नहाने आयी थी। नहा कर, विश्वनाथ जी पर जल चढ़ा कर, वे गाँव वापस लौट रही थी। दोपहरी बीत चुकी थी। स्टेशन के पार छावनी मे उस समय वैसे ही सुनसान रहता है। औरतें एक रिक्शे मे थी। गोरा अपनी बैरक से निकल कर रिक्शे पर झपटा। एक युवती को खीच ले गया। रिक्शा वाला दूसरी सवारियों के साथ भागा। गोरो के आतंक से पास-पड़ोस के लोग घरो मे छिपे रहे। पुलिस ने साँझ बीते युवती को उसके घर पहुँचाया।

मुंशी बाबू ने विवरण इतनी रोचकता से सुनाया कि सबकी साँसें टँगी रही। बनारसी रेशम के रंगीले व्यापारी घुटे मेहरा ने जो अब तक चुप बैठे थे, कहा,— "भगवान जिसका नाश करता है उसकी बुद्धि पहले हर लेता है।"

कालिका राय उबल कर बोला,—"ये विडालाक्ष रावण के पुत्र नारतक की सन्तान है। इनका राक्षसपन जल कर राख हो जायेगा। वह घड़ी अब आ गयी है। क्यों विदीर्ण, तुम्हारी क्या राय है ?"

सुकवि विदीर्ण अगरेज जाति का इतिहास नही जानते थे। उन्हे अपनी ही जाति का इतिहास कहाँ मालूम था ? कालिका राय की खोज पर कुछ भी कह पाना उनके बस के बाहर की बात थी। असल मे विडालाक्षो की बात कह कर कालिका राय ने विदीर्ण पर ही वार किया था। सुकवि भर्ती के दफ्तर मे हाल ही मे सम्पर्क अधिकारी नियुक्त हुए थे। उनका प्रमुख काम फौज मे भर्ती और 'वार फण्ड' के लिए प्रचार करना था। उनको इस काम के लिए साठ रुपया महीना वेतन मिलता था, भत्ता अलग। ऊपर से भर्ती वाला कप्तान हफ्ते मे एकाध रम का पौवा दे देता था। सुकवि को नया रसास्वादन मिला था, जीवन मे नयी गरिमा ने प्रवेश किया था। उनकी देशभक्ति, समाज सेवा, काव्य-साहित्य-साधना, मित्र राष्ट्रों की विजय पर समर्पित थी।

कालिका राय की व्यंग बरषा से सुकवि मन मसोस कर रह गये। कुछ कहने के लिए वे अपना दिमाग कुरेद रहे थे कि कालिका राय ने आगे कहा,—"काटन मिल के सोनी के यहाँ जल्सा है। चलते हो ?"

मुंशी बाबू भी वहाँ निमन्त्रित थे। वे बोले,—"मुझे भी वहाँ पहुँचना है। निपट कर सीधे वहाँ जाऊँगा।"

मण्डली उठ पड़ी। नीचे सड़क पर कालिका राय ने विदीर्ण से कहा,— "सोनी के जल्से में जुहिया नाचेगी। वहाँ चलने से पहले आँखों को मद-रस से सरा-

चोर करना जरूरी है।"

सुकवि सदासुहागिन की तरह आँखों को रतनार करने के लिए हर क्षण तैयार रहते थे। उन्होंने कालिका राय की ओर आह्लाद से देखा। वे सीधे पंडित मूलचंद की अंगरेजी शराब की दुकान पर पहुँचे। वहाँ से थर्ड क्लास रम का एक अध्धा खरीदे। कालिका राय ने दाम भरा।

"किसी होटल में बैठा जाय।"—कालिका राय ने सुझाव दिया। सुकवि बोले,—"नेपाली पोखरे वाले के यहाँ चला जाय। कहीं से एक छोकड़ी लाया है। बला की हसीन है।"

नेपाली पोखरे वाले शर्मा का नाम कालिका राय ने सुना था। उसे कहीं देखा भी था। वह औरतों की खरीद-बिक्री का धंधा करता था। कालिका राय कितना भी तो सोने-चांदी का व्यापारी था। शर्मा के यहाँ जाने के लिए उसे उत्साह नही हुआ। विदीर्ण ने जोर देते हुए कहा,—"राय साहब, चल कर देखो तो! लार न टपक पड़े तब कहना।" कालिका राय ने सुकवि को घूर कर देखा और इच्छा के खिलाफ उनके साथ चल पड़ा।

शर्मा घर पर ही था। कालिका राय के बारे में उसे जानकारी थी। इतना मोटा आसामी विदीर्ण जैसे लुच्चे के संग उसके यहाँ आया, इससे वह चकित हुआ। व्यवहार में उसने आंच नहीं आने दी। खड़े होकर बड़े आदर भाव से स्वागत करते हुए बोला,—"धन्य भाग्य, राय साहब, आज सूरज पश्चिम में कैसे?"

कालिका राय संकोच में पड़कर मस्ती से बोला,—"आजकल पश्चिम का ही बोलबाला है।"

शर्मा ने दुबारा अपना भाग्य सराहा और चाय-पानी के लिए निहोरा किया। सुकवि का हाथ जेब से अध्धा निकाल लाया। उन्होंने आदेश के स्वर में शर्मा से कहा,—"गिलास और पानी मंगाओ।"

तीन मटमैली गिलासें और वैसे ही हरे जग में पानी आया। विदीर्ण ने बड़ी ललक से तीनों गिलासों में बराबर-बराबर ढाला, पानी मिलाया, एक-एक गिलास सबके सामने रखा। अपनी गिलास को उठा कर उसने 'जय बम भोले' कहा और गिलास को होठों से लगा लिया। उसके रम पीने के अन्दाज से कालिका राय उत्फुल्ल हुआ। बोला,—"विदीर्ण भर्ती के दफ्तर में जाकर निखर आया है।"

सुकवि ने उक्ति को अपनी प्रशंसा समझा। उन्होंने गम्भीर भाव बना कर कहा,—"हिन्दुओं का असली पेय रम ही है। ऋषि लोग सोम रस पी कर समाधि में रम जाते थे।"

"तुम कहां रमते हो?"—कालिका राय ने परिहास किया। सुकवि हंसे। जवाब में बोले,—"आज कल चांदी कट रही है। भर्ती के लिए अच्छे लोग मिल नहीं रहे हैं। भर्ती अब सबके लिए खोल दी गयी है। रोज दस-बीस चूड़े-चमगादड़ आ ही जाते हैं। फी आदमी एक रुपया अपने राम को मिलता है।"

"असली चादी काटनी हो तो मेरे साथ कलकत्ता चलो।"

"कलकत्ता मे क्या है ?"

"क्या नही है ? वहा की माटी भी सोना उगलती है। एक से वहा हजार बनता है। साहस चाहिए।"—कालिका राय ने दात निपोरते हुए कहा।

"कैसे ?"—शर्मा ने पूछ लिया।

कालिका राय ने गिलास की रम को गटगट खाली करते हुए कहा,—"वहा फौज को सब्जी, अडे, फल और नमक मसाला देने का मेरा ठीका है। मेजर ब्लैक सप्लाई डिपो का इन्चार्ज है। आदमी लालची है, रुपये मे चार आना लेता है। शराब, सूखे फल, मेवा आदि ऊपर से, डाली मे। इतना कोई अपने पास से दे तो ठीकेदारी हो चुकी है। बहुत कुछ करना पड़ता है। रोज हजारो का वारा न्यारा होता है। दूसरे ठीके भी हैं। जितना गुड दो उतना ही मीठा होगा। कलकत्ता मे क्या नही है ? कल पर कलकत्ता, उसकी सत्ता अलबत्ता।"

शर्मा ने ललक से कालिका राय को निहारा और ऊँची आवाज लगायी,—"गरमागरम पकौडिया भेजना।"

शर्मा की बीवी या वह जो कोई भी रही हो पकौडियों की तैयारी पूरी कर चुकी थी। शर्मा की आवाज पर उसने छानना शुरू कर दिया। मिनटो मे ही एक मृगनयनी युवती, बनाव-शृंगार किए, तश्तरी मे प्याज की पकौडिया ले कर आयी।

शर्मा ने परिचय कराया,—"कवि जी को तो तुम जानती ही हो। ये राय साहब है। ठठेरी गली मे इनकी जौहरी की दुकान है।"

जौहरी की दुकान का जादू जमा। वह रुक गयी और छोटी-छोटी तश्तरियों मे पकौडिया परोसने लगी।

रम का दूसरा दौर खत्म हो रहा था। सुकवि विदीर्ण उस युवती के आचल पर आखे गडाये थे। कालिका राय कुशल जौहरी की तरह सोच रहा था कि अगर शील स्वभाव की अच्छी हुई तो लोहता का काम बन जायेगा। बढती जवानी है और रूप भी कम मोहक नही।

रम की बोतल खाली हो गयी थी। कालिका राय काटन मिल जाने का विचार छोड चुका था। वह और पीना चाहता था। उसने विदीर्ण से कहा,—"तुमने लिया भी तो अध्धा।"

शर्मा बोल पडा,—"राय साहब, आपके सेवक के पास भी एकाध रहती है।" साथ ही उसने आवाज लगायी —"आलमारी मे बोतल रखी है। दे जाना।"

जो बोतल लेकर आयी वह अधेड उमर की थी। शर्मा ने बताया,—"मेरी बीवी है।"

बीवी वह जरूर थी। चुपचाप बोतल रख कर बिना बोले भीतर चली गयी।

जब नयी बोतल की पुरानी शराब का पहला दौर चला तब कालिका राय ने आखे गडाते हुए उस युवती से पूछा,—"छम्मो, तुम्हारा नाम क्या है ?"

सम्बोधन पर सभी विस्मित हुए। युवती सकपकायी । कालिका राय ने दुगुने जोम से पूछा,—"राजा, अपना नाम तो बताओ।"

युवती के लिए नाम न बताना अब असम्भव हो गया। उसने लाज से भर कर कहा,—"मुझे अंगूरी कहते हैं।"

"क्या खूब, मद से छलकता हुआ नाम है। कहां की रहने वाली हो ?"

शर्मा की आंखों में आपत्ति आ झलकी । तब तक युवती ने बताया,—"डुमरियागंज की।"

"कौन जाति हो ?"

"मेरा बाप ब्राह्मण था ?"

कालिका राय ठठा कर हंसा। मां चाहे जो हो, जाति बाप से ही चलती है। कौटिल्य का यही विधान था। उसने आगे पूछा,—"कुछ पढ़ना लिखना जानती हो ?"

युवती सिर हिला कर नहीं कहने जा रही थी कि शर्मा बोल पड़ा,—"कल कचौड़ी गली से इसके लिए तोता मैना की किताब खरीद लाया हूं। यह पढ़ना सीख रही है।"

युवती कालिका राय की परीक्षा में पास हो गयी। उसने शर्मा से कहा,—"इसे जब तक मैं कुछ न कहूं संभाल कर रखना। पढ़ा गुना लो, कुछ अदब कायदा भी सिखा दो। अच्छी कीमत मिलेगी।"

शर्मा मुंह ताकता रह गया। सुकवि विदीर्ण जो अब खासे नशे में थे आंखें फाड़-फाड़ कर कालिका राय को देखने लगे।

कालिका राय ने बोतल को गिलास में उड़ेल लिया, बिना पानी मिलाये गट-गट घोंट लिया और उठ खड़े हो विदीर्ण से पूछा,—"यहीं मरेगा या चलेगा ?"

विदीर्ण के उत्तर की परवाह न कर, शर्मा के हाथों में कुछ नोट थमा, कालिका राय चल पड़ा। सुकवि पीछे पीछे भागे।

नेपाली पोखरे से बाहर ज्ञानवापी पर पहुंच कर कालिका राय ने विदीर्ण से कहा,—"कल शाम को मिल जाना" और मदमत्त हाथी सा अपना रास्ता नापने लगा।

•

बनारस से दस मील पश्चिम लोहता में नया हवाई अड्डा बन रहा था। कई गांव के किसानों की खेती की हजारों एकड़ जमीनें सरकार ने हवाई अड्डे के लिए अधिग्रहण कर लिया था। गरीब किसान दर-दर के भिखारी बन रहे थे, गांव उजड़ रहे थे। लड़ाई लड़ने के लिए हवाई अड्डा का बनना जरूरी था। किसान कलक्टर के पास फरियाद करने गये। अंग्रेज कलक्टर ने उनकी कुछ नहीं सुनी। उल्टे कहा,—"जमीनों का मुआवज़ा मिलेगा, हवाई अड्डे पर काम मिलेगा, फौज में नौकरी मिलेगी। यह सब क्या कम है ?" किसान क्या कहते ?

हवाई अड्डे का निर्माण भारत सरकार के एक वरिष्ठ इंजीनीयर की देख-रेख में हो रहा था। वह अंगरेज था। उसकी सुख सुविधा और मदद के लिए हिन्दुस्तानी इंजीनीयरों और दूसरे अधिकारियों की पूरी फौज तैनात थी। इस फौज के इन्चार्ज एक वरिष्ठ डिप्टी कलक्टर थे। उनकी राजभक्ति से प्रसन्न होकर अंगरेज सरकार ने उन्हें 'राय साहब' की पदवी से विभूषित किया था। उनका नाम था राय साहब ओंकार नाथ। उनकी उम्र अड़तालीस को छू रही थी। अब वे अधेड़ हो चुके थे। तबियत अभी पहले सी जवान थी। उनका रुतबा था। उनकी बात, तकनीकी मामलों को छोड़ कर, सभी पर असर रखती थी। कलक्टर, कमिश्नर, जेनरल तक उनकी पहुँच थी। उनका पूरा दबदबा था। उन्हीं राय साहब से कालिका राय का काम पड़ गया था।

धन की चाट जिसे लग जाती है वह अधिक से अधिक धन बटोरने का छोटा से छोटा मौका भी चूकता नहीं। पूंजी की परम्परा में धन का यही चलन है। कालिका राय ने लोहता अड्डे की सड़क और 'हैंगरों' (वह बड़ा हाल जिसमें बड़े हवाई जहाज रखे जाते हैं) के ठीके के लिए आवेदन का रूप पत्र भरा था। दोनों काम की अनुमानित आय लगभग बीस लाख थी। सरकार के ठीके में अपना धन कम लगाना पड़ता है। चालू भुगतान के नियम से सरकार से ही अधिकाधिक धन किए गये काम के बदले या अग्रिम भुगतान के रूप में मिल जाता है। न हर्रे लगे न फिटकरी, रंग चोखा। इन ठीकों से कालिका राय को कम से कम दस लाख के शुद्ध लाभ की आशा थी। इस ठीके को वह कदापि नहीं छोड़ सकता था। राय साहब ओंकार नाथ की मर्जी से ही यह ठीके उसे मिल सकते थे—यह वह जानता था।

सुकवि विदीर्ण दूसरे दिन जब उससे मिलने आये तब उसने कहा,—"लोहता में ठीकों के लिए मैंने रूप पत्र भरा है। क्या तुम मेजर टामस से मेरा काम करा पाओगे?"

विदीर्ण ने आंखें फाड़ कर कालिका राय को देखा। वह मन ही मन सोचने लगा कि कालिका राय को कितना लाभ होगा और वह उन्हें कितना देगा। उसने कहा,—"टामस का लोहता से कोई वास्ता नहीं।"

"टामस साडर्स का जिगरी दोस्त है। साडर्स लोहता का सबसे बड़ा इंजीनीयर है।—"कालिका राय ने मुस्कुराते हुए कहा। उसे सुकवि की बुद्धि पर तरस आ रही थी।

"टामस नम्बरी है, ऊँचा लेता है। वही हाल साडर्स का सुनते हैं।"

"अरे कवि जी, हर अंगरेज हिन्दुस्तान में ऐसे ही पनपा। ठीकेदारी भी ऐसे ही पनपती है। उन्हें टटोलो। तुम्हारा भी हिस्सा रहेगा।"

सुकवि प्रसन्न होकर बोले,—"टामस को हिन्दुस्तानी छोकड़ियों का रोग है।"

कालिका राय इस जानकारी से बहुत खुश हुआ। उसने सुकवि से कहा,—"इतनी सालाबारी नर्सें हैं। किसी को ठीक कर।"

सुकवि अंगूरी के बारे में सोच रहे थे। उन्हें लगा कि कल जो कालिका राय ने शर्मा से अंगूरी को संभाल कर रखने के लिए कहा था वह इसी कारण था। अंगूरी कवि जी के हृदय मे हलचल मचा चुकी थी। उन्होंने सोचा कि टामस के बहाने शायद वह अपना उल्लू सीधा कर सकें। उन्होंने सुझाव दिया,—"इसके लिए अंगूरी अचूक निशाना रहेगी !"

"अंगूरी नयी है। शर्मा ऊँची कीमत लगायेगा। उसे दूसरे काम पर डालना है। टामस के लिए तू कोई नर्स बीन ला।"

सांस लेकर कालिका राय आगे बोला,—"इसी हफ्ते काम होना है। तू इसमें जुट जा। सारा खर्च मेरा।"

कालिका राय ने कवि जी को एक दस का नोट थमाते हुए कहा,—"छोकड़ी का खर्चा ले जाना।"

दस के नोट ने कवि जी को प्रसन्न कर दिया। उन्होंने काम बनाने का वादा किया।

कालिका राय उसी दिन घुण्टे मेहरा से मिला। उनसे राय साहब ओंकार नाथ से मिलाने का आग्रह किया।

घुण्टे मेहरा का, एक प्रमुख व्यवसायी के नाते, राय ओंकार नाथ से गहरा परस्पर था। घुण्टे मेहरा ठीक ठीक यह जानना चाहता था कि कालिका राय ओंकार नाथ से क्यों मिलना चाहता है ? उसने पूछा,—"ओंकार नाथ से क्या काम आ पड़ा ?"

"बड़ा काम है। तुम चाहो तो उसमें साथ रहो।"—कहते हुए कालिका राय ने मेहरा के हाथ पर हाथ मारा।

घुण्टे ने कुछ समझा, कुछ नहीं समझा। प्रसन्न भाव से बोला,—"कल सवेरे उसके यहाँ चलकर 'डि फ्रान्स' होटल में उसे खाने की दावत देंगे। बड़ा से बड़ा काम एक जाम पर तय होता है।"

कालिका राय ने मुस्कुराकर कहा,—"कलकत्ता में लंच या डिनर पर लाखों का वारा न्यारा होता है।"

लाखों का वारा न्यारा सुनकर घुण्टे मेहरा को अपनी बुद्धि पर तरस आई। उसने कालिका राय को ठोंक बजा क्यों नहीं लिया, उसका काम जान क्यों नहीं लिया ? बात वह हार चुका था। उसे पूरा करना ही था।

राय ओंकार नाथ ने दावत स्वीकार कर ली। घुण्टे मेहरा ने कालिका राय का परिचय कराते हुए बताया,—"ऊँची दुकान है।"

राय साहब खुश हुए कि उनकी जाल में एक और बड़ी मछली फँसी। शिकारी को और क्या चाहिए ? वह भी अंगरेजों की लड़ाई के इस सुयोग में जब चारों ओर लूट खसोट का ही नंगा नाच हो रहा था। घुण्टे मेहरा से उन्होंने बात बात में कभी कहा था कि जिसने इस अनमोल सुअवसर को खोया वह बुद्धि की बोरसी है, उसके

बच्चे उसके नाम पर थूकेंगे।

राय साहब ओंकारनाथ ने जब चलते समय कालिका राय से हाथ मिलाया तब उसकी पकड़ हार्दिकता की थी।

कालिका राय बेपढ़ा लिखा सही, उसकी बुद्धि पैनी थी। उसने उसी शाम ओंकारनाथ के पास अपने विश्वस्त मुनीम से ह्विस्की का बड़ा 'केस' भेजा। वह बिना हिचक स्वीकार हुआ। बड़ी मछली का रुतबा बड़ा होता है—राय साहब *ओंकारनाथ मन ही मन परम प्रसन्न हुआ।*

दूसरी शाम को होटल 'डि फ्रान्स' में दावत का सरंजाम विशिष्ट था। कीमती से कीमती विदेशी शराब थी, शैम्पेन था और फ्रान्स के बहुमूल्य 'लिक्योर' थे। पेय के साथ खाने के लिए टिक्का कबाब, अफगानी मुर्ग और तीतर का सलाद था। ओंकारनाथ फूल कर कुप्पा हो गये। उनका नशा सौगुना बढ़ गया। घुण्टे मेहरा इस विचार से अप्रतिभ था कि कालिका राय बड़ी आसानी से पहली ही बार ओंकारनाथ की निगाह में जम गया।

दस बजे तक पीना पिलाना होता रहा। ठण्डे मुल्क के रहने वाले अंगरेज अधिकारी इसके आदी थे और अपने देश और स्वजनों से दूर वह अपनी 'बोरियत' मिटाने के लिए खूब पीते थे। हिन्दुस्तानी अधिकारियों ने अपने अंगरेज आकाओं की भोंडी नकल क्यों की, यह समझने का विषय है। जो हो, खाना कमरे में ही आया। खाने के पकवानों को देख कर पूरे नशे में भी ओंकारनाथ के होश उड़ने लगे।

खाना इतने प्रकार का और इतने सुस्वाद का था कि पकवानों को क्रमवार *चखते चखते ही ओंकारनाथ को डकार आने लगी। खाना खत्म होते ही एक विशेष* 'लिक्योर' (फ्रांसीसी नशीला पेय) का दौर चला।

घुण्टे मेहरा ने बाजी अपने हाथ में रखने के लिए अपना तुरुप का पत्ता फेंका। उसने कालिका राय से कहा,— 'राय साहब को यह लिक्योर पिलाने के लिए साकी चाहिए।''

नशे में धुत्त राय ओंकारनाथ ने रसिकता दिखायी, कहा —' कयामत ढाने वाला साकी होना चाहिए।''

कालिका राय मुस्कुराते हुए उठा, होटल के किसी दूसरे कमरे में गया। वहाँ शर्मा धुत्त हो रहा था। अंगूरी बनाव श्रृंगार किए प्रतीक्षा कर रही थी।

शर्मा ने अंगूरी के लिए कपड़े-लत्ते के अलावे ढाई सौ नकद लिये थे। कालिका राय अंगूरी के हाव-भाव, श्रृंगार प्रसाधन, बनाव खिंचाव से खुश था। केवल उसे ऊँचे समाज का अदब कायदा नहीं मालूम था। इसीलिए उसने यह तय किया था कि जब ओंकारनाथ नशे में चूर हो जाय तभी अंगूरी का जल्वा उसकी आँखों में चमके।

जल्वा खूब चमका। ओंकारनाथ के साथ घुण्टे मेहरा भी उसे ताकता रह गया। पलकों में जैसे हरकत आयी वैसे ओंकारनाथ ने वह कृत्य किया जैसा होश में

अक्षर भैंस बराबर थे। श्याम सिंह सातवीं तक पढ़ा था। बरियार खाँ भी दर्जा चार पास था। उन्होंने अंगनू पंडित को चिट्ठी भेज दिया। उसमें उन्होंने लिखा कि अगले सोमवार की शुभ साइत में वह गाँव से चल पड़ेंगे और महीने भर में अहमदाबाद पहुँच जायेंगे। पंडित जी उनके लिए नौकरी का जोगाड़ बनाये रखें। महीने भर में पहुँचने की बात इसलिए लिखी कि उनके पास टिकट खरीदने का दाम नहीं था। उन्होंने पैदल चल कर ही अहमदाबाद पहुँचने का निश्चय किया। बनिये महाजन से उधार लेने पर भेद खुलने का डर था। घर वाले तब उन्हें जाने ही नहीं देते। वे किसी को भी बिना बताये चले जाना चाहते थे।

सोमवार को दो घड़ी रात रहते वे गाँव के बगीचे में पुराने महुए के पेड़ के नीचे अपनी यात्रा के सामान के साथ मिले। वह पेड़ पुराने जमाने से सिद्ध माना जाता था। किम्वदन्ती के अनुसार उस पेड़ पर किसी नेटुअवा बीर का वास था। यह उन्हें नहीं मालूम था कि नेटुअवा बीर किस योनि के थे। पुराने समय से ही मनो-वांछित फल पाने के लिए उन्हें गाजा की चिलम चढ़ायी जाती थी। श्याम सिंह ने गाजा खरीद लिया था। बरियार खाँ गाँव के कुम्हार के हाते से एक नयी चिलम चुरा लाया था। घास फूस जला कर उन्होंने आग बनायी. चिलम पर गाजा रखा और उसे पेड़ की जड़ में रख दिया। एकाध मिनट में ही चिलम से धुआँ निकलने लगा। चिलम नेटुअवा बीर को स्वीकार हो गयी—यह जान कर श्याम सिंह ने चिलम को हाथों में उठा दम खींचा। चिलम से लौ निकली। श्याम सिंह ने उसके पहले गाजा पिया नहीं था। उसका सिर घूम गया, आँखें जलने लगीं और खाँसते-खाँसते उसका दम फूलने लगा। बरियार खाँ ने तब चिलम पकड़ी। उसने 'जय सिद्ध पुरुष नेटुअवा बीर' का उच्चारण कर दम लगाया। वह तम्बाकू पीता था। उसका दम भी फूलने लगा। चिलम पूरी सुलग चुकी थी। बरियार खाँ चक्कर खा गया।

चिलम के जगने को दोनों ने नेटुअवा बीर का आशीर्वाद और शुभ-लक्षण माना। वे चिलम के बुझते ही उसे पोटली में संभाल, पेड़ के नीचे माथा टेक, प्रसन्न मन अहमदाबाद की ओर चल पड़े। गाँव के सीवान पर पहुँच कर श्याम सिंह की आँखों में उसका घर परिवार और नव विवाहिता पत्नी का मुखड़ा आ झलका। उसने पत्नी को भी कुछ नहीं बताया था। उसका मन भर आया। रोना चाह कर भी वह चलता रहा।

बरियार खाँ के मन में भी उसकी माँ आ समायी। वह चुपचाप श्याम सिंह के पीछे बढ़ता रहा।

ढाई मील की दूरी पर रेल का स्टेशन था। वहाँ वे सूरज की पहली किरणों के साथ पहुँचे। पास ही एक पोखरा था। वहाँ नित्य-क्रिया से निपट, स्नान कर, वे दाना-पानी करने के लिए प्लेटफार्म पर एक ओर आ बैठे। वे सुबह का कलेवा करना चाहते थे। बरियार खाँ खाने का कुछ सामान अपने घर से लाया था।

प्लेटफार्म के सामने चौरस मैदान में एक बड़ा शामियाना टंगा था। उसके चारों ओर रंग-बिरंगी झण्डियों की सजावट थी। वहीं शामियाने में लगा एक स्वागत-द्वार भी बना था जिस पर तोरण सजे थे और लाल रंग में अंगरेजी में सुस्वागतम लिखा था। पुलिस के वर्दीधारी सिपाही लाल पगड़ी बांधे वहाँ पहरा दे रहे थे। कुछ लोग आ जा रहे थे। शामियाने के अन्दर से हारमोनियम, ढोलक, झाल के बजने की आवाज आ रही थी। तब लाउड स्पीकरों का प्रचलन नहीं था।

वे दोनों दाना-पानी कर शामियाने की ओर तमाशा देखने आये। वहाँ उन्हें मालूम हुआ कि फौजी मेला लगा है। बनारस से दस बजे वाली गाड़ी से भर्ती का कप्तान, कलक्टर और डिप्टी के संग आयेगा।

श्याम सिंह ने उसी गाड़ी से इलाहाबाद तक बिना टिकट यात्रा करने की सोचा था जिससे वे घर और गाँव वालों की पकड़ से जल्दी ही बहुत दूर निकल जायें। गाड़ी में अभी बहुत देर थी। वे दोनों शामियाने के अन्दर आकर बैठ गये।

वहाँ अभी भीड़-भड़क्का बहुत नहीं जुटी थी। पास-पड़ोस के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के लड़के अन्दर पंक्ति बद्ध बैठे थे। उनके मास्टर उन्हें शोर न मचाने की ताकीद कर रहे थे। सामने स्टेज पर एक अधेड़ उम्र का फौजी सिपाही हारमो-नियम पर मटक मटक गाना गा रहा था। उसका गाना बेसुरा था। ढोल मजीरा और हारमोनियम के असगत आवाज में वह चिल्ला चिल्ला कर गा रहा था— युग युग जिओ विक्टोरिया रानी।'

श्याम सिंह ने मुस्कुरा कर बरियार खाँ से कहा — साला विक्टोरिया रानी के जीने को मना रहा है। वह दशकों पहले मर चुकी। चलो प्लेटफार्म पर ही सुस्तायें।"

वे चले जा रहे थे कि एक वयस्क फौजी अधिकारी ने आकर उनसे कहा,— "तुम दोनों—उस दफ्तर वाले खेमे में चलो।'

दोनों हक्का-बक्का हुए। वे समझ नहीं सके कि उन्हें उस खेमे में क्यों ले जाया जा रहा है? वे सशंकित मन से खेमे में पहुंचे। अधिकारी वहां पड़ी मेज के बीचों-बीच एक कुर्सी पर बैठ गया। उसने पूछा —'तुम लोग कहां से आये?"

श्याम सिंह सहम गया था। उसने झूठ बताया — हम पड़ोस के जिले जौनपुर के रहने वाले हैं।"

"तुम्हारा नाम क्या है?"

"श्याम सिंह?"

"कहाँ तक पढ़े हो?"

"सातवीं तक।"

"और तुम्हारा नाम क्या है'

"बरियार खाँ।"

"तुम कहाँ तक पढ़े हो?"

'दर्जा चार तक।"

ठीक है। इस कागज़ पर दस्तखत करो।"—अधिकारी ने एक एक छपा रूपपत्र उन्हें दिया।

वे दोनों सोच रहे थे कि जाने किस विपत्ति में वे आ फँसे हैं। उन्हें रूपपत्र पर हस्ताक्षर करने से मना करने का साहस ही नहीं हुआ।

उनके हस्ताक्षर करते ही अधिकारी रूपपत्रों को लेकर बाहर चला गया। लोहता गाँव के पटवारी से उनकी शिनाख्त करा, उनके पिता, सकूनत आदि को रूपपत्र पर सही सही लिखा कर वह लौट आया। बोला,—"तुम दोनों फौज में भर्ती कर लिए गये। तुम्हें डाक्टरी के लिए अभी जीप से बनारस जाना है। तुम ऊँची जाति के हो। काम लगन से करोगे तो उन्नति कर मेरे जैसा बनोगे। मैं भी सिपाही भर्ती हुआ था। आज मुल्तान में सूबेदार करम इलाही, ओ० बी० ई० को कौन नहीं जानता?"

श्याम सिंह को घिग्घी बंध गयी। उसने किसी तरह हाथ जोड़ कर सूबेदार करम इलाही से कहा,—"हम फौज में भर्ती नहीं होना चाहते।"

सूबेदार ने सुनी अनसुनी कर आवाज लगायी। फौजी वर्दी में कमीज की बाजू पर तीन त्रिल्लों का निशान लगाये एक हवलदार भीतर आया। उसने एड़ी जोड़ कर सूबेदार को सलाम किया। सूबेदार ने उसे हुक्म दिया,—"हवलदार सरूपा, इन दो जवानों को सीधे बनारस ले जाओ। वहीं खिलाना पिलाना।"

हवलदार सरूपा ने दुबारा पहले की तरह सलाम किया, श्याम सिंह और बरियार खाँ को आगे पीछे खड़ा कर चिल्लाया,—'तेज़ चल' और उन्हें खींचते हुए बाहर ले गया।

शामियाने के एक ओर कई फौजी गाड़ियाँ खड़ी थीं। उनमें एक जीप में इन्हें ले जाकर बैठाया गया। जीप का चालक मौन साधे था। उसने इंजिन चालू किया। जीप बनारस के रास्ते पर दौड़ पड़ी।

जीप जब मीलों पार कर गयी तब हवलदार सरूपा ने अपना मुंह खोला,—"पिछले दो महीने में तुम दोनों ऊँची जाति के पहले जवान हो जो भर्ती के लिए आये। चूड़े-चमगादड़ों से नाक में दम हो गया है।"

"हम फौज में भर्ती नहीं होना चाहते।"—दोनों ने एक साथ ही कहा।

"तब कागज पर दस्तखत क्यों किये?"—हवलदार सरूपा ने कड़ी आवाज में कहा। दूसरी सांस में उसने आगे कहा,—"अब भाग भी नहीं सकते। कोर्ट मार्शल में गोली से उड़ा दिए जाओगे।"

श्याम सिंह और बरियार खाँ की नानी अब मरी। उनके होश खोने लगे। उन्होंने हाथ जोड़ कर हवलदार सरूपा से कहा,—"हमारे साथ धोखा हुआ है। हम लाम पर नहीं जाना चाहते। हमें बचाइये।"

दोनों की आँखें बहने लगीं। हवलदार सरूपा उनके साथ किए गये धोका को जानता था। भर्ती ऐसे ही हो रही थी। उसे अपने पेट की चिन्ता थी। नैतिकता

और आत्मबल गरीबी के पहले शिकार होते हैं। उसने कड़क कर कहा,—"इतना गबरू जवान होकर नाम से डरते हो।"

"डरते नहीं। हमारे सात पुश्त में डर नामक चिड़िया को किसी ने भी नहीं जाना······।"

श्याम सिंह की बात काट कर हवलदार सरूपा ने पूछा,—"फिर क्या बात है ?"

"गांधी महात्मा कहते हैं कि यह हिन्दुस्तान की लड़ाई नहीं। हिन्दुस्तान गुलाम देश है। हमारी पुरखों से चली आ रही जमीन को कलक्टर ने हवाई अड्डे के लिए छीन लिया है। हम कहीं के नहीं रहे····· ।"

हवलदार सरूपा ठठा कर हंसा। बोला,—"बेटा, भाग खुल गया तो तगमे पाओगे, ओहदा बढ़ेगा और जमीन इतनी मिलेगी जितनी जोत नहीं सकोगे। लायलपुर, सरगोधा, मुल्तान में जाकर देखो। फौजी लोगों की जमीन्दारियां बनी हैं। यहां भी साहू लोगों को कैसे धन मिला ?"

"लेकिन··········।" श्याम सिंह और बरियार खां फूट पड़े।

"लेकिन वेकिन कुछ नहीं। तुम बादशाह की फौज में नौकरी करने का शपथ पत्र भर चुके हो।"

हवलदार सरूपा चार मीनार की सिगरेट जला कर पीने लगा। उसने पूछा जरूर,—'तुम लोग सिगरेट पीते हो।' उत्तर की प्रतीक्षा न कर वह कश खींचने लगा। श्याम सिंह और बरियार खां बिलखने लगे। बड़ी देर तक दोनों की आंखों से आंसू बहते रहे।

बनारस छावनी के अस्पताल में उनका डाक्टरी मुआयना हुआ। वे ठीक पाये गये। उन्हें लगर में चाय, पराठा और बिस्कुट खाने को दिया गया। खाने के बाद एक मजरी कमीज और पाजामानुमा मजरी का ही पैंट पहनाया गया, किरमिच का जूता और मोजा दिया गया। शाम को पूरा खाना खिलाया गया और रात की गाड़ी से फौजियों के लिए एक सुरक्षित डब्बे में उन्हें लाहौर के लिए रवाना कर दिया गया।

गाड़ी में चाय बिस्कुट फिर मिला। उसके बाद सब सो गये। श्याम सिंह और बरियार खां की आंखों में नींद आने का नाम नहीं ले रही थी। आधी रात बीतने पर श्याम सिंह ने पास लेटे बरियार खां से चुपके से कहा,—'नेटुअवा बीर यही चाहते हैं। क्या जाने हमारी बरकत इसी में हो।"

आगे कहने सुनने को कुछ बाकी नहीं रहा। दोनों रोते-रोते थक कर सो गये। लाहौर मेल रात के अन्धकार को चीरता तेजी से भागा जा रहा था।

लाहौर छावनी में पंजाब रेजीमेंट के केन्द्र के रंगरूटों की कम्पनी में वे प्रशिक्षण के लिए रखे गये। यहां पूरे फौजी कपड़े और बड़ा काला बूट मिला। उनकी साज सज्जा बदल गयी, उनका रहना, खाना-पीना, पढ़ाई, खेल कूद सब अनुशासन

बद्ध हो चला। सुबह से रात के सोने के समय तक उनके एक-एक क्षण का हिसाब था। कड़ी शारीरिक मेहनत, फौजी पढ़ाई और खेल कूद की व्यस्तता में उन्हें सोचने समझने को फुर्सत ही नहीं मिलती थी।

दोनों एक ही कम्पनी में थे, पल्टनें अलग-अलग थीं। श्याम सिंह हिन्दू राजपूतों की पल्टन में था, बरियार खां मुसलमान राजपूतों के। दोनों के लंगर अलग-अलग थे। बाकी सब काम शारीरिक कसरत, (पी० टी०), परेड, फौजी पढ़ाई, हथियारों की सिखलायी, उनका रख-रखाव, खेल-कूद, मनोरंजन आदि एक साथ थे। सब काम का और खाना, नाश्ता, चाय आदि का समय निर्धारित था। लड़ाई के कारण प्रशिक्षण के दो साल के 'कोर्स' को छः महीने में कांट-छांट दिया गया था। इसलिए प्रशिक्षण का आयोजन इतना पूरा था कि रविवार के अतिरिक्त किसी दिन किसी को कोई अवकाश नहीं मिलता था। शाम को खाने के बाद गिनती की परेड होती थी कि सब हाजिर हैं। गिनती पर बटालियन के और ऊपर के फौजी कमांड के आदेश पढ़ कर सुनाये जाते थे। उसके बाद रेडियो सुनो, फौजी अखबार पढ़ो, गप्प लड़ाओ या सोओ। नौ बजे बिजली गुल कर दी जाती थी। दिन भर की थकावट से चूर सभी घोड़े बेच कर सो जाते थे।

फौजी कवायद में व्यक्ति का कोई मूल्य नहीं रह जाता। हुक्म का पालन करना पहला और आखिरी कर्त्तव्य है। हुक्म समझ में आये या नहीं वही सर्वोपरि है। उसे बिना मीन मेख के मानकर चलना ही श्रेष्ठ अनुशासन है। लोहे के चने अक्षरशः चबाने वाला कठोर परिश्रम का जीवन जवान को ठोंक पीट कर मशीन की तरह पक्का बना देता है। जब जैसा चाहो जो चलाओ। न चलाओ बन्द रहेगा। अंगरेजों की यही दूर-दर्शिता थी। इसी में वेतन मिलता था जिससे ग़रीब जवान और उसके परिवार का तन-पेट साथ चलता था।

प्रशिक्षण बहुत ही कड़ा था। पसीने नहीं जवानों के छक्के छूट जाते थे। श्याम सिंह और बरियार खां कभी पस्त नहीं हुए। जब लाख चाह कर भी उस जीवन को छोड़ नहीं सकते थे तो उसका पूरा सदुपयोग क्यों न किया जाय? उन्होंने निश्चयपूर्वक ऐसा ही किया।

ए कम्पनी का कमांडर कैप्टन स्काट था। वह स्काटलैंड का रहने वाला था। विनोदी स्वभाव का था। अपने को अंगरेज कहते सुन बुरा मानता था। नये रंगरूटों को वह अंगरेज और स्काट का भेद प्रेम से समझाया करता था यद्यपि सूबेदार मेजर जीवन खां गूजर के अनुसार वह भी बिडालाक्ष ही था। वह सिपाही से अफसर हुआ था। हर सीढ़ी का काम जानता था। और प्रशिक्षण की विधाओं का विशेषज्ञ माना जाता था। उसका अनुशासन बहुत कड़ा था। प्रशिक्षण की विभिन्न टोलियों में वह अकस्मात् प्रकट हो जाता था। लड़ाई की हर सम्भव मुसीबत, हर दाव पेंच, आक्रमण, बचाव, धोखा धड़ी, दुश्मन की आंखों में धूल झोंकना, कठिन से कठिन विपत्ति में अडिग रहना, बिना खाने के, बिना पानी के, डंटे रहने की अग्नि-

परीक्षात्मक अभ्यास आदि वह कराता रहता था। फौजी हिकमत अमली मे उसके कम सानी थे। उसकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक के सिखलायी केन्द्रो मे फैली थी। एक दिन गिनती पर उसने कम्पनी को सम्बोधन किया—'आप लोग बहादुर राजपूत जाति के है। राजपूत बात के धनी और आन के पक्के रहे हैं। उनका इतिहास रहा है कि चाहे गर्दन कट जाय उनके शौर्य पर दाग न लगे। महाराना प्रताप ने अपनी शौर्य की रक्षा के लिए कितना कष्ट नही भोगा। बहादुर योद्धा का यही बानक है। उसकी गर्दन कभी झुकती नही। राजपूतों ने कम्पनी के समय मे ही हमारी सरकार का अपूर्व बहादुरी मे साथ दिया। आप जिस पल्टन मे हैं उसने कम्पनी सरकार की लडाइया जीती। सन् चौदह के युद्ध मे उसने जर्मनी के दात खट्टे किए। तानाशाही जर्मनी आज दुबारा दुनिया के मित्र राष्ट्रो से जूझ पडा है। हमने उसको मिटा डालने की सौगन्ध बादशाह सलामत के नाम पर खायी है। हम राजपूत हैं। हममें से प्रत्येक अपनी सौगन्ध की प्राणपण से रक्षा करेगा। राजपूत बहादुरो, दुनिया के सभ्य राष्ट्रो की आँखें आज तुम्हे देख रही हैं। युद्ध के मैदान—रणतीर्थ—में या तो बहादुरी का यश मिलता है या स्वर्ग। तुम मे से प्रत्येक को अपना जौहर दिखाने का शुभ अवसर आ गया है। बादशाह सलामत जिन्दाबाद।'

जिन्दाबाद के जयघोष के साथ ही सूबेदार उमराव सिंह ने कडक कर आवाज दी,—"कम्पनी, सावधान।" एडियो के कडक की एक आवाज आयी। उमराव सिंह चिल्लाया,—"सलामी दो।" कम्पनी ने अपने कमाडर को एक गति, एक लय मे सलामी दी। स्काट ने भी कम्पनी को सलामी देकर अभिवादन स्वीकार किया। परेड छूट गयी।

स्काट लगर मे आकर अक्सर जवानो का खाना चखा करता था। संगरियो, भिश्तियो और जवानों से वह भाई चारे के व्यवहार से मिलता जुलता था। उसके देश मे सिपाही और अफसर मे उतना भेदभाव नही था जैसा अगरेजो ने यहाँ कर रखा था। लगर मे या जवानो के सग उसका स्वाभाविक गुण खुल आता था।

लम्बे पैदल मार्च मे भी वह उस जवान के पास जाने कहाँ से आ जाता था जो थक कर पीछे पड जाता था। उसकी वह हिम्मत बधाता था। एक बार प्रशिक्षण कम्पनी ने सौ मील का पैदल 'रूट मार्च' किया। ओढ़ने का कम्बल, बिछाने की बरसाती, पहनने के कपडो की दूसरी जोडी—पीठ पर के खाकी झोले मे लटकाये, राइफल और उसकी सौ गोलियाँ लिए, डब्बे मे दो दिन का पका सूखा खाना लिए, इलाके का नक्शा दूरबीन आदि से लैस होकर, सभी चल रहे थे। रास्ते में कही काल्पनिक आक्रमण या बचाव का जानलेवा अभ्यास करना पडता था। पानी की बोतल में पानी होते हुए भी बिना आदेश के पिया नही जा सकता था। इस तरह कठोर परिश्रम, कष्ट-सहिष्णुता और धैर्य की परीक्षा होती थी।

ऐसे रूट मार्च मे जब कम्पनी की दो दिन में सासें फूलने लगी तब अचानक काल्पनिक दुश्मन की झाड़ियो पर संगीनें तान कर आक्रमण करने का आदेश मि

२

आक्रमण में श्याम सिंह आगे रहा। उसके बाद सहज चाल में वह बेहद थक कर पीछे पड़ गया। स्काट जाने कहाँ से आकर उससे बोला,—"आगे बढ़ो, बढ़ते चलो। अच्छा सैनिक मन के बल पर बढ़ता है, पाँवों से नहीं। वह योगी होता है।"

श्याम सिंह उसके साथ-साथ चलने लगा। क्या तेज उसकी चाल थी। उसने श्याम सिंह से पूछा,—"तुमें यह जीवन कैसा लगा?"

"बहादुरी का जीवन है, हुजूर!"—श्याम सिंह ने नीतिपूर्ण जवाब दिया।

"तुम्हारे परिवार में पहले कोई फौज में रहा है।"

"नहीं, हुजूर।"

"कोई बात नहीं। तुमने श्री गणेश किया। राजपूत का जीवन रण-क्षेत्र है। उसमें वीरगति पर स्वर्ग और विजय पर राज्य मिलता है। इसलिए राजपूत संसार की सबसे बहादुर कौम है। अपने बादशाह की भक्ति, उससे बढ़ कर क्या कर्म है।"

श्याम सिंह सोचता रहा कि देश बड़ा या विदेशी बादशाह। हिन्दुस्तानी फौजों ने सन् सत्तावन के बाद स्वदेश के लिए क्या किया? वह क्षुब्ध हो जाता। स्काट की वह तारीफ करता कि अपने देश के लिए वह कितना प्रयत्नशील रहता है।

पढ़ा लिखा होने के कारण श्याम सिंह हिन्दुस्तान के राष्ट्रीय आन्दोलनों से भी साधारण रूप से परिचित था। उसमें दिलचस्पी भी लेता था। पल्टन में फौजी अखबार के अतिरिक्त कोई समाचार पत्र पढ़ने को मिलता नहीं था। कभी-कभी शहर में किसी दुकान पर वह मिलाप देख लिया करता था। उसमें देश-काल की खबरें मिल जाती थीं। श्याम सिंह महात्मा गाँधी के इस कथन को सत्य मानता था कि यह लड़ाई हिन्दुस्तान की नहीं। सत्य और अहिंसा के पुजारी गांधी जी ने निहत्थे हिन्दुस्तानियों को खिलाफत के दिनों से ही किस प्रकार स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत किया, यह उसे मालूम था। उसकी कम्पनी के दूसरे जवान भी गांधी जी के कथन का प्रायः उल्लेख किया करते थे और आपस में चुपके-चुपके बातचीत किया करते थे कि हिन्दुस्तानियों को अंगरेजों ने बलि का बकरा बनाया है। वे स्वयं पीछे रहते हैं और हिन्दुस्तानी सैनिकों को अगली पंक्ति में कट मरने को धकेल देते हैं।

पड़ोस में गोरों की एक पल्टन थी—लंकाशायर रेजिमेंट। श्याम सिंह उनके रहने की सुविधायें, खान पान, कपड़े लत्ते आदि पर चकित था। उनकी तनख्वाह भी बहुत अधिक थी और सप्ताहांत में वे होटलों, रेस्तरां और सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों पर अपने अधिकारियों के संग मनोरंजन के खेल कूदों, नृत्य और पार्टियों में बराबर की सामाजिकता से भाग लेते थे। हिन्दुस्तानी सैनिकों को उनके अंगरेज अधिकारी कुत्तों से भी गया बीता मानते थे। उनका यह भाव कभी भी अप्रकट नहीं रह पाता था।

एक रात श्याम सिंह की कम्पनी कमांडर के बंगले पर चौकीदारी की ड्यूटी लगी। स्काट के गोल कमरे में कई अंगरेज अफसर अपनी पत्नियों, प्रेमिकाओं के संग चहक रहे थे और शराबों के जाम पर जाम पी रहे थे। आपसी बातचीत में

लड़ाई का लेखा-जोखा चल पड़ा। मिस्र के मैदान में जर्मन जेनरल रोमेल ने अंगरेजी सेना का भारी नुकसान किया था और उसे भागने के लिए विवश कर दिया था। इसमें हिन्दुस्तानी सेना की चौथी डिविजन भी थी। वह अगली पंक्ति में कट मरी थी। बची खुची टुकड़ियाँ सबके संग पीछे आ गयी थीं। उसी की एक अंगरेज मेजर चर्चा कर रहा था,—"अब हिन्दुस्तानियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता।"

स्काट की उक्ति थी—"वाइसराय और अंगरेजी सरकार ने हिन्दुस्तानी कुत्तों को जरूरत से ज्यादा मुह लगा लिया है। इस बड़े देश को हमने हिन्दुस्तानियों की सेना से ही जीता। अब रोज गांधी से बातचीत का एलान होता है। इस से हिन्दुस्तानियों के हौसले बढ़ रहे हैं। अनुशासन चौपट हो रहा है।"

आक्सफर्ड से अपनी पढ़ाई छोड़ कर जबरिया भर्ती में आया लेफ्टिनेंट हैगर था। वह बोला,—"हिन्दुस्तानियों को कमीशन्ड अफसर बनाना भारी भूल है। वे बराबरी की कोशिश करते हैं और मेस में हिन्दुस्तानी खाने की माग कर रहे हैं।"

"यह सब गांधी को शह देने का नतीजा है।"—स्काट ने जोर देकर कहा।

"गांधी बोस से लाख अच्छा है।"—एक कर्नल बोला,—"गांधी अहिंसावादी है। बोस का पाँसा बैठता तो हमें लेने के देने पड़ जाते।"

"बोस जेल की सींकचों के अन्दर ही अच्छा है। गांधी के कुत्ते भौंकेंगे, काटेंगे नहीं।"—स्काट ने निर्णयात्मक उक्ति कही। एक महिला ने जो किसी खान के मालिक की बेटी थी और जिसका पति हिन्दुस्तानी फौज में कैप्टन था कहा,—"बाबा, इन्हें भी तो जीने का मानवोचित अधिकार है।"

हैगर तमतमा आया। उसे आक्सफर्ड में पढ़ाया गया था कि हिन्दुस्तानी जाहिल और असभ्य हैं। अंगरेज उन्हें उचित शिक्षा दीक्षा से सभ्य बना रहे हैं। वह बोला,—"हम उन्हें आदमी की तरह रहना सिखा रहे हैं। कितने जंगली और अंधविश्वासी थे ये। अंगरेजी राज में कितनी उन्नति कर गये हैं। इन्हें हमारा उऋण होना चाहिए। हम न रहे तो ये खड़े भी रह पायेंगे?"

श्याम सिंह ने अक्षर-अक्षर सुना। उसका खून खौल उठा। उसके पास राइफल थी, गोलियाँ थीं। उसके मन में तूफान सा उठा कि गोल कमरे के सभी फिरंगियों को वह भून दे। उससे लाभ क्या मिलता? नंगी भूखी हिन्दुस्तानी सेना उसकी मदद को तैयार कब थी? अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता है?

दूसरे दिन श्याम सिंह सूबेदार उमराव सिंह से कह रहा था,—"अंगरेज हमें कीड़ों मकोड़ों से भी बदतर समझते हैं।"

"हम कीड़े मकोड़े न होते तो मुट्ठी भर अंगरेज हमें गुलाम कैसे बना लेते।"—उमराव सिंह की बात में छिपे दर्द से श्याम सिंह तिलमिला गया। सूबेदार ने तब तक आगे कहा,—"हम अंगरेजों के बलि के बकरे हैं। पेट के कारण हम इनके फौज की नौकरी करते हैं। न करें तो बाल-बच्चे भूखे मरें।"

श्याम सिंह उस दिन अनायास सोचता रहा कि अंगरेजों ने देश को ग़रीब बना कर इसका कितना शोषण किया है। सूबेदार उमराव सिंह के प्रति उसके मन में श्रद्धा भर आई। सूबेदार के शब्दों में इशारा था कि देश के लिए उत्सर्ग होने का सुअवसर आयेगा। उस शुभ दिन के लिए अभी से तैयारी करनी है।

श्याम सिंह अपने काम को अच्छा से अच्छा सीखने लगा। उसका खाना, कपड़ा मुफ्त था। चालीस रुपया महीना वेतन मिलता था। पांच अपने लिए रख कर पैंतीस घर भेज दिया करता था। वह नशा नहीं करता था न सस्ती छोकड़ियों के पीछे भागता था। सप्ताहान्त में वह मन्दिर में पूजा प्रार्थना में अधिक समय बिताता था। वरियार खां को भी जबरदस्ती मस्जिद भेजता था। मन्दिर में वह देश की स्वतंत्रता के लिए देवता से मन ही मन प्रार्थना किया करता था।

वरियार खां चाल चलन का अच्छा था। उसकी पल्टन के अधिकतर जवान झेलम जिले के राजपूत मुसलमान थे। उनमें से कई पीते-पिलाते थे। वरियार खां को भी यह लत जल्दी लग गयी। वह लेफ्टिनेंट जान का अर्दली था। अर्दली का काम अफ़सर की निजी जरूरतों की देख भाल था—कपड़ों की, जूतों के चमक की, उसके खाने पीने की। जान अपनी आलमारी में शराब की बोतल रखता था। वरियार खां उसकी शराब पी डालता था। जितना पीता था उतना पानी मिला देता था। जान को कभी पता ही नहीं चलता था। कभी-कभी वह पूरी बोतल गायब कर देता था। अपने दोस्तों के संग उसकी चुस्की लेता था। और मस्त हो सबको आल्हा सुनाता था। आल्हा वह चमकदार तलवार की तेज़ गति सा गाता था।

'ए' कम्पनी की सिखलायी के बाद राइफल, मशीन गन, मोर्टर तोप, ग्रनेड आदि अस्त्र-शस्त्रों की विधिवत परीक्षा हुई। परीक्षा में पूरी कम्पनी में श्याम सिंह पहले नम्बर पर आया। उसको एक बिल्ला देकर नायक बना दिया गया। खेल कूद, पी० टी०, ड्रिल में उसे पहले से ही उस्ताद माना जाता था। उसे अनुशासन के लिए भी कम्पनी का पहला पुरस्कार मिला।

इसके बाद घर जाने के लिए एक महीने की छुट्टी मिली।

वरियार खां भी अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण था। उसे भी छुट्टी मिली।

वे दोनों बड़े प्रसन्न मन गांव आये।

गांव का कोई भी आदमी उनके फौज में भर्ती होने से खुश नहीं था। श्याम सिंह के पिता ने उसका नाम कटाने के लिए बड़े लाट के पास दरख्वास्त भी भेजी थी। जहाँ जबरन भर्ती हो रही थी वहां ऐसी दरख्वास्तों की क्या पूछ होती?

वरियार खां की मां ने दरख्वास्त नहीं भेजी थी। वह रात दिन रोती बिसूरती रहती थी और सुबह शाम अपने बुजुर्ग मौलवी साहब की दरगाह पर बेटे की राजी खुशी के लिए प्रार्थना किया करती थी। वहीं उसके पति की कब्र थी। वहाँ हर पूरनमाशी को वह दिया जलाया करती थी।

वरियार खां के एक बड़ी बहन थी। वह ब्याहता थी। वरियार खां अपनी

बहन को जाकर उसके पति के गाँव से लिवा लाया। बहन के बच्चों के संग वह और उसकी मां दोनों व्यस्त रहते थे।

श्याम सिंह की नयी नवेली पत्नी थी। उसने रोते-रोते श्याम सिंह से कहा,—"तुम्हें फौज मे भर्ती होने की मति क्यो आई? हम हवाई अड्डे पर ही मेहनत मजदूरी कर लेते।"

मा बाप, नाते रिश्तेदार भी दु खी थे। श्याम सिंह ने सबको धोखे से भर्ती की बात बतायी। अब किया क्या जा सकता था? श्याम सिंह ने सबको आश्वस्त कराया,—"मैंने युद्ध मे बचाव के सभी तरीके सीख लिए हैं। यो काल आ जाय तो उसके लिए मै कुछ नही कह सकता। अगरेजो की इस लडाई मे जो कट मरा वह पल्ले दर्जे का उल्लू कहलायेगा।"

सबने सान्त्वना पायी या नहीं, सबके लिए श्याम सिंह की बात नयी थी। बरियार खा भी इन्हीं भावों को प्रकट करता था। वह मस्त था जैसे न अनहोना कुछ हुआ है और न होगा।

महीने भर की छुट्टी मेल मुलाकात, नाते रिश्तेदारी, मित्रो के दावत मनोरंजन मे कट गयी। वे लाहौर लौट आये। वहा एक नयी बटालियन संगठित हुई। दोनों उसमे रखे गये। बटालियन जगल की लडाई के प्रशिक्षण के लिए छिन्दवाडा आई। यह प्रशिक्षण तीन महीने मे पूरा हुआ। बटालियन कोचीन आई। वहा वे समुद्री जहाज मे चढे। बगाल की खाडी और अरब सागर पार कर वे मलाया के सुन्दर बन्दरगाह पिनाग पर उतरे। उनकी बटालियन मलाया के विशाल ब्रिटिश सेना की अग बनी।

●

श्याम सिंह उस दिन अनायास सोचता रहा कि अंगरेजों ने देश को गरीब बना कर इसका कितना शोषण किया है। सूबेदार उमराव सिंह के प्रति उसके मन में श्रद्धा भर आई। सूबेदार के शब्दों में इशारा था कि देश के लिए उत्सर्ग होने का सुअवसर आयेगा। उस शुभ दिन के लिए अभी से तैयारी करनी है।

श्याम सिंह अपने काम को अच्छा से अच्छा सीखने लगा। उसका खाना, कपड़ा मुफ्त था। चालीस रुपया महीना वेतन मिलता था। पांच अपने लिए रख कर पैंतीस घर भेज दिया करता था। वह नशा नहीं करता था न सस्ती छोकड़ियों के पीछे भागता था। सप्ताहान्त में वह मन्दिर में पूजा प्रार्थना में अधिक समय बिताता था। बरियार खां को भी जबरदस्ती मस्जिद भेजता था। मन्दिर में वह देश की स्वतंत्रता के लिए देवता से मन ही मन प्रार्थना किया करता था।

बरियार खां चाल चलन का अच्छा था। उसकी पल्टन के अधिकतर जवान झेलम जिले के राजपूत मुसलमान थे। उनमें से कई पीते-पिलाते थे। बरियार खां को भी यह लत जल्दी लग गयी। वह लेफ्टिनेंट जान का अर्दली था। अर्दली का काम अफसर की निजी जरूरतों की देख भाल था—कपड़ों की, जूतों के चमक की, उसके खाने पीने की। जान अपनी आलमारी में शराब की बोतल रखता था। बरियार खां उसकी शराब पी डालता था। जितना पीता था उतना पानी मिला देता था। जान को कभी पता ही नहीं चलता था। कभी-कभी वह पूरी बोतल गायब कर देता था। अपने दोस्तों के संग उसकी चुस्की लेता था। और मस्त हो सबको आल्हा सुनाता था। आल्हा वह चमकदार तलवार की तेज़ गति सा गाता था।

'ए' कम्पनी की सिखलायी के बाद राइफल, मशीन गन, मौर्टर तोप, ग्रनेड आदि अस्त्र-शस्त्रों की विधिवत परीक्षा हुई। परीक्षा में पूरी कम्पनी में श्याम सिंह पहले नम्बर पर आया। उसको एक बिल्ला देकर नायक बना दिया गया। खेल कूद, पी० टी०, ड्रिल में उसे पहले से ही उस्ताद माना जाता था। उसे अनुशासन के लिए भी कम्पनी का पहला पुरस्कार मिला।

इसके बाद घर जाने के लिए एक महीने की छुट्टी मिली।

बरियार खां भी अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण था। उसे भी छुट्टी मिली।

वे दोनों बड़े प्रसन्न मन गांव आये।

गांव का कोई भी आदमी उनके फौज में भर्ती होने से खुश नहीं था। श्याम सिंह के पिता ने उसका नाम कटाने के लिए बड़े लाट के पास दरख्वास्त भी भेजी थी। जहां जबरन भर्ती हो रही थी वहां ऐसी दरख्वास्तों की क्या पूछ होती?

बरियार खां की मां ने दरख्वास्त नहीं भेजी थी। वह रात दिन रोती बिसूरती रहती थी और सुबह शाम अपने बुजुर्ग मौलवी साहब की दरगाह पर बेटे की राजी खुशी के लिए प्रार्थना किया करती थी। वहीं उसके पति की कब्र थी। वहां हर पूरनमाशी को वह दिया जलाया करती थी।

बरियार खां के एक बड़ी बहन थी। वह ब्याहता थी। बरियार खां अपनी

बहन को जाकर उसके पति के गाँव में लिवा लाया। बहन के बच्चों के संग वह और उसकी मां दोनों व्यस्त रहते थे।

श्याम सिंह की नयी नवेली पत्नी थी। उसने रोते-रोते श्याम सिंह से कहा,—"तुम्हें फौज में भर्ती होने की मति क्यों आई ? हम हवाई अड्डे पर ही मेहनत मजदूरी कर लेते।"

मां बाप, नाते रिश्तेदार भी दुःखी थे। श्याम सिंह ने सबको धोखे से भर्ती की बात बतायी। अब किया क्या जा सकता था ? श्याम सिंह ने सबको आश्वस्त कराया,—"मैंने युद्ध में बचाव के सभी तरीके सीख लिए हैं। यों काल आ जाय तो उसके लिए मैं कुछ नहीं कह सकता। अंगरेजों की इस लड़ाई में जो कट मरा वह पल्ले दर्जे का उल्लू कहलायेगा।"

सबने सान्त्वना पायी या नहीं, सबके लिए श्याम सिंह की बात नयी थी। बग्गियार खां भी इन्हीं भावों को प्रकट करता था। वह मस्त था जैसे न अनहोना कुछ हुआ है और न होगा।

महीने भर की छुट्टी मेल मुलाकात, नाते रिश्तेदारी, मित्रों के दावत मनोरंजन में कट गयी। वे लाहौर लौट आये। वहां एक नयी बटालियन संगठित हुई। दोनों उसमें रखे गये। बटालियन जंगल की लड़ाई के प्रशिक्षण के लिए छिन्दवाड़ा आई। यह प्रशिक्षण तीन महीने में पूरा हुआ। बटालियन कोचीन आई। वहां वे समुद्री जहाज में चढ़े। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पार कर वे मलाया के सुन्दर बन्दरगाह पिनांग पर उतरे। उनकी बटालियन मलाया के विशाल ब्रिटिश सेना की अंग बनी।

●

३

श्याम सिंह ने पिनांग में फौज की अलमस्ती के जीवन का एक नया रूप देखा। फौजी जीवन के हर दिन का जैसे मिनट-मिनट का व्यस्त और कड़ा काम था वैसे ही शाम के बाद बड़ी रंगीनी और बेफिक्री का समां रहता था। सैनिकों के अवचेतन में, विशेष कर उनके जो भाग्य पर कम विश्वास रखते हैं, युद्धकालीन परिस्थितियों में अधिकाधिक भोग की वृत्ति घर कर जाती है। शायद परिवार के वातावरण और सुख से दूर उनमें जीवन के उपभोग की जरूरत तीव्रतर हो जाती है। इससे मानसिक तनाव भी कम रहता है। श्याम सिंह ने देखा कि गोरे जवान और अफसर मस्त होकर भोग में लिप्त होते हैं इतना कि उच्छृंखल भी हो जाते हैं। हिन्दुस्तानी जवान और अधिकारी संस्कारवश वैसा नहीं कर पाते हैं। उन्हें रंगभेद का शिकार भी बनना पड़ता है। हिन्दुस्तानी अधिकारी भी गोरे अधिकारियों की तरह खुल खेल नहीं पाते। वे अपनी विवशता पर कुढ़ते रहते हैं।

पिनांग में हर गोरे अफसर की कोई न कोई युवती मित्र थी। वे रखैल प्रेमिका की तरह हर समय अपने अफसरों से चिपटी रहती थीं। मलाया में, पिनांग में भी, अंगरेजों और ऐंग्लो मलायियों की काफी आबादी थी। चीनी नस्ल की भी गोरी चिट्टी आकर्षक युवतियाँ थीं। अंगरेज इनमें से मन चाही प्रेमिका चुन सकते थे। इन युवतियों में से वही जिनको अंगरेज मित्र नहीं मिलते थे हिन्दुस्तानी अधिकारियों से मेल जोल बढ़ाती थीं। वह भी खुल कर प्रेमी प्रेमिका की तरह एक साथ नहीं रह पाते थे क्योंकि अंगरेज अधिकारी यह सहन नहीं कर पाते थे कि काला हिन्दुस्तानी कोई अंगरेजी नस्ल की प्रेमिका रखे। हिन्दुस्तानी अफसर इस तरह उखड़े-उखड़े रहते थे। वे अंगरेजों की तरह मनचाहे रास रंग में डूब नहीं पाते थे।

हिन्दुस्तानी जवानों की दशा और अधिक दयनीय थी। वे सर्कसों, सस्ते नाचघरों, बाजार की सस्ती चीनी और मलायी युवतियों को ही जान पाते थे। अच्छे नाच घरों, सर्कसों और क्लबों में उनका प्रवेश वर्जित था। अंगरेजों ने हिन्दुस्तानी जवानों को विभिन्न श्रेणियों और सम्प्रदायों में बांट रखा था। पल्टनों में 'अ' कम्पनी राजपूतों की होती, 'ब' सिखों की और 'स' मुसलमानों की। जाति और वर्ण का भेद सर्वोपरि महत्त्व का बना कर अंगरेजों की निरंतर यह कोशिश रही कि कि हिन्दुस्तानी सैनिकों में कभी एका न होने पाये। हिन्दुस्तानी सैनिक इस तरह आपस में बंटे रहते थे। हिन्दुस्तानी अफसर अंगरेजों की इस चाल को खूब समझते थे मगर काट नहीं पाते थे। अंगरेज उच्चाधिकारी हिन्दुस्तानी अफसरों से चाहे वह किसी धर्म या वर्ण के हों हार्दिक घृणा करते थे।

पिनाग के बड़े क्लब में तैरने का तालाब था। ऊंचे से ऊँचे हिन्दुस्तानी अफसर उस तालाब में नहीं तैर सकते थे। युद्ध के कारण क्लब के वे सदस्य हो सकते थे। एक सिख अफसर कैप्टन मोहन सिंह से इस पर खासी लड़ाई हो गई।

मोहन सिंह क्लब के सदस्य थे। एक दिन वे तालाब में तैरना चाहते थे। उन्हें तालाब में घुसने नहीं दिया गया। क्लब के मंत्री से उन्होंने कहा,—"नियमों में ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि वर्णभेद के कारण तालाब में सबको तैरने नहीं दिया जायगा।"

मंत्री ने बताया,—"क्लब के नियमों में भले न लिखा हो, यह इस क्लब की परम्परा है।"

मोहन सिंह ने कर्नल, अपने कमांडिंग अफसर, से इसकी शिकायत की। कर्नल हक्का बक्का रह गया। उसने मोहन सिंह से कहा,—"क्लब की परम्परा से उस तालाब में जहाँ अंगरेज औरतें भी स्नान करती हैं गैर अंगरेजों का जाना नहीं होता रहा है। मैं इस परम्परा को आदेश से नहीं बदल सकता।"

कैप्टन मोहन सिंह ने कहा,—"जब हम क्लब के सदस्य हैं हमें क्लब में उपलब्ध हर मनोरंजन का वैसा ही अधिकार है जैसा दूसरे सदस्यों को। वर्णभेद की नीति, जब हम एक साथ लड़ मर सकते हैं, कदापि नहीं चलने दी जायगी।"

कर्नल आगबबूला हो गया। कैप्टन मोहन सिंह की उसने पिनाग के ब्रिगेडियर से शिकायत की।

वर्णभेद के कारण मेजर कयानी को अफसरों के मेस में ही नीचा देखना पड़ा। हिन्दुस्तानी अफसरों के लिए हिन्दुस्तानी खाना सप्ताह में तीन बार पकाने का आदेश सर्वोच्च कमांड से आया था। इसके पहले अफसरों के मेस में हिन्दुस्तानी खाना नहीं पकता था। मेजर कियानी मेस के इनचार्ज थे। उन्होंने आदेश के मुताबिक सप्ताह में तीन दिन हिन्दुस्तानी खाने, रूमाली रोटियाँ, बिरिआनी, कोफ्ते, कबाब आदि की व्यवस्था की। कर्नल ने उन्हें बुला भेजा। गुस्से से उनसे कहा,—"क्या अफसरों के मेस का आप जवानों का लंगर बनाना चाहते हैं?"

मेजर कियानी ने कर्नल का आशय समझ जवाब में कहा,—"अंगरेज अफसरों के लिए अंगरेजी ढंग का खाना ही पकेगा।"

"मैं मेस को लंगर नहीं बनने दूँगा। केवल रविवार को लंच पर मुर्गे की करी और चावल बन सकता है। अंगरेज डेढ़ सौ साल में मुर्गी करी और चावल खाना सीख गये हैं।"

मेजर कियानी ने सर्वोच्च कमांड के आदेश की याद दिलाना निरर्थक समझा। वह अपमान का कड़ुआ घूंट पीकर रह गये। उनसे मेस का चार्ज छीन लिया गया। कुछ दिनों बाद उनसे कम्पनी की कमांड भी हटा ली गयी।

पिनाग के हिन्दुस्तानी पल्टनों में इस बात की चर्चा फैली। सूबेदार फजल मोहम्मद दूसरे सूबेदारों से कहते सुने गये,—"अंगरेजों की बुद्धि नष्ट हो गयी है।

हर मोर्चे पर हार रहे हैं। ऐंठन अभी पुरानी ही है। गुलामों को अपना खाना भी नहीं खाने देते। कल लड़ाई के बाद काले हिन्दुस्तानियों को अफसर भी नहीं रहने देंगे।"

सरदारों के साथ-साथ जवानों में भी इस बात से बेचैनी फैली। हवलदार अकरम ने श्याम सिंह से कहा,—"कांग्रेस और मुसलिम लीग का झगड़ा पीछे देश में छूट गया। यहाँ हमें एक होकर जीना मरना है।"

सिपाहियों में अब अंगरेजों के प्रति गुलामों की पुरानी 'माई बाप' वाली आस्था नहीं रह गयी थी। अंगरेजों की चालाकियों को वे परखने लगे थे और अपने मानवोचित अधिकारों के प्रति जागरूक हो चले थे। सिख कम्पनी का सिपाही मुख्तार सिंह बराबरी के इतने पक्ष में था कि वह खुले आम पंजाबी में अंगरेज अफसरों को गालियाँ देता था। वह अपने कम्पनी कमांडर कैप्टन हंट का 'बैट मैन' था। वह प्रतिदिन हंट की ह्विस्की चुरा कर बिला नागा पीता था। हंट को कई बार इसका शक हुआ। उसने मुख्तार सिंह को डांटा। मुख्तार सिंह उसको दूसरे सिपाहियों के सामने 'मां दा पुत्तर' कहता। दूसरे हंसी नहीं रोक पाते। हंट चुप हो जाता।

एक ऐंग्लो मलायी छोकड़ी हंट की प्रेमिका थी। उसका नाम कुमारी सिल्विया जेन था। वह किसी बाल काटने की दुकान में काम करती थी। बीयर बहुत पीती थी और टिन में बन्द सार्डिन मछली चाव से खाती थी। मुख्तार सिंह उसके लिए तले टोस्ट और सार्डिन बनाया करता था। उसे मुख्तार सिंह का बनाया टोस्ट सार्डिन ही पसन्द आता था। हंट की अनुपस्थिति में वह मुख्तार सिंह से खूब हँसी मजाक किया करती थी। उससे कहा करती थी,—"मुझे सिख नौजवान बहुत पसन्द हैं।"

मुख्तार सिंह उसका भाव समझता था। 'जो हँसी सो फंसी', यह वह अपने साथियों से कहा करता था। एक रात हंट और सिल्विया किसी नृत्य समारोह से पूरे बुत होकर लौटे। अपने क्वाटर में भी उन्होंने पीना जारी रखा। हंट थोड़ी देर में पलंग पर औंधा होकर पड़ गया। मुख्तार सिंह सिल्विया को सार्डिन बना कर लाया। सिल्विया ने मुख्तार सिंह को अचानक अपनी बाहों में भर लिया। इस आकस्मिक व्यवहार से मुख्तार सिंह चकित रह गया। सिल्विया ने उसकी आँखों में आँखें डालकर और उसके मुँह को अपने मुँह से सटा कर कहा,—"मेरा पहला प्रेमी सिंगापुर का एक नौजवान सिख टैक्सी ड्राइवर था।" उसने मुख्तार सिंह को जबरदस्ती ह्विस्की का एक जाम पिलाया। जाने कैसे हंट औंधे-औंधे ही बोला,—"हे सिल्वी, क्या हो रहा है।"

"कुछ नहीं। तुम सो जाओ। एक ह्विस्की भेजती हूँ,—"कह कर उसने कई शराबों को मिला कर एक गहरा 'काकटेल' बनाया और हंट को जाकर अपने हाथों गटागट पिलाया। हंट का रहा सहा होश छूमंतर हो गया। उसकी नाक बजने लगी।

सिल्विया धुत थी ही। वह मुख्तार सिंह को पकड़ कर उसके साथ नाचने लगी। नाचते-नाचते उसे गोल कमरे को सोफे पर उसने दबोच लिया। मुख्तार सिंह

तरनतारन इलाके का लोभाना सिख था। सिल्विया या किसी नारी को वह निराश कर ही नही सकता था। उसे अपने पुरुषत्व का घमण्ड था।

उस रात के बाद सिल्विया और मुख्तार सिंह आपस में खुल गये। वे एक दूसरे के चहेते दोस्त बन बैठे। हंट ने शक से कभी मीन मेख भी किया तो सिल्विया ही उस पर चढ बैठी। मुख्तार सिंह आश्वस्त रहा। उसने सिल्विया से 'रोमांस' के किस्से अपने सीधेपन मे कितने साथियों को बताया।

मुख्तार सिंह की कम्पनी का सरदार लालसिंह सूबेदार था। अंगरेज सूबेदारो के ज़रिये ही अपनी कम्पनी के सैनिको से बात व्यवहार रखते थे जिससे एक दूसरे को समझ कर उनका फौजी प्रशासन निर्बाध चलता रहता था। सूबेदार लाल सिंह विनोदी स्वभाव का था। वह मुख्तार सिंह से हाथ जोड कर कहा करता था,—"पाइयाँ जी, उस सिल्वी की बच्ची से साड्डा (मेरा) भी योग मेल करा दे।" मुख्तार सिंह हसता। ऐसा वह कहाँ करा पाता। वह हट की आलमारी से स्काच ह्विस्की की बोतल चुराकर सूबेदार को देता। सूबेदार पिनाग के बन्दरगाह पर सस्ती मलायी और चीनी युवतियो को उसे पिला कर अपना रंग जमाता।

उस पजाबी बटैलियन का कमांडर कर्नल रेड फाक्स था। उसकी पूरी नौकरी पंजाबियो मे ही बीती थी। पजाबी बहुत अच्छी बोलता था। उसे हिन्दुस्तानियो से हार्दिक घृणा थी। सिपाहियों को वह खरीदा हुआ गुलाम समझा करता था। उसका दावा था कि हिन्दुस्तानियो को रोटी देना ही क्या कम उदारता थी? वह यह जरा भी नही समझ पाता था कि हिन्दुस्तानियो के पर क्यो निकल रहे हैं और वे अगरेजी शासन के ऋणी क्यो नही महसूस करते। वह प्रायः कहा करता था कि अगरेज हिन्दुस्तानियो को समुन्नत कर रहे है। गांधी और नेहरू अगरेजी शिक्षा की उपज है। वे देश की उन्नति चाहते हैं। उनकी गलती यही है कि अंगरेजो की हिन्दुस्तानियों को शिक्षित और सभ्य बनाने की नीति को वे नही समझ पाते है। सब हिन्दुस्तानी, वह कहा करता था, उनकी तरह लंदन के स्कूलों में जाकर तो पढ नही सकते। उसकी भी एक एग्लो मलायी प्रेमिका थी। कमांडिंग अफसर की रखैल होने के कारण सभी उसका अदब मानते थे। एक दिन उसने रेडफाक्स से कहा,—"तुम हट के बैटमैन मुख्तार सिंह से अपना बैटमैन बदल लो।"

रेडफाक्स हैरान रह गया। उसका बैटमैन सिपाही अता मोहम्मद था जिसे बटालियन के सूबेदार मेजर दिलावर खा बहादुर, ओ० बी० ई० ने खास तौर पर रखाया था। वह चुस्त, चालाक और वफादार था। हमेशा शाई रसी सजा बना रहता था। अंगरेजो ने देशी रियासतों के राजाओं की पोशाक को चपरासियों की पोशाक बनाया था। अता मोहम्मद रणक्षेत्र मे भी उसी पोशाक मे मैस रहता था। वह अंगरेजी समझ लेता था और रेडफाक्स के इशारे को पहचानता था। सूबेदार मेजर का वह खास आदमी था। बटालियन का सूबेदार मेजर वही बनाया जाता था जो कर्नल की बटालियन में हुई छोटी बड़ी सहत्व की बातों को सूचिया और पर

घटनाक्रम से बटालियन के सिखों में ही नहीं, मुसलमानों और राजपूतों की हिन्दू कम्पनी में भी असन्तोष धीरे-धीरे सुलगने लगा। बरियार खां एक दिन आपे से बाहर हो गया। अंगरेजों को वह बहुत बुरा भला कहने लगा। सूबेदार फज़ल इलाही और श्याम सिंह ने उसे शान्त कराया। वह शान्त हो गया। पूरी की पूरी बटैलियन मगर अशान्त हो आई। तब तक पिनांग से बटालियन को जीटरा का मोर्चा संभालने का आदेश मिला।

8

जानलेवा वियोग की अवधि काटने के बाद मिलन का सुख असीम होता है। नरेन्द्र और पुखराज का परिणय ऐसा ही था। वे दोनों दिल्ली से बड़ी ललक और अरमानों से भरे रंगून आये थे। नरेन्द्र को सेठ भीमसेन दारुका के मुकदमे में रंगून उच्च न्यायालय में आना ही था। सेठ ने रंगून के पास समुद्र तट पर स्थित अपनी बगीचा कोठी को बैरिस्टर नरेन्द्र और उनकी सद्य परिणीता पत्नी पुखराज के लिए अभिनव आकर्षण और सुरुचि से सजाया था। हिन्दुस्तान से बाहर के मुक्त वातावरण में, उस बगीचा कोठी में, नरेन्द्र पुखराज एक दूसरे में खो मिटने के लिए सागर की उत्ताल तरंगों की तरह उतावले रहा करते थे। उनका प्रेम अन्तरिक्ष के कोण को चूमना चाहता था। अपने निवास के पहले महीनों में उस बंगले के बाहर उन्होंने कदम भी नहीं रखा।

सेठ भीमसेन ने उनके सुख सुविधा की व्यवस्था उत्तम की थी। सर मेहता की बेटी और दामाद को वे कोई असुविधा होने ही नहीं देते।

सेठ भीमसेन उच्च शिक्षित नहीं थे। दुनिया उन्होंने बहुत देखा था। एक दिन वे बगीचा कोठी आये।

उनकी आँखें मधु चन्द्रिका से प्रस्फुटित नरेन्द्र और पुखराज की कमनीयता देखती रह गयी। कुंआरापन रस स्निग्ध हो दिव्यरूप में निखर आया था। पुखराज की रूपराशि प्रज्वलित थी। सेठ भीमसेन ने मन ही मन सच्चे कुआरेपन और सच्ची तरल मधुचन्द्रिका की प्रशंसा की। परिहास के स्वर में बैरिस्टर नरेन्द्र से उन्होंने कहा,—"रंगून का बड़ा पैगोडा अपूर्व है। जब कहें वहाँ जाने का प्रोग्राम बना दूं।"

"आपके मुकदमे की तारीख अगले महीने है।"

नरेन्द्र का भाव सेठ ने समझा। मुकदमे के लिए न्यायालय जाना ही पड़ेगा। ऐसे अभी वे बगीचा कोठी से कहीं नहीं जाना चाहते थे। सेठ गद्‌गद भाव से थोड़ी देर और बात करते रहे।

अगले महीने के शुरू में बैरिस्टर नरेन्द्र स्थानीय कानूनी सलाहकारों के संग सेठ के कार्यालय में विचार विमर्श कर मुकदमे की तैयारी करते रहे। चौबीस घण्टे में चार छः घण्टे मुकदमे की तैयारी, शेष सारा समय बगीचा कोठी में पुखराज की स्वर्गिक धड़कनों को अपनी धड़कनों में मिलाना—यही उनका काम रहा।

मुकदमे की पहली पेशी पर नरेन्द्र को हाईकोर्ट जाना पड़ा। उभयपक्ष की ओर से उस दिन दस्तावेज दाख़िल हुए। वाद बिन्दुओं पर प्रारम्भिक बहस हुई। वाद

विन्दुओं के निर्धारण के लिए लम्बी तारीख पड़ी। सेठ भीमसेन के फर्म का प्रश्नगत सम्पत्ति पर पुराने समय से कब्जा चला आ रहा था। प्रतिपक्ष से सम्पत्ति पर मुकदमे के फैसले तक सरकारी प्रबन्ध करने का आवेदन किया गया। उसके समर्थन में प्रति-पक्ष के बैरिस्टर ने जोरदार बहस की। नरेन्द्र ने उनके आवेदन के विरोध में सूक्ष्म किन्तु सारगर्भित तर्क प्रस्तुत किए। अदालत ने नरेन्द्र के तर्कों को स्वीकार कर लिया। सम्पत्ति पर सेठ भीमसेन का ही कब्जा रहा। यह साधारण सफलता नहीं थी। सेठ भीमसेन ने भरी अदालत में नरेन्द्र का चरण छू लिया। प्रतिद्वन्द्वी बैरिस्टर ने भी अदालत से बाहर आकर बैरिस्टर नरेन्द्र को हार्दिक बधाई दी।

वे अब निकलने पैठने लगे। उन्होंने रंगून के सुप्रसिद्ध बड़े पैगोडा में जाकर भगवान बुद्ध की पूजा की। छोटे पैगोडा और दूसरे दर्शनीय स्थानों को भी देखा। वे माण्डले गये। वहाँ की जेल में उस कोठरी का जहाँ तिलक महाराज कैद में रखे गये थे उन्होंने दर्शन किया। नरेन्द्र ने पुखराज को बताया,—'इसी काल कोठरी में गीता-रहस्य लिखा गया। यहीं बाद में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भी कैद में रखे गये।'

बर्मा के सुरम्य विहार स्थलों, रमणीक नगरों और प्राकृतिक दृश्यों को देख कर वे जम्बू द्वीप गये। 'जम्बू द्वीपे भरतखण्डे,' आर्यों के संकल्प के आदि के स्थल निर्देश को पुखराज ने नरेन्द्र को स्मरण कराया। जम्बू द्वीप प्राकृतिक सौंदर्य की खान है। वहाँ के पर्वतों, वनों और धान के खेतों पर सतरंगी इन्द्रधनुषी आभा अभिनव सौष्ठव से हमेशा छायी रहती है। बिना देखे उस दिव्यता का अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। वहाँ के लोग भारत मूलक हैं। उनकी भाषा संस्कृत मूलक है। वे डचों के साम्राज्यवाद के शिकार हुए। कोई भी विदेशी शासन किसी देश में वहाँ की मूल संस्कृति और सभ्यता को मिटा कर ही पनप पाता है। अंगरेजों की तरह डचों ने अपनी संस्कृति और सभ्यता फैलाने की अथक कोशिश की। उन्हें उतनी भी सफलता नहीं मिली जितनी अंगरेजी थोपने में अंगरेजों को हिन्दुस्तान में मिली। वहाँ की जनता की दशा भी विपन्न थी। पुखराज और नरेन्द्र मधुचन्द्रिका मना रहे थे, राजनीति से कुछ समय के लिए छुट्टी ले ली थी। इसलिए वे एक दूसरे के बाहर बहुत नहीं रमे। वे चकित एक बात पर हुए—वहाँ भी फौजों का जमाव था। उन्हें पहले पहल वहीं आभास हुआ कि दुनिया में प्रलय होने वाला है।

जावा के रंग, रस और श्रृंगार ने उन्हें अभिभूत कर लिया। वे जावा छोड़ना नहीं चाहते थे। सेठ के मुकदमे के कारण उन्हें रंगून जल्दी वापस आना पड़ा। प्रति-पक्ष ने सम्पत्ति के कब्जे के लिए नया आवेदन किया था। उस आवेदन पत्र को निरस्त कराना जरूरी था। वह निरस्त हुआ।

हिन्दुस्तान लौटने के पहले वे पिनांग होते हुए सिंगापुर गये। सेठ भीमसेन ने उनसे कहा था कि जापान की आँख मलाया पर उठने वाली है। बाद में उस अपढ़ सेठ के सूझ-बूझ की नरेन्द्र को दाद देनी पड़ी।

सिंगापुर में वे सुप्रसिद्ध रैफल्स होटल में ठहरे। तब उस होटल में बहुत विशिष्ट एशियाई ही अपवाद स्वरूप ठहर सकते थे। उनको भी होटल के कई भागों में जाना वर्जित था। वे भाग सिंगापुर के विशेषतः रैफल्स की जाति और देश वालों के लिए सुरक्षित थे। होटल के सबसे ऊँचे तल्ले पर एक खुली छत थी जिसमें बेल बूटे पौधों को उगा कर एक रमणीक उपवन बना दिया गया था। वहाँ एक 'बार' था। खुले मैदान में जोड़े प्रकृति की रमणीयता का आनन्द लेते हुए बाल डांस किया करते थे। उसका नाम रखा गया था—अलकापुरी। निस्सन्देह वह अलकापुरी थी। वहाँ अमृत की नहरें बहती थीं, अक्षुण्ण यौवनाओं का मधुमादन महका था। अभिजात नर-नारी—केवल योरोपियन—वहाँ जा सकते थे। साम्राज्यवाद ने उन्हें पृथ्वी पर ही स्वर्ग भोगने की सुविधा प्रदान की थी। पराधीनों को नरक भी मिले, न मिले।

नरेन्द्र पुखराज को यह भेदभाव जान कर बहुत क्षोभ हुआ। वे अभी मधुचन्द्रिका में अभिभूत थे। उन्हें अलकापुरी में जाने की फ़ुरसत ही कहाँ थी? अलकापुरी की अप्सरायें उर्वशियाँ पुखराज को देखने के लिए अवश्य लालायित रहती थीं।

सिंगापुर के चोटी के बैरिस्टर थे श्री राजरत्नम। वे भारत मूलक थे। उन्होंने नरेन्द्र पुखराज को अपने घर खाने पर बुलाया। उस खाने में सिंगापुर के चोटी के दो-चार भारत मूलक परिवार सम्मिलित हुए। एकाध मलायी परिवार भी थे।

बैरिस्टर राजरत्नम के घर पेय अत्यन्त उत्कृष्ट कोटि के थे। उनका खाना भी ऐश्वर्य गरिमा का था। पेय देने वाली मलायी परिचारिकायें सुन्दरतर से सुन्दरतम थीं। उस दावत की समता अलकापुरी क्या खा कर करती? वहाँ पुखराज की आभा छिटकी। पुखराज को देखकर नर नारी, दास दासियाँ, सभी पल-छिन के लिए ठगे से रह जाते थे। मधुचन्द्रिका से स्वर्णकमल सी निखरी पुखराज अपनी गरिमा से अपरिचित नहीं थी। उसे सकोच का बोध जरूर होता था। इसमें उसका क्या दोष था? दोष अगर था तो उस कुम्हार का जिसने उसे अपना प्राण लगाकर गढ़ा था।

सिंगापुर के प्रसिद्ध भारत मूलक व्यापारी अब्दुल करीम सालीम अपनी धर्मपत्नी के साथ उस दावत में आये थे। उन्होंने पेय के उपरान्त नरेन्द्र से पूछा—"बैरिस्टर साहब, यहाँ आपने क्या देखा?"

नरेन्द्र जब तक जवाब दें तब तक श्री करीम सालीम ने आगे कहा—"हिन्दुस्तानी फौजों की दमघट पर आपकी नजर पड़ी होगी।"

"जी हाँ, सिंगापुर में मारे हिन्दुस्तानी फौजों की [illegible] हिन्दुस्तान मूलक निवासियों की संख्या भी यहाँ कम नहीं।"

"हिन्दुस्तानी फौजों ने ही इसे दुर्जेय गढ़ बनाया है।"

"हिन्दुस्तानियों की दशा [illegible] भी यहाँ [illegible]"

"बैरिस्टर साहब, [illegible] की दशा [illegible] से भी दयनीय [illegible] है। हिन्दुस्तानी [illegible] को चाहिए अफीम और [illegible]। [illegible]

का नाम भी नहीं सुना था। शेर सिंह ने तब उससे 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां' सुनाने को कहा। वह भी उन्हें नहीं मालूम था। शेर सिंह तब स्वयं खड़ा हो कर गाने लगा,—"पतली कमर है, तिरछी नजर है।" सब ने सावधान मुद्रा में शेरसिंह का गाना सुना। उसके बाद अति गम्भीर वातावरण में पार्टी विसर्जित हुई।

होटल से बाहर राना ने शेर सिंह से कहा,—"तू ने हम लोगों की मदद करा दी। क्या गा दिया?"

"अरे, चुप करो। मुझे जो आया वह मैंने गा कर मौका संभाल लिया। किसने समझा होगा? तुमने क्या फ्रेन्च या आस्ट्रेलियन गीत समझा?"

कुमारी मोहिनी मेसी ही ही कर हंस रही थी। राना भावाकुल हो सोच रहा था कि अपना राष्ट्र गीत तक नहीं। कब वह दिन आयेगा जब अपना भी राष्ट्रगान होगा?

वे 'हैपी वर्ल्ड' से बाहर आ अपनी अपनी प्रेमिकाओं के साथ रात का जादू जगाने चले गये।

हैपी वर्ल्ड के दावत की चर्चा राना या शेर सिंह ने किसी से नहीं की। दो दिन बाद मेजर अल्ताफ ने राना से कहा,—"इस दावत के कारण कमांडिंग अफसर शेर सिंह से बहुत नाराज है?"

"क्यों?"

"क्योंकि शेर सिंह ऐंगलो इंडियन युवती को अपने साथ ले गया था। ऐंग्लो इंडियन अंगरेज नस्ल के बनते हैं।"

राना का चेहरा क्रोध से तमतमा आया। मेजर अल्ताफ और उसने एक साथ ही कहा,—"हम गुलाम जो हैं।"

बात जवानों में फैल गयी। सब कमांडिंग आफिसर से चिढ़ उठे। नतीजा यह हुआ कि जवान भी ऐंग्लो इंडियन या ऐंग्लो मलायी युवतियों से दोस्ती बढ़ाने लगे। अंगरेज अफसरों ने इस प्रवृत्ति को रोकना चाहा। इस पर हिन्दुस्तानी अफसर चिढ़े। अंगरेजों और हिन्दुस्तानी अफसरों में एक प्रकार का शीत युद्ध शुरू हो गया। कमांडिंग अफसर कुछ कह नहीं सका। योरोप में अंगरेज पिट चुके थे। मिश्र में भी पीछे भाग रहे थे। पूर्वी एशिया में भी कब क्या हो जाय इसका कोई अनुमान नहीं लगा सकता था।

अंगरेजों ने हिन्दुस्तानी औरतों की जो सहायक सेना बनायी थी उसमें अधिकतर ऐसी ईसाई महिलायें थीं जो थोड़ी बहुत अंगरेजी बोल लेती थीं। अंगरेजों की फौज में गरीब और लाचार लोगों के अलावा कोई दूसरा भर्ती नहीं होता था। हिन्दुस्तान के ईसाइयों में, यह मानना पड़ेगा, ऐसा भाव कभी नहीं आया कि धर्म परिवर्तन से वे हिन्दुस्तानी नहीं रहे। उन्होंने न अपना नाम बदला नहीं भेष-भूषा। रहन-सहन भी उनकी भारतीय रही। वह वैसे ही बदले जैसे देश के दूसरे निवासी अंगरेजों के सम्पर्क से बदले। अंगरेजों ने कोशिश जरूर की कि वे हिन्दुओं से अपने को अलग समझें। आधुनिकता में रंगे ईसाइयों में कुछ पर इसका प्रभाव भी पड़ा। साधारण

रूप से ऐसा अपवाद स्वरूप ही रहा।

पढ लिख कर उनकी युवतियां रोजी कमाने और सेवा करने के लिए परिचारिका—नर्स—आदि कामो मे दूसरो से अधिक आगे आयी। उसी तरह कैंटीन के काम मे भी वे आगे बढी। अंगरेजों ने ऐसी युवतियों की महिला सहायक सेना बनायी। इस सेना के सगठन मे अगरेजो का उद्देश्य सेवा-सुश्रूषा आदि परिचारिका का काम तो था ही, अगरेज अफसरो और जवानो के मनोरंजन का साधन जुटाना भी था। इंग्लैण्ड के सामाजिक जीवन के आधार पर युद्ध मे शारीरिक से अधिक मानसिक सुविधा और स्नेह के लिए यह सेना उपयोगी साबित हो सकती थी।

बदाऊँ के मिशन से दो युवतियां इस सेना मे भर्ती हुई थी, कुमारी उषा पैट्रिक और कुमारी रीता न्यूटन। दोनों दसवी तक पढी थी।

कुमारी उषा पैट्रिक अपने जीवन के अप्रकट तीखे अनुभवो के कारण गम्भीर स्वभाव की बन गयी थीं। वे अपनी प्लटून के साथ सिंगापुर आते समय बंगाल की खाडी मे जहाज पर कर्नल हिगिन्स की नजरो मे चढी। जहाज में महिला सहायक सेना थी और गोरों की एक पल्टन थी। अगरेजी सेना के उन्मुक्त वातावरण मे रोज डास, खेल-कूद तथा सामाजिक मेल जोल हुआ करता था। अधिकाश ईसाई युवतियां गोरों से हिल मिल गयी थीं। डास के बाद वे जहाज के 'डेक' पर 'कुट्टनीमतम्' को चरितार्थ करतीं या वात्स्यायन के गूढ सूत्रों का अवगाहन करतीं। उषा पैट्रिक डांस समाप्त होते ही अपने केबिन मे चली जाती थी। कर्नल हिगिन्स उनकी इसी विशेषता पर रीझा। उसने कुमारी पैट्रिक को अपने केबिन मे खाने की दावत दी।

कमाडिंग अफसर के निमंत्रण को अस्वीकार करना सर्वथा अशोभन होता। उषा पैट्रिक दावत मे गयी। कर्नल इससे बहुत खुश हुआ।

उनका हाथ अपने हाथ मे लेकर उसने उन्हे प्रेम से बैठाया और पूछा,—"क्या पियेंगी?" और दो गिलासो मे ह्विस्की ढालने लगा।

"मैं शराब नही पीती, सर।"—उषा पैट्रिक ने शालीनता से ही कहा। वे प्रतिरोध नही करना चाहती थी। शराब उन्होंने बडे दिनो के अलावा भी कई बार चखा था।

कर्नल ने उनके असमंजस को ताड़ कर कहा,—"शराब नही लोगी तो युद्ध के भीषण तनाव मे स्वस्थ कैसे रहोगी?"

ह्विस्की का एक गिलास उसने मिस पैट्रिक के हाथों मे थमा दिया। मिस पट्रिक से उसका आग्रह अब अमान्य नही हो सका। वह चुस्की लेने लगी।

कर्नल शायद पहले से पी रहा था। उसने एक डब्बे से तले काजू निकाला और मिस पैट्रिक को खिलाया। गिलास की ह्विस्की जैसे खत्म हुई उसने दूसरी ढाली और गिलास को अपने हाथों मिस पैट्रिक के होठों पर लगा दिया।

तीसरे जाम पर उसने मिस पैट्रिक से कहा,—"डार्लिंग, दूर क्यों बैठी हो? मेरी गोद मे बैठो। यह जहाज डूबेगा भी तो हम तुम एक एक क्षण का सदुपयोग

इसके साथ लहरों में गर्क होंगे। लड़ाई की भँवर में कब जाने क्या हो जाय?"

मिस पैट्रिक का होश उभर आया। वे इसके लिए कदापि तैयार नहीं थीं। उन्होंने नीति बरती। कर्नल कहीं उठा कर उन्हें समुद्र में फेंक न दे इसलिए कहा,—"सर, मैं हिन्दुस्तानी लड़की हूँ।"

"क्या तुम क्रिश्चियन नहीं?'—कर्नल किंचित अचकचाया।

"क्रिश्चियन हूँ। लेकिन......... ।"

"ओह" उसके मुँह से वितृष्ण भाव से निकला। उसने आंखें तरेर कर कहा, "सुनहला समय व्यर्थ न खोओ। मैं भी जिम्मेदार व्यक्ति हूँ। मुझे खुश रखोगी तो तुम्हें तरक्की पर तरक्की मिलेगी। मैंने तुममें कुछ देख कर ही इतनी लड़कियों में से तुम्हीं को चुना।"

कर्नल ने मिस पैट्रिक को अपनी बाहों में भींच उनके होठों का चुम्बन ले लिया।

मिस पैट्रिक बेवकूफी में कह बैठीं,—"सर, आपको मुझसे विवाह करना पड़ेगा। मरियम के पवित्र बेटे की आपको सौगन्ध खानी पड़ेगी। मैं प्यार का प्रतिदान कर सकती हूँ।"

कर्नल मिस पैट्रिक के दुस्साहस पर हैरान हुआ। वह नशे में आ चुका था। उसकी पूरी नौकरी कलकत्ता के कोयला घाट के मजदूरों की देख-रेख में बीती थी। उसने चतुराई से काम लिया। उठ कर उसने मिस पैट्रिक का इस बार दीर्घ चुम्बन लिया और कहा,—"युद्ध में विजय मिलने के दिन ही हम विवाह कर लेंगे।"

मिस पैट्रिक को हिगिन्स की बातों पर विश्वास हुआ या नहीं, वह नशे में थीं या नहीं, उन्होंने फिर अनाकानी नहीं की। खाने के बाद उन्होंने अपनी वह रात कर्नल के केबिन में ही बितायी।

कर्नल की वस्तु बन कर मिस पैट्रिक दूसरी युवतियों से विशिष्ट बन गयीं। कोई उन्हें छेड़ता नहीं। कर्नल ने उनके साथ व्यवहार भी ऐसा किया जैसे विवाह के लिए 'कोर्ट' करने वाले जोड़े करते हैं। मिस पैट्रिक पूरे समुद्री सफर में कई रात कर्नल के केबिन में रहीं। जिस रात वह उस केबिन में नहीं जातीं वह विजय के शुभ दिन के सपने देखतीं। वह सोचतीं—यह भी तो हो सकता है कि कर्नल अपनी बात का धनी निकले।

जहाज निर्धारित तिथि पर सिंगापुर पहुँचा। महिला सहायक सेना के संग मिस पैट्रिक रेस कोर्स की छावनीनुमा बैरक में टिकीं। कर्नल को भी वहीं एक छोटा बंगला मिला। कर्नल अगर चाहता तो मिस पैट्रिक बेखटके उसके बंगले में आ जा सकती थीं। उसने कभी बुलाया ही नहीं। शनिवार के डांस में उसने हद कर दी। उसने मिस पैट्रिक को पहचाना तक नहीं। वह एक ऐंग्लो मलायी युवती की बाहों में थिरकता रहा। मिस पैट्रिक के अभिवादन को उसने अनदेखा कर दिया जैसे वह उनसे अपरिचित हो।

उषा पैट्रिक पर उस दिन मनो गाज गिरी। वह कर्नल की वासना को बुझाने की मात्र वस्तु थी। मधुलोभी भौंरा एक फूल पर कितनी देर टिकता ? उषा पैट्रिक ने अपना सिर धुन लिया। उनका सारा अनुभव, उनकी अक्ल, चरने चले गये थे। अब विजय के दिन की आशा से उनका रिश्ता टूट गया।

उस दिन परेशान होकर उन्होंने मिस रीटा न्यूटन से कहा,—"हमारा अंगरेजों को बढ़ावा देना भारी भूल है।"

"हिन्दुस्तानी अफसर तो हमे फूटी आख भी नही देखते। हमे अपना सुख देखना है।"—कुमारी रीटा न्यूटन ने अपना भाव बेझिझक प्रकट किया।

"हम भी हिन्दुस्तानी हैं। हमें हिन्दुस्तानी अफसरो से दूर नही रहना चाहिए। अंगरेज हमे भंगी की औलाद कहते हैं। उनके मुंह पर हमे थूकना चाहिए। हमारी फौज इसलिए खडी की गयी है कि अंगरेज चकलों की बीमारियों के बचे रहे। हम उनकी अक्ल दुरुस्त कर देंगे।"

मिस रीटा न्यूटन हैरान रह गयी। वह भी प्लटन कमाडर थी। अंगरेज अधिकारियो को वह अपनी ओर खीच लेती थी। उनका मित्र एक अगरेज सार्जेन्ट था। परदेशी मे प्रीति की वह कायल नही थी। जीवन मे सब कुछ क्षणिक है। सुख भोग को स्थायी बनाने की कोशिश हास्यास्पद है। युद्ध की विभीषिका मे इसकी कल्पना भी नही करनी चाहिए। उन्होंने उषा पैट्रिक से पूछा,—"स्थायी सुख क्यो संजोना चाहती हो ? वह क्या मिल सकेगा?"

"हम क्रिश्चियन है।"—उषा पैट्रिक ने गम्भीर भाव से कहा,—"हमे किसी की काम पिपासा को बुझाने का साधन नही बने रहना है। नही हमे विलायत जाना है या काला निगर कहलाना है। हमे वस्तुस्थिति को समझना चाहिए। हमारे पूर्वज हिन्दुस्तानी थे। हमे हिन्दुस्तानी बन कर रहना है।"

मिस रीटा न्यूटन का चेहरा अकारण स्याह पड गया। वह भागी भागी अपने कमरे मे गयी। वहा पश्चाताप की मुद्रा मे वह सत जान का उपदेश पढने लगी। ईसाई मत मे पाप ईश्वर के पवित्र उपदेशो को अमान्य करना होता है। अगरेज ईसाई है। जर्मन भी तो ईसाई है। वे ईसाइयो के प्रति उचित व्यवहार कहा कर है। संत जान के उपदेशो मे उनका मन लगा पर शान्ति नही मिली। अंगरेजो अश्लील व्यवहार के कई उदाहरण उनके ध्यान को विचन्नित कर गये। वह अजार भय से भर आयी।

गोरी पल्टनें क्रम मे सामाजिक मनोरंजन के लिए 'बाल डास' का समारोह किया करती थी। इनमे हिन्दुस्तानी महिला सेना की बहुत माग होती थी। अगले सप्ताहान्त मे लंकाशायर पल्टन मे समारोह था। उसमें मिस पैट्रिक और मिस न्यूटन गयी ही नहीं। उनके प्लट्न मे भी सयोग से कम लडकियां गयी। बाल डांस मे युवतियों की भरमार न हो तो नृत्य फीका पड़ जाता है। पल्टन का उसकी समारोह युवतियो के अभाव मे फीका से भी बुरा रहा।

शिकायत हुई। कर्नल स्वयं उस समारोह में गया था। वह हैरान हुआ, सोचता रहा।

मिस उषा पैट्रिक को कर्नल के सामने सोमवार को आफिस में पेश होने का आदेश मिला। कर्नल ने बिना किसी औपचारिक शील सौजन्य के कड़कती आवाज़ में पूछा,—"परसों लंकाशायर प्लटून के डांस में तुम्हारी पल्टून की छोकड़ियां क्यों नहीं गयीं ?"

"मैं अस्वस्थ थी। यह मुझे नहीं मालूम कि लड़कियां क्यों नहीं गयीं। डांस का निमंत्रण सबको बता दिया गया था और नोटिस बोर्ड पर लगा दिया गया था। सब जानती थीं।"

कर्नल चिल्ला पड़ा,—"भंगी की औलाद, जबान लड़ाती है। तुम्हें मालूम होना चाहिए कि सामूहिक प्रतिरोध फौजी कानून में षडयंत्र माना जाता है। अपनी सारी छोकड़ियों से कह दो कि दुबारा ऐसी बात हुई तो सबके चूतड़ में मिर्च भर दिया जायगा।"

उषा पैट्रिक सलाम कर आफिस के कमरे के बाहर चले जाने के अलावे कर क्या सकती थीं ? उस दिन उन्हें शैतान का असली रूप दिखायी पड़ा। शैतान वही नहीं, उन्होंने सोचा, उनका अपना समाज भी था जो छलावे के जाल में अपना असली रूप भूल चुका था।

उषा पैट्रिक को सांघातिक चोट लगी। उनका दिल बैठने लगा। वे बीमार पड़ गयीं। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

अस्पताल में वे दो सप्ताह रहीं। जिस दिन अस्पताल से वापस लौट रही थीं दिन कैप्टन डाक्टर रमन ने उनसे सहानुभूति के स्वर में कहा,—"आपका रोग मानसिक परेशानी के कारण था। परदेश में अकारण मन को मलीन न किया करें।"

"डाक्टर साहब, अंगरेज हमें पशु से भी बदतर समझते हैं।"—मिस पैट्रिक के मुंह से निकला।

"मैं समझ सकता हूं। उनके पाप का घड़ा भर गया है। धीरज से काम लें।"

कैप्टन रमन की सहानुभूति से मिस पैट्रिक हिन्दुस्तान में पहुँच गयीं। महात्मा गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कांग्रेस हिन्दुस्तान की आजादी के लिए आन्दोलन कर रही थी। गांधी जी की राय के विरुद्ध पेट की ज्वाला से जले हिन्दुस्तानी फौज में भर्ती होकर बलि के बकरे बन रहे थे। महिला सहायक सेना मूलतः अंगरेजों की कामपिपासा बुझाने के लिए खड़ी की गयी थी। उनकी दशा बंधुआ मजदूरों से बेहतर कब थी ? उस दिन मिस पैट्रिक के मन में क्रान्ति की चिनगारियां पहली बार फूटीं। एक नयी प्रेरणा ने उनके जीवन में घर किया। वे नये अन्तरिक्ष की ओर सधे कदमों से बढ़ने लगीं।

कर्नल हिगिन्स ने भी महिला सेना की गति विधियों की खुफिया रिपोर्ट उच्च कमांड को भेजा। उच्च कमांड महिला सेना के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का कारण नहीं ढूंढ़ पाया। उन्होंने इस सेना को सिंगापुर से मिश्र के रणक्षेत्र में भेजने पर गम्भीरता से विचार किया।

९

नरेन्द्र पुखराज को सिंगापुर मे एकाध तीव्र संघर्षों मे अभी और जूझना था। स्थानीय फौजी कमांड ने लड़ाई के चन्दे (वार फंड) के लिए एक वृहद बाल-नृत्य का आयोजन किया। मलाया-सिंगापुर के अंगरेज गवर्नर इस समारोह के संरक्षक थे। उनकी ओर से हजार हजार रुपये के दस टिकट सेठ सलीम के पास आये थे। उन टिकटों को अस्वीकार किया ही नही जा सकता था।

सेठ सलीम ने दूसरे मित्रों के साथ नरेन्द्र और पुखराज को भी आयोजन मे निमंत्रित किया। वे सलीम परिवार के साथ समारोह मे गये। वहां कितने और उच्च धनी भारतीय और मलायी परिवार भी थे।

हाल मे सिंगापुर के सभी उच्च पदस्थ फौजी और नागरिक अधिकारी अपने परिवार वर्ग के साथ नृत्य के आकर्षक और सुन्दर परिधानो मे प्रसन्नता से चहक रहे थे। चारो ओर हंसी-खुशी का शान्त कोलाहल व्याप्त था। वातावरण युवतियो के मनमोहक परिधान और बिजली की रंग बिरंगी मद्धिम रोशनी मे इंद्र धनुषी छटा का था। पेय उत्कृष्ट थे और पेय के साथ खानो का चयन बहुमूल्य था। चारो ओर आनन्द के कलरव मे नर नारी इन्द्रपुरी की सुषमा बिखेर रहे थे।

पहले नृत्य के लिए बैंड की धुन बजी। हाल अंगरेज नर नारियों के जोड़ों से थिरकने लगा। सब बेफिक्री की मस्ती से एक दूसरे की नृत्य गरिमा मे लयमान थे। उन्हें देख कर कोई सोच भी नही सकता था कि दुनिया मे कहीं पास या दूर युद्ध का महाविनाश अट्टहास कर रहा है।

पुखराज डांस करती नही थी। नरेन्द्र ने भी डांस नही किया। डांस करने वाले जोड़े नृत्य की परिक्रमा मे नरेन्द्र पुखराज के पास से निकलते हुए पुखराज की अलौकिक रूप राशि पर आंखे जरूर गडा देते थे। हाल मे चारो ओर हर मेज पर पुखराज की ही चर्चा थी। पहला डांस समाप्त होते ही पुखराज के अतुल सौन्दर्य को देखने के लिए अंगरेज नारियां लाइन बना कर भीड इकट्ठा करने लगी। सबको आशा थी कि पुखराज अपने जोड़े के संग नृत्य करेगी। जब दो तीन नृत्य समाप्त हो गये और पुखराज नृत्य के लिए नही उठी तब एक ब्रिगेडियर ने आकर उससे अपने साथ नृत्य करने का निवेदन किया। पुखराज ने सधन्यवाद अस्वीकार जताया। एक दो नृत्य और बीते। एक मेजर जेनरल ने आकर पुखराज से नृत्य का अनुरोध किया। पुखराज ने सधन्यवाद उससे कहा,—"मै नृत्य नहीं करती।" जेन[illegible] अपने अनुरोध के अस्वीकार की आशा नही की थी। उसने सेठ सली[illegible]

कहा,—"आप लोग जब डांस हाल की मर्यादा नहीं निभाते तब ऐसे समारोहों में आते क्यों हैं ?"

सेठ सलीम का दल हज़ार हज़ार रुपयों के सोफों पर था। उन्होंने शालीनता से ही जवाब दिया,—"यहां के गवर्नर ने हमारे पास टिकट भेज कर हमें यहां निमंत्रित किया है।"

"फिर भी डांस के समारोहों के कुछ सौजन्य और नियम हैं।"

जेनरल का स्वर शालीन नहीं था। नरेन्द्र ने उससे कहा, — "आप तिल का ताड़ बनाने की कोशिश में अपना समय बरबाद कर रहे हैं। यह सब आप गवर्नर से जाकर पूछें।"

जेनरल अवाक रह गया। गुस्से से भर कर वहाँ से हटते हुए बुदबुदाया,— "काला निगर।"

नरेन्द्र, जवाब में, गुस्से से तमतमा कर बोला,—"अबे, ओ-फिरंगी सूअर।"

पता नहीं जेनरल ने नरेन्द्र की उक्ति को समझा या नहीं। उस नृत्य के बाद ही डांस का आयोजन समाप्त कर दिया गया।

उस रात नरेन्द्र पुखराज क्षुब्ध रहे। दूसरे दिन सवेरे ही बैरिस्टर राजरत्नम आये। उन्होंने कहा,—"आप होटल छोड़ कर मेरे निवास पर ठहरें। यहां रहना निरापद नहीं।"

"क्या होटल में हमारे रहने पर आपत्ति उठ खड़ी हुई है ?"

बैरिस्टर राजरत्नम ने न चाहते हुए भी बताया कि गवर्नर ने सिंगापुर के चीफ कमिश्नर को भेज कर यह अनुरोध किया है।

"क्या मतलब ?"—नरेन्द्र गुस्से से भर आया।

"बैरिस्टर नरेन्द्र, अंगरेजों को आपसे अधिक कौन जानता है ? उनकी मति मारी गयी है। उनके सिर पर विनाश नाच रहा है। वह तो यहां हिन्दुस्तानी फौजें हैं नहीं कल ही जाने क्या हो जाता ?"

नरेन्द्र ने गम्भीरता से सोचा। अंगरेजों को वह निकट से जानता था। ऐसी छोटी बात के कड़े विरोध से समस्या पैदा करना उसे अच्छा नहीं लगा। बैरिस्टर राजरत्नम के अतिथि कक्ष में वह जाने को तैयार हो गया।

पुखराज को रंग भेद, साहब गुलाम के भेद, का नया अनुभव था। वह बहुत दुःखी हुई। नरेन्द्र ने रंगून में सेठ भीम सेन को टेलीफोन कर उनसे हिन्दुस्तानी जाने की व्यवस्था करने को कहा। सेठ भीमसेन ने यात्रिक हवाई जहाज में इनके लिए दो सीटें सुरक्षित भी करा लीं। जाना किन्तु हो नहीं सका। टिकट बेकार गये।

दिसम्बर इकतालीस में जिटरा की ओर से जापानी सेना स्थल मार्ग से मलाया में घुसी। जिटरा क्षेत्र की सरहद पर सुरक्षा का भार स्काटीश फ्यूजीलीयरस पल्टन का था। अंगरेजी कमांड ने कभी आशा नहीं की थी कि जापानी उधर से आक्रमण करेंगे। स्काटिश फ्यूजीलीयरस् बिना लड़े मैदान छोड़ कर भाग निकली।

उन्ही की जगह पिनाग से पंजाब रेजिमेट को भेजा गया।

युद्ध में आक्रमणकारी को पहला लाभ जरूर मिलता है। स्काटिश फ्यूजीलीयरस के भागने के साथ ही जापानी तेजी से आगे बढ़े। पजाब रेजीमेट ने आकर जब मोर्चा संभाला तब उनकी तेजी रुकी। पंजाब रेजिमेट ने जापानी पल्टन के सामने खाइया खोद कर मोर्चा बाधा। वे आक्रमण की तैयारी कर रहे थे। अभी आगे बढने का आदेश नही मिला था। अचानक जापानियो ने पीछे से पिनाग की सड़क को काट कर पंजाब पल्टन को घेर लिया। चारो ओर से घिर जाने पर पजाब पल्टन को लड कर कट मरने या आत्म-समर्पण कर देने के अलावे कोई रास्ता नही रह गया। उन्हे न आक्रमण का आदेश मिला न आत्म-समर्पण का। अच्छी फौज विना आदेश पाये आत्म-समर्पण भी नही करती।

एक खाई मे सभी कम्पनी कमाडरो की बैठक बुलायी गयी। उसमे एक भी अंगरेज अधिकारी नही पहुँचा। कर्नल भी लापता था।

सबसे वरिष्ठ अधिकारी मेजर कियानी थे। उन्होने नक्शो का अध्ययन कर अलोर नामक स्थान पर चिह्न लगाया। कम्पनी कमाडरों को उन्होंने आदेश दिया, —'कल तक अगर कोई आदेश नही मिलता तो ए कम्पनी को मोर्चे पर छोड हम जगल के रास्ते अलोर की ओर अंधेरे मे चल निकलेंगे। रात बीतने के पहले अधेरे मे ही मोर्चे वाली कम्पनी जगलो के रास्ते पीछे हट आयेगी।''

दूसरे दिन सूरज की किरणो के साथ ही जापानी सेना ने बाये दाये से पंजाब पल्टन पर जोरदार आक्रमण किया। दो कम्पनिया लडी मगर गिरफ्तार हो गयी। मोर्चे वाली कम्पनी डट कर लडी। किरचे तान कर उसने जापानियो का मुकाबिला किया। उनकी प्लटून की प्लटून साफ हो गयी। जापानी सैनिक गिरफ्तार होने से पहले हाराकारी,—आत्म हत्या—कर लेते है। कितनो ने आत्म-हत्या किया। पीछे से जापानियों की नयी कुमुक ने आकर खाई की रक्षा वाली कम्पनी का सफाया कर दिया।

'ए' कम्पनी कुछ पीछे थी। वह भी लडी। बहादुरी से लड़ते लड़ते वह जगलो मे पहुँच गयी। वे जगल के रास्ते से अलोर की ओर बढे। उन्हे दिली दुःख इस बात का हुआ कि वे अपने घायलो-मृतको को साथ नही ला सके।

जगल के रास्तो मे श्याम सिंह की प्लटून नेतृत्व कर रही थी। उसके तीस जवान दुर्वह घने जगलो मे झाडी-झखाड काट कर अलोर की ओर तेज़ी से बढने का रास्ता बना रहे थे। मेजर कियानी बटॅलियन के केन्द्र के इनचार्ज थे। उनसे श्याम सिंह का बेतार के तार से सम्पर्क था। जंगल मे यह सम्पर्क अटूट रह नही सकता था। वह जल्दी ही खत्म हो गया। श्याम सिंह मेजर कियानी के केन्द्र को जान नही सका कि वह कहाँ है और किस रास्ते पीछे हट रहा है।

लगातार भूखे, प्यासे, नीद के माते, वे पाच दिन बियावान निर्जन जंगल मे नक्शे के सहारे अलोर की दिशा मे चलते रहे। पाच दिन पर वे एक ऐसी जगह

पहुँचे जहां से अलोर बीस मील उत्तर-पूरब पड़ता था। वहां डी कम्पनी की एक टुकड़ी कैप्टन हबीबुररहमान के नेतृत्व में मिल गयी। अफसर मिला, निदेशन का भरोसा मिला। सब लम्बे पड़ सुस्ताने लगे।

कैप्टन रहमान की टुकड़ी कुछ राशन ले आयी थी। दाल-चावल सबके लिए काफी था। नमक बिलकुल नहीं था। कैप्टन रहमान ने सबके लिए अलोना खिचड़ी पकाने का हुक्म दिया। खिचड़ी झाड़ियों में छिप-छिपा कर पकी। सबने खाया। कैप्टन रहमान ने विनोद भाव से कहा,—"अब अंगरेज के नमक का हौवा हम से उतर गया।"

श्याम सिंह ने पूछा,—"सर, अंगरेज पल्टन भागने में जगत प्रसिद्ध है। हमारे बटैलियन के अंगरेज अफसर हमें छोड़ कर क्यों भाग गये?"

कैप्टन रहमान ने श्याम सिंह को बड़े गौर से देखा और कहा,—"अभी सब आराम कर लें। उसके बाद अलोर या स्तार के लिए चल पड़ना है।"

श्याम सिंह को अपने सवाल का जवाब नहीं मिला। कैप्टन रहमान के चेहरे पर कुछ भाव बने बिगड़े। वे ऐसे थे जिनसे श्याम सिंह उनके प्रति श्रद्धा से भर आया।

आधी रात तक सब सोते रहे। उसके बाद कैप्टन रहमान ने सबको जगाकर चलने का हुक्म दिया। टोलियाँ, जैसे आसमान में हवाई जहाज एक के पीछे एक उड़ते हैं, कतार बना कर चल पड़ीं। रात भर बिना रुके वे चलते रहे। सवेरे रुक कर, सांसों को बोतल के पानी से तर कर, वे आगे बढ़े। कहीं कन्द-मूल-फल मिल जाता तो इकट्ठा कर लिया जाता था। शाम को जहां रुकते थे वहाँ सब में बराबर बराबर बांट दिया जाता था। पानी की बड़ी लोड़ रहती थी। जहां पानी मिलता बोतल भर ली जातीं। पीना आदेश पाकर ही होता था।

लगातार तीन दिन वे चलते रहे। चौथी रात को सुस्ताने के बाद वे चलने ही वाले थे कि उन पर ओलों की तरह गोलियों की बौछार पड़ने लगी। सब खन्दक खाइयों में लेट गये। श्याम सिंह ने एक निशान पर मशीन गन को साधा, उसकी गोलियों का बेल्ट चढ़ाया। वह मशीन गन का बटन दबा कर गोलियां दागने जा ही रहा था कि रेंगते रेंगते कैप्टन रहमान आ गये। उन्होंने गन चलाने को मना कर दिया। पांच मिनट तक वे गोलियों की रफ्तार और दिशा देखते रहे। मशीन गन के पीछे वे स्वयं आकर लेट गये। दूर धूंधलके में एक छतरीनुमा वृक्ष दिखायी पड़ा। उनके बायें-दायें कैप्टन रहमान ने गन को साधा। उन्होंने बटन दबाया। मशीन गन आग उगलने लगी। दूर वृक्ष की ओर से रोने, चिल्लाने, पत्तों की तरह गिरने, की आवाजें आने लगीं। कुछ देर में सब शान्त हो गया। कैप्टन रहमान ने कान लगाया, सूंघा और कहा,—"दुश्मन जगह छोड़ गये। मैं जाकर देखता हूँ।"

हवलदार श्याम सिंह और दो जवान उनके साथ गये। लाशों और घायलों से पता चला कि वे दुश्मन नहीं, स्काट फ्यूजीलीयरस के भगोड़े थे।

"लड़ाई मे ऐसा प्राय. होता है।'—कह कर कैप्टन रहमान ने मृतकों का सामान इकट्ठा कराया, घायलो की मरहम पट्टी की। सूरज उगने के पहले एक गड्ढे मे मृतकों को विधिवत दफना दिया गया।

घायलों से मालूम हुआ कि करीब पाच मील की दूरी पर एक उजड़ी हुई बस्ती है। कैप्टन रहमान दो तीन जवानों के संग रातोरात वहां गये। कुछ निवासी गाव मे थे। उनके साथ वे लौटे। सारी प्लटून तब तक आ चुकी थी। गांव वालो की सहायता से घायलो को तत्काल गाव पहुँचाया गया।

गाव वालो ने चाय पिलाया। जवान पानी ही पा कर प्रसन्न थे। सबने एक एक 'मग' चाय पिया।

पानी की सुविधा से वहा सबने स्नान किया। श्याम सिंह को सतर्कता की पंक्ति बनाते देख कैप्टन रहमान ने उससे कहा,—"यह उचित ही है। जापानियो की रणनीति यातायात की आम सडकों पर बड़े बडे ठिकानों को पकड कर आगे बढ़ने की है। हम यहा निरापद है।"

निरापद वे थे। जापानी अभी उधर नही दिखायी पड़े थे। वे वहा से पन्द्रह मील की दूरी पर कुलकेरा गाव के लिए चल पडे। घायलों को गाव वालो की सुरक्षा मे छोड आये।

शाम होते होते वे कुलकेरा पहुँचे। यह समुद्र के पास मछुआरो का गाव था। वहा नौकाये मिल गयी। मछुआरे उन्हें रातो रात पिनाग पहुँचा गये।

पिनाग मे हवलदार श्याम सिंह को पहले पहले यह अनुभव हुआ कि कही लड़ाई हो रही है। पिनाग का जन जीवन, बाज़ार, यातायात, फौजी और नागरिक संस्थान —सब का सब, अस्त-व्यस्त था। वहा से बडी तेज़ी से सेना भी जा रही थी। कैप्टन रहमान ने इसका कारण जानना चाहा। किसी ने कुछ बताया नही। उल्टे उन्हें यह आदेश मिला कि पंजाब रेजिमेंट के जितने जवान हो सब पिनाग-सिंगापुर मार्ग की छठवी मील मे स्थित पुल की सुरक्षा के लिए कैप्टन रहमान के नेतृत्व मे तत्काल कूच करे।

कैप्टन रहमान कहना चाहते थे कि अभी जवानो ने किसी बैरक मे कदम नहीं रखा, आराम नही किया, नहाया-खाया नही, वे इस कूच के हुक्म को कैसे बजा लायेंगे।

फौज में आश्चर्य से चौका देना ही सफलता की कुंजी है। कठोर से कठोर हुक्म मानना ही अनुशासन है। कैप्टन रहमान को अपना गुस्सा पीना पड़ा। श्याम सिंह नये हुक्म पर चुप नहीं रह सका। उसने चिल्ला कर कहा,—"यह सरासर अन्याय है।"

कैप्टन रहमान ने उसे समझा बुझा कर चुप कराया। वे नहा धो, खा पी, हर्बा हथियार की कमी पूरी कर छठवी मील के पुल के लिए निकल पड़े।

निर्धारित पुल की सुरक्षा में तैनात गोरखा कम्पनी विद्रोह करने पर तुली हुई

थी। उनके सूबेदार का सवाल था कि पुल से गोरी पल्टन को हटा कर उन्हें क्यों तैनात किया गया ?

कैप्टन रहमान ने सूबेदार को आश्वस्त किया। अपने जवानों को सूबेदार के अधीन कर वह स्वयं पुल की सुरक्षा में जा डंटे। वहां ब्रिगेडियर का नया हुक्म आया,—"पिनांग से फौजें योजनाबद्ध स्कीम से हटाई जा रही हैं। आप पुल को प्राणपण से सुरक्षित रखेंगे। आपके लिए हटने का आदेश मिलने पर ही पुल से हटेंगे।"

तीन दिन वे पुल पर डंटे रहे। रेडियो से और राहगीरों से पता चला कि जापानी फौजें तेज़ी से मलाया में बढ़ती आ रही हैं। पुल से अभी वे साठ मील की दूरी पर थीं। अंगरेज पिनांग खाली कर रहे थे।

ब्रिगेडियर ने अपने वचन का पालन किया। चौथे दिन उन्हें हटने का और स्टीमर से आइहो पहुँचने का आदेश मिला। आदेश से यह साफ नहीं था कि स्टीमर कहाँ मिलेगा।

वे पिनांग वापस आये। अंगरेजी फौजें हट चुकी थीं। हिन्दुस्तानी फौजें अभी हटी नहीं थीं। फौज में ऊपर के किसी हुक्म या नीति की आलोचना प्रत्यालोचना वर्जित है। कैप्टन रहमान अंगरेजों के भेद भाव की नीति से दुःखी हुए। उन्हें एक स्टीमर में जगह मिल गयी। वे आईहो के लिए रवाना हो गये।

"आइहो सिंगापुर के पास है। सिंगापुर अंगरेजों का दुर्भेद्य गढ़ है। वहां हमें अपना जौहर दिखाने का मौका मिलेगा।"—कैप्टन रहमान जवानों को समझा रहे थे। पर आइहो पहुँचने के पहले ही समाचार मिला कि जापानियों ने अंगरेजों के पूर्वी जंगी बेड़े के दो बड़े सैनिक जहाजों 'प्रिन्स आफ वेल्स' और 'रिपल्स' को सिंगापुर के बन्दरगाह में डुबो दिया है। इस खबर से सनसनी फैली। श्याम सिंह ने कहीं सुन लिया कि अंगरेज सिंगापुर छोड़ कर भागने वाले हैं। कैप्टन रहमान ने इस अफवाह को निराधार बताया। उन्होंने श्याम सिंह से कहा,—"भाग कैसे सकेंगे। जंगी बेड़ा नहीं है, हवाई जहाज भी कम उड़ते दिखायी पड़ रहे हैं। अंगरेज सिंगापुर पर जीवन मृत्यु का मोर्चा बाधेंगे नहीं तो उनकी रही सही शोहरत खत्म हो जायेगी।"

कैप्टन रहमान की यह समीक्षा ग़लत साबित हुई। अभी वे आइहो पहुँचे ही थे कि सिंगापुर के प्रधान सेनापति ने बिना गोली चलाये ब्रिटिश साम्राज्य के परम सुरक्षित गढ़ को आक्रमणकारी जापानियों को सौंप दिया। ऐसा निरीह आत्म समर्पण संसार के इतिहास में कभी हुआ नहीं था।

पन्द्रह फरवरी सन् बयालीस को सिंगापुर के फरेर पार्क में आत्म समर्पण की रस्मी परेड हुई। अंगरेज सेनापति की ओर से कर्नल हंट ने जापानी सेना के प्रतिनिधि मेजर फाजीवारा को बिना शर्त समर्पण कर दिया।

उसी परेड में एक दूसरी ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी घटना घटी। मेजर

फाजीवारा ने अगरेजों की हिन्दुस्तानी सेना की कमाड को कैप्टन मोहन सिंह को विधिवत सौंपा और घोषित किया,—"कैप्टन मोहन सिंह आजाद हिन्द फौज का संगठन करेंगे और उसके प्रधान सेनापति होंगे।"

परेड मे एकत्रित हिन्दुस्तानी सेना के आश्चर्य का ठिकाना नही रहा। मगर सूरज की पहली किरणो से जैसे वन, प्रान्तर, उपवन की क्यारी-क्यारी, पंछी, खिल कर लहलहा उठते है वैसे ही सारी हिन्दुस्तानी सेना अभिनव पुलक से चहक उठी। सबने तुमुल हर्षध्वनि मे समवेत स्वर से आजाद हिन्द फौज का जयघोष किया और कैप्टन मोहन सिंह को सलामी देकर अपना प्रधान सेनापति स्वीकार किया।

•

अंगरेजों के आत्मसमर्पण से मलायास्थित हिन्दुस्तानी फौजें ही नहीं हिन्दुस्तानी मूलक सारे मलायावासी स्तब्ध रह गये। पुखराज को इसका दुःख नहीं हुआ कि वह और नरेन्द्र हवाई जहाज में सीट सुरक्षित करा कर भी रंगून और वहाँ से स्वदेश नहीं पहुंच सके। पुखराज नरेन्द्र से कह रही थी,—"अंगरेजी सेना के शौर्य का बड़ा बखान सुनते थे। ये गीदड़ निकले।"

"उनका हमेशा यही हाल रहा। वे आँखों में धूल झोंकना जानते हैं, लड़ना नहीं। सन् सत्तावन की क्रान्ति में ही ये उखड़ गये होते अगर हममे एका होता। सिखों ने अपने कारणों से इनका साथ दे दिया। इन्होंने सिखों को भी चूना लगाया।"

"अब क्या होगा।"

"हिन्दुस्तान का स्वर्ण अवसर आ गया है। भीतर से घोर संघर्ष और बाहर से आक्रमण कर हिन्दुस्तान को स्वतंत्र कराना होगा।"

बैरिस्टर राजरत्नम आ गये। उन्होंने बताया,—"कल रेस कोर्स के विशाल पार्क में हिन्दुस्तानियों की आम सभा बुलायी गयी है। हम उसमें जा रहे हैं।"

"हम भी चलेंगे।"—नरेन्द्र पुखराज ने एक साथ ही कहा।

पार्क की सभा में विजयादशमी और ईद की सम्मलित भीड़ थी। जहाँ तक दृष्टि जाती थी नरमुण्ड ही नरमुण्ड दिखायी पड़ता था। छतों पर, पेड़ों की डालों पर, आदमी पत्तों की तरह लदे थे। औरत, मर्द, बूढ़े, जवान, बच्चे, उत्सव के नये कपड़ों में सजे बने सभा में आये थे। सहस्त्रों लाखों हिन्दुस्तानी और हिन्दुस्तानी मूलक मलायावासी वहाँ एकत्रित थे। पार्क के बाहर मीलों तक उनकी भीड का रेला पेला था।

पार्क के बीचोबीच मंच पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तिरंगे झण्डे फहर रहे थे। मंच रंग बिरंगे परिधानों से सजाया गया था। उस पर भारतीय नेताओं की तस्वीरें फूल मालाओं से सजायी गयी थीं। बीचोबीच महात्मा गाँधी का बड़ा तैल चित्र था। उसके बायें दायें जवाहर लाल नेहरू और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की बड़ी तस्वीरें थीं। दूसरे नेताओं में प्रमुख सरदार पटेल और मौलाना आजाद थे। विशाल जन समूह गगनभेदी स्वर में भारत माता की जयघोष कर रहा था।

सिंगापुर के प्रमुख नागरिक सरदार ईशर सिंह जी मंच पर आये। असंख्य जनसमूह 'सत श्री अकाल' का जयघोष कर उठा। सेठ करीम आये। 'अल्ला हो अकबर' की विजय ध्वनि से आसमान गूंज उठा। बैरिस्टर राजरत्नम के साथ श्री देवनाथ दास और श्री सहाय आये। 'हर-हर महादेव' का तुमुल नाद हर हिन्दू,

मुसलमान और ईसाई के कण्ठ से निकला। कितने दूसरे गणमान्य भारतीय—हिन्दू, मुसलिम, सिख, ईसाई—मंच पर आकर सुशोभित हुए।

सरदार ईशर सिंह सभापति चुने गये। वन्देमातरम् के राष्ट्रगान के साथ सभा शुरू हुई। सरदार ईशर सिंह ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा,—"सन् १७५७ में प्लासी के मैदान में क्लाइव ने मीर जाफर के साथ जाल रच कर धोखे से सिराजुद्दौला को पराजित किया। मीर जाफर और उसके बाद मीर कासिम से छल कपट कर अंगरेज स्वयं नवाब बन बैठे। इस तरह धोखाधड़ी से वे व्यापारी से शासक बने। अंगरेजों की इस धोखाधड़ी को दक्षिण में हैदर अली, टीपू सुल्तान, महाराष्ट्र में अप्पा साहब भोंसले, पेशवा बाजीराव, पंजाब में सरदार श्याम सिंह अटारी वाले, उत्तर भारत में महारानी लक्ष्मी बाई, तातिया टोपी, नाना साहब और राजा कुंवर सिंह आदि महान वीरों ने खूब समझा। उन्होंने अंगरेजों को उखाड़ने के लिए विद्रोह का बिगुल बजाया। सन् अठारह सौ सत्तावन में मुगल बादशाह बहादुर शाह के झण्डे के नीचे क्रान्ति की रणभेरी बजी। वह क्रान्ति सफल होती अगर कतिपय जयचन्द न उभरते। वह असफल हुई। अंगरेजों ने दमन किया, सारे उत्तरी भारत में घोर अत्याचार किया। वे जम गये। उन्होंने सारे देश को निहत्था बना कर अपना निरंकुश साम्राज्य स्थापित कर लिया। देश ने तब भी हिम्मत नहीं हारी। राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। उसने संघर्ष जारी रखा। अंगरेज वादे पर वादे करते गये। पहले विश्व युद्ध में उन्होंने भारतीय स्वायत्तता को स्वीकार लिया था। युद्ध के बाद वे अपना वादा भूल गये। महात्मा गांधी का उदय हुआ। तिलक और गांधी ने निहत्थों को सत्याग्रह और असहयोग का नया शस्त्र दिया। अंगरेज कांप गये। उनका दमन चक्र निरंतर चलता रहा। पहली लड़ाई में उन्होंने स्वायत्तता का वादा किया था। इस युद्ध में वे लड़ाई के बाद भी हिन्दुस्तान को स्वतन्त्र करने को तैयार नहीं। कटने मरने के लिए उन्होंने हिन्दुस्तान को युद्ध में झोंक दिया है। अंगरेजों की बहादुरी हम यहां देख चुके हैं। हमें स्वदेश की आजादी और अपनी सुरक्षा के लिए उठ खड़ा होना है। जापान ने, जिस कारण भी हो, दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। हमें उसे स्वीकार करना चाहिए। उससे स्वदेश को स्वतंत्र कराने का हमें सुअवसर मिलता है। क्या हम अपने देश की आजादी के लिए इस कठोर चुनौती को स्वीकार नहीं करेंगे। हमें आज एक हो कर स्वतंत्रता के महायज्ञ में अपना सर्वस्व आहुति में लगा देना है।"

जनसमूह चिल्ला उठा,—"हम अपनी बोटी बोटी देश की आजादी की वेदी पर कटा देंगे। हिन्दुस्तान आजाद होगा।'हर हर महादेव' 'अल्ला हो अकबर।'

सेठ करीम दूसरे वक्ता थे। उन्होंने कहा,—"आप लोगों ने स्वदेश का जयघोष कर हमारा उत्साह बढ़ाया है। सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी श्री रासबिहारी बोस शीघ्र ही यहां आने वाले हैं। वे प्रवास में देश की आजाद सरकार के अध्यक्ष होंगे। सेना बन ही रही है। जापान के हाथ को हम मजबूती से पकड़ेंगे। हम देश की

आज़ादी के नये संघर्ष में कोई कोर कसर नहीं उठा रखेंगे। साथ ही हम सावधान रहेंगे कि हमारे साथ धोखा न हो।"

सरदार ईशर सिंह ने स्वदेश की स्वतंत्रता के लिए तन, मन, धन लगा देने का शपथ पत्र पढ़ा। विशाल जनसमूह ने आर्द्र कण्ठ से उसे दुहराया।

सभा 'अल्ला हो अकबर' और हर हर महादेव' के तुमुल जयघोष से विसर्जित हुई।

रणभेरी बज उठी। हिन्दुस्तानी और हिन्दुस्तानी मूलक मलाया वासी महान संघर्ष की अपूर्व तैयारी करने लगे।

सेठ करीम की दावत में आज़ाद हिन्द फौज के प्रधान कैप्टेन मोहन सिंह ने नरेन्द्र से पूछा,—"हिन्दुस्तान में सेना कौन करवट लेगी ?"

सेठ करीम ने जबाव दिया,—"क्या कहीं भी ऐसा मनुष्य हो सकता है जिसे स्वदेश की स्वतंत्रता प्यारी न हो। प्रतीक्षा अनुकूल अवसर की होती है। वह आ गया है।"

कैप्टन मोहन सिंह ने गम्भीर स्वर में कहा,—"सेना जानती है कि हिन्दुस्तान को ऐसा सुअवसर जल्दी दुबारा नहीं मिलेगा।"

"सेना के संगठन और साज सज्जा पर बड़ा खर्च होगा।" नरेन्द्र ने कहा।

"जहाँ इरादा साफ और नेक है वहाँ सफलता जरूर मिलती है। वैसे हिन्दुस्तानी फौज अस्त्र शस्त्रों से लैस है। जापान हमारी पूर्ति करता रहेगा। सुदूर पूरब के हिन्दुस्तानी भी इसका बीड़ा उठायेंगे।"

सांस लेकर कैप्टन सिंह ने आगे कहा,—"इन्हीं सब व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए मैं टोकियो जा रहा हूँ।"

"बर्मा में क्या होगा ?"—पुखराज ने पूछा।

"अंगरेज बर्मा से भी भागेंगे। उन्हें हिन्दुस्तान की पड़ी है। उस सोने की चिड़िया को खो कर वे कहीं के नहीं रहेंगे। उनकी पूरी शक्ति वहीं केन्द्रित होगी। वहाँ वे मोर्चा लेंगे।"

कैप्टन सिंह ने साथ ही कहा,—"हम वहाँ पहुँचेंगे तब उन्हें मालूम होगा कि वहाँ की सेना ही नहीं सारा हिन्दुस्तान हमारा साथ देगा।"

"हमलोग अपनी सारी सेवायें आपको अर्पित करते हैं। हमें जहाँ चाहे लगायें। —पुखराज ने गौरव परिपूर्ण स्वर में कहा।

हर नागरिक देश का सिपाही होता है। आपमें से प्रत्येक को बहुत बड़ा काम करना है। सेना सरहद पर तभी सफलता प्राप्त करती है जब उसके पीछे का जन मानस—मनोबल—उसका पूरा पूरा साथ दे ; हमारा आपका दायित्व बराबर है। हम एक जुट हो फिरगी को हिन्दुस्तान से मार भगायें।"

सबकी आखें अभिनव प्रकाश से चमक उठीं। पुखराज को अचानक बलराज मास्टर के तर्कों की याद आ गयी। वे कहा करते थे कि स्वतंत्रता का रास्ता सुधार का

उपस्थित सभी मुसलमान अफसरों ने जमादार जहाँदाद खाँ के कथन की भर्त्सना की। सवाल देश को स्वतंत्र कराने का था न कि अंगरेजों की चालों में उलझने का।

कैप्टन मोहन सिंह ने अन्त में पूरे विचारों का समन्वय करते हुए कहा,—"हम सब स्वदेश की दासता से मुक्ति चाहते हैं। स्वतंत्रता का सूरज यह देख कर नहीं चमकता कि उसका प्रकाश हिन्दू, ईसाई या मुसलमान के घर पर पड़ रहा है। प्रकाश सब पर बराबर फैलता है। हमारा पुनीत लक्ष्य, सर्वोपरि धर्म, होगा पराधीनता के अंधेरों को मिटा कर सवेरे का प्रकाश लाना।"

उन्होंने यह भी एलान किया कि आज आजाद हिन्द फौज के संगठन के पक्ष में सबका समर्थन मिल गया। फिर भी जो हिन्दुस्तानी सैनिक या टुकड़ियां उसमें किसी कारण शामिल नहीं होना चाहें तो वे इसके लिए पूरी तरह स्वतंत्र होंगी। उनकी मान मर्यादा, सुविधाओं आदि में कोई कमी नहीं की जायगी। वे युद्ध बन्दी माने जायेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आजाद हिन्द सरकार सिंगापुर से काम करने लगेगी। उन्हीं के द्वारा आगे की नीतियां और कार्यक्रमों का निर्धारण होगा।

इंगलियों पर गिने जा सकने वाले इक्कों दुक्कों को छोड़ कर हिन्दुस्तानी फौज की सभी पल्टनें अपनी पूरी संख्या में आजाद हिन्द फौज में शामिल हुईं। सब ने परम पुलक से स्वदेश को आजाद कराने का नया शपथ लिया। हिन्दुस्तानी कमीशन्ड अफसरों का उत्साह देखने लायक था। अंगरेजों की फौज में वे इसीलिए भर्ती हुए थे कि कभी अनुकूल अवसर आने पर वे अपने देश को गुलामी से मुक्त कराने वाले शूरमा बनें। महिला सहायक सेना में अधिकांश ईसाई मतावलम्बी थीं। वे सभी आजाद हिन्द फौज में शामिल हुईं। इक्का दुक्का जो छूटे रह गये वे उन गद्दार नवाबों, राजाओं और श्रीमानों की संतान थे जिनकी अंगरेजों से देशद्रोह के पुरस्कार में मिली जागीरें और जमीन्दारियां थीं। प्रकट रूप में वे भी भरसक आजाद हिन्द फौज के संगठन की सराहना करते थे।

फौज से बाहर हिन्दुस्तानी और हिन्दुस्तानी मूलक नागरिक, नौजवानों और युवतियों में भी फौज में शामिल होने की होड़ बढ़ी। उनका उत्साह देखने लायक था। वे पुरुष सैनिकों के साथ बर्मा से पार हिन्दुस्तान के सीमान्त प्रदेश का अध्ययन करतीं, कब वे सरहद को पार कर हिन्दुस्तान की पवित्र धरती को चूम पायेंगी, इसकी योजना बनातीं। इतिहास के पन्नों में अंकित अंगरेजी कालीन स्वदेश भक्तों की वीर गाथायें जबान जबान पर थिरकने लगीं। अपनी आन पर बलि जाने वाले महाराणा प्रताप, शिवा जी, और टीपू सुल्तान की गाथायें हिन्दू मुसलमान सबकी आदर्श बनीं। युवातियों में दुर्गावती, चांद बीबी, महारानी लक्ष्मी बाई, के नये गीत गूंजने लगे। सब का इरादा दृढ़,दृढ़तर, दृढ़तम बनता गया—मातृभूमि को धोखेबाज अंगरेजों से स्वतंत्र कराने के लिए।

प्रशिक्षण के नये स्कूल खोले गये। श्याम सिंह सिंगापुर के केन्द्रीय प्रशिक्षण स्कूल का अध्यापक, बाद में कमांडर बना। वहां उसका गांव-भाई बरियार खां भी उसकी शिफारिस पर नियुक्त हुआ। बरियार खां 'झांसी वाली रानी थी.........' इस ललक से गाता था कि सुनने वाले जापानी और मलायी उसकी लय के जोश में तन्मय हो जाते थे। वातावरण ही बदल गया था। चारों ओर 'अल्ला हो अकबर' और 'हर हर महादेव' की समवेत जय ध्वनि गूंजती थी। बरियार खां मौलवियों को भी बताया करता था—ईश्वर एक है। उसे जिस नाम से चाहो पुकारो। उसे काट कर बाँट नहीं सकोगे। तौहीद (एकेश्वरवाद) को वेदों ने ही सबसे पहले प्रकट किया।

अंगरेज युद्ध वन्दी थे। विजयी जापानी विनम्र थे। वे आजाद हिन्द फौज के सैनिकों और सारे हिन्दुस्तानियों से अधिकाधिक भाई चारे का व्यवहार करते थे।

एक दिन श्याम सिंह को किसी काम से अंगरेज युद्ध वन्दियों की शिविर में जाना पड़ा। वहाँ उसका पुराना कम्पनी कमांडर स्काट मिल गया। उसका नया सौहार्द देखने लायक था। बात-बात में उसने स्वीकार किया,—"किसी भी देश की आज़ादी सबसे बड़ी नियामत है। हम खुश हैं कि हिन्दुस्तानी पल्टनें इसे समझ रही हैं।"

श्याम सिंह चकित हुआ यद्यपि वह जानता था कि हर नयी परिस्थिति की नयी भाषा होती है। अंगरेज इतनी जल्दी अपने में आ जायेंगे इसकी श्याम सिंह पहले कल्पना नहीं कर सकता था। वह अपने पुराने कम्पनी कमांडर से बराबरी के सौजन्य से ही मिला। पोरस ने सिकन्दर से यही चाहा था। सैनिकों का दुश्मन से भी यही आदर्श होना चाहिए।

श्याम सिंह की ललक दिन दूनी और रात चौगुनी बढ़ रही थी। उसके स्कूल का प्रशिक्षण, कर्नल भोंसले की राय में, सर्वश्रेष्ठ था।

एक दिन प्रधान सेनापति जेनरल मोहन सिंह ने उससे कहा,—"परसों अस्थायी आज़ाद हिन्द सरकार के मनोनीत अध्यक्ष श्री रास बिहारी बोस टोकियो से सिंगापुर आ रहे हैं। आज़ाद फौज उन्हें सलामी देगी। उस सलामी की परेड का नेतृत्व आप करेंगे।"

श्याम सिंह प्रधान सेनापति के सामने सावधान मुद्रा में था। वह भर आया। उसे प्रधान सेनापति ने जो सम्मान दिया वह असाधारण था। उसने मन ही मन उस दिन प्रतिज्ञा की कि वह हमेशा—अपने जीवन भर—उक्त सम्मान के योग्य बनने की निरंतर कोशिश करता रहेगा।

आज़ाद हिन्द सरकार गठित हुई। उसका केन्द्रीय सचिवालय माउन्ट प्लेजैन्ट स्थित एक विशाल बंगले में स्थापित हुआ। वहां से निकट ही नरेन्द्र पुखराज एक सुरम्य बंगले में रहते थे।

पुखराज महिला विभाग की अध्यक्ष मनोनीत हुई थी। नागरिक महिला संगठनों की देख-रेख के अतिरिक्त महिला सहायक सेना की विभिन्न सेवाओं से भी उसका सम्पर्क और नियंत्रण था। उस सेना की एक लड़ाकू रेजिमेंट भी बनी जिसकी प्रधान कर्नल लक्ष्मी थीं। परिचारिका महिला सहायक सेना की कुमारी उषा पैट्रिक अब कम्पनी कमांडर थीं।

कुमारी उषा पैट्रिक की कम्पनी में नयी गरिमा का वातावरण था। ऐंग्लो इंडियन युवतियां भी उसमें शामिल हो रही थीं। वे सब की सब ख़ालिस हिन्दुस्तानी दिखायी पड़ती थीं। उन्हें अब ईसाइयों की सेना समझा ही नहीं जा सकता था। राष्ट्रीयता का धर्म से कोई सम्बन्ध है [illegible] नहीं। धर्म व्यक्ति की घर के भीतर की मर्यादा है। बाहर वह अपने देश का [illegible]क है। देश की राष्ट्रिकता और

स्वयं के धर्म मे किसी संघर्ष उत्पन्न होने की गुंजाइश नही। ऐसी स्थिति अगर आ भी जाय तो धर्म नहीं देश की वरीयता ही सब धर्मों की सीख है। क्योंकि देशभक्ति से बढ़कर दूसरा कोई भी धर्म नहीं।

महिला सहायक सेना अब भारतीय नारी सुलभ शील और गुणो की प्रतीक थी। उसके सदस्यो की नैतिकता की सर्वत्र सराहना होती थी।

जापानी इस पर मुग्ध थे और क्षुब्ध भी। भोग-विलास के अनैतिक आचरण मे जापानी सैनिकों का मुश्किल से कोई सानी होगा। उनके दुर्व्यवहार की खबरें आती ही रहती थी। पुखराज उनके सामने भारतीय नारियो का आदर्श प्रकट करने का मौका ढूढ रही थी।

कुमारी पैट्रिक ने एक दिन पुखराज को बताया,—"पिछले शनिवार को 'हैप्पी वर्ल्ड' के नृत्य में जापानी कैप्टन इसीनावा ने कुमारी रीटा न्यूटन के साथ घोर दुर्व्यवहार किया। उसने उनके साथ दो तीन डास किया। इसी बीच धोखे से उन्हें कोई बहुत नशीला पेय पिला दिया। वह डास के बाद मिस रीटा को उनके निवास पर छोड़ने के बहाने अपनी गाडी मे लिवा गया। उनके निवास में न ले जाकर वह उन्हें अपने क्वार्टर पर ले गया। मिस न्यूटन की आँखें वहाँ खुली। उन्होंने घोर प्रतिरोध किया, शोर मचाया। इसीनावा धुत था। उसने कुमारी रीटा को मारा पीटा, उनके कपड़े फाड दिए और उन्हें बुरी-बुरी गालियां दी। मिस रीटा किसी तरह उसके शिकंजे मे निकल भागी। वह बहुत दुःखी हैं—उनके जीने का उत्साह ही मिट गया है। वह रात दिन बाइबिल के उपदेशो मे शान्ति पाने की कोशिश करती है। उपदेशों को पढ़ भी नही पाती हैं। दूसरी लड़कियो मे भी बड़ा आतंक है।"

पुखराज सोचती रही। अब वह सयानी हो चुकी थी। काम का उत्तरदायित्व किसी को वयस्क बना देता है। पुखराज को मालूम हो चुका था कि जापानी अंगरेजो से कहीं अधिक शरीर भोगी हैं। उनकी महिला सेना मे 'गिशा' बालिकायें भरी पडी थीं। हिन्दुस्तानी महिलाओं से उन्हें दूर रखना था। स्वदेश की आजादी के लिए उनकी मदद जरूरी थी। उनकी अनैतिकता को किन्तु कड़ाई से रोकना था। उसने कुमारी पैट्रिक से कहा,—"ऐसी घटनाओं को हमे तत्काल रोकना है। हमे लाठी को बचा कर साप को मार डालना है। साप शैतान होता है।"

'श्रीमती नरेन्द्र, हमारी युवतियां बहुत डरी हैं। वे चूल्हे से निकल कर कड़ाही मे नहीं झुलसना चाहती।

"आप अनुशासन बनाये रखें। मैं इस सवाल को हल कर के छोड़ूगी। आप कुमारी रीटा को कल मुझसे मिलने को भेजें।"

कुमारी रीटा न्यूटन दूसरे दिन कार्यालय मे पुखराज से मिली। पुखराज ने उनसे कहा,—"हम भारतीय युवतियां प्राण देकर अपने स्वत्व की रक्षा करना जानती हैं। आप अगले डाम में कैप्टन इसीनावा के साथ डास करें। वह अपने जगती स्वद-

हार के लिए सच्चाई से माफी माँगेगा या उसका दिमाग दुरुस्त कर दिया जायगा।"

कुमारी न्यूटन विस्फारित नेत्रों से पुखराज के भावप्रवण चेहरे को देखती रह गयीं। पुखराज ने अपनी टेवुल की घण्टी दवायी। उनके कार्यालय सहायक सिपाही इम्तियाज़ अली ने आकर एड़ी ठोक कर सलाम किया।

"इम्तियाज, अगले शनिवार को यह मिस साहिबा 'हैप्पी वर्ल्ड' में जापानी कैप्टन इसीनावा से मिलेंगी। इन पर चौकसी रखना है। वह कैप्टन अगर किसी भारतीय ललना से उच्छृंखल व्यवहार करे तो उसका होश ठिकाने लगाना है।"

"जी"— सावधान होकर इम्तियाज अली ने विश्वास पूर्वक कहा।

इम्तियाज़ गूजर मुसलमान था। गुजरांवाला जिले का रहने वाला था। आकर्षक व्यक्तित्व का था। रोज़गार की तलाश में एक जहाज पर खलासी वन कर दो तीन साल पहले सिंगापुर पहुँचा था। यहां एकाध छोटी मोटी नौकरी करने के वाद उसने कलिया पराठा का ढावा खोल लिया था। आज़ादी का विगुल वजने पर अपना सर्वस्व आज़ाद हिन्द फौज को सौंप कर वह सुरक्षा सैनिकों में भर्ती हो गया। वह अब पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक था। महिला सम्पर्क कमेटी के केन्द्रीय कार्यालय में सुरक्षा को ध्यान में रख कर ही उसे तैनात किया गया था।

पुखराज के विलकुल साफ आदेश से भी कुमारी रीटा के चेहरे की घवराहट नहीं मिटी। पुखराज ने प्रेम की मुस्कान से उनको विश्वास दिलाते हुए कहा,— "इम्तियाज़ के रहते चिन्ता का कोई कारण नहीं। आप उस नराधम कैप्टन को सवक सिखाने में मदद करें।"

कुमारी रीटा को उस स्नेह-सनी मुस्कान में एक नवीन प्रेरणा मिली। उन्होंने सावधान होकर कहा,—"मैं शनिवार को डांस में जाऊँगी।"

इम्तियाज़ और कुमारी रीटा एक साथ ही सलाम कर पुखराज के कमरे से बाहर निकले।

कुमारी रीटा ने इम्तियाज से बाहर पूछा,—"क्या आप शनिवार को मेरे निवास से मुझे 'हैप्पी वर्ल्ड' ले चलेंगे ?"

इम्तियाज़ ने खुशी से भर कर कहा,—"इसे मैं अपना सौभाग्य मानूंगा।"

कुमारी रीटा ने छिपी नज़रों से इम्तियाज़ के आकर्षक चेहरे को देखते हुए कहा,—"आप आठ वजे मेरे क्वार्टर नम्बर पाँच पर आ जाइयेगा।"

इम्तियाज़ भावुक प्रकृति का था। उसने कहा,—"आपका हुक्म सर आँखों पर।"

कुमारी रीटा मुस्करा पड़ीं। इम्तियाज़ पर अपनी आँखें पूरी तरह निक्षेप कर उन्होंने विदाई के नमस्कार के लिए अपने हाथ जोड़ लिए।

शनिवार को इम्तियाज कुमारी रीटा के क्वार्टर पर ठीक आठ वजे पहुँच गया। वहाँ से इम्तिहाज़ के आग्रह पर वे पहले 'लिटिल वर्ल्ड' गये। 'लिटिल वर्ल्ड' के सवसे अच्छे चीनी रेस्टरां में इम्तियाज़ ने कुमारी रीटा को खाना खिलाया। उस

रेस्टरां का 'चाऊ माऊ' (तले चावल की ब्रीहि) मशहूर थी। दोनों ने उसे चाव से खाया। खाने की उत्फुल्लता से 'लिटिल' वर्ल्ड से 'हैप्पी वर्ल्ड' को चलने के पहले उनके बीच हार्दिकता स्थापित हो चुकी थी।

हैप्पी वर्ल्ड के डांस हाल में वे दस बजे पहुँचे। कुमारी रीटा की कम्पनी की कई युवतियां और अधिकारी वहाँ आई थी। वह अधिकारियों की मेज पर हंसती उछलती जाकर बैठ गयीं। इम्तियाज हिन्दुस्तानी सैनिकों के बीच जाकर वितण्डा करने लगा।

कैप्टन इमीनावा जापानी अफसरों के बीच ऐंग्लो मलायी और चीनी नस्ल की युवतियों के संग शराब पी रहा था। डांस हाल में सभी दल अपनी मेज़ों की युवतियों में ही मग्न रहता है। ऐसा नहीं कि वे हाल की दूसरी रमणियों को देखते ही नहीं। कैप्टन इमीनावा ने शायद कुमारी रीटा को नहीं देखा। बैंड जैसे बजा कैप्टन इमीनावा अपनी मेज़ की एक ऐंग्लो मलायी युवती के संग ललक से डांस करने लगा। उस डांस की परिक्रमा में उसने कुमारी रीटा को देखा। उसका चेहरा बना बिगड़ा। उसने कुमारी रीटा से परिचय वाला अभिवादन भी नहीं किया जो न करना डांस हाल के सौजन्य में अशिष्टता थी। दूसरी परिक्रमा में मिस रीटा न्यूटन की आंखों में उसने किंचित गौर से झांका। उसे शत्रु भाव नहीं दिखायी पड़ा। तीसरी परिक्रमा में उनकी आँखें चार हुईं। कुमारी रीटा मुस्करा रही थी। कैप्टन ने अब उनका अभिवादन किया। कुमारी रीटा ने आँखें नचा कर उसे स्वीकार किया।

दूसरे डांस का बैंड बजते ही इम्तियाज ने कुमारी रीटा से डांस का निवेदन किया। वह उसकी बाँहों में फुदकने लगीं। इमीनावा की ईर्षालु आँखें अचानक कुमारी रीटा के जोड़े का आकर्षक व्यक्तित्व परखने लगी। कुमारी न्यूटन इम्तियाज के साथ नृत्य में लीन थी। फिर भी जब वह परिक्रमा में इमीनावा के पास से गुजरीं उन्होंने उसकी आंखों में अपनी आंखें डाल दीं। इमीनावा की बाछें खिल गयीं। उसने कुमारी रीटा से तीसरे डांस का निवेदन किया। वे हाल में थिरकने लगे।

कैप्टन इमीनावा कुमारी रीटा के साथ नृत्य में शिष्ट और सुन्दर व्यवहार दिखाने की चेष्टा कर रहा था। वह जैसे अपने पिछले व्यवहार पर दुःखी हो और उसके लिए हार्दिक पश्चाताप कर रहा हो। साथ ही कुमारी न्यूटन के आज के व्यवहार पर उसके मन में एक भ्रम ने भी घर कर लिया। वह धीरे-धीरे खुलने लगा। उसने मिस न्यूटन को अपने से सटाने की कोशिश की। मिस न्यूटन ने जब विरोध का भाव भी नहीं प्रदर्शित किया तब उसका नशा बढ़ चला। उसके हाथों की हरकतें अलक्षित रूप से शुरू हो गयीं। उसके दाहिने हाथ की कुहनियां कुमारी रीटा को आबद्ध करते हुए नीचे से वक्ष की ओर बढ़ीं। बैंड द्रुत में था। हाल में सैकड़ों जोड़े एक दूसरे से आबद्ध डांस लय पर थिरक रहे थे। कुमारी रीटा के अविरोध से इमीनावा की हविश उभर आयी थी। उसने नृत्य गति में अपने बदन को तिरछा कर कुमारी रीटा के वक्षों को अपनी छाती से सटा लिया। कुमारी रीटा

को अब मौका मिला। वे छटक कर अलग खड़ी हो गयीं। इम्तियाज़ ने पलक मारते आकर कैप्टन इसीनावा के चेहरे को थप्पड़ घूसों से लाल ही नहीं लहूलुहान कर दिया। सारी घटना इतनी आकस्मिक हुई कि कोई कुछ न समझ सका न कुछ कह सका। बैंड रुक गया, हाल में क्रोध का कोलाहल छा गया और जापानी तथा हिन्दुस्तानी अधिकारी तथा सैनिक अचानक एक दूसरे पर झपटने की मुद्रा में ताल ठोंक बैठे।

एक वयस्क जापानी कर्नल भागा-भागा आया। उसने बीच बचाव किया। झगड़े का कारण वह समझ चुका था। उसकी उसने चर्चा नहीं की। उसने कैप्टन इसीनावा को तत्काल 'हैपी वर्ल्ड' से बाहर चले जाने का कड़ा हुक्म दिया। कुमारी रीटा और इम्तियाज़ से उसने माँफी माँगी और हिन्दुस्तानी तथा जापानी सैनिकों को एक होकर साम्राज्य शाही शक्तियों का सफाया करने की अपील की। उसने वादा किया कि आगे से समुचित व्यवहार के लिए जापानी फौजियों को कड़ा आदेश प्रसारित किया जायगा।

दुर्घटना होते-होते बच गयी। नृत्य आगे चला। उस दिन के बाद सिंगापुर में फिर दुर्व्यहार की घटना की शिकायत नहीं मिली।

कुछ दिन बाद रानी झांसी रेजीमेंट की कमांडर कर्नल लक्ष्मी ने यह भेद प्रकट किया कि पुखराज ने आज़ाद हिन्द फौज़ के केन्द्रीय अधिकारियों से कैप्टन इसीनावा का उदाहरण देते हुए शिकायत की थी। केन्द्र ने जापानी कमांड को लिखा। जापानी जेनरल ने पहली घटना की खुफिया जांच की। उसी ने उस वयस्क कर्नल को कैप्टन इसीनावा की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए 'हैप्पी वर्ल्ड' में भेजा था।

कैप्टन इसीनावा जैसी दुर्घटना फिर कहीं नहीं हुई। कैप्टन इसीनावा को उसके कमांड ने जापान वापस भेज दिया।

कुमारी उषा पैट्रिक जब किसी दूसरे काम से पुखराज से मिलने गयीं तब पुखराज ने उनसे कहा,—"इन्सान की इज्जत उसके हाथ में होती है। नारी की तो इज्जत ही भगवान है।"

उषा पैट्रिक इन शब्दों पर अपने अतीत में पहुँच गयीं। उनकी आँखों में पुखराज की द्युति सरोवर में शुभ्र कमल जैसी खिल आई—"नैसर्गिक, परम पवित्र, प्रवहमान।

आसमान में जैसे बड़ी आंधी अन्तरिक्ष को धूल धूसरित कर देती है वैसे ही आज़ादी के संघर्ष की तैयारी की गूंज से सिंगापुर और मलाया की दिशायें भर आयीं। जापानी आक्रमण को लोग भूलने लगे। उसकी जगह आज़ाद हिन्द फौज़ और सरकार हिन्दुस्तानियों, मलायियों तथा अंगरेज कैदियों पर छा गये। प्रवासी भारतीयों ने अपना सर्वस्व निछावर कर दिया। अंगरेजों के माने-जाने सिंगापुर के भारतीय मूलक

धनपति सरदार ईश्वर सिंह और सेठ करीम ने भामाशाह की तरह अपना सर्वस्व दान कर दिया।

नरेन्द्र आजाद हिन्द सरकार का वित्त सलाहकार था। उसका प्रमुख काम सरकार के लिए धन संग्रह करना था जिससे आजाद हिन्द फौज को स्वावलम्बी बना कर उसे पूरी तरह सजाया जा सके। वह दिन रात काम करता था।

पुखराज उससे भी अधिक व्यस्त रहा करती थी। फौज के लिए कपडे, ऊन कम्बल, दरी, बरसाती, तकिया से लेकर साबुन, अंचार, डब्बो में बन्द तरकारियां, गोस्त आदि की आपूर्ति में उसे कितना कठोर परिश्रम करना पडता था। उसकी लगन दूसरो के लिए आदर्श प्रस्तुत करती थी। न उसे खाने की सुधि, न आराम की, साँसों की तरह लगातार काम करते रहना ही उसका दैनिक जीवन था।

नरेन्द्र स्वतंत्रता के पुनीत यज्ञ के आयोजन मे उसी तरह जुटा था। एक दिन विनोद में उसने पुखराज से कहा भी,—"मुझ अकिंचन के लिए तो तुम्हारे पास समय ही नही।"

पुखराज आह्लाद मे बोली,—"बातें बनाने मे बुन्देलो को कौन मात दे सका है?"

"बुन्देलों को तो तुम जानती ही हो। अपनी आन पर वह क्या नही त्याग देते?"

पुखराज की आखे गर्व से भर आयी। उसने नरेन्द्र की ओर अनिर्वचनीय भाव से देखा। आंखो के उस जादू से नरेन्द्र ने पुखराज को बाँहो मे भी भरकर प्रेम चिह्नो की भरमार कर दी। पुखराज को बल पूर्वक उसे रोकना पडा।

नरेन्द्र ने विनोद को और अधिक सरस किया। कहा,—"कुंवर दद्दा की राय मे हमे जल्दी लीन हो जाना चाहिए।"

पुखराज लाज से लाल हो नरेन्द्र की छाती मे छिप गयी। क्षणिक मौन के बाद उसने पूछा,—"कुवर जीजा की कोई खबर है क्या?"

"सपने मे उन्हे देखा था। माँ को भी।"

पुखराज भावो मे विभोर हो गयी। बहुत देर की चुप्पी के बाद वह बोली,—"मैं कितनी अभागिन थी। माँ जी मेरे यहाँ आई। मै उन्हे पहचान भी नही पाई, उनकी चरण-रज भी नही ले पायी।"

पुखराज के तरल भावो को रोक कर नरेन्द्र ने कहा,—"माँ के आशीर्वाद से ही हम दो से एक हुए। माँ हमारी बाट जोह रही होगी।"

"क्या माँ जी ने मुझे माफ कर दिया?"—

पुखराज को अपने मे समेट कर नरेन्द्र बोला,—"इस दिव्य ज्योति से माँ भी चकाचौंध खा गयी, इसकी वशीभूत हो गयी।"

'धत' पुखराज के मुह से निकला। उसकी आँखो मे एक नयी ज्योति आ

झलकी—आजादी की दिव्य ज्योति जिसके प्रकाश में ऊँच नीच, गरीबी अमीरी, जाति पांति, अनैतिकता, भारतीय समाज से मिट जायेंगे। वह उस दिव्य प्रकाश की कल्पना में नरेन्द्र की बाँहों में बंधी जाने कब तक अपनी अलौकिक भावधारा में तिरती रही।

'सेना लड़ती है, दुश्मन से देश के सीमान्त की सुरक्षा करती है। नागरिक उस सेना की साज सज्जा जुटाते हैं। नागरिकों का जितना ऊँचा मनोबल हो उतना ही ऊँचा सेना का शौर्य होता है।'—झांसी रेजिमेंट की कर्नल लक्ष्मी ने आजाद हिन्द सरकार को पुखराज के काम की प्रशस्ति लिख भेजी थी। आजाद हिन्द सरकार के अध्यक्ष श्री रास विहारी बोस ने पुखराज को व्यक्तिगत शाबासी देने के लिए भेंट करने को बुलाया।

निर्धारित तिथि को समय से पाँच मिनट पहले वह आजाद सरकार के अध्यक्ष के कार्यालय में पहुँच गयी। कार्यालय सिंगापुर के भव्य ऊँचे भवन के एक तल्ले पर था। अध्यक्ष से भेंट के लिए उसे उनके कमरे तक लिवा जाने जो अधिकारी कैप्टन के भेष में तग़मों से सुसज्जित आया वह उसके पूर्व परिचित बलराज मास्टर उर्फ श्री रमेश चन्द्र सिन्हा थे। कैप्टन बलराज सलाम कर उसे श्री बोस के कमरे में ले गये। आजाद सरकार के पहले अध्यक्ष ने उसके काम की तारीफ की। उन्होंने सच्चाई से कहा,—"हिन्दुस्तान की स्वतंत्रता के इतिहास में आपका नाम अगली पंक्ति के सेनानियों में अंकित किया जायगा। आपकी अमूल्य सेवाओं के लिए हम सब आपके आभारी हैं।"

पुखराज मौन थी। श्री बोस ने आगे कहा,—"कैप्टन बलराज ने आपके और बैरिस्टर नरेन्द्र के त्याग और संघर्षों का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है। हिन्दुस्तान की आजादी का अर्थ ही नाबराबरी को मिटाना होगा जिससे सब सुखी और समृद्ध हो सकें। इसी तरह भारत विश्व में नया प्रकाश फैला सकेगा।"

पुखराज आभार प्रकट करना भूल उस क्रान्तिकारी सेनानी के श्रीमुख को देखती रह गयी। अंगरेजों ने ऐसे देशभक्त पर घोर अत्याचार किया। उसे जन्मभूमि से दूर जापान में जीवन भर शरण लेनी पड़ी।

चाय का एक प्याला उसके सामने रखा गया। अध्यक्ष द्वारा यह उसका विशेष सम्मान था। चाय उसने पी। चाय के बाद दोनों हाथ जोड़, सिर नवा, उसने क्रान्ति की उस ज्योति को प्रणाम किया और कमरे से बाहर हो गयी।

कैप्टन बलराज उसे बाहर तक छोड़ने आये। उन्होंने बताया कि दिल्ली से भाग कर वह कई देशों में होते हुए जापान में श्री बोस के पास पहुँचे। वहीं उन्होंने आजाद फौज में नाम लिखाया। श्री बोस के साथ ही वे टोकियो से सिंगापुर आये। उनका जीवन इतना व्यस्त था कि अभी कहीं वह आ जा नहीं सके।

पुखराज ने कुछ कहा नहीं, कुछ पूछा नहीं। वह भावों से भरी रही।

●

५

मलाया को जापानियों को बिना लड़े सौंप कर अंगरेज बर्मा में लड़ने को कदापि तैयार नहीं थे। उन्हें हिन्दुस्तान में मर कर भी मोर्चा लेना था। हिन्दुस्तान को खोने का मतलब उन्हें अपनी समूची शक्ति, धन और वैभव को खोना था।

ब्रिटेन के सरकार की रणनीति हिन्दुस्तान की सुरक्षा में अमेरिका को जोत देना था। चर्चिल उसकी धड़ल्ले में कोशिश कर रहे थे।

हिन्दुस्तान में भर्ती को तेजतम कर दिया गया था। उसका नतीजा सरकारी दृष्टि में सन्तोषजनक नहीं था। लखनऊ कमांड से टामस को डाँट मिली थी। भर्ती बढ़ाने का कड़ा आदेश भी आया था। टामस किसको डाटता। उसने विदीर्ण पर अपनी खीझ उतारी। उसमें साफ-साफ कहा,—"जो ऐश उड़ा रहे हो वह सब बन्द हो जायगा। भर्ती कल में बढ़ाओ। वह नहीं बढ़ी तो मैं तो डूबूगा ही तुम्हें भी नहीं बख्शूगा।"

उसने आगे कहा,—"इस भोजपुर क्षेत्र ने कम्पनी के समय में सरकार का साथ दिया है। अब इसे क्या हो गया है?"

विदीर्ण कहना चाहता था कि इन्हीं भोजपुरियों में मंगल पाण्डे निकले, कुंवर सिंह निकले। वह नीति में विचारों को मन में पी गया। औपचारिकता पूरी करने के लिए उसने जवाब में कहा,—"यहाँ नेहरू, राजेन्द्र बाबू और जयप्रकाश की तूती बोलती है। जे० पी० बलिया के हैं।"

टामस का खून उबल आया। चिल्ला कर बोला,—"इन दुष्ट लोगों का कहीं पता भी नहीं चलेगा। जापानी अगर आये तो इनकी बोटी-बोटी चबा डालेंगे। इंगलैंड को यहाँ जापानियों को किसी हालत में नहीं आने देना है। आज इंगलैंड का हर बालिग मर्द और औरत जबरिया स्कीम में फौज में पहले से ही भर्ती हो गया है। वहाँ अब भर्ती के लिये कोई बाकी नहीं। हम हिन्दुस्तान जैसे बड़े देश में जबरिया चलाना नहीं चाहते। हिन्दुस्तानी नौजवानों की भर्ती जैसे भी हो बढ़ानी है। सरकार ने सैनिकों का वेतन बढ़ाया है, सुविधायें बढ़ायी हैं, हिन्दुस्तान की मित्र राष्ट्रों की जीत में ही लाभ होगा। तुम यह सब समझाओ। इसका प्रचार करो और भर्ती में नतीजा दिखलाओ। तुम हिटलर या टोजो जैसे तानाशाह के अधीन तो नहीं होना चाहते?"

विदीर्ण सांस रोके मौन था। उसका दिल बैठा जा रहा था। वह सोच रहा था कि गांधी महात्मा सच ही इस लड़ाई को अंगरेजों की बताते हैं। अंगरेज भारत

को लड़ाई के बाद भी स्वायत्तता का अधिकार तक नहीं देना चाहते और तानाशाहों का भय दिखाते हैं। अंगरेज कितने कुटिल हैं। वे सहानुभूति से नहीं दुर्भिक्ष लाकर फौज में भर्ती बढ़ाना चाहते हैं।

आदमी घोर से घोर दुःख सह लेता है, पेट की भूख नहीं सह पाता है। पेट उसे कहाँ नहीं पटक देता है। इसीलिए हिन्दुस्तान में अनादि काल से पेट को लात मारना पाप माना गया है। पेट भरने के इस सनातन सवाल से विदीर्ण संकट में पड़ा। उसकी नौकरी जाने से उसके पेट भरने की समस्या ही नहीं उठ खड़ी होगी, उसका राग रंग, काव्य, प्रेम, सब मिट जायगा। उसने अपने पेट पर हाथ फेरा और घोर दुश्चिन्ता में टामस से कहा,—"अगर एक महिला सम्पर्क अधिकारी की नियुक्ति हो तो मेरे प्रचार के काम में तेजी से नतीजा मिलेगा।"

"महिला सम्पर्क अधिकारी पर कितना खर्च होगा?"—टामस को भी सुझाव कई कारणों से रुचिकर लगा।

"बी० ए० पास महिला अधिकारी का यात्रा और दैनिक भत्ते के अतिरिक्त ढाई सौ रुपया मासिक वेतन होगा।"

टामस के देश में जीवन निर्वाह को ध्यान में रख कर न्यूनतम वेतन और पारिश्रमिक निर्धारित था। विदीर्ण का बताया व्यय उस अनुपात में कुछ भी नहीं था। उसने कहा,—"मुझे नतीजा चाहिए, व्यय चाहे जो हो। हम बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं।"

सुकवि आश्वस्त हो कालिका राय की ओर पैर घसीटने लगे। लोहता के काम में कालिका राय की पाँचों घी में थी। वह नोट पर नोट कमा रहा था। अंगरेजों को वह जान गया था। उन्हें वह चाँदी की जूती से मारता था।

सुकवि मुंशी बाबू की हवेली पर पहुँचे। वहाँ पंच चौकड़ी में कालिका राय भी डंटा बैठा था। मुंशी बाबू बता रहे थे,—"अंगरेजों ने महात्मा जी की यह बात भी नहीं मानी की युद्ध की समाप्ति पर हिन्दुस्तान को स्वतंत्र कर दिया जाय।"

"मित्र राष्ट्रों के एटलांटिक घोषणा को कि सभी राष्ट्र स्वतंत्र होंगे चर्चिल ने हिन्दुस्तान पर लागू ही नहीं होने दिया। रूजवेल्ट भी कुछ नहीं कर सके। सुना नेहरू और सुभाष कुछ करने का सोच रहे हैं।"—त्रिभुवन दास पण्डा ने पहली बार गहराई की समीक्षा की।

"सुभाष जेल के सींकचों मे बन्द हैं। अंगरेज उन्हें युद्ध के अन्त तक कदापि नहीं छोड़ेगा। नेहरू वही करेंगे जो गाँधी कहेंगे।"—घुण्टे मेहरा अपने जोश में बोले।

कालिका राय ने पते की बात कही,—"गाँधी महात्मा चुप बैठने वाले नहीं।"

कालिका राय की उक्ति पर सुकवि विदीर्ण का दर्प जागा। उन्होंने कहा, "मित्र राष्ट्रों का साथ न देना हिन्दुस्तान के लिए खतरनाक साबित होगा? हम अपने यहाँ तानाशाही कभी नहीं चाहेंगे।"

कालिका राय ने उपेक्षा की दृष्टि से विदीर्ण को देखते हुए उसी से कहा,—"अरे विदीर्ण, तेरी तो चाँदी है। तुम तो ऐसा कहोगे ही।"

"मैं सच कह रहा हूँ, राय साहब। मित्र राष्ट्र अगर हारे और हिन्दुस्तान में जापानी घुस आये तो हम अगले डेढ़ सौ साल के लिए और दब जायेंगे। जापानी कितने बर्बर होते हैं, उसे तो आपने सुना ही होगा।"—[illegible] के स्वर में सच्चाई थी।

"अंगरेज, युद्ध के बाद ही सही, हिन्दुस्तान की स्वतंत्रता का वादा क्यों नहीं कर देते? उचित तो यह होगा कि हिन्दुस्तानियों का विश्वास जीतने के लिए वह अभी वाइसराय की कार्य कारिणी समिति को हिन्दुस्तानी राष्ट्रीय [illegible] कर दें।"—प्रोफेसर राजीव शाह बोले। वे कभी कदा भूले भटके [illegible] में आ जाया करते थे।

विदीर्ण प्रोफेसर शाह की गम्भीर विवेचना पर चकित हुआ। उसने कहा,—"बातें चल रही हैं। क्रिप्स मिशन कुछ ऐसा ही प्रस्ताव लाया था। जिन्ना साहब उसमें भारी रोड़ा बने।"

"जिन्ना अंगरेजों की हथेली पर नाचते हैं। [illegible] में उनकी साठ-गाँठ है।"

विदीर्ण ने बात काट कर जोश में कहा,—"मित्र राष्ट्र हिन्दुस्तान की स्वतंत्रता पर सहानुभूति से विचार करेंगे। अमेरिका इसके पक्ष में है। लड़ाई का [illegible] दार अमेरिका पर ही है।"

"अंगरेज क्या हार गये?"—किसी ने व्यंग बाण छोड़ा।

"हारे ही समझो।"—कइयों के मुँह से एक साथ ही निकला।

बहस अनायास ही गम्भीर होती जा रही थी। [illegible] ने प्रसंग को [illegible] किया,—"[illegible] ज्योतिषी [illegible] कहा था कि अंगरेजों के दिन पूरे हो गये। भविष्य पुराण में उनके बाद यहाँ मौन राज का उल्लेख है।"

मौन कौन है, कहाँ के हैं, यह [illegible] को भी नहीं मालूम था। [illegible] को भी इसकी जानकारी नहीं थी। [illegible]

[illegible]

[illegible]

"कहाँ?"—कालिका राय [illegible] हुए।

"[illegible]"

आ रहे हैं।"

कालिका राय हँस कर बोला,—"अरे विदीर्ण, यह अपनी सेना थोड़े है जिसमें भर्ती होना गौरव की बात हो।"

"राय साहब, आपकी मदद चाहिए।"

"क्या मदद करूँ?"

"मैं भर्ती बढ़ाने के लिए एक चाल चल रहा हूँ। किसी पढ़ी लिखी युवती को अपना सहयोगी बनाना चाहता हूँ। उसे मेरे साथ दौरा करना पड़ेगा।"

कालिका राय ठिठक गया। उसका तेज दिमाग दौड़ रहा था। उसने पूछा,—"वेतन क्या होगा?"

"युवती बी० ए० पास हो तो ढाई सौ रुपया महीना, यात्रा भत्ता आदि। ऊपर से फौज की गाड़ी और शक्ति की सुविधा।"

"तेरी उस इलाहाबाद वाली अध्यापिका का क्या हुआ?"—कालिका राय ने उत्सुकता दिखायी।

"वह तो आपकी थी, राय साहब।"

"जो सबकी होती है वह किसी की नहीं।"

"गोली मारिए उसको,"—विदीर्ण ने निराशा के स्वर में कहा।

कालिका राय ने सुझाव दिया,—"चल शर्मा के यहाँ। शायद वह किसी को बताये।"

शर्मा का नेपाली पोखरा पर एक 'प्राइवेट हाउस' था। उसमें शिक्षित, उच्च-स्तरीय, विधवा, विवाहित, अविवाहित महिलायें और युवतियाँ तारों की आँखों से छिप कर धंधा कमाने आया करती थीं। हिन्दुस्तान में अनादिकाल से ही गंधर्व महिलाओं का प्रचलन चला आया है। नारी शक्ति और माँ होकर भी यहाँ हमेशा प्रताड़ित रही है। पुरुष ने उसे भोग की वस्तु हमेशा माना। इस क्रम में वह भोग्या ही नहीं नगर वधू तक बनी। अंगरेजों के पहले भी उसकी दशा चरम अधोगति की थी। अंगरेजों का राज जमने के बाद शोषण की जो नीति चली उसमें रुपये का मोल बढ़ गया। रुपया कमाने की एक नयी सभ्यता चल निकली। उसी रुपैया के लिए शरीर का व्यापार स्थान विशेष के अतिरिक्त मोहल्लों में भी चलने लगा। बनारस शहर उसका अपवाद क्या होता? शर्मा का प्राइवेट हाउस उच्चस्तरीय माना जाता था। शर्मा प्रकट रूप से हाउस के धंधे से अपने को दूर रखता था। उसके संचालक थे एक श्री दीक्षित जो अपना अच्छा व्यापार छोड़ कर इस धंधे से दुगुना चौगुना धन कमा रहे थे। शर्मा उनका भागीदार था।

विदीर्ण का मन्तव्य जान कर शर्मा ने यह कहकर अपनी जान छुड़ाई कि शरीर बेचने वाली भी अंगरेजों की फौज में नाचने गाने के लिए भी नहीं जाना चाहतीं।

कालिका राय ने तब उससे पूछा,—"तू किसी मालती सिमली को जानता है?"

"वह लायल की लड़की ? नम्बरी है। पति ने लात मार कर घर से निकाल दिया। अब लायल भी उसे अपने घर में नहीं रहने देता। कहीं अलग कमरा लेकर रह रही है। वह पूरी स्वतंत्र है, ऊँचा खेलती है। कहां मिलेगी, यह मैं नहीं जानता।"

"उसको ढूंढना जरूरी है।"

कालिका राय की बात को शर्मा अमान्य नहीं करना चाहता था। बोला,—"चलिए, एक जगह पता लगाता हूँ।"

गोदौलिया से दशाश्वमेध वाली सड़क पर एक बनारस लाज हाल ही में खुला था। उसके नीचे काठ की छोटी चौकी पर पोथी पत्रा लिए, त्रिपुण्ड धारण किये, लम्बे छहरते काले बाल और लम्बी मूछ वाले एक पंडित जी बैठा करते थे। वे साइत, शुभ अशुभ समय आदि का दो-दो आना लेकर विचार बताया करते थे। शर्मा उनसे मिला। वे मुस्कुराये। शर्मा ने जब दो आना निकाल कर उन्हें दिया तब उन्होंने कहा,—"बंगाली महाल चले जाओ। भेंट होगी।"

बंगाली महाल होटल के मैनेजर सिसुअर बाबू थे। ऊँचे-ऊँचे अधिकारियों, महाजनों का उनके यहाँ आना जाना था। शर्मा सिसुअर बाबू से मिला। कालिका राय को सिसुअर बाबू ने एक कमरे में ले जाकर बैठाया। वहाँ भीतर के दरवाजे का पर्दा उठाते हुई श्रीमती मालती सिमली आई।

सिसुअर बाबू ने कालिका राय का मालती सिमली से परिचय कराते हुए कहा,—"यहाँ के बड़े रईस और जौहरी।" मालती सिमली का परिचय कराते हुए उन्होंने कहा,—"मालती सिमली बी० ए०।"

परिचय करा कर सिसुअर बाबू अपना मैनेजर का दायित्व निभाने चले गये।

कालिका राय मौका महल जानने वाला पंछी था। उसने अत्यन्त शिष्टता से कहा,—"आपसे मिल कर दिल की कली खिल गयी।"

मालती सिमली बी० ए० का अन्दाज उससे भी ऊँचा था। जवाब में उन्होंने आँखें नचाते हुए कहा,—"कली तो कब का फूल बन चुकी।"

कालिका राय की सहज बुद्धि और विनोद प्रियता की दाद देनी पड़ती है। पढ़ा लिखा नहीं होते हुए भी उसने मालती सिमली बी० ए० की आँखों में झाँकते हुए कहा,—"फूल क्या कम मोहते हैं ?"

इतने मोटे आसामी से जिसमें बुद्धि की कमी न हो मालती सिमली खुश हुई। वे कालिका राय से एक दम सटने लगी।

कालिका राय ने तब तक पूछा,—"नौकरी करेंगी ?" सिर हिला कर मालती सिमली ने बताया—हाँ।

"क्या तनख्वाह लेंगी ?"

"जो दे दोगे।"

"मैं अपने लिए नहीं पूछ रहा हूँ। फौज में इन कवि जी की तरह भर्ती का प्रचार करने के लिए एक महिला सम्पर्क अधिकारी की जरूरत है। वेतन ढाई सौ रुपया होगा, भत्ता-गाड़ी ऊपर से।"

कवि जी कुछ बोलने को उद्यत हुए। उसके पहले ही मालती सिमली बी० ए० ने कहा,—"मैं ईसाई जरूर हूँ। पर हिन्दुओं की नस्ल की हूँ। अंगरेजों की फौज की नौकरी से जो करती हूँ वही अच्छा है।"

सुकवि विदीर्ण को मानो किसी ने तमाचा जड़ दिया। कालिका राय भौचक रह गया। वहाँ से चल देना चाहता था। इतनी देर की बातचीत की वह क्या कीमत चुकाये, यह वह मन ही मन सोच रहा था। मालती सिमली बी० ए० ने उसकी परेशानी को दूर कर दिया। वह मंद मुस्कुराती जिस पर्दे के पीछे से आयी थीं उसी के पीछे चली गयीं।

वे भी उठे। बंगाली महाल होटल से बाहर आये। बाहर कालिका राय ने शर्मा से पूछा,—"क्यों रे शर्मा, क्या समझा ?"

शर्मा ने न कुछ समझा था न उसने जवाब दिया। कालिका राय ही बोल उठा,—"वे दिन हवा हुए जब पसीना गुलाब था।"

सांस लेकर उसने आगे कहा,—"अब साली रंडियां भी अंगरेजों की कोई नौकरी करने को तैयार नहीं। हरकोर्ट बटलर अपनी कब्र में तड़प रहा होगा।"

कालिका राय सुकवि विदीर्ण और शर्मा को अचानक छोड़ कर तेज क़दमों से चलने लगा। उसे सहसा याद आया कि उसने बीवी नम्बर दो को कर्ण घंटा की झांकी दिखाने का वादा किया था।

बनारस में सुकवि विदीर्ण को कोई पढ़ी लिखी युवती सम्पर्क और प्रचार अधिकारी बनने योग्य नहीं मिली। वे हार मान गये। हार कर चुप बैठने के पहले उन्होंने इलाहाबाद का चक्कर लगाना जरूरी समझा। वहाँ कमलेश थी। कवि जी का मन उसके ध्यान से ही बैठने लगा। आशा टूटती कब है ? कवि जी इलाहाबाद आये।

इलाहाबाद में कवि जी कमलेश का पता लगाते-लगाते उससे मिले। कमलेश पुरुष जाति से बदला चुकाते चुकाते उसकी बुरी तरह शिकार बन चुकी थी। स्कूल की नौकरी से वह निकाल दी गयी थी। लाख कोशिश करने पर भी उसे दूसरी नौकरी नहीं मिली। कुंवर साहब सुहागगढ़ी और उनकी प्रेमिका पन्ना ने उसकी थोड़ी बहुत सहायता की। उन्हीं के कारण पिछले दो महीने से वह एक प्राइवेट प्राइमरी पाठशाला में स्थानापन्न अध्यापिका का काम कर रही थी। नगरपालिका के शिक्षा कमेटी के अध्यक्ष हरपू बाबू ने कुंवर साहब सुहागगढ़ी की शिपारिस पर उसे वह जगह दिलायी थी। यही नहीं, हरपू बाबू ने उसे अपने नौकरखाने में रहने के लिए एक कोठरी भी दिया था। कोठरी में रहने के बदले में वह हरपू बाबू के बच्चों को पढ़ाया करती थी। यहाँ तक तो ग़नीमत था। धूप-छांह हर आदमी के

जीवन में आते है। कमलेश हरपू बाबू की आँखों से बुरी तरह डर गयी थी। हरपू बाबू इधर बहुत दयालु हो गये थे। प्रायः वे नौकरखाने में आकर नौकरों का हाल-चाल, सुख-सुविधा, पूछ जाते थे। कमलेश की कोठरी पर उनकी विशेष कृपा थी। कुशल-क्षेम पूछ, हँस-बोल कर या तो चले जाते थे या कमलेश उन्हे जाने पर विवश कर देती थी। एक दिन रात को वह आये, कोठरी में जम गये। टलने का उन्होंने नाम नही लिया। उन्होंने कमलेश से साफ-साफ कहा,—"आज या तो तुम्हें पाऊँगा या अपने को उडा दूँगा।" यह कह कर उन्होंने जेब से भरी पिस्तौल निकाल कर स्टूल पर रख दिया और कमलेश को जबरदस्ती चारपायी पर खींच लिया। कमलेश उलझी, उसने झगडा किया, शोर मचाया। हरपू बाबू को उस दिन जाने कहाँ का बल मिल गया था कि उन्होंने तावडतोड दो चार चाँटे कमलेश पर चला दिए। उसका मुँह बन्द कर दिया और कहा,—"चुप रहो। जरा भी चीं चापड़ की तो इसी पिस्तौल से तुम्हारा और अपना काम तमाम कर दूँगा।" उनकी आँखो में हिंसा का लाल खून तैर रहा था। कमलेश ने सिसकते बिलखते किसी तरह कहा,—"मुझे अपने घर मे रख लो। फिर चाहे मेरी बोटी-बोटी चबा डालो।"

हरपू बाबू बिना बुद्धि के शिक्षा कमेटी के अध्यक्ष नही बने थे। बोले,—"तुम्हे पक्की नौकरी दे दूँगा। एक अच्छा कमरा किराये पर सजा दूँगा। जब चाहे आया करूँगा। तुम स्वतंत्र रहोगी। चाहे कुँवर साहब की रातो को गुलजार करो या जिस किसी की। मेरी ओर से कोई रुकावट नही होगी।"

कमलेश पीपल के पत्ते की तरह काँप गयी। हरपू बाबू ने उसे घिनौनी वेश्या समझ रखा था। इसलिए उन्होंने कुँवर साहब का नाम लिया। वह रोने लगी। हरपू बाबू ने उसे झकझोर झपट प्रायः विवस्त्र कर डाला। कमलेश उनकी जाल मे बुरी तरह जकड गयी। बिलकुल निरीह बन वह होश खोने ही वाली थी कि कोठरी के दरवाजे पर खटखट हुई। दरवाजा भिड़ा ही रह गया था। वह खुल गया। कमरे के भीतर हरपू बाबू की धर्मपत्नी आ खडी हुई। हरपू बाबू के जोश को लकवा मार गया। वे काटो तो खून नही बन गये, उनकी साँसें बैठने लगी। कमलेश त्रस्त हो अपने वस्त्रो को समेट खडी हो गयी।

हरपू बाबू की धर्मपत्नी एक शब्द नही बोली। जैसे आयी थी वैसे ही नि-शब्द वह कोठरी से बाहर निकल गयी। उनके पीछे-पीछे मुर्दा की तरह हरपू बाबू भी चले गये। कमलेश धरती से मनाती रही कि वह फट जाय जिससे वह उसमे समा जाय।

मनुष्य की हर चाह पूरी नही होती। धरती फटी नही। कमलेश का वहाँ रहना रौरव नरक-कुण्ड में जलना बन गया। वह वहाँ से भाग भी नही सकी। उसके हाथ पाँव ने साथ छोड़ दिया। वह सारी रात कोठरी के एक कोने मे दुबकी बैठी रही। वह बैठी ही रहती अगर सबेरा होते ही हरपू बाबू के घर की नौकरानी आकर न कहती,—"बहू जी ने हुक्म दिया है कि तुम कमरा छोड कर अभी यहाँ से

जाओ। फिर कभी अपना काला मुँह यहाँ मत दिखाना।"

कमलेश कहाँ जाती? कुँवर साहब और पन्ना के यहाँ शायद शरण मिल जाय—यह सोच कर वह अपनी चीज़-वस्तु संभालने लगी। कमरे में किसी के आने की आहट आई। कमलेश ने पूरी कोशिश से आँखें जो उठायीं तो महाकवि विदीर्ण सामने खड़े दिखायी पड़े।

कमलेश का बाँध अब टूटा। वह फफक-फफक कर रोने लगी। महाकवि मुसीबत में पड़े। उन्होंने कमलेश को ढाढ़स बँधाने की कोशिश की, उसके आँसुओं को अपनी रूमाल से पोंछा, उसके दु:ख का कारण जानना चाहा। कमलेश का रोना रुका नहीं। बहुत देर के बाद जब उसके कलेजे के सारे आँसू बह गये तब वह बोली,—"कवि जी आप भगवान की तरह आ पहुँचे। मुझे यहाँ से अभी ले चलें, शरण दें।"

सुकवि विदीर्ण का प्रचारक दर्प जागा। बोले,—"मैं आपको बनारस लिवा चलने के लिए ही आया हूँ। ढाई सौ रुपये महीने की नौकरी ठीक हो गयी है।"

रिक्शा बुलाया गया। कमलेश अपनी गठरी मोटरी ले कवि जी के संग रिक्शे पर आ बैठी।

राम बाग़ स्टेशन पर कवि जी ने बड़े आग्रह से उसे एक प्याला चाय पिलाया। फिर पूछा,—"क्या मैं आपके इस भीषण दु:ख का कारण जान सकता हूँ?"

"कवि जी, मैं भूल गयी थी कि मैं नारी हूँ, वह भी मुसीबत की मारी। सामन्ती दुनिया नारी का हाड़ चाम चबाना ही अपना धर्म समझती है। पैग़म्बरों ने नारी को खेती जो कहा है।"

सुकवि कमलेश के शब्दों और भाव से घबराये। साहस बटोर कर झिझकते हुए संकोच के साथ बोले,—"आपका दासानुदास विदीर्ण ग़रीब है।"

कमलेश बनारस में सुकवि विदीर्ण के साथ उनके घर पहुँची। पहले वह अपनी दूरदराज़ की किसी मौसी के पास ठहरा करती थी। सुकवि को कमलेश को अपने घर लाने में एक ही आपत्ति थी। घर के नाम पर उनके पास एक भड़भूजे की दुकान के ऊपर छोटी कोठरी थी। भाड़ रात में बन्द नहीं रहता होता तो वैशाख जेठ के तपते महीने में वे सो भी कहाँ पाते!

कोठरी में बाँस की एक खटिया थी। वह मेहमान के योग्य कहाँ थी। कवि जी को अपनी दीन दशा पर तरस आई। कमलेश को वे अपनी कठोरी में उल्लास से ही लाये। कवि थे, कल्पना का बल कुछ न कुछ उनके पास था ही। रात का अंधेरा फैलने लगा था।

कवि जी ने आतिथ्य निवाहन में कमी नहीं की। मोहल्ले के पूड़ी की दुकान से वे पूड़ी मिठाई लाये। स्वयं खाये, कमलेश को खिलाये। सोने के लिए वह नीचे जाने लगे। बोले,—"मैं दुकान के सामने पड़े भड़भूजे के तख्त पर सो लूँगा।"

"क्यों ?"—कमलेश ने चौंक कर पूछा ।

"आप नीचे सड़क पर थोड़े सोयेंगी ।"

"मैं यहीं फर्श पर सोऊँगी । आप चारपायी पर सोयें ।"

कवि जी के आश्चर्य का अन्त नहीं रहा । उनकी कल्पना साकार हो उठी । अपने जोश की तरंग मे उन्होंने कमलेश का हाथ अपने होठों तक ले जाकर उसे प्रेम से चूम लिया । कमलेश ने जो किया वह कवि जी की कल्पना के बहुत ऊपर की बात थी । उसने कवि जी के पास आ उनके अधरों पर अपने अधर रख दिए । कवि जी भर आये, उनके आँसू मचल आये । उन्हे जीवन में पहली बार प्रेम का प्रतिदान मिला । क्या वह इसके योग्य थे—उन्होंने सच्चाई से अपने से पूछा ।

कमलेश ने फर्श पर अपनी दरी बिछायी । कवि जी बोले,—"मैं पुरुष हूँ । फर्श पर मुझे कोई तकलीफ नहीं होगी ।"

कमलेश बोली,—"मुझे होगी । आप चारपायी पर सोयें ।"

कमलेश मन हारे, थकी माँदी, दरी पर लेट गयी । उसे नींद जल्दी आ गयी । कवि जी चारपायी पर करवटें बदलते रहे । रात भर उनकी सोते-जागते के बीच की दशा रही । सवेरे आँख लग गयी ।

जब जगे तब आठ बज रहे थे । कमलेश कोठरी के एक कोने को साफ-सुथरा कर, लीप-पोत, दो ईंटों का चूल्हा जलाकर खाना पका रही थी ।

कवि जी को जगा देख बोली, –"जल्दी नहा धो लें । खाना तैयार है ।"

"मुँह-सुबह भड़भूजे का लड़का कुल्हड़ मे चाय दे जाता था ।"

आज भी लाया था । मैंने लौटा दिया । उठते ही चाय पीना पाचन-शक्ति को क्षीण करता है ।"

कवि जी चुप रह गये । वे उठे, नीचे सीढ़ी के बगल मे सडास मे गये । वहीं लगा हुआ सड़क पर नगरपालिका का नल था । उस पर नहा कर ऊपर आये ।

खाने के लिए पुरानी चटाई का एक आसन बिछा था । कवि जी दफ्तर जाने की पोशाक, पैंट कमीज मे चटायी पर आ बैठे । एक ही थाली देख कर उन्होंने पूछा,—"आप नहीं खायेंगी ?"

"बाद मे खाऊँगी । रोटियाँ सेंक रही हूँ ।"

सुकवि को पहली बार उस घर में ताजी सिकी रोटियाँ खाने को मिलीं । अब तक सवेरे वे बगल के मारवाडी बासा मे खाते थे । रात को जहाँ कहीं मिल जाय या न मिले । वैसे अंगरेजों की नकल कर वे खाने से कहीं अधिक पीने पर जोर देते थे ।

सुकवि विदीर्ण उस दिन भावाकुल रहे । दफ्तर मे भी कमलेश के बारे मे सोचते रहे । कमलेश का कल से आज तक का व्यवहार क्षणिक आवेश का नहीं था । न वह खेल का था । तब ? उन्हें कुछ साफ नहीं समझ मे आ रहा था । सुकवि

विदीर्ण भौरों की तरह आज तक कलि कुसुमों पर मंडराते रहे थे। आज उन्हें लग रहा था कि वे किसी क्रोड़ में बन्द हो जायेंगे। यह अच्छा होगा या नहीं? वे मेजर टामस से मिले। उससे उन्होंने रम का एक अध्धा माँगा और उससे कहा,—"एक ऊँची जाति की बी० ए० पास युवती को महिला सम्पर्क अधिकारी के पद के लिए चुन लिया है।"

टामस हँसा बोला,—"तभी आज चमक रहे हो।" उसने रम का अध्धा दिया। एक रूप पत्र भी दिया जिसे युवती से भरा लाने को कहा।

विदीर्ण शाम को कुछ देर से घर पहुँचे।

"दफ्तर कै बजे बन्द होता है?"—कमलेश ने पूछा।

महाकवि शंकित हुए। मान न मान मैं तेरा मेहमान! क्या मेहमान के अनुशासन में रहना पड़ेगा? सुकवि ने कहीं सुना था कि कवि अनुशासन का विद्रोही होता है। वह कवि थे, बड़े न सही, छोटे ही सही यद्यपि उनके मत में उन जैसा कवित्त गुलाब कवि भी नहीं लिख पाते थे।

कमलेश ने एक गिलास में चाय और कटोरी में नमक-तेल-प्याज़-मिर्च का चना चावल सामने रख दिया।

नाश्ता करते-करते कवि जी ने कमलेश के प्रश्न का जवाब दिया। उन्होंने कहा,—"प्रचार का काम है। देर अबेर हो ही जाती है। दफ्तर से सीधे चला आ रहा हूँ।"

उन्होंने आग्रह से आगे कहा,—"आप भी लें।"

कमलेश ने उनका साथ दिया। कुछ देर के बाद वे हवाखोरी के लिए नारद घाट पर गये। वहाँ से लौटते समय बंगाली साधू की दुकान पड़ी। वह भोग में चढ़ाये गोस्त का कबाब बेचा करता था। कवि जी ने कमलेश से पूछा,—"कबाब लेते चलें।"

"अपने लिए चाहें ले लें। मैं निरामिष हूँ।"

कमलेश के स्वर का प्रभाव—कवि जी ने कबाब नहीं खरीदा।

घर पहुँच, नहा धो, कमलेश रोटियाँ सेकने बैठी। सब्जी सवेरे ही बना कर रख दिया था।

कवि जी के चेहरे पर गम्भीर चिन्तन की रेखायें झलक रही थीं। सोच समझ कर उन्होंने अपनी पैंट की जेब से अध्धा निकाला। गिलास में ढालने के लिए वह बोतल की काग खोलने लगे।

कमलेश ने यह देखते ही कहा,—"छिः, छिः, आप शराब पीते हैं? कैसे हिन्दू हैं?"

"ऋषियों का पेय सोम था। वेदों में सोम को देवत्व प्रदान किया गया है।" —कवि जी ने शंकित होते हुए भी रसिकता के उल्लास से कहा।

"मुझे स्टेशन छोड़ आयें।"—कमलेश ने रसोई से हाथ खींच लिया।

सुकवि विदीर्ण हैरान हो गये : ले—"क्या कह रही हैं?"

"आपने मुझे शरण दी । उसकी मुझे बड़ी जरूरत थी । बरसों के अनुभव से मुझे यह भी लगा था कि आपने मुझे मांस का लोथड़ा कभी नहीं समझा । जहाँ शराब चलती है वहाँ मैं रहती नहीं । आपकी आदतें हैं । आप अपने देवत्व को क्यों छोड़ेंगे ? मुझे स्टेशन छोड़ आयें ।"—वह उठने को उद्यत हुई ।

विदीर्ण ने बोतल का काग नहीं खोला । उसे उन्होंने ताक पर रख दिया । वे चुपचाप खाने पर बैठे ।

बिना पिये उन्होंने बहुत दिनों पर उस रात खाना खाया ! खाने के बाद कवि जी ने पूछा,—"एक सिगरेट पी सकता हूँ ?"

"उसकी मनाही नहीं है यद्यपि सिगरेट से कैन्सर रोग होता है ।"

कवि जी ने एक सिगरेट जलाया । कमलेश चूल्हा उठा, उसका और खाने का स्थान परिष्कृत कर, फर्श पर आ लेटी ।

थोड़ी देर में सुकवि भी फर्श पर आ बैठे, बोले,—"मैं भी यहीं लेटूँगा ।"

कमलेश मौन रही । कवि जी उसके बगल में लेट उसके बालों से खेलने लगे । कुछ देर बाद पूछे,—"आपको मेरा छूना बुरा लग रहा है ?"

कमलेश चुप रही । कवि जी ने फिर पूछा,—"क्या हम आप एक नहीं बन सकते ?"

कमलेश का सिर हिला यह कहने के लिए कि क्यों नहीं ?

"कैसे ? कब ?"—कवि जी ने उल्लसित होकर पूछा ।

"हिन्दुओं में इसका एक पवित्र विधान है ।"

अब विदीर्ण के मौन होने की पारी आई । उनके मौन को कमलेश ने ही भंग किया, कहा,—"कोई जल्दी नहीं । आप सोच समझ लें । जहाँ तक मैंने सुना है आप अविवाहित हैं । वैसे जीवन के छल-छंदों से कौन ग्रसित नहीं होता । हमेशा उसे मन पर लाद कर तो चला नहीं जा सकता ।"

कवि जी बड़ी रात तक सुन्न रहे । कमलेश खर्राटे भर रही थी ।

दूसरे दिन कमलेश कोई युद्ध का समाचार पढ़ अंगरेजों को दुत्कारने लगी । कवि जी को उसे रूपपत्र देने का साहस ही नहीं हुआ ।

●

६

बंगलोर में फौजी अफसरों के प्रशिक्षण के लिए देहरादून के फौजी कालेज की तरह नया स्कूल खोला गया था। वहाँ विलायत और हिन्दुस्तान दोनों देशों के युवक इंग्लैंड के बादशाह द्वारा नियुक्त हो कर ऊँचे सैनिक अधिकारी बनने आते थे। उन्हें 'कींग्स कमीशन्ड आफिसर' कहा जाता था। उनकी पद मर्यादा गौरवपूर्ण मानी जाती थी।

स्कूल का निदेशक अंग्रेज ब्रिगेडियर होता था। शिक्षक भी अंगरेज अफसर होते थे। पूँजीवादी परम्परा में अफसर और नीचे के पदों में इतना भेद होता है कि उससे अकारण का असन्तोष पैदा होता है। अंगरेजों में भी यह कम नहीं था यद्यपि विश्व युद्ध के संकट से वे एका प्रदर्शित करने की हर चेष्टा किया करते थे। हिन्दुस्तानियों के बारे में उनके एका में कोई ढील नहीं थी। वे सभी, ऊँचे या नीचे के गोरे सैनिक, हृदय से हिन्दुस्तानियों से घृणा करते थे। वे कुछ कह नहीं पाते थे। युद्ध की विभीषिका ने उन्हें हिन्दुस्तानी युवकों को अफसर बनाने के लिए विवश कर दिया था। लेकिन खान-पान, कपड़े, रहन-सहन में वे उन्हें जानबूझ कर नक्काल गुलाम बना कर रखते थे। मानसिक गुलामी पुराने संस्कारों को मिटा कर गुलामी की जड़ें गहरी करती है। विद्रोह की भावना इस तरह पनप ही नहीं पाती।

प्रशिक्षण के लिए प्रतापगढ़ से आये 'केडेट' मुरारी ठाकुर ताला के गद्दार जमीन्दारी के किसान परिवार से आए थे। उनके परिवार पर सत्तावन की क्रान्ति के समय से ही अंगरेजी शासन और जमीन्दार ने बड़े जुल्म किए थे। ठाकुर युद्ध न होता तो कभी भी फौजी अफसर बनने के लिए चुना ही नहीं जाता। वह बी० ए० पास था और अंगरेजी धाराप्रवाह बोलता था। उसकी अंगरेजी ने चुनाव समिति के अध्यक्ष लखनऊ के जेनरल को उसके पक्ष में कर दिया। जेनरल शायद उच्च शिक्षित था। मुरारी ठाकुर चुन लिया गया और प्रशिक्षण के लिए बंगलोर स्कूल में आया।

ठाकुर प्रतिभाशाली विद्यार्थी था और राष्ट्रीय भावनाओं की ओज से भरा रहता था। वह फौजी अफसर बना इससे उसके कितने साथियों को बड़ी हैरानी हुई। फौजी अफसर में भी ठाकुर की प्रतिभा ने उसका खूब साथ दिया। वह कवायद और हथियारों की सिखलायी में जल्दी ही पहली पंक्ति का प्रशिक्षार्थी माना जाने लगा। जमीन पर युद्ध नीति के आक्रमण और बचाव के अभ्यासों में उसके कम सानी थे।

वह प्रशिक्षण देने वालो अधिकारियो का जल्दी ही विश्वास भाजन बना। शाम को मेस मे शोर मचाने, पीने पिलाने मे भी वह खूब चमका। उसे देख कर कौन सोच सकता था कि बगलोर के स्कूल मे आने के पहले इसने शराब देखा भी नही था। उसी तरह बाल नृत्य मे भी वह जल्दी ही दक्ष बन गया। सैनिक अफसर की सफलता को और क्या चाहिए सिवा काम मे और खेल मे दक्षता के।

बाल नृत्य मे तब भी अंगरेज और ऐंग्लो इडियन युवतियो की भरमार रहा करती थी। कुछ ऊँचे गुलाम हिन्दुस्तानी आई० सी० एस० की पत्नियाँ और पुत्रियाँ या केरल की ओर की परिचारिकाएँ (नर्स) ही ऐसी हिन्दुस्तानी युवतियाँ थीं जो नृत्य क्लबो या समारोहो मे खुलकर आया जाया करती थी। वह भी अपवाद स्वरूप ही समझिए।

ठाकुर का मेल जोल रेलवे के अवकाश प्राप्त गार्ड मिस्टर क्राउडन की दो पुत्रियों मे बड़ा—मौली और रौली क्राउडन। ठाकुर के सग वे रेस्टरा, सिनेमा, घुड दौड आदि मनोरंजन की जगहो मे उछलती कूदती जाती थी। ठाकुर रौली की ओर विशेष झुका था। रौली अपनी बडी बहन मौली को अपना ढाल बना कर साथ ही रखा करती थीं। एक दिन ठाकुर ने रौली को वेस्ट एण्ड होटल मे रात के खाने की दावत दी। वेस्ट एण्ड तब बंगलोर ही नही मद्रास नगर को छोड दक्षिण भारत का सर्वश्रेष्ठ अंगरेजी होटल था। रौली वेस्ट एण्ड मे खाने के निमत्रण पर खुश हुई। उसने पर वहाँ जाने से इन्कार कर दिया। कारण पूछने पर उसने अपनी सादगी में ठाकुर को बताया,—"वेस्ट एण्ड मे अंगरेज और ऐंग्लो इडियन ही जुटते हैं। मुझे हिन्दुस्तानी के संग देख कर वे क्या सोचेंगे ?"

यह छोटी घटना ठाकुर को आइना दिखा गयी। उसे अपने पर दुख हुआ, अपने देशवासियों पर दुख हुआ, स्वदेश की गुलामी पर दुख हुआ। उसने बाहर आना जाना कम कर दिया। वह पीने में अधिक समय बिताने लगा।

बंगलोर मे साउथ परेड के विस्तृत मैदान मे अगरेजो ने एक हालिवुड नगर बसा रखा था। फूस और टिन के हालो और झोपडियो मे वहाँ छोटे जुआ से लेकर बडे-बडे नृत्य, शराब घर आदि का भरपूर जमाव था। यह नगर भी हिन्दुस्तानियो की संस्कृति और संस्कार को मटियामेट करने की अगरेजो की योजना की एक कडी था। इस नगर मे पंजाब की ओर से आयी बडी आकर्षक प्रौढ युवती मिस अतिया दास ने एक स्केटिंग रिंग और नृत्य क्लब खोल रखा था। हिन्दुस्तानी केडटो की यहाँ अधिक भीड रहती थी। ठाकुर यहाँ आने जाने लगा। धीरे-धीरे वह मिस अतिया दास के रूमानी आकर्षण मे पड गया।

मिस दास के साथ उसने कई बार नृत्य किया। अपने आकर्षण के भावों को उसने कभी प्रकट नही किया। वह अक्सर अकेले बार मे बैठ कर पीता, बार-बार पीता और तब तक पीता जब तक वह बेहोश नही हो जाता।

एक दिन मिस दास के नृत्य हाल मे ठाकुर पी कर बेहोश हो रहा था कि हॉल मे शोर गुल मचने लगा। एक गोरे सार्जेन्ट ने एक मालाबारी नर्स के साथ डाम

की परिक्रमा में अभद्र व्यवहार कर दिया था। कतिपय नर्सों ने मिस दास से उस सार्जेन्ट की शिकायत की। मिस दास ने सार्जेन्ट को हाल से बाहर चले जाने का अनुरोध किया। सार्जेन्ट इस पर मिस दास से झगड़ा करने लगा। मिस दास के साथ सार्जेन्ट की ऊँची आवाज़ में झगड़ने की बातें सुन कर ठाकुर वहाँ आया। सार्जेन्ट उसकी मशीनगन और मार्टर तोपों का प्रशिक्षक था। ठाकुर ने सार्जेन्ट को हाल छोड़ कर चले जाने को कहा। सार्जेन्ट एक केडेट को मिस दास का पक्ष लेते देख कर आपे से बाहर हो कर बोला,—"चुप रहो, ओ काला निगर।"

ठाकुर का गुस्सा फूट आया। उसने दे दनादन दो चार नहीं दर्जनों सार्जेन्ट को रशीद कर उसे लहूलुहान कर दिया।

घटना अप्रत्याशित घट गयी। बड़ा तहलका मच गया। फौजी पुलिस आ पहुँची। सार्जेन्ट को प्राथमिक चिकित्सा के लिए फौजी अस्पताल ले जाया गया। केडेट ठाकुर को लाइन कैद कर दिया गया। ऐसा कभी हुआ नहीं था। सारा बंगलोर घटना से सुन्न रह गया।

ऊपर से सब चुप थे। अन्दर-अन्दर केडेटों, अंगरेज प्रशिक्षकों और अधिकारियों में घटना से बड़ा संघर्ष और क्षोभ पैदा हो गया। ठाकुर को स्कूल से निकाल देने की सम्भावना प्रायः निश्चित हो गयी। ऐसा हुआ नहीं। रोमेल मिश्र के मैदान में अंगरेजी फौजों को रौंद रहा था। जापान मलाया के बाद बर्मा में बढ़ रहा था। ऊपर से आदेश आया। केडेट ठाकुर को महीने भर की लाइन कैद की सजा मिली। सार्जेन्ट को इन्दौर के पास मऊ की अकेडेमी में बदल दिया गया। मिस दास के नृत्य घर में प्रशिक्षण के सार्जेंटों का जाना रोक दिया गया।

महीने भर की लाइन कैद का मतलब यह था कि ठाकुर स्कूल के प्रांगण के बाहर कहीं भी आ जा नहीं सकता था। इससे उसे मानसिक कष्ट मिला। वह मिस दास के बार और नृत्य हाल का आदी हो चुका था। उसे स्कूल में और मेस में ही अधिक से अधिक समय काटना पड़ा। समय मुश्किल से कटा मगर कटा। एक लाभ जरूर हुआ। वह मिस दास का विश्वासभाजन बना। साथ ही उसकी राष्ट्रीय विचारधारा अभिनव रूप से उसके शरीर और मस्तिष्क के स्नायुओं को तरंगित करने लगी।

एक दिन, महीने भर की अवधि समाप्त हो जाने के बाद, केडेट रज़ी ने सहानुभूति दिखाते हुए उससे कहा,—"इस लड़ाई में जान देना बेवकूफी होगी। अंगरेजों के दिन लद गये।"

"नहीं लदे तो हमें फौजी प्रशिक्षण में दक्षता प्राप्त कर लादना पड़ेगा।"

रज़ी विस्फारित नेत्रों से ठाकुर को—शराबी ठाकुर को—देखता रह गया। रज़ी और ठाकुर विश्वविद्यालय में एक समय में ही थे। दोनों के विषय अलग-अलग थे। रज़ी पढ़ने लिखने में उतना बुद्धू नहीं था जितना वह आलसी था। उसने

बी० ए० कई साल मे पास किया। हाकी वह जरूर अच्छा खेलता था और अपने छात्रावास की टीम मे था। रज्जी ठाकुर के राष्ट्रीय विचारो से परिचित था। विद्यार्थी अवस्था में सभी विचारों मे उग्रवादी होते है। बाद के जीवन मे यथार्थ का लेखा जोखा घर दबाता है। ठाकुर की उग्रवादी राष्ट्रीय विचारधारा अभी मिटी या नही वह यह समझना चाहता था। उसने कहा,—"अंगरेजों की धर्तता मशहूर है। वे इंग्लैण्ड को हार कर भी हिन्दुस्तान को हाथ से नही जाने देंगे।"

"हिन्दुस्तान को खोकर जैसे वे एक छोटे द्वीप के वासी थे वैसे ही फिर हो जायेंगे। उनका ऐश, भोग, वैभव, शक्ति सब मिट जायेंगे। घड़ी की सुई बहुत आगे बढ़ गयी है। वे जीते तब भी हारेंगे। हिन्दुस्तान स्वतंत्र होगा।"

केडेट रणजीत बैनर्जी और केडेट श्रीनिवासन आ गये। वे दोनो मानो किसी बहस की रौ से तमतमाये आ रहे थे। केडेट बैनर्जी ने ठाकुर और रज्जी से कहा,—"हमे अब अक्ल से काम लेना है।"

"अक्ल भी आ जाय तो हमारे पास साधन क्या है?"—रज्जी ने पूछा।

"इरादा दृढ हो और लक्ष्य साफ हो तो क्या नही किया जा सकता? पिछले युद्ध के बाद बिना हथियार के महात्मा गांधी ने आजादी का शंख घर-घर फूंक दिया।"—ठाकुर भी जोश मे था।

केडेट रणजीत बैनर्जी ने स्वर को बिलकुल धीमा बना कर कहा,— "सुभाष बाबू नजरबन्दी से फरार हो गये।"

जीवंत बिजली जैसे छू जाय वैसे सब चौंक उठे। रणजीत बैनर्जी ने आगे बताया,—"बर्लिन रेडियो ने यह खबर प्रसारित की है। भारत की अंगरेजी सरकार ने खबर को बहुत गुप्त रखा है। सुभाष बाबू को जीवित या मुर्दा पकड़ने के लिए हिन्दुस्तान के कोने-कोने मे गहरी सतर्कता शुरू हो गयी है।"

केडेट ठाकुर और श्री निवासन् ने एक साथ ही कहा,—"सुभाष बाबू का फरार होना रंग लायेगा।"

इंग्लैंड और भारत की सरकारों ने एक दूसरी खबर को बहुत गुप्त रखा था। अमरीकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट और चीन के प्रधान जेनरलिस्सिमो च्यांग काई शेक हिन्दुस्तान को तत्काल स्वतन्त्र करने पर जोर दे रहे थे। चर्चिल इस सुझाव के घोर विरोधी थे।

उस दिन ठाकुर शाम को मिस दास के साथ क्लब मे पहुँचा। मिस अनिता दास ने उसे बाँहो मे सवार कर अपने से चिपटा लिया। ठाकुर के मन का महीने भर का क्लेश मिस दास के प्रेम पुलक में मिट गया। उसने ह्विस्की पिया और मिस दास के साथ ललक में लयमान हो नृत्य करने लगा। मिस दास ने डांस की परिक्रमा मे उससे बताया,—"चर्चिल जापानियो के बर्मा मे इतनी तेजी से आगे बढ़ने पर घबड़ा गये हैं। उन्होंने क्रिप्स मिशन भेजा है। मिशन वाइसराय की कार्य समिति मे हिन्दुस्तानी नेताओ को शामिल कर हिन्दुस्तानियों को बेवकूफ बनाना

चाहता है। राष्ट्रीय कांग्रेस ने मिशन की योजना को अस्वी
ने साथ ही एक दूसरी कूटनीतिक बदमाशी की शुरुआत
लीग को राष्ट्रीय कांग्रेस के समानान्तर खड़ा कर दिया है।

ठाकुर इतिहास का विद्यार्थी रह चुका था। अतिया
"अंगरेजों ने सर सैयद अहमद से ही हिन्दू मुसलिम वि
था। लार्ड कर्जन ने बंगाल को पूर्वी और पश्चिमी सूबों में
को शक्तिशाली बनाने की सफल कोशिश की।"

मिस अतिया दास ठाकुर के शरीर से एक होते हुए
करना है।" "जरूर।"—ठाकुर आज उत्साह और प्रेम
रहा था।

मिस दास ने आज ठाकुर को पूरा-पूरा जीत लि
धड़कनों का जीवन विचारों के उत्कर्ष से कहीं अधिक सुखदा
दिन से कौल बना। दोनों एक दूसरे के शरीरों की धड़कनों
अधिक सुनने जानने की कोशिश करते।

अंगरेज केडेटों में हिन्दू मुसलिम विभेद बढ़ाने की
ही करते थे। अब उन्होंने इसे तेजतर कर दिया।

झेलम के मोहम्मद सर्वर राजपूत मुसलमान थे। वे रि
के लिए चुने गये थे। उनके तीन पुश्तों से अंगरेजों की फौज
थी। अंगरेजों के प्रति मोहम्मद सर्वर के परिवार की राजभ
वह उन्हें माँ बाप समझता था। उसने एक दिन मेस में
ाकिस्तान की मांग मान ले तो हिन्दुस्तान आज आजाद हो ज
पठान था—केडेट असलम। उसने कहा,—"एक राष्ट्र का
पर होगा ? और बँट कर क्या हम कमजोर नहीं हो जायेंगे ?"
रटाया जवाब दिया,—"हिन्दू और मुसलमान दो राष्ट्र हैं ?"

"क्या आप राजपूत नहीं ?"—असलम ने नैश से प

"हूँ, मगर मुसलमान राजपूत। पहले
हैं।"

"राष्ट्र क्या धर्म से बनता है ? क्या अ
अरेबिया एक राष्ट्र हैं ?

"उनमें देश काल का भौगोलिक वि
अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलिम लीग की यही
मुसलमान गायिका थीं। वह एक हिन्दू
रजी के पिता थे। उसी पिता ने रजी का
था। माँ ने सामाजिक सुरक्षा के लिए
रताम में इस्लाम को मानने वाले अ

हिन्दी पढते हैं। अंगरेजों ने नयी चाल चली उन्हें अलग राष्ट्रीयता का पाठ पढाया। हिन्दू मुसलिम खाई को अभेद्य बनाने में इस पाठ ने कमाल किया।

कैडेट रणजीत बैनर्जी गरमा गरम खबर लेकर आ पहुँचा। उसने बताया,—"सुभाष बाबू जर्मनी पहुँच गये हैं। वहाँ उन्होंने 'फ्री इंडिया लेजान' नाम से प्रवासी भारतीयों की एक सेना खडी की है जो हिन्दुस्तान की आजादी के लिए अंगरेजों से लडेगी। उसमे हिन्दू, मुसलिम, ईसाई—सभी प्रवासी शामिल हैं।"

खबर पर सर्वर और रजी भी रीझ उठे। सर्वर ही बोल उठा,—"भाई, आजादी सबसे बडी नियामत है। उसके लिए हमें कभी न कभी बन्दूक उठाना ही पडेगा।"

अतिया दास ने उसी रात ठाकुर की भेंट दीदी से करायी। सौम्य मुखमण्डल, प्रखर बुद्धि, पैनी दृष्टि दीदी वयस्क किन्तु चुम्बक सी आकर्षण वाली गम्भीर महिला थी। अतिया दास ने ठाकुर को बताया—"वह स्वदेश की स्वतंत्रता संग्राम की तैयारी मे प्राणपण से जुटी हैं। हम उनका साथ देंगे।"

'मैं तो इन साँसों की सुगन्ध का माता हूँ। जहाँ यह है वहाँ मैं"—कह कर ठाकुर ने अतिया दास को बाँहों मे भर उनके अधरों पर अपने अधर रख दिए थे। संयोग वहाँ कुछ क्षण को एकान्त था।

अतिया दास ने अपना कर्तव्य निभाया। उन्होंने अधरों का प्रतिदान वैसे ही दिया। विनोद से बोली,—"मैं तुमसे उम्र मे कई साल बडी हूँ।"

'मतलब क्या है ?"

'मेरी बात मान कर चलनी पडेगी।'

आज ही से उसका वादा करता हूँ। आज रात '' ।"

'पागल हो क्या ? दीदी का कहना है कि स्वदेश की आजादी तक हमे लोहा बन कर रहना पडेगा।'

ठाकुर निराश नहीं हुआ। घण्टे भर वह अतिया दास के साथ एकान्त में दीन-दुनिया का गम्भीर परामर्श करता रहा और आधी रात तक नृत्य में उनकी साँसों की उष्मा का संगीत सुनता रहा।

अंगरेजी शासन जितना अपनी हार से उतना ही सुभाष बाबू के फ्री लेजान' से घबडाया। सुभाष बाबू महात्मा गाँधी के अनुयायी होकर भी स्वदेश को स्वतंत्र कराने के लिए अंगरेजों को मार भगाने के पक्ष मे थे। वह सुधारवादी नहीं थे। महात्मा जी को जैसे हिन्दू धर्म और संस्कृति से सम्बद्ध दिखाया जा सकता था वैसे सुभाष बाबू को नहीं। उनका नाम हिन्दू मुसलिम विभेद को उखाडने वाला साबित हो रहा था। अंगरेज साफ समझ रहे थे कि कैडेटों मे जो दखिला हासिल करने की होड है वह अंगरेजी साम्राज्य की सुरक्षा के लिए नहीं हिन्दुस्तान को स्वतन्त्र कराने के लिए है। वे अब कर ही क्या सकते थे ? हिन्दुस्तानी अफसरों के बिना लडाई लडी नहीं जा सकती थी। अंगरेज युवक सर्द

कम हो चले थे। उन्हें हिन्दुस्तानियों को अफसर बनाने का खतरा उठाना पड़ा। उनका, वे समझ रहे थे, हिन्दुस्तान पर चाँद सूरज तक आधिपत्य बनाये रखने का सपना जल्दी ही मिट जायेगा। आशा मगर मिटती नहीं। वे अपने हथकण्डे साध रहे थे। महाकाल उन पर मन ही मन अट्टहास कर रहा था।

केडेट रणजीत बैनर्जी को मिस आइरिश बहुत चाहती थीं। मिस आइरिश विवाहित महिला थीं। उनके पति स्टैनले जोन्स् आयरलैण्ड के उस भाग के रहने वाले थे जो अंगरेजों के अधीन था। पति-पत्नी दोनों जबरिया स्कीम में आये थे। मिस्टर स्टैनले जोन्स एल आमीन की लड़ाई में जर्मनों द्वारा गिरफ्तार कर युद्धबन्दी बना दिए गये थे। पत्नी मिस आइरिश बंगलोर में अंगरेज महिला परिचारिका सेवा की अध्यक्ष थीं। मिस आइरिश नारी स्वातंत्र्य की कट्टर पक्षपाती थीं। वे कभी श्रीमती जोन्स कहलाना पसन्द नहीं करती थीं। इसे वे बहुत बुरा मानती थीं क्योंकि इस प्रक्रिया में पुरुष ने नारी को अपने अधीन बिठा रखा था। नारी और नर एक ही धुरी पर चलने वाले दो पहिए हैं जिनमें दोनों एक दूसरे के बराबर हैं—यह इनका अडिग विश्वास था।

वे दोनों आयरलैंड के साथ-साथ संसार के सभी पराधीन राष्ट्रों की आजादी के समर्थक थे। मित्र राष्ट्रों के पक्ष में वे पूरी ईमानदारी से थे क्योंकि उनके आदर्श देश रूस को धुरी राष्ट्रों से खतरा उत्पन्न हो गया था।

साम्यवादी विचारधारा के केडेट रणजीत बैनर्जी से मिस आइरिश का सामंजस्य केवल रूस के कारण नहीं था। किसी नृत्य समारोह में मिस आइरिश केडेट रणजीत बैनर्जी के शरीर की उष्मा से पिघल गयी थीं। वह उसकी ओर झुकीं। मिस आइरिश शारीरिक प्रेम को मानव का स्वाभाविक गुण मानती थीं। सिद्धान्त रूप में इसे बुरा कदापि नहीं माना जा सकता था। संयम की वह जरूर पक्षपाती थीं। वासना जनित प्रेम पशु प्रवृत्ति का द्योतक न होकर मानवोचित हो, यह उनका विचार था। इस तरह यह नारी पुरुष सबके लिए कल्याणकारी होगा।

हिन्दुस्तान की हृदयद्रावक गरीबी और उससे उत्पन्न अनैतिकता को देखकर मिस आइरिश अंगरेजों को बुरी तरह कोसा करती थीं। उनका कहना था कि दो सौ साल में जब अंगरेज यहाँ की हालत को इतना बुरा बना दिए तो उन्हें एक दिन भी यहाँ टिकने का नैतिक अधिकार नहीं। शासन का ध्येय लोक कल्याण की सर्वांगीण व्यवस्था है। अपने झण्डे को ऊँचा फहराते रहना या कुर्सी से देश की प्रतिष्ठा को बेंच कर चिपके रहने का नाम सरकार नहीं। उन्होंने बातचीत में रणजीत से कहा था,—"जुल्म की भी सीमा होती है। हिन्दुस्तानियों के दिन फिरेंगे। हिन्दुस्तान स्वतंत्र होगा, महान होगा।"

रणजीत बैनर्जी का मिस आइरिश से सम्पर्क प्रधान रूप से मनोरंजन के लिए ही था। उनके नारी स्वातन्त्र्य विषयक विचारों की वह प्रशंसा भी करता था। वह रौली क्राउडेन की ओर झुका था। रौली क्राउडेन द्वारा ठाकुर का मन अपने

वश मे करना चाहती थी ।

उनका राजनैतिक, सामाजिक, युद्ध जनित वाद-विवाद प्रेम के त्रिकोण के इर्द-गिर्द-उभरता था। वाद विवाद शारीरिक आकर्षण की उष्मा को शान्त करने की मात्र सीढी था। केडेट असलम और सुन्दरी पत्रिकर संघर्ष के ऊपर थे। असलम अपनी भूख मिटाने के लिए सुन्दरी को मूल्य चुकाता था। उसने सुन्दरी को इस्लाम के मुताह विवाह पद्धति को समझाया था। वह विवाह कुछ घण्टों, रात भर या किसी निर्धारित समय के लिए हो सकता था। इस तरह शरीर का भोग अनैतिक न होकर धर्मसम्मत हो जाता है।

सुन्दरी ने हस कर असलम से कहा,—"जैसे हमारे मत का गधर्व विवाह।"

अगरेजो की नीति हिन्दुस्तानी केडेटों को इतना बेफिक्र और मनोरजन का अभ्यस्त बना देने की थी कि उन्हे सोचने समझने का अवसर ही न मिले या कम से कम मिले। लेकिन उच्चशिक्षित केडेटो को हिन्दुस्तान की आजादी का सवाल सर्वोपरि महत्व का था। अगर स्वदेश आजाद नही होता तो मित्र और धुरी राष्ट्रों के बीच अन्तर ही क्या माना जाय ? अगरेज हिन्दुस्तान की आजादी के विरुद्ध थे। इसे चर्चिल ने बिलकुल साफ कर दिया था। आगे के लिए वे कोई वचन देना नही चाहते थे न उनके वचनों का विश्वास किया जा सकता था। पहले विश्व युद्ध मे भी तो उन्होने वचन दिया था। युद्ध की समाप्ति पर उसे कितनी आसानी से भूल गये।

कुमारी अतिया दास ने केडेट ठाकुर से कहा था,—"इस बार हमे धोखा नही खाना है।" आगे कहा था,—"जयचंद और मीर जाफर भी हमी मे से होते हैं।"

"क्या मतलब ?"—ठाकुर ने अचकचा कर पूछा था।

"रजी के रंगढंग दोगलो के से हैं।"

ठाकुर को यह हैरानी थी कि अतिया दास को रजी के दोगला होने की खबर कैसे लगी ? उसके मन का असमंजस समझ कर अतिया दास ने कहा,—"रजी के बारे मे दीदी सब कुछ बता गयी। हमें सावधानी बर्तनी चाहिए।"

ठाकुर सावधानी के पक्ष मे था। हैरानी उसे इसकी थी कि रजी ही नही हिन्दू जाति से धर्म-परिवर्तन कर आये हुए सभी मुसलमान हिन्दुओ से खार खाते हैं। क्या ऐसा अगरेजो की कूटनीति के कारण सम्भव हुआ या इसका कोई दूसरा कारण है ?

अतिया दास ने उसके मन के भावों को फिर सूंघ लिया। उन्होंने कहा,—"जिन्ना का दादा हिन्दू था। उसकी बीवी पारसी थी। वह स्वयं बड़ा भारी देशभक्त था। जाने कैसे इतना बदला ? अब वह हिन्दू और मुसलमानो को दो राष्ट्र बताता है। क्या पारसी भी अलग राष्ट्र हैं ?"

ठाकुर विद्यार्थी जीवन से ही उग्र राष्ट्रवादी था। एक दिन नृत्य में रजी सुन्दरी पत्रिकर के साथ मिल गया। उसने सुन्दरी का परिचय कराते हुए कहा,—

मैं आज इनसे रात भर के लिए मुताह करने वाला हूँ।"

"मुताह नहीं, गंधर्व विवाह।"—सुन्दरी पन्निकर ने हँस कर कहा।

ठाकुर का मन रो उठा। उसने सुन्दरी से कहा,—"सुदूर पूरब के आकाश से हिन्दुस्तान के आजादी की दुंदुभि बजने लगी है।"

रज़ी ने अब हैरानी को बिना छिपाये पूछा,—"क्या मतलब ?"

"हम स्वतंत्र होकर चाहे मुताह करें या गंधर्व विवाह। पहले स्वतंत्र होना है। उसकी हमको, आपको, सबको, जम कर तैयारी करनी है।"

मिस अतिया दास के नाच घर में आज विदायी की दावत थी। ठाकुर और उसके साथियों का प्रशिक्षण समाप्त हो गया था। उन्हें सेकंड लेफ्टिनेंट का एक तारा प्रदान कर दिया गया था। वे इस तरह इंगलैण्ड के बादशाह द्वारा सीधे नियुक्त अफसर बन गये थे।

मिस अतिया ठाकुर के वियोग को सोच कर दुःखी थीं। उन्होंने शानदार पार्टी दी। उस पार्टी में रणजीत बैनर्जी मिस आयरिश के साथ आया, रज़ी अपनी किसी युवती नाचवाली मित्र को लाया, असलम सुन्दरी को न लाकर रौली के संग आया और मोहम्मद सर्वर मौली के संग। शराब के दौर भरपूर चले, अच्छा से अच्छा मुगलिया डिनर खाया गया और विशेष पंजाबी धुनों पर बाल नृत्य हुआ।

रौली को देख कर ठाकुर के दिल में कोई भाव नहीं जागे। वह अतिया दास के प्रत्याशित वियोग की कल्पना से भरा था। नृत्य जब जवानी पर आया तब मिस अतिया दास और ठाकुर एक सुरक्षित कक्ष में चले गये। वहाँ से वे दूसरे सबेरे ही बाहर निकले। दूसरे नये अफसर भी आधीरात तक डांस हाल छोड़ अपनी-अपनी प्रेमिकाओं के संग उनके निवास या होटल के सुरक्षित कमरों में बंगलोर की अपनी अन्तिम रात बिताने चले गये। डांस हाल में भी रतजगा रहा और सुरक्षित कक्षों में भी।

नये अफसरों को अपनी पल्टन में कार्य भार संभालने के पहले एक महीने की छुट्टी मिलती थी। मिस अतिया दास की सलाह पर ठाकुर ने सीधे अपनी पल्टन में योगदान करने का निश्चय किया। बंगलोर के अपने स्केटिंग रिंक और नाच घर को छोड़ना मिस दास के लिए आसान नहीं था। वह अपने मैनेजर गुंडापा वासुदेवन को अपना कार्य भार सौंप ठाकुर को उसके गन्तव्य तक पहुँचाने आयीं।

अनबँटे हिन्दुस्तान में रेलवे लाइन मारी इंडस के स्टेशन पर सिन्ध नदी का चौड़ा पाट पार करती थी। उसके बाद लाइन बन्नू तक गयी थी। बन्नू रेल का उस क्षेत्र में आखिरी स्टेशन था। बन्नू भारी छावनी थी। अधिकतर फौजें वहाँ कबीले इलाके में जाती थीं या उधर से आती थीं। लेफ्टिनेंट ठाकुर की पल्टन रजमक छावनी में थी। उसे वहीं पहुँच कर अपनी पल्टन में योगदान करना था।

कुमारी अतिया दास और ठाकुर दो शायिकाओ के सुरक्षित कूपे मे ऐस [illegible] किये जैसे मधुचन्द्रिका मनाने वाले हंसो के जोड़े दृश्य जगत से बिलकुल अनभिज्ञ एक दूसरे में लीन रहते है। प्रेम और विवाह पर उनमे सामंजस्य स्थापित हो चुका था। दीदी की सीख को मान स्वदेश के स्वतंत्र होने तक उन्हे विवाह के बन्धन मे नही पडना था। प्रेम की भूख मिटाने से, जब तक वह किसी प्रकार का भार न बन जाय, उन्हें कोई विरोध नही था। यह जीवन का एक प्रबल आकर्षण था। उसे अस्वीकार किया ही नही जा सकता था।

ठाकुर ने जाने क्यो एक रात कुमारी दास से पूछा,—"प्रेम क्या स्थायी नही होता ?"

"इस संसार मे स्थायी क्या है ? बन्धन का यत्नणापूर्ण स्थायित्व तो [illegible] हो ही नही सकता।"

दार्शनिकता के पुट से भरा उत्तर ठाकुर पूरी तरह समझ नही सका। इतना उसने जरूर समझा कि प्रेम की भावना विशेष जब तक जागरूक है तब तक उसका पूरा-पूरा सदुपयोग किया जाय। निस्सन्देह सुरक्षित कूपे मे अपने समय का उन्होंने पूरा पूरा सदुपयोग किया। दुनिया की ईर्षालु नजरे उन पर उठे नही इसलिए [illegible] यात्रा में अपने डब्बे की खिडकियों को उन्होने बन्द ही रखा।

मारी इडम पर बन्नू के रेल मे दो शायिकाओ वाला [illegible] एक सहयात्री उनके डब्बे मे आ चढा। मिस दास ने उनका परिचय कराया — ये बन्नू के केवल सहगल है। रजमक मे इनका प्रेम है। ये हमारे [illegible] हैं

ठाकुर ने केवल सहगल पर अब सहृदयता से ध्यान दिया।

बन्नू मे ठाकुर ने फौजी मेस मे सामान रखा। [illegible] के बंगले मे। वह रात ठाकुर और कुमारी अतिया दास के लिए [illegible] वहाँ गन्धमादन प्रवहमान था। दूसरे दिन कुमारी दास जब ठाकुर से विदाई का आलिंगन कर बंगलोर की वापसी यात्रा पर रवाना हुई [illegible] वैसी ही ऐश्वर्य गरिमा मे उसी दिन ठाकुर फौजी [illegible] के लिए रवाना हुआ।

बन्नू से सूखी—हरियाली विहीन—[illegible] पर्वतो की चोटियो पर सुरक्षा चौकियों की [illegible] (चौकी) [illegible] गमन के लिए खुलता था। [illegible] फौजी रसद, माल, हर्बा हथियारों की आपूर्ति और [illegible] का ही आना जाना होता था। [illegible] कभी लागू ही नहीं हो सका। अंग्रेजों ने वहाँ [illegible] एजेन्सियाँ स्थापित की। वे राजनैतिक [illegible] घनिष्ट सम्बन्ध होता था। [illegible]

धनराशि एक प्रकार के घूस में दिया करते थे। कबीलों से सम्पर्क का उनका जरिया ख़ासेदारों के द्वारा था जो अंगरेजी सरकार से काफी मोटी तनख्वाह पाते थे।

कुमारी अतिया दास ने 'जार्ज' नामक ख़ासेदार का ठाकुर से जिक्र किया था और कहा था,—"एक महत्वपूर्ण काम में जार्ज सहयोग करेगा।"

रजमक सही सलामत पहुँचकर ठाकुर ने अपनी पल्टन में रिपोर्ट किया। उसकी पल्टन का कमांडिंग अफसर डिम्सी नाम का एक अंगरेज था। उसने ठाकुर को पहली ही भेंट में बताया,—"कबीलों के संग सावधानी जरूरी है। वे हम लोगों को इस क्षेत्र में रहने नहीं देना चाहते हैं। मौका पाते ही हम पर आक्रमण करते हैं। उनसे मिलना जुलना भी खतरनाक है। वैसे वे अतिथि सत्कार जानते हैं और बात के धनी हैं।"

रजमक गज़नी से कौवे की उड़ान के रास्ते से पहाड़ों के ऊपर-ऊपर तीस मील से कम दूरी पर था। भारतीय इतिहास में गजनी का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ठाकुर कितना चाहता था कि उन कबीलों से जिनका छोर गजनी तक फैला था वह मिले-जुले, उनसे परिचय प्रेम बढ़ाये। सत्तावन की क्रान्ति के बाद से ही अंगरेज वहाँ डर कर रहते थे। नागरिकों से उनका परस्पर और सामाजिक व्यवहार नहीं के बराबर हो गया था। रजमक में भी छावनी की चहार दीवारी के बाहर कोई न घूमने जा सकता था न घुड़सवारी के लिए। बाहर जाना अस्त्र-शस्त्रों से लैस फौजी सुरक्षा में सामूहिक रूप से ही सम्भव था। ठाकुर इसलिए चिन्तित था कि अतिया दास ने एक गोपनीय काम उसे सौंपा था। उसे करने का कोई उपाय नहीं दिखायी पड़ रहा था। वह उस काम को जानता भी कहाँ था ?

कैप्टन धवन उसकी पल्टन में थे। वह बन्नू के रहने वाले थे और केवल सहगल के करीबी रिश्तेदार थे। एक दिन केवल सहगल ने आठ दस दुकानों की बहुत छोटी छावनी बाजार में स्थित अपने प्रेस में कैप्टन धवन के साथ ठाकुर को हिन्दुस्तानी खाने पर निमंत्रण किया। फौज के अफसरों के मेस में आदेश होने पर भी हिन्दुस्तानी खाना अपवाद स्वरूप ही पकता था। वह सुस्वादु कदापि नहीं होता था।

ठाकुर दावत में गया। वहाँ उसकी भेंट ख़ासेदार जार्ज से हुई। जार्ज का असली नाम अरबाब गुलज़ार खाँ था। अंगरेज उसकी अलमस्ती पसन्द करते थे और मित्र भाव से उसे जार्ज कह कर पुकारते थे।

ठाकुर का परिचय पाते ही जार्ज ने पूछा,—"आप छुट्टी जाने वाले हैं ?"

ठाकुर आश्चर्य से भर आया। अपनी पल्टन में योगदान की रिपोर्ट कर के ही वह महीने भर की छुट्टी पर जो उसे देय थी, जाना चाहता था। कुमारी अतिया ने यही योजना बनायी थी। जार्ज से ठाकुर ने कहा,—"जल्दी से जल्दी जाना चाहता हूँ।"

अगले महीने की तेरह तारीख को रास्ता खुलेगा। उस दिन बन्नू तक मैं भी चलूंगा। अगर आप उस दिन जायं तो मैं अपने सामान के साथ आपकी ट्रक में ही चलूंगा।" ठाकुर समझ कर हंसा और बोला,—"ठीक।"

तेरह तारीख को उसकी पल्टन के दस बारह जवान छुट्टी जा रहे थे। ठाकुर को पल्टन की ही ट्रक मिल गयी। जार्ज छावनी की [illegible] सामान के बक्सों के साथ खड़ा था। ट्रक में सामान लादा गया। जार्ज भी बैठा। ट्रक बन्नू की ओर रवाना हुई।

रजमक से पहला पड़ाव दमदेल पड़ता था। वहां से कुछ [illegible] ट्रकों पर पहाड़ों की चोटियों से पठानों ने [illegible] सब लोग बचाव के लिए पत्थरों की आड़ में [illegible] उधर जिधर से पठान गोलाबारी कर रहे थे [illegible] कर दिया। पास ही पठानों का एक [illegible] घरों का गांव जिसके निवासी [illegible] करते थे। उन पर दो हवाई जहाज [illegible] जहाजों ने गांव पर गोले बरसाये। [illegible] मान में दिखायी पड़ने लगीं।

ठाकुर भर आया। [illegible] जार्ज ने उसका भाव समझ कर कहा,—"[illegible] सर्व साधारण को अपना विरोधी बनाते हैं।"

"छुट्टी पर जाने वाले सैनिकों पर भी [illegible] नहीं ?"—ठाकुर ने पूछ लिया।

"आज गोलियों की वरषा इसलिए हुई कि [illegible] के जवान और अफसर जा रहे थे। [illegible] कर पाता।"

ठाकुर ने जार्ज की ओर गर्व से देखा। [illegible] ठाकुर के ट्रक के लोगों या सामान पर [illegible] चला कि चार फिरंगी सैनिक मर गये थे और [illegible]

काफिला को बन्नू पहुंचने में फिर किसी विरोध का [illegible] बन्नू मेस में जार्ज ने ठाकुर का हाथ अपने हाथ में लेकर [illegible] कहने की कोशिश की। ठाकुर उस इशारे को समझता नहीं था। [illegible] —"परसों लाहौर स्टेशन पर मैं मिलूंगा। वहीं से मुझे [illegible] भेजना है जो मुगल सराय से आते हैं।"

जार्ज उसके ट्रक से कहीं चला गया।

ठाकुर के पास अचानक कहीं से टेलीफोन आया,—"आपकी [illegible] में आज की तारीख के लिए सुरक्षित है।"

ठाकुर ने दूसरे दिन के लिए शायिका की माँग की थी। वह बहुत हैरान नहीं हुआ। वह उसी रात बन्नू से लाहौर के लिए रवाना हो गया।

लाहौर में जार्ज और ठाकुर मिले। जार्ज ने बताया,—"सामान रवाना हो गया। मैं वापस जा रहा हूँ। स्तरीमाशे–आपकी सेहत अच्छी रहे।"

"ख़ारमाशे"—आपकी भी सेहत बहुत अच्छी रहे—" कहते हुए ठाकुर ने हार्दिकता के स्नेह पुलक से जार्ज का हाथ हिलाया।

छुट्टी मनाने के लिए लाहौर जैसी सुन्दर जगह दूसरी कम थीं। ठाकुर लाहौर की रंगीनी को देखना भी चाहता था। वह रुक नहीं सका। उसी शाम वह दिल्ली के लिए चल पड़ा। दिल्ली से तीसरी शाम इलाहाबाद।

संगम से सरस्वती के लुप्त हो जाने पर भी इलाहाबाद शान्ति प्रिय नगर ही रहा। माघ के महीने में सूर्य के मकर राशि में आने पर यहाँ तीर्थयात्रियों की भीड़ का कोलाहल जरूर सुनायी पड़ता है। वह कोलाहल भी अशान्ति का प्रतीक नहीं होता। अशान्ति इस बात से भी नहीं मचती कि आधुनिक काल में श्वेत धारा प्रायः छिछली हो गयी है और श्याम गहरी। शायद श्याम धारा की गहराई उन गद्दारों की प्रतीक है जो स्वदेश के विरुद्ध अंगरेजों की मदद करके आज तीन चौथाई इलाहाबाद के मालिक हैं और चाँदी के बल पर समाज का शिरमौर होने का दावा करते हैं। ऐसे ही एक चमक-दमक वाले युवक से ठाकुर की दिल्ली से इलाहाबाद की यात्रा में भेंट हो गयी। वह युवक वकालत का पेशा करते थे और अंगरेजी खान पान, रीति रिवाज़ के इतने आदी थे कि रेल की सफर में उन्होंने ठाकुर से कई बार कहा,—"लेफ्टिनेंट, यह मुल्क रहने के योग्य नहीं। यहाँ कितनी धूल है।"

"हिन्दुस्तान गरम देश है।"

"मैं ईश्वर को मुझे यहाँ पैदा करने के लिए क्षमा नहीं कर सकता। मेरे संस्कार विलायती हैं। वहीं मैं जाकर बसूंगा। मैं इस देश से, यहाँ के लोगों से, हृदय से घृणा करता हूँ।"

ऐसा जन्तु ठाकुर ने पहले कहीं नहीं देखा था। इसे तो अजायब घर में रखना चाहिए—सोचते हुए उसने छिपी आँखों से उसके चेहरे मोहरे को देखा। छोटा कद, गोरा रंग, चेहरे पर छोटी जनखों की सी पेशानी, किंचित भूरी आँखें, कुटिल मुस्कान वाले होठों में सिगार—युवक का व्यक्तित्व उसके विचारों के अनुरूप ही गद्दार का-सा था।

ठाकुर को क्षण भर के लिए उसके प्रति घोर घृणा उमड़ी। तब तक उसने कहा,—"लेफ्टिनेंट, कल रात का खाना आप मेरे साथ खायें। शुद्ध अंगरेजी खाना, स्काटलैंड की ह्विस्की और मनमोहक सुन्दरियों का साथ। इलाहाबाद में किसी दूसरी जगह यह नहीं मिल सकता।"

युवक ने ठाकुर को अपना कार्ड दिया,—"जी० मल, बी० ए०; एल० एल० बी०।"

नाम के जी० को पढ़कर ठाकुर ने दावत में आना स्वीकार कर लिया। मन

ही मन वह हंसता रहा कि मां बाप ने कितना सही नाम रखा गोबर मल।

इलाहाबाद स्टेशन पर विदा लेने के पहले मिस्टर मल ने पूछा,—"आप यहाँ कहाँ ठहरेंगे ?"

"डीन्स होटल मे।"

"यहाँ का सबसे अच्छा अंगरेजी होटल है। मैं आपसे मिलने आऊँगा। क्या मिस डीनूस से मेरी भेंट करा सकेंगे।"

"उस बुढिया से मिल कर आप क्या करेंगे।"—ठाकुर ने अचरज से पूछा।

"ऐसा नही कहते। वह शासकों की जाति है।"

ठाकुर आगे रुक नही सका। वह चलता बना। मिस्टर जी० मल को [illegible] लगा कि उनसे कोई भूल हो गयी है। भूल क्या हुई, यह वह नही समझ सके।

होटल मे ठाकुर अपने एक परिचित से कह रहा था,—'श्री गोबर मल इतना बडा चमन चू० है कि उसकी दावत मे जाने से महीने भर तक दूसरे [illegible] मनोरंजन की जरूरत ही नही पडेगी।"

वह दावत मे आया। डिनर जैकेट और बो में मिस्टर मल [illegible] उन्होने लेफ्टिनेंट ठाकुर का ऐसा पुरजोर स्वागत किया जैसे उन्हें [illegible] मिल गये हैं। बाद मे ठाकुर को पता चला कि वह पहला लेफ्टिनेंट [illegible] दावत में शामिल हुआ। अतिथियो मे एक थी दर्मा दे जो [illegible] मछली और अंडा पहुँचाने के ठेकेदार थे। एक श्रीमती बैनर्जी [illegible] एक शिष्ट, सयत सुन्दर युवती थी।

सफेद चमकती अचकन पर जरीदार बेल्ट और [illegible] मिस्टर मल के कोयले से काले बैरे ने अतिथियों को ह्विस्की [illegible] सुन्दर युवती के अतिरिक्त सबने ह्विस्की लिया।

मिस्टर मल ने पहली चुस्की के बाद कहा,—'[illegible] इस्लाम की कट्टर पाबन्द हैं। वह पर्दा करती हैं। [illegible] करायें।"

मिस्टर जी० मल ने कुछ इस अन्दाज मे कहा कि ठाकुर [illegible] साथ चलने के सिवा दूसरा चारा न रहा। भीतर के एक कमरे में [illegible] मुस्लिम मित्र बनी ठनी ठाकुर का इन्तजार कर रही थी। [illegible] साफ ही पेशेवर थी। ठाकुर वितृष्णा मे भर आया। [illegible] पर उसने दाद देने की औपचारिकता जरूर निभायी।

वह बाहर चला आया। मिस्टर मल कुछ देर के [illegible] आये। ह्विस्की का दौर सुरूर पर था। बातचीत [illegible] ने कहा—"गांधी का हर आन्दोलन जैसे फेल हुआ [illegible] होंगे। अंगरेज वह शक्ति है जिसके राज में सूरज नहीं डूबता [illegible] डूबेगा। वह न हिन्दुस्तान छोड़ेगा, न उसे छोड़ना चाहिए।"

वर्मा ने चुहल किया,—"क्यों नहीं ?"

"उनका खाना देखिए, पहनावा देखिये, रहना देखिये । वे हमें सदियों जीना सिखायेंगे ।"

"वह सब जगह हार पर हार खा रहे हैं ।"—श्रीमती बैनर्जी ने कहा । वह भी विलायत हो आयी थीं जहाँ से वह नारी स्वातंत्र्य के गुण सीख आयी थीं । खुल कर शराब, सिगरेट पीती थीं, खुलकर छोटे बड़े शिकार करती थीं ।

श्री वर्मा ने बात मोड़ी,—' नेहरू ऐसा कुछ नहीं करना चाहते जिससे मित्र राष्ट्र कमजोर पड़ें ।"

ठाकुर सावधान था । उसने फिर भी पूछा,—"इंग्लैण्ड, लड़ाई के बाद भी, भारत की स्वतंत्रता स्वीकार क्यों नहीं कर लेता ?"

मिस्टर जी० मल चिल्ला कर बोल पड़े,–"नहीं-नहीं लेफ्टिनेंट, हिन्दुस्तान स्वतंत्र होने के योग्य नहीं और न सदियों तक होगा । हम बाल डांस भी करना नहीं जानते ।'

"जापान आगे बढ़ रहा है, भाई साहब"—श्रीमती बैनर्जी ने नशे की झोंक में याद दिलाया ।

"अंगरेज हिन्दुस्तान कभी नहीं खोयेगा । जापानियों को वह ऐसा सबक सिखायेगा जिसे वह कभी भूलेंगे नहीं ।"

मिस्टर वर्मा तमक कर बोले,—"हम जापानियों की गुलामी से अंगरेजों की गुलामी कहीं अच्छी मानते हैं । महात्मा गाँधी अगर पाकिस्तान की माँग मान लेते तो कांग्रेस और लीग मिल कर हिन्दुस्तान की सरकार चलाते ।"

"अंगरेज फिर नया रोड़ा अटकाते ।"—ठाकुर ने और कुछ नहीं कहा । वह सोच रहा था कि संयुक्त प्रदेश के मुसलमान जिन्ना के दो राष्ट्र के जाल में फँस गये हैं । क्या बनेगा इस देश का ? तब तक मिस्टर मल के बेयरे ने आकर एलान किया,—"सूप मेज पर है ।"

सब गिलास की ह्विस्की समाप्त कर खाने की मेज पर आये । पास ही हाथ धोने का बेसिन था । ठाकुर हाथ धो रहा था कि श्रीमती बैनर्जी के संग आयी युवती ने पास आकर धीरे से कहा,—"कल सवेरे दस बजे प्लाजा में दीदी आपका इन्तजार करेंगी ।"

ठाकुर का नशा हिरन हो गया । उसे अपना दायित्व याद आया । सन्देश पर वह चकित कम और प्रसन्न अधिक हुआ । उस शिष्ट सुन्दरी को वह रह-रह कर देखता रहा ।

खाना उत्तम था, ह्विस्की के सुरूर में प्रेम से खाया गया । खाने का आखिरी 'कोर्स' जब खत्म हो गया तब मिस्टर मल के बेयरे ने सबकी गिलासों में शेरी भरा । मिस्टर मल ने बादशाह सलामत के सेहत का जाम पीने का (टोस्ट) प्रस्ताव किया । सब ने शुभकामना का जाम खड़े होकर पिया । अब धूम्रपान हो सकता था । मिस्टर मल ने ठाकुर को एक बर्मीज चुरुट देना चाहा । उसने सधन्यवाद

अस्वीकार कर दिया।

लेफ्टिनेंट ठाकुर उस रात प्रेम से सोया। सोने के पहले वह यह सोचता रहा कि अंगरेजों ने हिन्दुस्तान मे गद्दारो के जरिए विष की वेलि को जीवन के हर भाग मे कितनी व्यापकता से फैला रखा है। निजी जीवन मे भी गद्दार अंगरेजों की नकल कर अंगरेज ही बनने की कोशिश करते है—काला अंगरेज या एंग्लो इंडियन क्योंकि अपना वर्ण वे बदल नही सकते। पराधीन देश की ऊँची संस्कृति इसी तरह मटियामेट की जाती है।

सवेरे ख्वाजा मे दीदी मिली। उन्होने बताया,—"सामान मिर्जा मुराद सुरक्षित पहुँच गया। सामान की माँग बहुत बढ़ गयी है फकीर इपी मे अधिकाधिक सामान जल्दी प्राप्त करने की कोशिश हो रही है। वह मिलेगा मगर उसे सही सलामत पहुँचना आप लोगों का काम है।"

"सामान मे किसी प्रकार का नुकसान तो नही हुआ।"—ठाकुर ने ऐसे ही पूछ लिया।

"एकाध स्टेन गनो पर दाव पड गया है। अधिक मरम्मत नही करनी पड़ेगी। गोलियाँ कम थी। बहुत अधिक चाहिए।"

हाल खुल गया। वे अन्दर प्रवेश किए। दीदी कहीं अलग बैठी। ठाकुर और सुन्दरी साथ बैठकर सिनेमा देखे। उस सुन्दरी ने मध्यान्तर मे जी० मल की चर्चा पर बताया,—"उनका परिवार गद्दारो का वह परिवार है जिसने जेनरल किड की फौजो को हर रसद पहुँचाया, औरत भी। उसी जेनरल किड के नाम पर किडगंज मुहल्ला बसा जो अब कीटगंज कहलाता है।

उस दिन ठाकुर के मन मे देश की आजादी के संघर्ष का नक्शा साफ-साफ उतर आया। देश के अन्दर गांधी जी का जन-जागरण, क्रान्तिकारियों की सरगर्मियाँ, बाहर से आजाद हिन्द फौज की चुनौती—गद्दार मिट जायेंगे, स्वदेश आजाद होगा। बाहर भीतर की कड़ी कौन बनेगा? ठाकुर के मन मे यह सवाल उठा। सवाल का जवाब नहीं मिला। वह बीयर पीने होटल के लाउज मे पहुँचा। वहाँ किसी पत्रिका मे जे० पी० की तस्वीर छपी थी—भाव प्रवण, प्रशस्त ललाट, चश्मे के भीतर बड़ी-बड़ी विचाराकुल आँखें। क्या जे० पी० वह कड़ी बनेंगे? वह बीयर मंगा कर पीता रहा और सोचता रहा।

ठाकुर को उसके होटल मे शिप्ट सुन्दरी आकर अपने घर लिवा गयी। वहाँ दीदी आई। रात के खाने पर उसकी दीदी से गम्भीर मंत्रणा हुई। उस मंत्रणा से उसकी आँखो मे नयी किरण फूटी।

●

१०

जापानियों के वर्मा में घुसते ही अंगरेजी शासन ने हिन्दुस्तानी और हिन्दुस्तानी मूलक निवासियों को वर्मा छोड़ जाने को विवश किया। वे मलाया की पुनरावृत्ति, जहाँ सभी हिन्दुस्तानी आज़ाद हिन्द फौज में सम्मिलित हो गये थे, बचाना चाहते थे। हिन्दुस्तानी मरते खपते, जंगल पहाड़ लांघते, जल थल मार्ग से भारतभूमि की ओर भागे। अंगरेजी फौजें भी पीछे हटने लगीं। हिन्दुस्तान के पूर्वी महानगर कलकत्ता में इससे खलवली मची। पूँजीपति वनिये कलकत्ता छोड़कर अपने व्यापार समेत भागने लगे। अप्रत्याशित रूप से जापान ने इसमें मदद कर दी। जापान का एक टोह लेने वाला हवाई जहाज कलकत्ता के आसमान में उड़ता दिखायी पड़ा। उसी दिन कलकत्ता मारवाड़ियों से खाली हो गया। अपनी-अपनी वड़ी-वड़ी कोठियों में ताला चाभी बन्द कर, भोजपुरिये दरवानों का वहाँ पहरा बिठा वे अपनी पितृभूमि राजस्थान की ओर दौड़े। कितनों ने राजस्थान देखा नहीं था। कितनों की वहाँ कोई विसात नहीं थी। मगर जान से ही जहान है।

वड़े-वड़े वंगाली और दूसरे पूँजीपति भी उत्तर भारत की ओर भाग रहे थे। अंगरेज व्यापारियों ने बम्बई और करांची का रास्ता पकड़ा। आसाम पहले से ही त्रस्त था। बंगाल का प्रभाव विहार पर भी बुरी तरह पड़ रहा था।

अंगरेजी सरकार हिन्दुस्तान में जम कर मोर्चा लेगी, यह अव विलकुल साफ था। चर्चिल अमेरिका को सक्रिय रूप से युद्ध में घसीट रहे थे। हिन्दुस्तान को बचाये रखने को वह अमेरिका को इंग्लैण्ड दे देने को तैयार थे।

अंगरेजी शासन भी बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो चला था। चोर बाजारी, तस्करी, लूट आदि के कारण मंहगायी आसमान छूने लग गयी थी। नेहरू जन साधारण की विपन्न दशा से घवड़ा उठे थे। उन्होंने एक वक्तव्य में यह कहा कि स्वतंत्र भारत में चोर वाजारिये और तस्कर सड़क के खम्भों से फाँसी पर लटकाये जायेंगे। (स्वतंत्र होने पर नेहरू के प्रधान मंत्रित्व काल में कितने तस्कर फाँसी पर लटकाये गये, यह इस कहानी का विषय नहीं !)

अंगरेजों को हिन्दुस्तानियों के सुख-दुःख से उनके राज के प्रारम्भ से ही कम वास्ता था। उन्हें ब्रिटिश झण्डे की सुरक्षा के अतिरिक्त किसी बात की चिन्ता नहीं थी। हिन्दुस्तान के घरेलू कुटीर उद्योगों को नष्ट कर वे लंकाशायर और मैनचेस्टर के मिलों को वड़ा वना ही चुके थे। आज युद्ध के विकराल राक्षस के सुरसा-मुख से उन्हें

साम्राज्य को बचाने की पड़ी थी। उन्होने एक ओर अमेरिका को अपना आका स्वीकार कर उन्हे युद्ध का नेतृत्व सौपने की चाल चली दूसरी ओर दुभिक्ष पीड़ित भारत मे फौज की भर्ती तेज की।

लेफ्टिनेंट रज़ी अपने जन्मजात संस्कारो के कारण विशेष प्रतिभा सम्पन्न थे। उनसे अधिक कुशल सम्पर्क अधिकारी अंगरेजो को कहाँ मिलता। वे बगलोर से लखनऊ कमाड मे नियुक्त हुए और अपने क्षेत्र संयुक्त प्रदेश के पूर्वी इलाके में भर्ती को तेजतम कराने का उनको दायित्व मिला।

गंगा के कटाव के कारण भोजपुरिया क्षेत्र की दारुण गरीबी इतिहास मे प्रसिद्ध रही है। बनारस और दीनापुर क्षेत्र में दुर्भिक्ष के बाद भी भर्ती अच्छी नही चल रही थी। लेफ्टिनेंट रज़ी इस सवाल का हल ढूढने बनारस आये।

बनारस मे वह फौजी ठिकानो या अंगरेजी होटल मे न ठहर कर ग्रान्ड होटल मे ठहरे। यह होटल तब उनकी मा की किसी सहेली की सम्पत्ति था। वहाँ के मैनेजर उनके पिता के खानदान के थे।

बनारस मे टामस ने उनसे विदीर्ण का परिचय कराया और कहा,—"कवि जी के मेदे मे घाम भरा है। कब से किसी महिला प्रचारक अधिकारी को ढूंढ रहे है। वह इन्हे मिल ही नही रही है।"

"मिल जायगी।"—रज़ी ने सुकवि के नेहरे मोहरे पर उड़ती निगाह डालते हुए विश्वासपूर्वक कहा।

उस शाम लेफ्टिनेंट रज़ी सादे सूट मे ग्राड मे बाहर जाने को निकले। ग्राड होटल के मैनेजर *नरायण राय ने अगर रज़ी को कभी ऐरा गैरा समझा भी हो तो* अब वैसा सोचना सम्भव नही था। उन्होने उसे रोक कर कहा,—"म्या रज़ी, अब तो पूरे गोरे अफसर लगते हो। एक प्याला चाय पीने जाओ।"

"धन्यवाद, चाय कभी पी लूंगा।"—कहते हुए वह बाहर जाने को सीढियाँ उतरने लगा।

लेफ्टिनेंट रज़ी मण्डी की ओर न मुडकर सीधे चलते गये। ज्ञानवापी पर सीढियाँ उतर वे पूरब की एक सकरी अंधेरी गली मे घुसे।

गली के मुक्कड पर एक जनखे से आदमी ने बड़े अदब से उन्हे सलाम किया। रज़ी ने डाट कर उससे कहा,—"जाओ, अपना रास्ता नापो।"

उसने झुक कर दुबारा सलाम किया। बोला,—"सरकार लोगो से ही परवरिश है।"

रज़ी अपने ध्यान मे थे। सुनी अनसुनी कर वे चलते रहे। जनखा भी कुछ दूर पर उनके पीछे-पीछे चलता रहा।

गली अंधेरे में सांय-साय कर रही थी कि सामने ऊँचायी की सीढ़िया आ गयी। रज़ी अभ्यस्त की तरह सीढिया चढने लगा। ऊपर सीढी पर दो मुस्तंड साड

बेफिक्री से पसरे जुगाली भर रहे थे। जनखा तेज चल कर आगे आया और उसने रज़ी को आगाह किया,—"संभल कर, हुज़ूर।"

"अभी दफ़न नहीं हुआ। मैं बनारस को जानता हूँ।"

"सरकार, पेशावर से एक नयी बिजली चमकी है।"

"भाग जा।"—रज़ी ने गुस्से से उसे डांटा और एक गेरुआधारी साधू बाबा से टकराते-टकराते बचा।

दुनिया कहाँ से कहाँ पहुँच गयी। बनारस गलियों से ऊपर नहीं उठ सका,—सोचते हुए वह एक हवेली के पुराने मटमैले फाटक के सामने आकर खड़ा हुआ और उस पर दस्तक दी।

जनखा 'नवाब की ड्योढ़ी' बुदबुदाता हुआ भाग निकला।

दस्तक पर फाटक अंधेरे में खुला। सहन पार कर रज़ी एक बरामदे में पहुँचा जहाँ रौशनी जल रही थी। सामने ही जगमगाता कमरा था जिसमें एक अधेड़ उम्र की सम्भ्रान्त महिला हाथ में सुमिरिनी फेरते एक मौलवी साहब से उपदेश सुन रही थीं। मौलवी साहब बता रहे थे,—"हिन्दू और मुसलमान एक हो ही नहीं सकते। हमने हज़ार साल यहाँ राज किया है। ठीक है कि हमारे पूर्वज हिन्दू थे। उन्होंने जिस कारण भी हो इस्लाम अंगीकार किया। तबसे हम उसी के हैं। हम पाकिस्तान लेकर रहेंगे और उसके बाद भी हिन्दू काफिरों को चैन से नहीं रहने देंगे।"

"यह क्या बात हुई?"—अधेड़ महिला ने हैरानी से मौलवी साहब से पूछा।

लेफ्टिनेंट रज़ी ने भी मौलवी साहब की बात सुनी थी। वे मुसलिम लीग के कट्टर समर्थक थे। इतने आगे की उन्हें भी नहीं सूझी थी। वे हक्का-बक्का थे।

आहट पा वृद्ध महिला ने रज़ी की ओर देखा। रज़ी ने सलाम कर पूछा,—"मैं हाज़िर हो सकता हूँ।"

अधेड़ बेगम रज़ी को पहचान कर प्रसन्न हुई। बोलीं,—"जीते रहो, साहबज़ादे। आओ, यह मौलवी साहब हैं।" उन्होंने मौलवी साहब से रज़ी का परिचय कराया।

मौलवी साहब चौंक उठे थे। रज़ी के परिचय से आश्वस्त हुए। बोले,—"आप नौजवानों पर इस्लाम को इस महादेश में बनाये रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें पाकिस्तान लेकर रहना है। हिन्दुओं के बहुमत के अधीन रहने से नरक के अग्निकुंड में जल जाना बेहतर होगा।"

रज़ी ने पाकिस्तान कि यह कल्पना नहीं की थी। वह हिन्दू मुसलिम विभेदों का यह उग्र रूप समझ नहीं पाता था। उसने कहीं पढ़ा था कि कई देशों में पिता कोई धर्म मानता है, माता दूसरा और पुत्र तीसरा। धर्म व्यक्ति के अन्तरंग की बात है।

सामूहिक रूप मे सबका धर्म देश है—उसकी सुरक्षा, उसका सर्वांगीण विकास। मुसलमानो के समय में भी ऐसा ही रहा। अकबर का सेनापति हिन्दू था। शिवा जी का सेनापति मुसलमान था। पाकिस्तान बनेगा तो क्या हिन्दू वहाँ से निकाल दिये जायेंगे या जबरन मुसलमान बना लिए जायेंगे। तब हिन्दुस्तान मे क्या होगा ?

अधेड़ बेगम को भी मौलवी साहब की बात अच्छी नही लगी। उन्होंने मौलवी साहब से मुँह फेर कर रज़ी से पूछा,—"सुना, अफसर हो गये हो।"

रज़ी मुस्कुराया। बेगम ने मौलवी साहब से कहा,—"आप बगीचे के रास्ते से तशरीफ ले चलें। मैं खबर करूँगी।"

मौलवी साहब बेगम का मुह ताकते रह गये। पीछे के रास्ते से चले जाने के सिवा वे कर क्या सकते थे ?

मौलवी साहब ने शायद बेगम का बहुत समय बरबाद किया था। उनके जाते ही बेगम बोली,—"सुनो इनकी बातें। कहते हैं कि पाकिस्तान न बना तो पानीपत की चौथी लड़ाई यहीं के हिन्दू मुसलमानो के बीच होगी।"

"एक लडाई तो हो ही रही है। उसी मे नाचने गाने वालियो का दल तैयार करने के लिए मै यहां आया हूँ। यह सास्कृतिक दल होगा जो नाच, गान, नाटक से फौजियों का देश मे और सीमात पर मनोरंजन करेगा।"

"लड़ाई में औरतें कैसे जायेंगी"!—बेगम रज़ी की बात को समझ नही पा रही थी।

रज़ी ने बेतुके सवाल का जवाब न देकर दूसरी बात पूछी,—"नज्मा कहाँ है ?"

"नज्मा जिस स्कूल मे पढाती थी उसी के पडोस मे एक दर्जी मास्टर की दुकान है। दर्जी मास्टर अच्छा भला कमासुत नौजवान है। नज्मा ने तौबा कर उसी से निकाह कर लिया है।"

"मुझे एक वैसी ही पढ़ी-लिखी युवती चाहिए जो फौज म मनोरजन के लिए लडकियों के दल का सगठन कर सके।"

'फौज के नाम से हिन्दू तो चिढते ही है, मुसलमान भी नाक-भौं सिकोड़ते हैं। मुसलमानी बादशाहत को गोरो की फौज ही ने तो गारत किया।"

रज़ी ने नीति से काम लिया। एकाध सुशिक्षित वयस्क युवतियो से मिलाने का आग्रह किया। बेगम सोचती रही। उन्होंने आवाज लगायी,—"ओ बे चित-कबरा।"

एक मसखरा सा ऊल जलूल नौकर आ खडा हुआ। बेगम ने उससे कहा,—"बंगाल महाल होटल मे जा। उस दिन वाली सिमनी मिस साहब वहाँ होगी। उनसे कहना कि मैंने अभी बुलाया है।

चितकबरा चला गया। मालती सिमली नाम रज़ी के कानों में गूंजता रहा। वह अपना दिमाग कुरेद रहा था कि उसने यह नाम कहाँ सुना था?

बेगम को अब अतिथि सत्कार की याद आई। वे चाय पकौड़ी तैयार करने के लिए अन्दर ख़ानम से कह आईं। रज़ी से उन्होंने पूछा,—"आप तो बहुत पढ़े थे। आपने फौज की नौकरी क्यों की?"

बेगम अपने सवाल पर कुपित हुई। तब तक रज़ी ने जवाब दिया,—"आदमी का दाना पानी उसे जहाँ ले जाय?"

चाय आयी। सत्कार के निर्वाह के लिए रज़ी ने एक प्याला चाय लिया। चाय की चुश्की में वह सोच रहा था कि बेगम के 'हाउस का धंधा' ऊँचा है। कोई उसे भांप नहीं सकता। बनारस क्या दूर-दूर तक ऐसा ऊँचा 'हाउस' नहीं।

बेगम को शायद उसके मनोभावों का पता चल गया। बोलीं,—"अब जीवन बदल गया। मुन्ने मियां हैं, वह भी उम्र पूरा कर रहे हैं। उनके साथ ताल मेल बैठ गया है। अगले साल हज करने को कह रहे हैं।"

रज़ी को इससे सरोकार नहीं था कि बेगम क्या करती हैं। वह बदल जरूर गयी थीं। आदमी कितना जल्दी बदल जाता है।

चितकबरा लौटा। उसने कहा,—"वहीं बुलाया है।" बेगम उदास हुईं। रज़ी उठ खड़ा हुआ। चितकबरा उसे बंगाल महाल होटल पहुँचाने ले चला।

होटल के एक कमरे में लेफ्टिनेंट रज़ी और मालती सिमली की भेंट हुई। पहली दृष्टि का आकर्षण जिसे कहते है कुछ वैसा हुआ। मालती सिमली रज़ी को देखती रही, रज़ी मालती सिमली को। खानदानी तेवर ने खानदानी तेवर को पहचाना। रज़ी बोला,—"मैं ग्रैण्ड में ठहरा हूँ।"

मालती सिमली मैनेजर से बात करने गयीं। वहाँ से झटपट लौट कर रज़ी से बोलीं,—"चलिए, आपके होटल चलें।"

ग्रैण्ड के अपने कमरे में रज़ी ने मेज पर स्काच की बोतल और सोडा सजाया। स्काच तब भी बनारस में मिस क्लार्क के होटल में ही मिलती थी। मालती सिमली झूम उठीं। उन्होंने अपने रतनार नयनों से आभार प्रकट किया। पेशे से आये रज़ी ने पूछ लेना मुनासिब समझा,—"उजरत वुजरत की बात बेमानी है।"

"जी नहीं, जरूरी है।'—मालती सिमली ने अपने रतनार डोरों को नचाते हुए कहा।

"आसमान कितना ऊँचा है।"

"बहुत ऊँचा," मालती सिमली ने उठकर रज़ी को अपनी बाँहों में भरते हुए कहा,—"जीवन भर का सौदा है।"

रज़ी खुश हुआ। लौण्डिया कितनी भी चालाक हो उसकी बात मानेगी।

उसने मालती मिमली का दीर्घ चुम्बन लिया ।

ह्विस्की प्रेमोन्माद से पी गयी । उत्तम मुगलिया खाना खाया गया । कमरे में दूसरे पलंग की भी जरूरत नहीं पड़ी । रज़ी और मालती मिमली दोनों रात भर एक दूसरे में लीन रहे । दोनों अपने अपने ढंग से इसी जीवन के आदी थे ।

सवेरे देर से उठे । मालती मिमली पंजेगत अनुभव से मनुहार का जाल बिछा रही थी । रज़ी भी उन तौर तरीकों को जानता था । बोला,—"आज शाम फिर मिलेंगे ।"

'हम एक दूसरे के रहेंगे ।'—मालती मिमली ने सच्चाई से कहा ।

"आपने मेरी जबान छीन ली । मैं आपको फौज का अफसर बना कर साथ रखूगा ।"

मालती सिमली झिझकी । उनके मुह से निकला,— अगरेजो की फौज ।"

"यही फौज अपनी हो जायगी । हमें भी तो फौज की जरूरत पड़ेगी ।"

"सच ?"—जाने क्या समझ कर मालती मिमली बोल पड़ी ।

"सच ।"

समझौता हो गया । रज़ी मालती मिमली को पहुँचाने आया । उनके पुर्वैट पर छोड़ते समय उनसे कहा,—"आज तीन बजे फौजी दफ्तर चलेंगे ।"

मालती सिमली कुछ बोली नहीं । उनका जीवन ऊँचा व्यक्तित्व माजा करता था । रज़ो सा ऊचा व्यक्तित्व उन्हे अब तक कहा मिला था ? उनके अनुभव, तेवर और जीवन-स्तर पर वह अपना मन हार आयी थीं ।

ईसाई होकर भी उनका मन स्वदेश के खिलाफ अगरेजो की फौज में नौकरी करना उचित नही मान रहा था । वह दिन भर इसी उधेड़बुन मे पड़ी रही । ठीक पौने तीन बजे रज़ो आ पहुँचा । मालती मिमली तैयार होकर उसके साथ बिना कोई अनाकानी किए फौजी दफ्तर के लिए निकल पड़ी ।

मैजर टामस के कार्यालय मे उन्होंने आवेदनपत्र भरा, मेजर से साक्षात्कार किया और अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त कर लिया ।

सुकवि विदीर्ण मालती मिमली को देखते रह गये । मिमली को वे जानते थे । उन्होने पहली बार अपने मन मे कहा,—"धंग्रेजियों मे अंगरेजो का क्या बनेगा ?"

मन ने कहा—'कवि जी, अंगूर खट्टे हैं ।"

सुकवि ने कुछ नही कहा । एक संतोष की सास ली कि कमलेश इस पचड़े मे पड़ते-पड़ते बच निकली ।

मालती मिमली के नये काम की सिखलायी के लिए रज़ी उन्हे एक सप्ताह तक पूर्वी जिलों के दौरे पर ले गया । वहाँ से लौटा तो टामस की सहमति से उन्हे लखनऊ लिवा गया । लखनऊ में रज़ी ने युद्ध की समाप्ति पर उनसे विवाह करने का

वादा किया ।

मालती सिमली एक विवाह का फल भुगत चुकी थीं । रज्जो के भविष्य के वादे पर उन्हें कोई खुशी नहीं हुई । वे जानती थीं कि उनके समाज ने उन्हें निरंतर बहने वाली लहर बना दिया था जो किसी भी घाट पर रुक नहीं पायेगी । रज्जो का अन्तर्मन अपने वादे पर अट्टहास कर रहा था । उस अट्टहास की एक क्षीण मौन आवाज मालती सिमली को सुनायी पड़ गयी [illegible] लती सिमली जीवन को भोग की वस्तु मानती थीं खोने की नहीं । इसलि [illegible] पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा ।

नीलिमा अधिकारी उर्फ दीदी क्रान्तिकारी होने के साथ-साथ सौर मण्डल के नक्षत्रों का गहरा ज्ञान रखती थी। हिन्दुस्तान और अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति पर उसकी बड़ी पैनी दृष्टि थी। इस समय उनका पूरा ध्यान अस्त्र-शस्त्र संग्रह करने में लगा था। उनके दल का उत्तर तथा उत्तर पूर्वी भारत के कई कबीले सरदारों से सम्पर्क था। दल पूर्वी सीमान्त के फौजी संस्थानों में काफी संख्या में घुस गया था। उनका दृढ़ विश्वास था कि अंगरेजों को यहाँ से मार भगाने का अनमोल अवसर आ गया है। यह मौका चूके तो चूके।

अस्त्र-शस्त्र तो गोरों से भी मिल जाते थे। कठिनाई उसमें मूल्य चुकाने की थी। दल को धन की बहुत जरूरत थी। दीदी कुंवर साहब सुहागगढ़ी के पास आयी थी। कुंवर साहब की ऐशो इशरत सदा पन्ना देवी, उनकी प्रेयसि, तक ही सीमित रही। उनका राष्ट्र-प्रेम उसी तरह एकांगी होते हुए भी तीव्र था। राजपूत थे, पराधीनता को उन्होंने हमेशा कोसा था। हिन्दुस्तान की स्वतंत्रता उनसे अधिक कौन चाहता था। उनका तो दावा था कि कभी बुन्देले राजपूत ही अंगरेजों को मार भगायेंगे।

दीदी बाई के बाग जब पहुंची तो पन्ना देवी भी कुंवर साहब के पास बैठी थी। कुंवर साहब ने उनका स्वागत किया और पूछा,—"दिल्ली अभी कितनी दूर है?"

"दूरी बहुत कम हो गयी है। अंगरेज योरोप को खोने के बाद मध्य एशिया को खो रहे हैं। पूरब में वर्मा भी खोया ही समझिए। हिन्दुस्तान में डंटने का उनका इरादा है। यहाँ जब तक आसमान में सूरज चाद हैं तब तक वे बने रहना चाहते हैं।"

"महात्मा जी के अहिंसा का क्या होगा?"—कुंवर साहब ने मुस्कुराते हुए पूछा।

"वह क्रिप्स मिशन और व्यक्तिगत सत्याग्रह की तरह ही फेल होगा।"

"गांधी जी चुप नहीं बैठेंगे।"—कुंवर साहब ने तर्क आगे बढ़ाया।

तब तक फालसा का ठंडा शरबत आ गया। कुंवर साहब ने एक गिलास दीदी को साग्रह भेंट किया।

दीदी गिलास से एक घूंट पी कर बोलीं,—"मई के 'हरिजन' में उन्होंने अग्रलेख में ब्रिटिश सरकार से हिन्दुस्तान को उसके भाग्य पर छोड़ कर यहाँ से चले जाने को कहा है।"

कुंवर साहब आश्चर्य से भौंचक रह गये। दीदी आगे बता रही थीं,—"सुभाष बाबू जर्मनी से ललकार रहे हैं। मलाया में आज़ाद हिन्द फौज लैस हो रही है। जे० पी० हज़ारी बाग जेल के सींकचों में बन्द हैं। हम आप बाहर रह कर क्या हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे?"

पन्ना देवी अब बोलीं,—"दीदी, हम क्या कर सकते हैं?"

"आप दो किश्तों में एक लाख रुपये का आजादी के यज्ञ में दान दे सकती हैं।"

कुंवर साहब ने दीदी के आने के कारण को अब समझा। धनराशि पर उन्हें अचरज होना स्वाभाविक था।

ज्ञान और कर्म की दृढ़ता से निखरी अपनी ललित किन्तु ओजस्वी वाणी में दीदी ने कुंवर साहब से दुबारा कहा,—"हफ्ते भर में धन मिल जाता तो दिल्ली की दूरी बहुत कम रह जाती।"

पन्ना देशप्रेम से उबल कर बोली,—"आपकी मांग हम पूरी करेंगे।"

दीदी सातवें दिन आने को कह कर चलने के लिए खड़ी हो गयीं। चलने से पहले उन्होंने पन्ना देवी से कहा,—"उस्ताद शिवलाल पूर्वी सीमान्त पर सैनिकों के मनोरंजन के लिए दो-तीन सांस्कृतिक दल तैयार कर रहे हैं। उसमें आपकी मदद जरूरी है।"

"मैं मदद करूँगी।"

दीदी के जाने के बाद कुंवर साहब ने पन्ना से पूछा,—"हाँ तो आसानी से कर दिया। धन आयेगा कहाँ से?"

"मेरे गहने जेवर कब काम आयेंगे?" उसी रौ में पन्ना देवी ने आगे ?,—"पुखराज अपना लक्ष्य पा गयी। मुझे भी स्वदेश के लिये सामर्थ्य भर तो जरूर करना है, करना चाहिए......।"

कुंवर साहब ने बात काटी,—"तुम्हें अभी लक्ष्य नहीं मिला? क्यों?"

"लक्ष्य मिला। वही पाकर अपना कर्तव्य निभाना चाहती हूँ।"

कुंवर साहब चुप हो गये। वह मन ही मन कुमारी नीलिमा अधिकारी की प्रतिभा को सराह रहे थे। उन पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं था। न जानते हुए भी उनके काम का कुंवर साहब को सही अनुमान था। धन कम नहीं देना था। उसको देने की व्यवस्था करनी ही पड़ी।

पन्ना ने उस्ताद शिवलाल को बुला कर उनसे सांस्कृतिक दल के बारे में बातचीत की। उनके बीच गोपनीय विचार विमर्श हुआ। उसी दिन पन्ना देवी ने प्रफुल्ल ओझा को कमलेश के पास बनारस भेजा।

प्रफुल्ल को उस दिन जरूरी काम से अपने गाँव सिगरा, ज़िला प्रतापगढ़, जाना था। वहाँ से तीसरे दिन वह कमलेश के पास पहुँचा।

कमलेश अकेली थी। सुकवि विदीर्ण प्रचार दौरे पर बाहर गये थे।

प्रफुल्ल ने पन्ना देवी की चिट्ठी कमलेश को दी और कहा,—"दीदी ने कहा था कि चिट्ठी पढ कर जला दें।"

कमलेश ने चिट्ठी को दुबारा पढा और उसमे दियासलाई लगा दिया।

"पंडित जी कैसे है?"—कमलेश ने पूछा।

"वे फैजाबाद जेल मे नजरबन्द है।"

"अंगरेज कौम हमेशा से धूर्त और मक्कार रही। भगवान उनका बेड़ा जल्दी गर्क करें।"—कमलेश विह्वल हो उठी थी। उसने सांस लेकर कहा,—"जब पंडित जी से मिलने जायं तो उनसे हमारा प्रणाम भी कह देंगे।"

प्रफुल्ल जल्दी जाना चाहता था। उसने कमलेश से पूछा,—"दीदी से क्या कहूगा?"

"मैं अगले हफ्ते इलाहाबाद जरूर आऊँगी।"

सुकवि जब दौरे से लौटे तब कुछ दु:खी थे। कमलेश से उन्होने उसास भर कर बताया कि मालती सिमली ने महिला प्रचारक की जगह ले ली। उसके साथ काम करने को जी नही चाहता।

कमलेश ने अपनी बात कही,—"मैं दो चार दिन मे इलाहाबाद जाऊँगी।"

कविवर को जैसे सांप सूंघ गया। किसी तरह बोले,—"मुझसे क्या अपराध बन पडा है?"

"अपराध की बात नही?"

"हमारे आपके बीच यह दरार क्यो? आप चाहेंगी तो मैं यह नौकरी भी छोड कर आपके चरणो मे पडा रहूँगा।"

"नौकरी छोडने की बात ही नही। मैं स्वय कुछ करने की सोच रही हूँ।"

"मैं आपके लिए रूपपत्र लाया था। कहाँ का लेफ्टिनेंट रजो आया। उस जगह पर मालती सिमली जैसी पति परित्यक्ता सोसायटी गर्ल को रखा गया। खैर, वह न हुआ तो अच्छा ही हुआ। यह खाई कैसे खुद गयी।"—सुकवि के स्वर दु:ख से सने थे।

कमलेश ने सुकवि को आश्वस्त करने के लिए अपनी बाहो की माला उनके गले मे डाल दिया और कहा,—"मैं तय करके आयी थी कि आपने शरण दी है तो जैसे भी रखेंगे वैसे रहूँगी, जो खाने को देंगे वह खाऊँगी, जो पहनायेंगे वह पहनूँगी। हमारे आपके बीच कोई खाई नही खुद सकती। पन्ना देवी ने इलाहाबाद बुलाया है। यहाँ की तरह वहाँ भी सास्कृतिक दल संगठित किए जा रहे है। मुझे मदद के लिए बुलाया है। प्रफुल्ल आये थे। मैंने जाने का वादा कर दिया है।"

"प्रफुल्ल कौन?"

"पंडित छैल विहारी ओझा का नाम आपने सुना होगा। किसान आन्दोलन के बड़े प्रतिभाशाली नेता थे। फैजाबाद जेल मे नजरबन्द हैं। प्रफुल्ल उनके ज्येष्ठ पुत्र है। किसी कालेज मे अध्यापक हैं। वे भी फौज मे जाने की कोशिश मे हैं।"

सुकवि कुछ सोचते रहे। पूछे,—"कब तक लौटेंगी ?

"जल्दी ही। आप व्यर्थ की चिन्ता में न पड़ें।—"कहकर कमलेश कवि जी के पार्श्व में लेट गयी।

सुकवि का असमंजस अभी मिटा नहीं था। बोल उठे,—"अगर आप पलंग पर सोना चाहती हैं तो मैं नीचे फर्श पर सो जाऊँगा।

"हम भारतीय हैं। हमारे अपने संस्कार हैं।"—कमलेश ने कवि जी को थपकियाँ देकर सुलाने की कोशिश की। थोड़ी देर बाद वह नीचे शीतलपाटी पर जाकर सो गयी।

इलाहाबाद में पन्ना देवी ने कमलेश से कहा,—"हम और कुछ नहीं कर सकते तो क्या हिन्दुस्तानी सैनिकों की देशभक्ति को नहीं उभाड़ सकते ? शिवलाल उग्र राष्ट्रवादी विचारों का है। उसका सांस्कृतिक दल बहुत ठोंक बजा कर बनाया जा रहा है। फिर भी दल के निदेशन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। इसीलिए तुम्हें बुलाया है। मैं भी जहाँ जरूरी होगा चलूँगी।"

"तुम कैसे कहीं जा सकती हो ?" कुंवर साहब ने गुस्से के भाव से पूछा।

पन्ना के चेहरे पर लाज की लालिमा आ छायी। कमलेश ने अब लक्ष्य किया कि पन्ना मातृत्व बोझ से लदी थीं।

कमलेश ने अपने मन की शंका व्यक्त किया,—"सांस्कृतिक दलों में पेशे की भी लड़कियां होंगी। उनसे भेद खुल जाय या वे शरीर के भोग के लालच में आ जायं, तब ?"

"उनकी लगाम कड़ाई से अपने हाथ में रखनी है। भोग स्वाभाविक वृत्ति है। भोग में अगर अपना उद्देश्य अडिग रखें तो उसमें भी कोई अड़चन नहीं।"

कमलेश चुप हो गयी। सोचती रही। बलराज मास्टर का तर्क था कि उद्देश्य शुभ होना चाहिए। उसकी प्राप्ति किसी साधन से की जा सकती है।

उस्ताद शिवलाल के एक दल का छावनी में ब्रिगेड कमांडर के सामने प्रदर्शन था। कमलेश ने उसको देखा। कार्यक्रम हिन्दुस्तान के प्राचीन-अर्वाचीन गौरवगाथा पर आधारित था। अंगरेज सम्राट के जिक्र में भी भारत-भूमि की जयगाथा थी। कार्यक्रम समझदार सैनिक के हृदय में राष्ट्रीयता भर सकने में समर्थ था, मनोरंजन तो उससे न समझने वाले गोरे सैनिकों का भी होता था। कार्यक्रम कमलेश को बहुत पसन्द आया। उसने उस्ताद शिवलाल को उसके लिए बधाई दी।

उसने पन्ना देवी से कहा,—"मैं काम करूँगी। मैं इसके लिए पारिश्रमिक भी नहीं लूँगी।"

"पारिश्रमिक जरूरी खर्च से अधिक मिलेगा कहां ? अपरिग्रह ही सच्ची सेवा है।"

"मैं अधिकाधिक बनारस में रह कर ही काम करना चाहूँगी।"

पन्ना ने कमलेश के मर्म को समझा। विनोद भाव से कहा,—"अहेरी का

बात बँध ही गया।" दूसरी सांस में कहा,—"सुकवि को भी मोड़ना है।"

"वह कवि है। वह भी छायावादी जो जल्दी समझ में न आये और जो गहराई छू भी न पाये। फिर भी मैं कोशिश करूँगी।"

इलाहाबाद छोड़ने के पहले कमलेश दीदी से मिली। दीदी ने कहा,—"ऊँचे नीचे वेतन से अच्छा बुरे काम की ही प्रेरणा मिल पायेगी। देश प्रेम ही अच्छे काम की सही प्रेरणा दे सकता है। हर हिन्दुस्तानी में हमें वही भरना है। अगले महीने इम्फाल क्षेत्र जाना है। शायद मैं भी वहाँ पहुँचूँ।"

पुखराज के बाद दीदी ही एक नारी थी जिसका प्रभाव कमलेश के मन ने स्वीकार किया था। उसे नया दृष्टिकोण और उत्साह मिला। वह उनसे जब भी मिलती थी ऐसा ही होता था। वह क्रान्ति की लपकती लपट थीं।

बनारस में सुकवि विदीर्ण को यह जान कर कि कमलेश भी फौजी सांस्कृतिक दलों का निदेशन करेगी प्रसन्नता हुई। कमलेश ने उन्हें बताया कि उसका उद्देश्य केवल उनके साथ रहने का है।

यह सुन कर कवि जी मानो उछल पड़े और सहसा उसके अधरामृत का पान कर लिए। उस रात दोनों जोश में थे। वे एक ही पलंग पर सोये। दुधारि तलवार बीच में जरूर रही। विवाह का कर्मकाण्ड नारी की पवित्रता का सौष्ठव है। कमलेश यह मानने लगी थी।

सबेरे कवि जी के कल्पना की उड़ान देखने लायक थी। अपने निजी देवासुर संग्राम में अमृतघट पा लेने पर उन्होंने एक नयी कविता लिखी। उसे इतने जोर जोर से पढ़ते रहे कि कमलेश उसे सुन ले। कवि जी अपनी विजय वाहिनी रसधारा बहाते ही रहते अगर दस बजे उन्हें दफ्तर न जाना होता।

दिन और रात का संयोग वैसा ही होता है जैसे धूप और छाया का। सुकवि के जीवन में इतनी सनसनाहट पहले कभी नहीं मिली थी। वह पान चाभे, प्रसन्नता से उतान गहरेवाज इक्के पर दफ्तर की ओर उड़ते चले जा रहे थे कि गोदौलिया के चौराहे पर कालिका राय मिल गया। कालिका राय ने कवि जी को रोका, इक्के से उतार कर मिश्रा जी को पान की दुकान पर लाकर कहा,—"अरे विदीर्ण, सोनचिरैया को घर में पाल कर हमें भूल गया।"

"नहीं राय साहब,"—प्रसन्नता की किलकारी छोड़ते हुए विदीर्ण बोला,—"मैं नयी मुसीबत में फस गया हूँ।"

"वह क्या ?"

"विवाह पर जोर दे रही हैं।"

"वह छिनाल कितने विवाह करेगी ?"

"क्या मतलब ?" —विदीर्ण ने भौंचक होकर पूछा।

"उसने मुझसे विवाह करने का वचन दिया था। एक प्रकार ने हमारा विवाह हो गया ही समझो। मेरा हजारों खर्च हुआ।"

विदीर्ण का कलेजा गले में निकलने के लिए आ अटका। कालिका राय की

बात गूढ़ थी। उन जैसे कवि हृदय प्राणी का क्या ऐसे से विवाह करना श्रेयस्कर होगा ? विवाह खेल नहीं पवित्र बन्धन है। उसने छिपी आँखों से कालिका राय के चेहरे के भावों को देखा। कालिका राय के चेहरे पर खुशी थी। उसने कमलेश से अपना बदला चुका लिया।

कालिका राय ने आज एक रुपया बीड़ा वाला पान विदीर्ण को खिलाया और कहा,—"अरे विदीर्ण, मौज कर, धता बता। नीचे-खाले फंस मत जाना।"

विदीर्ण इक्के पर बैठ रहा था तब कालिका राय ने धीरे से कहा,—"जिस दिन रतजगा करना चाहे मेरी ओर से दस रुपये वाला बीड़ा खाना।"

विदीर्ण को मालूम था कि दस रुपये वाले पान में कोकीन की मात्रा रहती है। यह उक्ति भी उसे काट खा गयी। वह दिन उसका काल सा दुःखदायी बना। शाम को घर लौट कर वह चारपायी पर गिर गया।

कमलेश ने कवि जी का उतरा हुआ मुँह देख कर ही समझ लिया था कि कोई न कोई विशेष बात हुई है। कवि जी ने न नाश्ता किया न प्रेमालाप। सैर करने को चलने के लिए भी उन्होंने नहीं कहा। कमलेश ने उनसे कहा,—"नाश्ता कर लें।"

"तबियत ठीक नहीं।"—कह कर कवि जी ने करवट बदल लिया।

कमलेश कवि जी का सिर दबाने बढ़ी। कवि जी ने सिर से उसका हाथ हटा दिया और कहा,—"मुझे अकेले छोड़ दें।"

कमलेश वहाँ से हट गयी। नीचे उतरने की सीढ़ी की ओर जाकर खड़ी हो गयी। उसकी आँखें बह निकलीं। बड़ी देर के बाद वह रसोई के कोने में आयी। बैठ गयी। वह वहाँ बैठी ही रहती अगर सड़क की घड़ी ने दस का घण्टा नहीं बजाया होता। उसने रसोई उठा दी, सफाई कर लिया और दूसरी कोई जगह न होने के कारण शीतल पाटी पर लेट गयी। एक बार उसने कवि जी से कहा,—"चाहें तो गरम दूध ले लें।"

सुकवि आँखें मूंदे मूंदे बोले,—"कष्ट न करें।"

"आपको मेरे कारण कष्ट पहुँचा। मैं कल सवेरे की गाड़ी से चली जाऊँगी। आपने मुझे आड़े वक्त में शरण दिया, यह मैं कभी नहीं भूलूंगी।"

कवि जी कुछ नहीं बोले। कमलेश भी चुपचाप रही। बड़ी रात को बत्ती बुझा वह सोने की कोशिश में लगी।

सवेरे कवि जी ने नित्य क्रिया और स्नान किया। उससे उनके मन की जलन कुछ कम हुई पर मिटी नहीं। वह गंगा तट पर सैर के लिए चले गये। गंगा तट की ठण्डी बयार में उनका मन सोच रहा था कि कितनी साधना के बाद नीड़ के निर्माण की एक आशा बंधी। अचानक बाज ने झपट कर खर-तिनकों का विध्वंस करना शुरू किया। विधाता ने उनकी क्या किस्मत रची। सहसा वायु के एक ठण्डे झोंके में संदेश आया—कालिका राय झूठ भी तो बोल सकता है ? क्यों वह झूठ बोलेगा।

कमलेश का उससे मिलना-जुलना था। वे दोनों दिल्ली तक साथ आये गये थे। की बदली जवानी नयी जरूर होगी। हर जवानी तपती है। अच्छा हुआ वह डूबने से पहले ही सावधान हो गया।

दफ्तर जाने के समय पर वह घर लौटा। कमलेश अपना बोरिया बिस्तर बाँधे जाने को तैयार थी। कवि जी का हृदय एक बार मचला। वे कमलेश को रोकना चाहते थे। जीभ ने उनका साथ नहीं दिया।

नीचे रिक्शा आ गया। कमलेश सामान हाथ में उठा चली। पाँव ठिठके। वह रुकी नहीं। कवि जी को किंचित शीश नवा वह रिक्शे पर जा बैठी।

स्टेशन पर गाड़ी समय से आयी। कमलेश अपने डब्बे में जा बैठी। गार्ड ने सीटी बजायी, हरी झण्डी दिखायी। सहसा कवि जी स्टेशन पर भागते दिखायी पड़े। ट्रेन चली और तेज रफ्तार में हो गयी। कमलेश कवि जी को प्लेटफार्म पर दौड़ते छोड़ आयी।

इलाहाबाद पहुँच कर कमलेश को लगा कि उसने जल्दी की। उसका मन उदास था जब वह बाई के बाग में पन्ना देवी के पास पहुँची।

कमलेश ने अपनी पूरी बात पन्ना को बताया। पन्ना क्रोधित हुई। कुंवर साहब ने लाख रुपये की बात कही,—"कवि जी पेट के लिए अगरेज का प्रचार करते हैं। उन्हें मोड़ कर अपनी ओर खींच लाना है। उनका भ्रम मिट जायेगा।"

कुंवर साहब की बात से कमलेश चकित हुई। पहली बार उसने मन हारा था। उस हार को जीत में बदलना ही पड़ेगा नहीं तो ...... ।

कुछ दिनों में ही उस्ताद शिवलाल के सांस्कृतिक दल को आसाम और मनीपुर जाने का सन्देश मिला। दीदी आयीं। उन्होंने कमलेश से कहा,—"विदीर्ण की बदली इम्फाल क्षेत्र को हो गयी है। उनका मन मोड़ कर अपनी ओर करना जरूरी है।"

कमलेश को रत्ती भर भी शक नहीं रहा कि दीदी ने सुकवि को इम्फाल क्षेत्र में अपने प्रयत्नों से भिजवाया है। दीदी का शताक्षी रूप कमलेश ने आज दूसरी बार देखा।

त्रिभुवन दास पण्डा राय साहब रूपचंद के साथ दिल्ली से लौटे थे। राय रूपचंद बनारास के उन रईसों में से थे जिनकी जमींन्दारी चेत सिंह का बशज होने पर भी अगरेजो ने छीनी नहीं थी। अपनी जमीन्दारी की सुरक्षा के लिए परिवार के बुजुर्ग रोज काशी क्षेत्र की पंचकोसी परिक्रमा करते आये थे। राय साहब भी उस परिपाटी को निभा रहे थे। उनकी पंचकोसी सवेरे-सवेरे कलक्टर के बंगले से उसके स्वास्थ्य की शुभ कामना से शुरू होती थी। पड़ोस में ही कमिश्नर (आयुक्त) का निवास था। कलक्टर के यहाँ से वह वहाँ पहुंचते थे। उसके बाद अतिरिक्त

जिला मैजिस्ट्रेट, नगर मैजिस्ट्रेट और पुलिस के अधीक्षक के पास जाते थे। यही उनकी पंचकोसी थी। इससे उच्च अधिकारियों से उनका मेल जोल रहता था और उनके अधीनस्थों से उनका काम-काज सिरता था। वही राय साहब आज त्रिभुवन दास पण्डा के साथ मुंशी बाबू की चौकड़ी में आये थे। उन्होंने बड़े विश्वास से भेद की बात बताते हुए चौकड़ी को सूचित किया,—"वाइस राय की परम गोपनीय बैठक में हिन्दू मुसलिम आग भड़काने का फैसला हाल ही में हुआ है।"

"उससे युद्ध के प्रयत्नों पर शायद प्रतिकूल असर पड़े।"—किसी ने विचार व्यक्त किया।

"लड़ाई से भी बड़ा संकट आज़ाद हिन्द फौज का संगठन बन गया है। सुनने में आया है कि मुसलमान आज़ाद हिन्द फौज में सबसे आगे हैं।"—राय साहब रूपचंद ने अपनी सफाचट मूँछों पर ताव दिया।

"सभी हिन्दुस्तानी आज़ाद फौज में शामिल हो गये हैं। कोई सरदार मोहन सिंह उसके कमांडर हैं। वे हिन्दुस्तानी जो स्वेच्छा से फौज में शामिल नहीं होना चाहते उनकी शिविर अलग खोली गयी है। इसका नतीजा यह हुआ है कि दस मे नौ फौजी आज़ाद फौज में भर्ती हो गये हैं।"—मुंशी बाबू ने बताया।

राय रूपचंद मुंशी बाबू के भाव के विरोध में बोले,—"चाहे जो हो, अंगरेज हिन्दुस्तान कभी नहीं छोड़ेगा। वाइसराय ने फैसला किया है कि आज़ादी की लहर को उसी तरह दबाया जाय जैसे सत्तावन में गाँव के गाँव, जिले के जिले विस्मार कर दिये गये थे। जलियान वाला बाग की तरह चारों ओर से घेर कर आम जनता को भून डालने की भी नीति है।"

कालिका राय तमतमा कर बोल उठा,—"अब लड़ाई अंगरेजों के वश से ऊपर की है। अमेरिका की फौजें हिन्दुस्तान आयेंगी। अमेरिका प्रशान्त महासागर के कारण जापान को पनपने नहीं देगा।"

कालिका राय की बात चौंकाने वाली थी। राय साहब रूपचंद ने उसे अन-सुनी कर आगे बताया,—"वाइसराय ने खुफिया आदेश जारी किया है कि सारी हिन्दुस्तानी फौजों को आज़ाद हिन्द फौज की बात बता दी जाय और उनके युद्ध-बन्दी होने की दशा में उसमें शामिल हो जाने को कहा जाय। वह आज़ाद फौज को अन्दर से फोड़ना चाहते हैं।"

"अब धोखा और छलावा बहुत दिन नहीं चलेगा। देश को स्वतंत्र कराना सर्वोपरि धर्म है। अब अंगरेज को भूलिए। आगे की सोचिए।"—मुंशी बाबू ने बड़े गम्भीर स्वर में कहा।

राय साहब रूपचंद अपनी कुटिल मुस्कान के साथ बोले,—"आगे आगे देखिए होता है क्या ?"

ठण्ढाई आ गयी। दूधिया छनी, बीड़े चाभे गये और चौकड़ी 'जय बाबा विश्वनाथ' कह विसर्जित हुई।

सब के चले जाने पर त्रिभुवन दास पण्डा ने मुंशी बाबू के कान में कहा, —"चिन्दवीन के इधर दुर्गम जंगल पहाड़ काट कर रास्ते बनाये जा रहे हैं। मनीपुर रोड और तिनसुखिया स्टेशनों से बर्मा के सीमान्त तक फौजें ही फौजें हैं। अपना लफंगा वह विदीर्ण भी वहीं कहीं बदल गया है।"

"क्या अंगरेज बर्मा छोड़ आये हैं?" – कालिका राय ने पूछा। फौजी ठीकेदार होते हुए भी उसने इस बारे में कुछ सुना नहीं था।

त्रिभुवन दास पण्डा अपनी भौंहों पर बल देते हुए बोले,—"छोड़ा ही समझिए। अब रणक्षेत्र चिन्दवीन पर आ पहुँचा है। उधर अराकान के पार अक्याब में।"

कमलेश उस्ताद शिवलाल के सांस्कृतिक दल के साथ इम्फाल पहुँची। इम्फाल जाने के नाम पर सैनिक भी सशंकित हो जाते थे नागरिकों की तो बात ही क्या? इम्फाल में प्रकट रूप में शान्ति थी। वहाँ फौजियों की बड़ी विश्राम शिविर बनायी गयी थी। उस क्षेत्र से आने जाने वाले फौजियों की वहाँ भारी आबादी थी। इम्फाल की रक्षा की पल्टनें इम्फाल के प्राचीर के बाहर फौजी महत्व के स्थानों पर तैनात थीं।

फौजों का ऐसा जमाव कमलेश ने सारे भारत में कहीं नहीं देखा था। चप्पे चप्पे पर फौज की चौकियाँ थीं। इससे वह निर्विवाद हो जाता था कि अंगरेज मोर्चा लेने की पूरी तैयारी कर रहा था।

बर्मा से अंगरेज भाग आये थे। इसकी जानकारी हो गयी थी। यह नहीं मालूम था कि अंगरेज बर्मा की सरहद छोड़ कर इस पार हिन्दुस्तान के सीमान्त के अन्तर्गत आ डटे हैं। अंगरेजों का प्रचार और युद्ध का समाचार का नियंत्रण इतना सुनियोजित था कि सही जानकारी सर्वसाधारण पर प्रकट नहीं हो पाती थी। सैनिकों में भी किस स्तर तक कितनी जानकारी थी, यह कहा नहीं जा सकता था। अंगरेजों ने सरहद में लगे उस क्षेत्र में हिन्दुस्तानी सैनिकों का मनोबल बनाये रखने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसका विशेष महत्व था।

उस्ताद शिवलाल के दल का पहला प्रदर्शन इम्फाल में हुआ। इम्फाल मनीपुरी संस्कृति और ललित कलाओं का केन्द्र रहा था। वहाँ चालू कार्यक्रम चल जाता, उसकी तारीफ नहीं होती। कमलेश ने कार्यक्रम में राधाकृष्ण नृत्य का अभिनय रखा। उस कार्यक्रम की जानकार नागरिक अधिकारियों ने भी बड़ी तारीफ की। जवान समझे या नहीं उस कार्यक्रम पर झूम उठे। महाराना प्रताप पर एक नृत्य नाटिका का एकाकी भी तैयारी के साथ खेला गया। वह और अधिक पसन्द किया गया। गीतों और गजलों का कार्यक्रम हुआ। गीत देशभक्ति की भावना से भरे थे। "बुला रही हैं दूर से हिमालया की चोटियाँ : बढ़े चलो बढ़े चलो बिरादराने नौजवां।" पर जवान नाच उठे। गजलों का चयन भी मार्मिक था। और अन्त में 'सारे जहाँ से अच्छा' वाला इकबाल का तराना था।

जवान, अधिकारी, नागरिक अफसर कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा किये। अंगरेज फौजी अधिकारियों ने भी कार्यक्रम को पसन्द किया। यही वे भी कहते नहीं थकते थे कि जापानी हूणों से अपने देश की रक्षा करो।

एक अमेरिकन सम्पर्क अधिकारी भी आया था। उसका परिचय कमलेश से कराया गया। वह कमलेश के इर्द गिर्द ही मंडराता रहा। कार्यक्रम की सफलता से जवानों में जोश देख कर उसने कमलेश का हाथ अपने हाथ में लेकर दवाया। कमलेश रस्सी को ढीला कर पुरुष को कुएँ में ढकेलने वाली नारी थी। उस अमेरिकन अधिकारी को उस दिन उसने इसलिए नहीं डुबोया कि उसे कविवर विदीर्ण की याद हो आयी। चलते समय सुकवि से वह मिल भी नहीं पायी थी। आज वह विदीर्ण को ढूंढ़ रही थी।

रात को सोते समय भी उसकी आँखों में सुकवि का चेहरा छाया रहा। सवेरे नाश्ते पर शिवलाल ने बताया,—"कवि जी आ पहुँचे हैं।"

"कौन ?"—अचकचा कर कमलेश ने पूछा।

"अपने विदीर्ण जी। उनकी बदली यहीं हो गयी है।"

कमलेश ने प्रसन्नता प्रकट की। कवि जी उससे शाम ढलने के बाद ही मिलने आये।

सुकवि आकर भी खिचे खिचे थे। कमलेश उनसे दौड़ कर लिपट जाना चाहती थी। उसने ऐसा किया नहीं, अपना ब्रह्मास्त्र साधा। वह तनी रही यद्यपि आदर सत्कार और हार्दिकता में उसने कमी नहीं आने दी।

दो ऋण मिल कर एक धन हो जाते हैं। कवि जी ने ही कहा,—"मैं आप का आभारी रहा हूँ यद्यपि हमारे रास्ते अलग-अलग हो चुके हैं।"

"रास्ते एक हो कर जब अलग होते हैं तब एक दूसरे की छाया लिए रहते हैं। अलग होने का कोई कारण भी होना चाहिए।"

सजी-सधी-तनी बोली, कवि जी भौंचक रह गये। बात उनके मस्तिष्क को छू कर निकल जाने वाली थी।

कमलेश ब्रह्मास्त्र साधे हुए होते हुए भी कवि जी के हाथ को अपने हाथ में ले उन्हें अपने कमरे में ले गयी। वहाँ कवि जी को आदर से बैठा कर उसने कहा,—"जो रास्ते एक बने वे एक रहेंगे।"

सुकवि अचानक पूछ बैठे,—"आप सच बता सकेंगी ?"

"सोलह आना सच। कोई भी बात क्यों न हो ?"

"क्या कालिका राय से आप विवाह करने वाली थीं ?"

कमलेश की चौंकने की पारी अब आई। उसका तनाव जाता रहा। उसने वितृष्णा के स्वर में सुकवि से जवाब में पूछा,—"क्या उस शोहदे ने आपसे ऐसा बताया ? वह टुकड़खोर इसी बात का पेशा करता है। मुझे तो आप बहुत पहले से जानते हैं ?"

मुकवि निहायत घोंचू नहीं थे। उन्हें अपने पर हैरानी हो रही थी कि कैसे कालिका राय की लगी पगी बात को वह सच मान बैठे।

कमलेश ने तब उन्हें कालिका राय की राई रत्ती बात बताया कि कैसे उसने दिल्ली की यात्रा मे, रेल के कूपे मे, उसका शील भंग करने की कुचेष्टा की और कैसे उसने अपनी रक्षा कर उसे डब्बे से बाहर चले जाने को मजबूर किया।

अक्षर अक्षर पर कवि जी को विश्वास हो आया। उन्होंने कमलेश से अपने बनारस के व्यवहार को माफ कर देने के लिए उसका पाँव पकड लिया। कमलेश ने कवि जी को बाँहो में भर लिया। अधर अधर पर जकड गये। तन के मिलने वाले मन गये। कमलेश ने स्नेह से आर्द्र स्वर मे कहा,—"हमको आपको अब स्वदेश के काम में जुट जाना चाहिए।"

"वह कैसे ?"—कवि जी आश्चर्य से भर आये।

"आप देशभक्ति के गाने लिखें। हम उसे गायेंगे। जवानो पर हिन्दुस्तान की गौरव गरिमा प्रकट होनी चाहिए। हमे भी स्वतंत्र होना है। तब से वीर सैनिक स्वदेश की आन पर कट मरेंगे।"

"जोखिम का काम है।"

"क्रान्ति का हर काम जोखिम भरा होता है। हम बहुत कुछ नही कर सकते। जितना कर सकते है उतना जरूर करे।"

कवि जी के देशप्रेम ने जोर पकडा। नीच से नीच गद्दार मे भी उसके स्वार्थ की परिधि के बाहर देशप्रेम की भावना होती है।

कवि जी ने उसी रात एक नया प्रचार-गीत लिखा

'टोजो, हिटलर, मसोलिनी या कोई तानाशाह'

हिन्दी वीरों से टकरा कर चूर चूर हो जायेगा।

कमलेश ने गाने का रियाज कराया। कागलाग स्थान पर जो पलटन से बहुत आगे तामू के पास था यह गाना उनके दल ने जवानो के सामने गाया। जवान इतने खुश हुए कि अपने पाँवो को वे आसमान पर तानने लगे। कविवर ने भी कार्यक्रम देखा। अब तक का उनका कोई भी गाना इतना सराहा नहीं गया था।

कागलाग में कैप्टन रमण ने कवि जी से दो बर्मा के भगोडो का परिचय कराया। नंदराम और बरियार खाँ अपने को बर्मा सुरक्षा दल का सदस्य बताते थे। इनकी पलटन को सिंगापुर के जापानियो द्वारा कत्ल के समय बर्मा-मलाया सरहद पर जापानियो ने गिरफ्तार कर युद्ध बन्दी बना लिया था। ये किसी तरह भाग कर रंगून पहुँचे। उसी दिन जापानियो ने रंगून पर अधिकार कर लिया। वहाँ, इनके अनुसार, जापानियो ने नृशंस अत्याचार किया। ये वहाँ से भी निकल भागे। मरते खपते ये जंगलों पहाड़ो मे छिपते छिपते यहाँ आने मे सफल हो गये।

कैप्टन रमण के सहयोगी सूबेदार यादराम गूजर के अनुसार इनके बयान पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं था। फिर भी इन्हें पूछताछ के लिए कोहिमा

में कमांड के पास भेजा जा रहा है। इनका आचरण और व्यवहार प्रशंसनीय पाया गया है। यही नहीं तामू में इन्होंने अंगरेजों की एक दुर्घटना में मदद भी की। बात यह हुई कि जिस दिन ये चिन्दवीन पार कर तामू पहुँचे उसी दिन वहाँ की गोरखा पल्टन ने प्राय: विद्रोह कर दिया। विद्रोह का नेता सूबेदार भीमदेव थापा था। थापा ने गोरखा जवानों की ओर से केवल यह माँग की थी कि उन्हें महीने भर से हरी शाक-भाजी नहीं मिली है जब कि गोरी पल्टनों को हर तीसरे दिन हरी शाक-भाजी दी जा रही है। अंगरेज अफसर इस घटना से परम चकित हुए। ऐसा कभी नहीं हुआ था जब गोरखा जवानों ने अंगरेजों की बराबरी का दावा किया हो। नंदराम और बरियार खाँ ने अंगरेज अफसरों से पास की गोरी पल्टनों से थोड़ा बहुत हरी तरकारी लाकर गोरखों को देने के लिए तैयार कर लिया। तब मामला शान्त हुआ।

विवरण सुन कर सूबेदार यादराम गूजर ने कहा था,—"अंगरेजों का भेद-भाव उन्हें खा डालेगा।"

कैप्टन रमण कहना चाहते थे,—"अंगरेजों के दिन अब लद गये।" जानबूझ कर वे शब्दों को बोले नहीं।

नंदराम और बरियार खाँ को ठीक हिरासत में नहीं क्वार्टर गार्ड के पहरे में एक सुरक्षित कोठरी में आराम से रखा गया था।

क्वार्टर गार्ड की देख रेख की परिधि में ही कमलेश और उसके दल के सदस्यों के ठहरने का बाँस के बासों (झोपड़ी) में इन्तज़ाम था। कमलेश अपनी झोपड़ी में सुकवि विदीर्ण से कह रही थीं,—"यहाँ के हर हिन्दुस्तानी अफसर और जवान के दिलों में अंगरेजों से घृणा और स्वदेश की आज़ादी की ललक भरी हुई है।"

"तब भी किया क्या जा सकता है?'—कवि जी कमलेश के नये विचारों को ठीक-ठीक अब तक समझ नहीं पा रहे थे।

"मलाया में आजाद हिन्द फौज़ बन गयी है। जापानियों ने मदद करने का वादा किया है। आजाद हिन्द फौज उनकी मदद से हिन्दुस्तान को स्वतंत्र करायेगी।"

कवि जी ने उड़ते फुड़ते यह तर्क कहीं और भी सुना था। उनके दिमाग में यह बात नहीं धंस रही थी कि जापानी यहाँ आकर हिन्दुस्तान को स्वतंत्र क्यों करायेंगे? अगर वे अंगरेजों की जगह ले लें तब?

कमलेश उनका असमंजस समझ कर बोली,—"जापान से केवल मदद माँगी जा रही है। हिन्दुस्तानी फौज ही भारत भूमि को स्वतंत्र करायेगी। इसकी विधिवत लिखा पढ़ी भी करायी जा रही है।"

"कौन लिखा पढ़ी करा रहा है?"— कवि जी ने साग्रह पूछा।

"सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रासबिहारी बोस। वे सुना अस्थायी आजाद हिन्द सरकार बनाने वाले हैं।"

सुकवि ने मुस्करा कर अंगरेजों की सिखायी घिसी-पिटी बात दोहरायी,—"रासबिहारी बोस भाग कर जापान गये। वहाँ एक जापानी महिला से विवाह कर वहीं के हो रहे। वे जापानी नागरिक हैं।"

"इतना बड़ा क्रान्तिकारी गद्दार हो ही नहीं सकता।"

कमलेश का निश्चयात्मक निर्णय सुन कर सुकवि ने पूछा,—"हम मगर कर क्या सकते हैं?"

'हम क्या नहीं कर सकते? हम जवानों में स्वदेश का शंख फूकेंगे। आज़ाद हिन्द फौज जब यहाँ पहुँचेगी तो यही जवान उसमें मिल कर अपनी संगीनों का निशाना फिरंगियों को बनायेंगे—अपने देशवासियों के साथ किए गये अपमान अत्याचार का गिन-गिन कर बदला चुकायेंगे"—कमलेश जोश में थी।

सुकवि घबड़ा कर बोले,—"ऐसी बात न करें। दीवालों के भी कान होते हैं।"

सुकवि वहाँ एक क्षण भी अधिक नहीं रुक सके। अपने बासे को जाते हुए उन्हें भूषण के कवित्तों की याद आई। वीर रस के उन्हीं कवित्तों को पढ़ कर वे कवि बने थे। कमलेश की जोश भरी उक्तियों ने उनके रग रग में अभिनव हलचल मचा दी। उस रात वे वीर रस से भरा कोई कवित्त गुनगुनाते रहे।

कवि जी के चले जाने के थोड़ी ही देर बाद उस्ताद शिवलाल एक फौजी जवान के संग बासा में घुसे। जवान ने एक बन्द लिफाफा दिया और कहा,—"दीदी अभी नहीं आ सकी है। क्वार्टर गार्ड में पार के अपने आदमी हैं।"

जवान उस्ताद शिवलाल के साथ चला गया। कमलेश ने बन्द लिफाफा खोला। लिफाफे के अन्दर एक बन्द लिफाफा और कुछ दूसरे दस्तावेज़ थे। संकेत में यह लिखा था कि दस्तावेजों को सुरक्षित पार भेजा जाय।

कमलेश ने खतरा मोल लिया। वह अंधेरे में छिपती उस बासे में गयी जहाँ नदराम और उसका साथी कड़ी सतर्कता में रखे गये थे। नदराम जग रहा था। उसे उन्होंने वे दस्तावेज दिए। नदराम की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

कमलेश अपने बासे में लौट आई। किसी को उसके जाने आने की भनक ही मिली न।

सबेरे पूरे कालगाम में तहलका मच गया। नदराम और उसका साथी क्वार्टर गार्ड के सुरक्षित बासा में लापता थे। दूर-दूर तक जंगलों में, पहाड़ी की ऊँची चोटियों पर, यातायात की चौकियों पर, उनकी खोज करायी गयी। उनका सुराग नहीं मिला।

उस दिन पड़ोस के दूसरे फौजी केन्द्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम था। उसे स्थगित करना पड़ा क्योंकि एक दूसरी खतरनाक घटना घट गयी। सांस्कृतिक दल की निगार वानो हाव भाव में पूरी कस्बिन थी। गजल की उनकी लय और लोच मनमोहक थी। कालगाम स्थित किसी इंजीनीयरिंग पल्टन का कमांडर मेजर टेगर्ट

निगार बानो की लय, लोच और भाव-भंगिमा पर रीझ उठा। उसका पिता कलकत्ता में पुलिस का ऊँचा अधिकारी रह चुका था। हिन्दुस्तानियों को वह बचपन से ही कीड़ा मकोड़ा समझता था। उसने निगार बानो को फुसला कर अपने बासा मे बुलवाया। निगार बानो की इतनी असावधानी जरूर हुई कि वह बिना किसी को बताये उसके बासे के पास जा खड़ी हुई। वे अन्दर नहीं जाना चाहती थीं। टेगर्ट ने उन्हें भीतर खींच लिया और उनके साथ बलात्कार की कुचेष्टा करने लगा। निगार बानो खालिस कस्विन थी। उसने टेगर्ट को दाँतों से बड़ी जोर से काट लिया। शोर मच गया। आस-पास के जवान आ गये। एक हिन्दुस्तानी महिला की चाहे वह कोई क्यों न हो बेइज्जती देख कर जवान टेगर्ट पर झपटे और उसे लात-घूसों से अधमरा कर के छोड़े। टेगर्ट को अस्पताल ले जाना पड़ा। अंगरेज अधिकारियों ने यह मशहूर किया कि कोई विषैली शराब पीकर टेगर्ट अपना संतुलन खो बैठा और कटीली झाड़ी पर गिर गया। जो जानते थे वे चुप रहे। कई अफवाहें फैलीं। अनहोनी होने से बच गयी।

कमलेश क्रोध से काँप आयी। उसने अपना संतुलन नहीं खोया। वह टेगर्ट को देखने अस्पताल गयी। टेगर्ट ने शर्म से अपनी आँखें नहीं खोलीं।

उस क्षेत्र के सर्वोच्च सैनिक अधिकारी ने घटना पर उच्चतम कमांड को रिपोर्ट भेजी। उसमें उसने यह लिखा कि सांस्कृतिक दलों में एंग्लो इंडियन और ईसाई लड़कियाँ भी रखी जाँय जो अंगरेज अधिकारियों और सैनिकों का मनोरंजन कर सकें। हिन्दू और मुसलमान लड़कियाँ धर्म के नाम पर अंगरेजों को घास भी नहीं डालतीं।

बाद में यह सुना गया कि उसी रिपोर्ट पर कमलेश और उस्ताद शिवलाल के दल को आगे के क्षेत्र से बहुत पीछे भेज दिया गया। सुकवि विदीर्ण भी बदले गये। उनके स्थान पर नये सम्पर्क अधिकारी आये जयचंद सहाय जो बंगाल में क्रान्तिकारी आन्दोलन में अंगरेजों के लिए महत्वपूर्ण काम किये थे। उनके गाँव के बच्चे उन्हें टोडी बच्चा कह कर चिढ़ाया करते थे, बड़े बूढ़े उन्हें खुफिया पुलिस बताया करते थे। सीमान्त पर सैनिकों की सही गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए उनकी जरूरत पड़ गयी थी।

सुकवि विदीर्ण की बदली राची क्षेत्र मे हुई। वे मनीपुर आसाम मे मरने खपने पाण्डुघाट आये। तब ब्रह्मपुत्र पर पुल नही था। पाण्डुघाट मे घुवड़ी और आगे ग्वालन्दो घाट तक यात्रियो को स्टीमर ले आया जाया करता था। फौजी स्टीमर अलग थे। कवि जी को दो तीन दिन की प्रतीक्षा के बाद ही उसमे जगह मिल गयी। पूरे दो दिन की यात्रा पर वे ग्वालन्दो उतरे। वहाँ से रेल पकडे और अपनी सासो को सुरक्षित रखे वे कलकत्ता के सियाल्दह स्टेशन पर उतरे। यहाँ भारी गोलमाल था। गडबडी पार्वतीपुर स्टेशन मे ही शुरू हो गयी थी। जन जीवन जैसे बिल्कुल छिन्न-भिन्न हो गया हो। क्यो यह सुकवि को कोई बता नही सका। कवि जी स्वय अपनी हृदयेश्वरी कमलेश के वियोग मे लू की जलन बन कर रह गये थे। उन्होने कारण जानने की खोजबीन भी नही की।

सियाल्दह स्टेशन पर जब उन्हे कुली भी न ही मिला न ही कोई सवारी गाडी मिली तब उनका माथा ठनका। उन्हे तुलापट्टी मे अपने काव्य-गुरु श्री प्रकाश जी के यहाँ जाना था।

चारो ओर से निराश होकर वे स्टेशन पर फौजियो की रेल यात्रा की सुविधा इत्यादि के लिए तैनात फौजी अधिकारी से मिले। फिरंगी सार्जेन्ट ने विदीर्ण की ओर घृणा की दृष्टि डाली। उनके गिडगिडाने पर उसने चार बजे शाम को आकर मिलने के लिए कहा। अभी सवेरे के नौ बज रहे थे। विदीर्ण का हृदय सचमुच फट गया।

मरता क्या न करता ! पावों की इच्छा के खिलाफ कवि जी दूर-दूर तक रिक्शा, घोडा गाडी या टैक्सी ढूंढ आये। कुछ नही मिला। उनकी दैन्य दशा का अनुमान कर एक बगाली सज्जन ने उन पर दया की। उन्होने कहा,—"परसो से कलकत्ता मे पूरी हडताल है। कब यह खत्म होगी, कोई नही जानता।"

"कारण क्या है ?"—कवि जी ने मर्माहत होकर पूछा।

"आपने अखबार नही पढा। परसों महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी नेता गिरफ्तार कर बम्बई से किसी अज्ञातस्थान मे कैद कर दिए गये है।"

कवि जी दौड कर हिन्दी का विश्वमित्र ले आये। उसमे 'भारत छोडो' प्रस्ताव का उल्लेख था और गाँधी जी तथा दूसरे नेताओ की गिरफ्तारी की सूक्ष्म चर्चा थी। समाचार सरकार द्वारा संशोधित—कटा छटा—था।

बंगाली सज्जन से कवि जी ने जाने क्यो पूछा,—"अब क्या होगा ?"

"अंगरेज हिन्दुस्तान नहीं छोड़ेगा। वह हर हिन्दुस्तानी की बोटी-बोटी चबा डालेगा।"

उन्होंने आगे कहा,—"महात्मा ने भी उन्हें मजा चखा दिया। मित्र राष्ट्र तानाशाहों की पराधीनता से यूरोपीय देशों को स्वतंत्र करने के लिए लड़ने का दम्भ भरते हैं। इंगलैण्ड हिन्दुस्तान को लड़ाई के बाद भी स्वतंत्र घोषित करने के लिए तैयार नहीं है। आखिर हिन्दुस्तानी किसलिए युद्ध के मोर्चों पर बलि के बकरा बने हैं। अंगरेजों की गुलामी के बंधन को और मजबूत करने के लिए क्या? गांधी जी के 'भारत छोड़ो' का दुनिया पर और हिन्दुस्तानी फौजों पर क्या असर पड़ेगा?"

बंगाली सज्जन अपने जोश में जाने और क्या क्या कह रहे थे, यह कवि जी ने सुना ही नहीं। 'भारत छोड़ो' की खबर पढ़ कर ही उनकी बुद्धि चरने चली गयी थी और उनकी जबान को लकवा मार गया था।

कवि जी पस्त हो स्टेशन की एक बेंच पर बैठ गये। बड़ी देर के बाद जब उनके दिमाग की नसें संतुलित हुईं तब उन्हें पता चला कि रेलों की यातायात पर 'भारत छोड़ो' आन्दोन का भारी प्रभाव पड़ा है। मिदनापुर, बाँकुरा, वर्द्धवान में रेल की पटरियाँ क्रान्तिकारियों ने उखाड़ दी हैं। स्टेशन फूंके जा रहे हैं, थाने और कचहरियाँ लूटी जा रही हैं। संयुक्त प्रदेश और बिहार में जिला का जिला अंगरेजी राज के विरुद्ध खड़ा हो रहा है। रेल, तार, यातायात को ठप्प कर फौजों के और उसके सामान के आने-जाने में लोग भारी रुकावट पैदा कर रहे हैं।

सुकवि की हालत परम विपन्न थी। उनकी इतनी भी शक्ति नहीं रह गयी थी कि वह अपना सामान अपने पीठ पर लाद कर ही कहीं ले जा सकें।

कवि जी बेंच पर बैठे-बैठे ऊँघ गये। जब झंपकी खुली तब दिन के बारह बज रहे थे। कवि जी ने सामने के नल में मुँह हाथ धो बिस्कुट का एक छोटा पैकट खोला। एक बिस्कुट मुँह में डाला ही था कि जाने कहाँ से चार पाँच पूर्णनग्न बच्चे उनके चारों ओर आकर खड़े हो गये और निरीह आँखों से बिस्कुट के पैकट को देखने लगे। उन बच्चों ने न कुछ कहा न ही बिस्कुट लेने के लिए हाथ फैलाया। कवि जी की आँखें उनके सूखे शरीर की ठठरी देख कर ही झुक गयीं और उनका बिस्कुट खाना बन्द हो गया। कवि जी ने बिस्कुट का पैकेट फेंक दिया। बच्चे चील की तरह उस पर झपटे।

कवि जी ने भूख मिटाने का विचार छोड़ दिया। वे कैसे यहाँ से भाग कर तुलापट्टी पहुँचे, इस खयाल से उलझे। उनके सवेरे वाले बंगाली सज्जन ने ही उनकी मदद की। उन्होंने कहा,—"दो मछली का डब्बा देने पर मैं एक मोटिए का बन्दो-बस्त कर सकता हूँ।"—"बंगाली सज्जन कवि जी के झोले से झाँकते टिनों को लालच से देख रहे थे।

कवि जी को उन टिनों का मूल्य जिन्हें वह बेकार का भार समझते थे, अब

मालूम पडा। उन्होने मछली का दो टिन दिया। सज्जन भाग कर चले गये। वे बात के धनी निकले। जब लौटे तब उनके साथ एक भोजपुरिया मोट ढोने वाला झांपा लिए आया।

झांपा मे ट्रंक बिस्तर और फौजी किट रख, उसे मोटिए के सिर पर उठा कवि जी पैदल ही तुलापट्टी के लिए चल पड़े।

तुलापट्टी के किसी मारवाडी की कोठी के निचले तल्ले की एक अधेरी कोठरी मे कविवरेण्य प्रकाश जी रहते थे। उस मकान तक पहुँचने मे ही सुकवि के छक्के छूट गये। वे थक कर पसीने से लथपथ थे। वहाँ कविवरेण्य प्रकाश की कोठरी मे ताला लटका देख कर वे अलस्त हो गिर पड़े।

बगल की कोठरी से एक बुढिया मजदूरिन ने आकर उनके मुँह पर पानी के छींटे मारा। कवि जी आराम पाकर स्वस्थ हुए। बुढिया ने सुकवि को अब बताया कि प्रकाश गुरु अपनी जन्मभूमि प्रतापगढ भाग गये। दूसरी सांस मे उसने सुकवि को ध्यान से देखते हुए पूछा,—"क्या तुम भी प्रकाश गुरु की तरह निठल्लू लोग हो ?"

सुकवि चौंक उठे। बुढिया ने ही तब तक कहा,—"कहाँ जाओगे। गोरे कत्लेआम कर रहे है। रेल, मोटर, घोडा गाडी, रिक्शा सब बन्द हैं। स्टेशन फूंके जा रहे हैं। तार तोडे जा रहे है। सब भाग रहे हैं। जो भाग नही सकते वे तहखानो में छिप रहे हैं। तुम पछाह के हो। दो चार दिन यही छिपे रहो। यह मकान किस तहखाना से कम है।"

मोटिया भुगतान के लिए शोर मचा रहा था। सुकवि ने उसे पांच रूपये चुकाये। वह आठ से कम लेने को तैयार नही था। किसी तरह [illegible] राजी हुआ।

सामने नल था। कवि जी कई दिन से नहाये नहीं थे। [illegible] धो वे तैयार हुए। बुढ़िया ने उन्हे चना चावल और गुड दिया। [illegible] ने उसे चाव से खाया।

बुढिया ने आवाज लगायी, —"लवंगी, घडे मे पानी ले आ"

लवंगी पानी लेकर आयी। तेरह चौदह की उम्र [illegible] आम की फांक सी आंखें, भोला मुखडा कवि जी उसको [illegible] रहे। उन्हें अपने भाव पर क्षोभ आया। बुढिया [illegible] —[illegible] तो तुम्हारे झोले से एक टिन काट कर मछली [illegible]।'

"तुम दो-तीन टिन रख लो। शाम को [illegible]

बुढिया ने टिन निकाले। उन्हें [illegible] गुरु ने हमारे साथ जैसा छल किया [illegible] थी—गोरी चिट्टी, खूब सुन्दर। उसको [illegible]

में फंसा, एक कलमुँहे को दो सौ रुपल्ली में बेंच कर भाग गये। गोरों का तो बहाना है। वे अपनी आत्मा से डरे।

"लवंगी की बहन क्यों चली गयी?"

"प्रकाश गुरु ने विवाह का ढोंग रचाया। मैं नासमझ उनकी बात में आ गयी। अब सुना कमरहट्टी में वह माटीलेवा मेरी बेटी का कमाया खाता है।"

सुकवि अपने काव्य गुरु की इस हरकत पर दुःख के भर आये। बुढ़िया कहती गयी,—"हमारे कुल में ऐसा कभी नहीं हुआ। हम गया जी के कहार हैं। हम खट कर खाते हैं। जाँगर से हमारा जहान है।"

बुढ़िया धाड़ें मार कर रोने लगी। सुकवि ने उसे ढाढ़स बंधाते हुए कहा,—"मैं जल्दी ही तुम लोगों को बनारस ले चलने का प्रबन्ध करूँगा। काशी अविनाशी है, भगवान शंकर के त्रिशूल पर बसी है। वहाँ सबको गति मिलती है।"

बुढ़िया सहमी। उसने कवि जी को ध्यान से देखा। बोली,—"हमारी गति गया जो में है। वहाँ निर्वाण मिलता है। बनारस जाने के लिए इस कोठी के सेठ भी कह रहे थे। मैं उनका चौका बासन करती थी।"

विदीर्ण का नाश्ता या खाना समाप्त हो गया। बुढ़िया ने अब उनसे पूछा,—"भइया, करते क्या हो?"

विदीर्ण साँसत में पड़े। वह बुढ़िया को यह नहीं बताना चाहते थे कि उनका फौज से सम्पर्क है। बुढ़िया ने उन्हें यह कह कर उबारा,—"टिन के इतने डब्बे तो फौजी लोगों के पास होते हैं।"

"मैं फौजी लोगों को उपदेश देता हूँ, पढ़ाता लिखाता हूँ।"

"फिरंगियों की फौज है, भइया। पिछली लड़ाई में वह भी गया था, उसे पेंशन भी नहीं मिली। कोई अच्छा काम भी नहीं मिला। इसी दुःख में वह वहाँ चला गया। हम रह गये तन पेट साथ चलाने को। भगवान फिरंगियों को माफ नहीं करेगा। सुना नेता जी उनको मार भगाने के लिए ताल ठोंक कर खड़े हो गये हैं।"

बुढ़िया की अपने दिवंगत पति की याद से आँखें गीली थीं। सुकवि विदीर्ण पहली बार अपनी नौकरी पर शर्म से गड़ने लगे।

कवि जी उठ खड़े हो बोले,—"मैं सामान छोड़े जाता हूं। रात को देर से लौटूंगा।" वे चलते बने। बुढ़िया उन्हें टुकुर-टुकुर ताकती रह गयी।

विदीर्ण पैदल चलकर चौरंगी में फौज के यातायात नियंत्रक अधिकारी के दफ्तर में पहुंचे। वहाँ पता चला कि इधर बर्दवान और उधर खड़गपुर बाँकुरा में रेल की पटरी उखाड़ दी गयी हैं। अतः रेलों का आना जाना बन्द है। राँची फौजी गाड़ियों से ही पहुँचा जा सकता है। उसका इन्तजाम बारकपुर के कार्यालय से होगा।

बारकपुर कलकत्ता से बीस मील की दूरी पर था। समस्या यह बनी कि कवि जी वहाँ कैसे पहुंचे। कवि जी को चाय पीने की तबियत हुई। दूर-दूर तक उन्हें

चाय की कोई दुकान खुली नही दिखायी पड़ी। वड़े होटल खुले थे। वे सबके लिए नही थे। पूंजीपति या फौजी अफसर उनमे जा सकते थे। कवि जी हिम्मत हार कर मैदान मे एक पेड़ के नीचे बैठ गये। थोडी देर के बाद लेट गये। आँखें बहने लगी। बहते-बहते आँखें लग गयी।

सुकवि घण्टे डेढ घण्टे पस्त पड़े रहे। जब उठे तो गर्दन मोडते ही थोडी दूर पर एक चाँपाकल दिखायी पड़ा। वहाँ जाकर उन्होने मुँह हाथ धोया, पानी पिया और अपनी विपन्न दशा पर कुढते हुए पैदल ही लाल बाजार की ओर चल पड़े।

लाल बाजार का मोड उन्होंने पार ही किया था कि एक फौजी गाडी उनकी बगल मे आकर रुकी।

"क्यो रे विदीर्ण, कहाँ आवारों की तरह डोल रहा है ?"—कालिका राय ने बैठे ही बैठे कहा और गाडी का फाटक खोल दिया।

कवि जी गाडी मे चढ आये। गाडी आगे चल पडी। कुछ दूर चल कर कालिका राय ने कहा,—"अभी बारकपुर से लौट आयेंगे। वहाँ एक ड्राफ्ट भुनाना है। रुपयों की जरूरत आ पडी है।"

कुछ देर के बाद कालिका राय ने आगे कहा,—"वह भी तो आसाम की ओर गयी है। भेंट हुई या नही ?"

कालिका राय के बेहूदा ढंग से दाँत निपोरने पर कवि जी के मन मे आया कि वह कालिका राय को दो चार ताबड़तोड़ जमा दे। उसके शरीर के बल का अन्दाजा कर उनके हाथ हिले नही। केवल कहने भर के लिए उन्होने कालिका राय से कहा, —"मुझे मछुआ बाजार के मोड पर छोड दे।"

"वहाँ क्या कर रहा है ?"—कालिका राय ने हैरानी से पूछा।

"राँची जा रहा हूँ। वहाँ से छुट्टी लेकर बनारस जाऊँगा।"

"राँची पहुँचने मे महीनो लग जायेंगे। 'भारत छोडो' आन्दोलन मे संताली कूद पड़े हैं। रेल का यातायात ठप्प है। क्रान्तिकारियों ने अगरेज को आटे दाल का भाव बता दिया है।"

थोडी देर बाद उसने कहा,—"मैं जल्दी ही तुम्हे राँची भेजूँगा। आज 'गोल्डेन ट्री' की बहार लूटेंगे।"

"गोल्डेन ट्री क्या ?"

"निरा कवि रहा। कभी सोनागाछी का नाम नही सुना ? मुगलो के मीना बाजार से बढ चढ कर है।"

कविवर ने नाम सुना था। वे अब प्रेम मे पड चुके थे। ऐसी वैसी जगहों का उन्हें नाम भी नही लेना चाहिए, यह सोच कर वह कालिका राय के प्रति घृणा से भर आये। गाडी तब तक शामबाजार पार कर खुले चौड़े रास्ते मे बैरकपुर की ओर दौड रही थी।

कालिका राय ने अपने बैग मे एक चेक निकाला। उसे विदीर्ण को दि-

हुए कहा,—"पूरे लाख का है। इसको पाने के लिए इसका एक चौथायी फिरंगी इंजीनीयर को पहले ही दे देना पड़ा।"

'वह क्यों ?"

"तुम साले हिजड़े के हिजड़े रहे। लोहे की सप्लाई का ठेका था। लोहा नदारद है। कागजों में आपूर्ति की भरपायी दिखा दी गयी। उसके लिए एक बटे आठ दफ्तर और ओयरसियर को भी खिलाना पड़ा। बाकी साठ पूरा अपना। इसे कहते हैं व्यापार। वाणिज्ये वसति लक्ष्मी। तेरी तरह दो सौ रुपल्ली पर जान नहीं देना है।"

सुकवि की आंखें कोटरों से बाहर निकल आईं। न माल, न सौदा, न सप्लाई इंजीनियर और ठीकेदार ठन-ठन रुपया गिने जा रहे है। इसे कहते हैं चाँदी काटना। क्लाइव, हेस्टिंग्स आदि ने ऐसे ही अगाध धन कमाया था। अब भी अदना से अदना अंगरेज वहाँ से महुए की तरह अशर्फियाँ बीन कर ले जाता है और अपने देश में पूंजीपति बन ऊँचा व्यापार करता है, ज़मीन्दारियाँ खरीदता है।

गाड़ी बैरकपुर के सरकारी बैंक में पहुँची। कालिका राय बैग संभाल अन्दर चला गया। ट्रक का वर्दीधारी चालक विदीर्ण से अब बोला,—"एक प्याला गरम चाय चलेगी ?"

वह चाय की दुकान पर चला गया। वहाँ से प्याले में चाय और बंगाली निमकी लाया, विदीर्ण को दिया। कवि जी भूख से तड़प रहे थे। उन्होंने निमकी खाया, चाय पिया और ड्राइवर को धन्यवाद दिया।

कालिका राय लौटा तब बहुत खुश था। गाड़ी तेजी से कलकत्ता की ओर भाग पड़ी। दक्षिणेश्वर से पहले एक छोटे से मकान के सामने एक युवती ने गाड़ी को रोकने के लिए हाथ का इशारा किया। ड्राइवर धीरे पड़ा। कालिका राय उससे चिल्ला कर बोला,—"जवान, तेजी से चलते चलो। ज़माना खराब है।"

ड्राइवर ने तब तक ब्रेक लगा कर गाड़ी रोक दिया। युवती ने आँखें नचाकर कालिका राय से निहोरा किया,—"मुझे सोनागाँछी के पास छोड़ देने की कृपा करेंगे ?"

शराबी के सूखे गले को दारू के अलावे क्या चाहिए ? कालिका राय ने युवती को अपने पास बैठा लिया। गाड़ी चली तब उसने उससे पूछा,—"छम्मो का क्या नाम है ?"

"चमेली ?"

"गोल्डेन ट्री की चमेली। वहाँ बाड़ी है या भाड़े का कमरा ?"

"भाड़े का कमरा है। खूब अच्छा, आज चलिए—वहीं आराम कीजियेगा।"

कालिका राय को मुँहमांगी मुराद मिली। उसने विदीर्ण से कहा,—"अरे कवि, कोई मस्ताना रसिया सुना।"

बिदीर्ण की हैरानी से बोलती बन्द थी। गाड़ी बड़ी तेज रफ्तार से भागी जा रही थी। शाम बाजार अभी दिखायी नहीं पड़ रहा था। इलाका सुनसान था। कालिका राय चमेली को छेड़ने की चेष्टा कर रहा था कि ड्राइवर ने गाड़ी बायें करके रोक ली।

"क्या बात है ?"—कालिका राय ने पूछा।

"शायद पेट्रोल जाम हो गया है।"—कह कर ड्राइवर बोनेट खोल कर गाड़ी की मशीनरी देखने लगा। कालिका राय ने चमेली से सट कर उतरना चाहा। चमेली उसका बैग हाथ में ले पहले उतरी और एक झुरमुट की ओर भागी। कालिका राय ने पलक मारते उसका पीछा किया। ड्राइवर की उसे लंगड़ी लगी। वह औंधे मुंह गिर पड़ा। ड्राइवर बोनेट बन्द कर, कविवर बिदीर्ण को बाहर ढकेल, गाड़ी लेकर बडी तेजी से शाम बाजार की ओर भागा।

कालिका राय साठ हजार रुपयो के लुट जाने से कही अधिक अपने सौदे को पूरा न कर पाने से चिन्तित था। उसने रुपये किसी तस्करी के धंधे के लिए निकाला था —वह चमेली नाम की सुन्दरी उसे धता बता से उड़ी।

पीछे से फौजी गाडिया आ रही थी। सुकवि और कालिका राय ने उन्हें रुकने का इशारा किया। पहली गाडी रुकी। उसमे कोई सूबेदार बैठा था। उससे कालिका राय ने कहा, —"एक फौजी ट्रक आगे भागी है—उसे पकड़ना है। उसका ड्राइवर लुटेरो से मिला है।"

सूबेदार ने उन्हे अपनी गाडी मे बैठा लिया। रास्ते को दोनों ओर दूर तक देखते हुए एक स्थान पर वे तेजी से रुके। बायी सडक पर फौजी ट्रक खड़ी थी। उसमें न कोई ड्राइवर था, न क्लीनर।

"यही है।"—कालिका राय चिल्ला पडा।

"ड्राइवर कहा गया ?"—बिदीर्ण ने पूछा।

"उसका पता ठिकाना मिल जायगा।"—सूबेदार ने कहा। उसने एक जवान को उस गाडी को पीछे-पीछे से आने को तैनात किया। गाड़ियों के चलते ही उधर से दो देहाती युवतियां निकली। सुकवि को एक युवती का चेहरा फौजी ड्राइवर का सा लगा। यह असम्भव है, सोच कर उसने किसी से कुछ कहा नहीं। उनकी गाड़िया उस ट्रक के साथ फोर्ट विलियम पहुँच कर ही रुकी।

फौजी अधिकारियो ने कालिका राय के रुपये लुटे जाने की रिपोर्ट लिख कर किले की पुलिस चौकी मे दी। पुलिस ने अपराधियो को ढूंढ निकालने का आश्वासन दिया। पुलिस कमिश्नर ने सुना, बाद मे कहा,—"यह फौजी ट्रक [illegible] बारिकपुर भेजा ही नही गया था। उसका ड्राइवर दिन भर दूसरे [illegible] था। वारदात शायद किसी क्रान्तिकारी संगठन ने किया। [illegible] गांठी में दर्जनों युवतियां हैं। फिर भी सही चमेली को ढूंढने की कोशिश [illegible] है।"

८

कलिका राय ने धंधा नहीं छोड़ा । उसने रुपयों का जोगाड़ कर लिया । किले के अधिकारियों का इस घटना से होश फिर आया । उनकी ट्रक ही नहीं चोरी गयी थी ट्रक के पास के कोत से कई मशीन गनें और पिस्तौल गायब थे । कोत का कमांडर कर्नल विलिकन्सन उस दिन अपने अधिकारी ब्रिगेडियर जांडिस से कह रहा था,—"हिन्दुस्तानी सैनिकों पर अब विश्वास नहीं किया जा सकता ।"

सुकवि को उस दिन कालिका राय की एक टैक्सी से मछुआ बाजार के चौराहे पर उतार कर चमेली नाम की युवती की खोज में दुर्गाचरण मित्र स्ट्रीट चला गया । कवि जी जब तुलापट्टी में बुढ़िया की कोठरी पर पहुंचे तो उन्होंने बुढ़िया के पास एक सुन्दरी युवती को बैठे पाया । बुढ़िया ने बताया,—"ये प्रकाश गुरु की चेलिन हैं ।"

युवती ने कहा ,—"मैं शिष्या नहीं उनकी वागदत्ता हूँ । आपको यहाँ से ले चलने आयी हूँ । मेरा नाम विभावरी है ।"

कवि जी का सिर बसरा की नर्तकी की तरह अनगिनत चक्कर काट गया । सुस्थिर होकर उन्होंने विभावरी देवी को गौर से देखा और पूछा,—"आप कहाँ रहती हैं ?"

"आपको आम खाने से काम है न कि पेड़ गिनने से । चलिए, अम्मां ने आपको बुला भेजा है ।"

सुकवि भूल भुलैया में पूरी तरह पड़ कर होश खो बैठे । बुढ़िया से विभावरी देवी को उन्होंने कहते सुना,—"काकी, तुम घबड़ाओ नहीं । मैं उस मुच्छंडे प्रकाश गुरु को कच्चा चबा डालूंगी । बड़ा सवैया लिखता है । इसे लेकर जा रही हूँ । इससे कुछ काम है । "

विदीर्ण से विभावरी देवी ने कहा,—"बाहर मोटिया खड़ा है । अपनी चीज वस्तु उसके झांपे में उठवा कर चुपचाप चले चलो ।"

कविवर के होश काफूर थे । उन्होंने अपना सामान झापें में रखवाया, उसे मोटिये के सिर पर उठाया । बुढ़िया को दोनों हाथ जोड़ नमस्कार कर वह विभावरी देवी के साथ चल पड़े ।

बहुत दूर नहीं चलना पड़ा । मछुआ बाजार से आगे सेन्ट्रल एमेन्यू पार कर मार्क्विस स्कायर से ठनठनियां बाजार जाने वाली सड़क की बायीं पटरी की एक तीन मंजिली कोठी के दूसरे तल्ले पर श्रीमती सुप्रभा दीक्षित रहती थीं । वे अधेड़ वय पार कर चुकी थीं और मारवाड़ियों के किसी बालिका विद्यालय की प्रधान अध्यापिका थीं । उनके दो पुत्र घुड़दौड़ में घोड़ों की सवारी करते थे और कुशल 'जाकी' कहलाते थे । पुत्री विभावरी देवी पढ़ लिख कर कवि ही बन सकीं । कवि बनने के कारण बने प्रकाश गुरु जिन्होंने अपने कवित्त सवैयों से विभावरी देवी का मन मोह कर उनसे गंधर्व सम्बन्ध स्थापित कर लिया । उन्होंने विधिवत विवाह करने की सौगन्ध भी खाई थी । पहले भी वह

कई रमणियों के घनिष्ट सानिध्य में रह चुके थे। इधर बुढ़िया की बड़ी पुत्री.को लेकर चम्पत हो गये थे। उसका तूफान उठने पर उसे बेचकर जाने कहाँ अदृश्य हो गये थे। विभावरी देवी प्रतापगढ़ जिले के गाव मे भी हो आयी थीं। वह वहाँ नहीं मिले।

विभावरी देवी के कान मे किसी ने कहा कि सुकवि प्रकाश कलकत्ता मे ही कहीं छिपे हैं। तब विभावरी देवी कलकत्ता के हर गली कूचे को छानने लगी। कही उनके कवि गुरु और गधर्व प्रेमी का पता नही चला। अपनी इसी भाग दौड़ में वह एक ऐसे दल मे जा फसी जिसने इन्हे हिन्दुस्तान की आजादी के लिए अपना सर्वस्व—तन, धन और मन—अर्पित कर देने की प्रेरणा दी। धन इनके पास था नहीं, मन कईयों ने पहले हर लिया था, अब प्रकाश गुरु के पास गिरवी था। तन उनका अपना था। उसके उपयोग से वह दल को अस्त्र-शस्त्र और धन जुटाने मे सहयोग देने लगीं। बढ़ते-बढ़ते उनका कार्य क्षेत्र राची पहुँच गया। वहाँ के फिरंगी कमिश्नर मिस्टर हैलेट से स्वीकृत पत्र प्राप्त कर कुछ पेटियों को फौजी ट्रको मे बाँकुरा पहुँचाना था। दल ने उन्हे विदीर्ण के बारे में बताया। क्या सयोग था कि राची जाने की प्रतीक्षा मे विदीर्ण वही ठहरा था जहाँ सिद्ध कवि प्रकाश रहा करते थे।

विभावरी देवी को आदेश मिला, वह गईं और विदीर्ण को अपने घर ले आयी।

विदीर्ण को उस रात प्रेम से सुस्वादु का भोजन करा उसे छत पर खुली हवा मे सुलाया गया। विभावरी देवी ने छत पर उनका विस्तरा दिखाते हुए कहा,—"हमारे पास एक ही कमरा है। छत पर कोई दूसरा आता नही। आपको डर तो नही लगेगा ?"

"नहीं जी डर कैसा ? यहाँ बड़ी ठण्डी हवा है—मैं खूब सोऊगा।"

"आप मेरे गुरु भाई भी हैं। मैं मौका मिलते ही देख जाऊगी।"

कवि जी प्रसन्न ही रहे। कलकत्ता के छतो पर गंगा की ठण्डी हवा मिलती है। कवि जी को जल्दी ही नीद आ गयी।

विभावरी देवी ने अपने गुरु भाई से अपना वादा पूरा किया। वह आधी रात की प्रगाढ़ नीरवता मे सबके सो जाने के बाद छत पर आईं और तारो से छिपने के लिए कवि जी की बाँहो मे अपने को छिपाने लगी। कवि जी छिप-छिपा कर अब भी पीते थे नशे मे थे। फिर भी वह जग गये।

विभावरी देवी का भाव समझ वह साहस बटोर कर बोले,—"मैं कहीं प्रेम मे पड गया हूँ।"

"और मे न बोलें। मैं क्या प्रेम में नहीं जकड़ी हूँ ? प्रेम वासना नहीं। हम एक ही गुरु के शिष्य हैं। हम अपने गुरु का गधर्व छन्द जगायें।"

सुकवि ऐसी विपत्ति में कभी नही पड़े थे उनकी बुद्धि को किन्तु

मार गया। विभावरी देवी ने मनमानी किया। रात के अन्तिम पहर में जब वह नीचे जाने लगीं तब प्रेम पुलक से बोलीं,—"तुम मेरे पति हो, मैं तुम्हारी पत्नी।"

कविवर सुन्न हो गये। विभावरी देवी ही उन्हें दिन चढ़ने के बाद आकर नीचे लिवा गयीं। किसी तरह कवि जी तैयार हुए। विभावरी देवी दस बजे सज बज कर कवि जी के सँग घर से निकलीं। वे अलीपुर में महिला विभाग के सम्पर्क अधिकारी के कार्यालय में पहुँचे। वहाँ कैप्टन की वर्दी में मालती सिमली विराजमान थीं। सुकवि उन्हें देख कर हैरान हुए। कैप्टन सिमली को भी विदीर्ण को देख कर आश्चर्य हुआ। उनके आश्चर्य का निवारण करने के लिए विभावरी देवी ने उनसे कहा,—"मेरे पति हैं। इनकी बदली रांची हो गयी है। हम पहली गाड़ी, ट्रक या हवाई जहाज से रांची पहुँचना चाहते हैं।"

"यहाँ की गर्मी से इतनी ऊब गयी हैं।"—मालती सिमली ने मुस्कुराते हुए आगे पूछा,—"विदीर्ण से मुताह किया या गंधर्व ?"

विभावरी देवी हँसती रहीं। खग ही खग की भाषा जानता है। कैप्टन सिमली ने दूसरे ही दिन रांची जाने वाली ट्रकों में उन्हें जगह दे दी।

तीन दिन लगे उन्हें रांची पहुँचने में। रास्ते में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन के कारण काफिले को काफी कठिनाइयां हुई। विभावरी देवी के कारण उनके ट्रक को किसी ने जलाने की कोशिश नहीं की।

रांची में कवि जी फौजी शिविर में गये। विभावरी देवी अपनी किसी सहेली के साथ ठहरीं। जाने के पहले वे विदीर्ण से कह गयीं,—"अब हमारा गंधर्व समाप्त। यहाँ का कमिश्नर तबियतदार है। वह मेरा काम कर देगा।"

कविवर निरर्थक बंधन से मुक्त होकर खुश ही हुए। लेकिन वह टोह लेते रहे। विभावरी देवी कमिश्नर हैलेट की तीन चार दिन में अच्छी मित्र बन गयीं। हैलेट ने उन्हें वांछित स्वीकृति-पत्र (परमिट) रामगढ़ के जंगलात विभाग के निरीक्षण भवन में दिया। उस रात विभावरी देवी वहाँ हैलेंट के निमंत्रण पर गयीं। उसी के साथ उन्होंने खाना खाया। खाने के बाद हैलेट बेहोश हो गया। विभावरी देवी फिरंगी से बच गयीं। सवेरे ही वह स्वीकृति पत्र के आधार पर भारी मात्रा में फौजी अस्त्र--शस्त्र गोला बारूद लकर बांकुरा पहुँची। वहाँ से उसी रात वह कलकत्ता आ गयीं। दूसरे दिन सवेरे किसी ने उनसे कहा,—"कल बांकुरा के केसका कैम्प पर क्रान्तिकारियों ने धावा बोला। चार अंगरेज अफसर मारे गये और उनका शस्त्रागार लूट लिया गया।"

विभावरी देवी कुछ दिनों के लिए कलकत्ता छोड़ कर जगन्नाथ पुरी तीर्थ करने चली गयीं।

१३

जापानी सैनिक संसार के उत्तम कोटि के सैनिकों में से होते हैं जैसे गोरखा और सिख। सैनिक मुठभेड के सिद्धान्तों में उनके 'हाराकरी' का सिद्धान्त संसार के इतिहास में अपूर्व है। दुश्मन से लड़ाई में घायल होकर पकड़े जाने की दशा में अपने जीवन का अपने आप अन्त करने को हाराकारी कहते हैं। इससे दुश्मन पूछ-ताछ से उसके पक्ष की जानकारी नहीं प्राप्त कर सकेगा। जीवन से देश की प्रतिष्ठा कहीं अधिक श्रेयस्कर है, यह इस सिद्धान्त का मूल है। इस उच्चतम सैनिक आदर्श के विपरीत जापानी सैनिक विषयभोग के उतने ही बड़े प्रेमी हैं। शायद उच्चतम में निम्नतम का मिश्रण प्रकृति जनित स्वाभाविक प्रक्रिया है। नेपोलियन और अता-तुर्क कमालपाशा इस सिद्धान्त के ज्वलन्त उदाहरण हैं।

जापानी सैनिकों की अपनी महिला सहायक सेना थी। हिन्दुस्तानी महिला सहायक सेना की युवतियों पर उनकी तब भी विशेष नजर रहती थी। उन्हें यह नहीं पता चला था कि आजाद हिन्द फौज के निदेशन में महिला सहायक सेना का उद्देश नैतिकता और सेवा सुश्रूषा ही गया था। पुखराज देवी ने इस दिशा में अथक प्रयत्न कर महिला सहायक सेना को अंगरेजी की विलासिता के वातावरण से बहुत दूर कर दिया था। यह सेना अब खेल कूद, नृत्य, संगीत आदि मनोरंजन के श्रेष्ठ कार्यक्रमों में भाग लेती थी। कुछ स्वतंत्रता प्रेमी इसाई परिचारिकायें पुरानी अंगरेजी परम्पराओं को बिलकुल नहीं छोड़ पायी थीं। वे भी समूची सेना के साथ भारतीय ललनाओं के आदर्शों पर चलती थीं।

जापानी इस परिवर्तन को देखकर भी समझ नहीं पाये थे। कैप्टन इसोनावा की दुर्घटना के बाद वैसी कोई बात जरूर नहीं हुई थी। पर जापानी अपनी चाल से बाज नहीं आते थे। हिन्दुस्तानी युवतियाँ जितना ही उनसे कटती थीं उतना ही वे उनकी ओर झुकते थे। वे मित्रता और भाईचारा का ढोंग रचाते थे। एक जापानी कमाण्डर सेयूका ने कुमारी उषा पैट्रिक से दोस्ती बढ़ायी।

सेयूका उच्च पदस्थ अधिकारी था। उषा पैट्रिक ने उससे मेल-जोल को अन्यथा नहीं समझा। एक दिन सेयूका ने मिस पैट्रिक से कहा,—"आपकी हम जल्दी ही पदोन्नति करायेंगे।"

"आप से मेरी पदोन्नति का क्या सम्बन्ध ?"—मिस पैट्रिक ने आश्चर्य से पूछा।

"आखिर हिन्दुस्तानी सेना हमारे साथ ही तो है।"

उसका भाव समझकर कुमारी पैट्रिक ने बिना किसी हिचक के कहा,—"हम अपने देश को स्वतन्त्र कराने के संघर्ष में आपकी महत्वपूर्ण सहायता के लिए आभारी हैं। अब हम किसी के अधीन नहीं होंगे। बैंकाक सम्मेलन के प्रस्तावों में इसे साफ-साफ बता दिया गया है।"

कमाण्डर सेयूका जोर से हँसा। उसने मिस पैट्रिक की आँखों में आँखें डालने की कोशिश करते हुए कहा,—"कल मेजर गिल गिरफ्तार कर लिया गया है। वह अग्रिम टुकड़ियों के संग बर्मा भेजा गया था। वहाँ उसने जापानी कमांडर का आदेश मानने से इन्कार कर दिया।"

मिस पैट्रिक ने यह खबर उड़ती फुड़ती सुनी थी। उन्होंने यह भी सुना था कि इस गिरफ्तारी की प्रतिक्रिया यह हुई कि आज़ाद हिन्द फौज के सेनापति मोहन सिंह ने किसी भी हिन्दुस्तानी टुकड़ी या फौजी दल को जापानी सेना की अधीनता में रखने से साफ मनाही एक विशेप आदेश द्वारा कर दिया है। मिस पैट्रिक ने येसूका से गर्व से फिर कहा,—"आज़ाद हिन्द फौज़ किसी की अधीनता नहीं स्वीकार करेगी। सहयोग दूसरी चीज़ है।"

उस रात महिला सहायक सेना के अफसरों के मेस मे यही चर्चा चल रही थी। मेजर रत्नाम्मा महारानी झाँसी रेजिमेंट से आयी थीं। उन्होंने बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष रास बिहारी बोस ने जेनरल मोहन सिंह को कल इसी सम्बन्ध में बुलाया है। जेनरल किसी तरह ऐसा सहयोग नहीं करना चाहते हैं जिसमें प्रकारान्तर से भी अधीनता प्रकट होती हो। जेनरल ने कार्यकारी अध्यक्ष को अपना त्याग पत्र भी भेज दिया है। शायद वे कार्यकारी अध्यक्ष से मिलने भी न जांय।

"यह विकट परिस्थिति होगी।"—किसी प्लटून कमांडर ने कहा।

"इससे आज़ाद हिन्द फौज भंग हो जायेगी।"—मेजर रत्नाम्मा ने गम्भीर भाव से बताया,—"कोई भी हिन्दुस्तानी जापानियों के अधीन होकर काम नहीं करना चाहता। मगर कोई भी आजाद हिन्द फौज़ को भंग करने के पक्ष में नहीं है।"

मेस के अधिकांश अफसरों का यही मत था कि मेजर गिल वाली घटना अच्छी हो गयी। शुरू से ही जापानी कमांडर को यह बताना जरूरी है कि आज़ाद फौज़ उसके अधीन नहीं होगी। लड़ाई में सहयोग भी वह स्वतन्त्र सेना के रूप में ही कर सकेगी।

एक-दो दिन अफवाहों का बाजार सिंगापुर में ही नहीं पूरे मलाया में गर्म रहा। एकाएक कार्यकारी अध्यक्ष ने अप्रत्याशित कदम उठा लिया। जेनरल मोहन सिंह ने जब उनसे मिलने से इन्कार कर दिया तब उन्होंने जेनरल को गिरफ्तार करने का हुक्म दे दिया। जापानी कमांडरों ने आदेश का पालन किया। लेकिन गिरफ्तार होते ही जेनरल मोहन सिंह ने कार्यकारी समिति की सलाह से आज़ाद हिन्द फौज़ को भंग करने का एलान कर दिया।

हिन्दुस्तानी अफसर और जापानी अधिकारी घटना की इस मोड़ से

बहुत चिन्तित हो उठे। एकाध वरिष्ठ जेनरलों ने कहा,—"उधर देश में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन छिड़ गया है, इधर हम अपने उद्देश्य को तिलांजलि दे रहे हैं। लक्ष्य कैसे मिलेगा ?"

जापानियों के मलाया कमांड के प्रधान सेनापति जेनरल इवाकुको ने हिन्दुस्तानी जेनरलों, कमाण्डरों और अस्थायी आजाद हिन्द सरकार के मौजूद सदस्यों की एक गोपनीय बैठक बुलायी। हिन्दुस्तानी जेनरलों में एक भी नहीं चाहता था कि *आजाद हिन्द फौज भंग हो। उन्होंने कहा,—"हमने स्वदेश को आजाद कराने* की शपथ खायी है। हम जापान की मदद के बिना लड ही नहीं सकते। लेकिन हम उसके अधीन होकर नहीं लड़ेंगे।"

जवाब में जेनरल इवाकुको ने कहा,—"जापान के प्रधान मन्त्री जेनरल टोजो ने साफ-साफ घोषणा की है कि जापान सरकार हिन्दुस्तान के एक इंच को भी अपने अधीन नहीं करेगी। जापान हिन्दुस्तान को स्वतन्त्र कराने में सहयोगी रहेगा।"

प्रशिक्षण केन्द्र का कमांडर श्यामसिंह जोश से बोला,—"बैंकाक सम्मेलन के प्रस्तावों को जापान ने अभी तक स्वीकार क्यों नहीं किया ?"

"प्रधान मन्त्री ने उन प्रस्तावों के अनुसार ही दोस्ती का हाथ बढाया है।"

जेनरल इवाकुको की साफ बात सुनकर आजाद हिन्द फौज के जेनरल शाहनवाज खां खड़े होकर बोले,—"हम में से कोई आजाद हिन्द फौज को भंग करने के पक्ष में नहीं है। हमारी एक मांग है। वह यह है कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को हमारा नेतृत्व करने के लिये जर्मनी से यहाँ बुलाया जाय।"

बैठक जिस भवन में हो रही थी उसकी छत तालियों की विपुल गडगडाहट से फटने को आयी। जापानी जेनरल का मुखमण्डल भी आजाद हिन्द फौजियों की तरह खुशी से भर कर लाल हो गया। उसने कहा,—"*हमें यह स्वीकार है। नेता जी के* आने तक कर्नल एम० जेड० कियानी को आजाद हिन्द फौज का प्रधान सेनापति और कर्नल भोंसले को उसका निदेशक मनोनीत किया जाता है। दोनों आजाद हिन्द *फौज के वरिष्ठतम बड़े अफसर हैं।*"

तालियों की पूर्ववत् गडगडाहट से हाल गूंज उठा। सुझाव सबने प्रसन्न मन से स्वीकार किया।

उपर्युक्त प्रस्ताव दिसम्बर बयालीस में हुआ था। चार जुलाई तंतालीस को नेताजी जान पर खेलकर पन-डुब्बियाँ बदल-बदल कर जर्मनी से जापान होते हुए हवाई जहाज द्वारा सिंगापुर पहुँचे। श्री रासबिहारी बोस ने उसी दिन आजाद सरकार और फौज का अध्यक्ष पद तथा सर्वोच्च कमांड नेता जी को सौंप दिया।

नये सर्वोच्च कमांडर ने आजाद हिन्द फौज को उसी दिन नया नारा दिया,—"दिल्ली चलो।" आपस में अभिवादन का भी नया रूप मिला,—'जय हिन्द।'

प्रिय विषय था। वह मन ही मन सोच रही थी कि गांधी जी के 'ट्रस्टीशिप' में अधिकतम पर रोक है। न्यूनतम का क्या होगा? पांचों उंगलियों को पहले उंगली तो बनाया जाय। थोड़ा बहुत अन्तर गुणविशेष के कारण रहेगा ही। खाने, पीने, पहनने, रहने, की सुविधाओं में अगर विषमता रही तो स्वराज्य सुखदायक कैसे बनेगा?

नरेन्द्र ने पुखराज की गम्भीर मुद्रा को लक्ष्य कर कहा,—"पूँजीवाद और साम्यवाद के बीच की खाई गांधी जी के 'ट्रस्टीशिप' से पट सकेगी।"

"साम्यवाद में व्यक्तिगत सम्पत्ति नहीं होती। उसमें भ्रष्टाचार, अनैतिकता, असन्तोष आदि दुर्गुण छूमंतर हो जाते हैं। समाज में सभी मन और मस्तिष्क में सुखी हो जाते हैं।"

"यह आदर्श है। रूस भी उसे अब तक कहाँ पा सका? स्वतंत्र हिन्दुस्तान में जिस तरह भी हो सबको बराबर करना सुख सृजन की पहली सीढ़ी होगी।"

"जाने.........।" पुखराज का हृदय स्वदेश में व्याप्त गरीबी, अनैतिकता, असन्तोष की प्रवृत्तियों का ध्यान कर भर आया। नरेन्द्र सोच रहा था,—"पराधीनता की बेड़ियां काटना पहला कर्त्तव्य है। स्वदेश में व्याप्त अंधेरा उसी से मिटेगा।"

नेता जी बोस के आते ही एक नयी बिजली जली जिसकी जगमगाहट से मलाया ही नहीं सारे सुदूर पूरब के हिन्दुस्तानी और हिन्दुस्तानी मूलक चमक उठे। स्वदेश को स्वतंत्र कराने का दिव्य अलोक चारो ओर प्रकाश भरने लगा। सारा शक-सुबहा मिट चला, नयी लगन और अदम्य साहस से आजाद हिन्द फौज की तैयारियां चलने लगीं।

बरियार खां और नायक नंदराय की रिपोर्ट सर्वोच्च कमाण्ड के लिए बहुत लाभकारी साबित हुई। वे मनीपुर क्षेत्र की पूरी जानकारी नक्शों समेत लाये थे। कहां-कहां अंगरेजी पल्टनें हैं, हवाई अड्डे कहां हैं, शस्त्र और रसद की आपूर्ति के केन्द्रीय डिपो कहां हैं, हिन्दुस्तानी पल्टनों का क्या मनोबल-रुख है आदि की सही जानकारी उनसे मिली। बरियार खां ने श्याम सिंह से बताया,—"पार की हिन्दुस्तानी फौज भी जोश से भरी है। वह हमारे पहुँचते ही हमारे साथ हो जायगी।"

"और क्या देखा सुना?"—श्याम सिंह ने अनजान भावों में बह कर पूछा था।

वहां की नाचने गाने वालियाँ भी देशभक्ति की ओज से भरी हैं। स्वदेश की प्रशस्ति का गाना सुनाती हैं, नृत्य दिखाती हैं। इससे सिपाहियों का स्वदेश के लिए मनोबल उभड़ता है।" दूसरी सांस में उसने कहा,—"शरीर बेचने वालियां भी फिरंगीयों को घास नहीं डालतीं। वे जानकारी के लिए बहुत ही लाभप्रद साबित हो रही हैं।"

कमांडर श्याम सिंह मनीपुर क्षेत्र से बहुत दूर बनारस से आगे लोहता गांव के अपने घर के आंगन में अपलक नयनों से उसका बाट जोहती अपनी नयी नवेली

प्रिय विषय था। वह मन ही मन सोच रही थी कि गांधी जी के 'ट्रस्टीशिप' में अधिकतम पर रोक है। न्यूनतम का क्या होगा? पांचों उंगलियों को पहले उंगली तो बनाया जाय। थोड़ा बहुत अन्तर गुणविशेष के कारण रहेगा ही। खाने, पीने, पहनने, रहने, की सुविधाओं में अगर विषमता रही तो स्वराज्य सुखदायक कैसे बनेगा?

नरेन्द्र ने पुखराज की गम्भीर मुद्रा को लक्ष्य कर कहा,—"पूँजीवाद और साम्यवाद के बीच की खाई गांधी जी के 'ट्रस्टीशिप' से पट सकेगी।"

"साम्यवाद में व्यक्तिगत सम्पत्ति नहीं होती। उसमें भ्रष्टाचार, अनैतिकता, असन्तोष आदि दुर्गुण छूमंतर हो जाते हैं। समाज में सभी मन और मस्तिष्क से सुखी हो जाते हैं।"

"यह आदर्श है। रूस भी उसे अब तक कहां पा सका? स्वतंत्र हिन्दुस्तान में जिस तरह भी हो सबको बराबर करना सुख सृजन की पहली सीढ़ी होगी।"

"जाने.........।" पुखराज का हृदय स्वदेश में *व्याप्त गरीबी, अनैतिकता,* असन्तोष की प्रवृत्तियों का ध्यान कर भर आया। नरेन्द्र सोच रहा था,—"पराधीनता की बेड़ियां काटना पहला कर्त्तव्य है। स्वदेश में व्याप्त अंधेरा उसी से मिटेगा।"

नेता जी बोस के आते ही एक नयी बिजली जली जिसकी जगमगाहट से मलाया ही नहीं सारे सुदूर पूरब के हिन्दुस्तानी और हिन्दुस्तानी मूलक चमक उठे। स्वदेश को स्वतंत्र कराने का दिव्य आलोक चारों ओर प्रकाश भरने लगा। सारा शक-सुबहा मिट चला, नयी लगन और अदम्य साहस से आजाद हिन्द फौज की तैयारियां चलने लगीं।

बरियार खां और नायक नंदराय की रिपोर्ट सर्वोच्च कमाण्ड के लिए बहुत लाभकारी साबित हुई। वे मनीपुर क्षेत्र की पूरी जानकारी नक्शों समेत लाये थे। कहां-कहां अंगरेजी पल्टनें हैं, हवाई अड्डे कहां हैं, शस्त्र और रसद की आपूर्ति के केन्द्रीय डिपो कहां हैं, हिन्दुस्तानी पल्टनों का क्या मनोबल-रुख है आदि की सही जानकारी उनसे मिली। बरियार खां ने श्याम सिंह से बताया,—"पार की हिन्दुस्तानी फौज भी जोश से भरी है। वह हमारे पहुँचते ही हमारे साथ हो जायगी।"

"और क्या देखा सुना?"—श्याम सिंह ने अनजान भावों में बह कर पूछा था।

वहां की नाचने गाने वालियाँ भी देशभक्ति की ओज से भरी हैं। स्वदेश की प्रशस्ति का गाना सुनाती हैं, नृत्य दिखाती हैं। इससे सिपाहियों का स्वदेश के लिए मनोबल उभड़ता है।" दूसरी सांस में उसने कहा,—"शरीर बेचने वालियां भी फिरंगियों को घास नहीं डालतीं। वे जानकारी के लिए बहुत ही लाभप्रद साबित हो रही हैं।"

कमांडर श्याम सिंह मनीपुर क्षेत्र से बहुत दूर बनारस से आगे लौटता गांव के अपने घर के आंगन में अपलक नयनों से उसका बाट जोहती अपनी नयी नवेली

हुक्म मिला। खाने पीने का भी समय अनिश्चित रहा करता था यद्यपि हर प्रशिक्षार्थी के स्वास्थ्य की जांच सुविज्ञ डाक्टरो द्वारा प्रति सप्ताह की जाती थी।

पिनांग से कुछ दूर बर्मा की सरहद पर टाइपिंग नगर में भी प्रशिक्षण स्कूल का एक केन्द्र था। उसमें तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद प्रशिक्षार्थियों को भेजा जाता था। वहाँ लोहे का चना चबाना पडता था।

जुनूरैन एक प्रशिक्षार्थी था। उसका विनोद मशहूर था। उसका कहना था कि अगर मेरिया न होती तो नब्बे से अधिक प्रतिशत प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण का कोर्स पूरा ही न कर पाते।

मेरिया जुनूरैन के सेक्शन मे थी। वह जुनूरैन के संग अपना अधिक समय बिताती थी। दूसरो के साथ भी उसका व्यवहार घनिष्ठ मित्रता का था। वह प्रत्येक के सुख दु ख को किसी न किसी बहाने रोज पूछा करती थी। कभी किसी को हँसाती थी तो कभी किसी को रुलाती थी।

जुनूरैन ने एक दिन विस्मृति मे उसे अपनी बाँहो में समेट लिया। मेरिया ने दुगुने उत्साह से प्रतिदान मे उसे चिपटा लिया, उसके अधरो को चूम लिया। जुनूरैन ने इसकी आशा नही की थी। जाने कैसे जुनूरैन ने कहा,—"ज्ञान सिंह यह पसन्द नही करता।"

"क्यो?"—मेरिया ने सच्चाई से पूछा।

जुनूरैन क्या कहता? मेरिया ने ही उसे असमंजस मे उबारा,—'होठो का चुम्बन एक सद्व्यवहार है, मित्रता का मानक है, प्रेम नही। ज्ञान सिंह से मुझे प्रेम है—भेदो के भेद को नापने वाला प्रेम। शरीर की सनसनाहट का भी मोल रखना है।"

अचानक हवाई आक्रमण के अभ्यास की सीटी बज गयी। मेरिया और जुनूरैन अपनी-अपनी सिखलायी में लग गये।

टाइपिंग जाने के पहले हर प्रशिक्षार्थी को एक दाव दिया गया जिससे जगल में झाड़-झंखाड़ काट कर वह रास्ता बना सके। टाइपिंग मे मेरिया ने उस दाव का प्रयोग एक जापानी कैप्टन पर कर लिया। उस जापानी कैप्टन ने मेरिया को गीशा वाला समझ उससे बलात्कार करने की कोशिश की। मेरिया ने यह कह कर कि मैं भारतीय आदर्शों की नारी हूँ अपना दाव कैप्टन के कलेजे मे खोस दिया। कैप्टन के प्राण पखेरू उड़ गये।

जापानी उच्च अधिकारियो ने मेरिया को उन्हे सुपुर्द कर देने की माँग की। टाइपिंग के निदेशक राघवन ने आजाद हिन्द फौज के कमाण्ड की सहमति से उसे जापानियों के सुपुर्द कर दिया। जापानी बैरक मे वह कडे पहरे मे रखी गयी। वहां से खबर आती थी कि उसे कत्ल के जुर्म में गोलियो से उडा दिया जायगा। वैसा किया नही जा सका क्योकि मेरिया अदृश्य हो गयी। कब और कैसे वह जापानियो की आँख मे धूल झोंक कर कहाँ चली गयी कोई नही जान सका। आजाद हिन्द कमांड ने बडी सरगर्मी से जाच की। उसका कोई नतीजा नहीं निकला।

हुक्म मिला । खाने पीने का भी समय अनिश्चित रहा करता था यद्यपि हर प्रशिक्षार्थी के स्वास्थ्य की जाँच सुविज्ञ डाक्टरो द्वारा प्रति सप्ताह की जाती थी ।

पिनांग से कुछ दूर बर्मा की सरहद पर टाइपिंग नगर में भी प्रशिक्षण स्कूल का एक केन्द्र था । उसमें तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद प्रशिक्षार्थियों को भेजा जाता था । वहाँ लोहे का चना चबाना पडता था ।

जुनूरैन एक प्रशिक्षार्थी था । उसका विनोद मशहूर था । उसका कहना था कि अगर मेरिया न होती तो नब्बे से अधिक प्रतिशत प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण का कोर्स पूरा ही न कर पाते ।

मेरिया जुनूरैन के सेक्शन मे थी । वह जुनूरैन के संग अपना अधिक समय बिताती थी । दूसरो के साथ भी उसका व्यवहार घनिष्ठ मित्रता का था । वह प्रत्येक के सुख दुःख को किसी न किसी बहाने रोज पूछा करती थी । कभी किसी को हँसाती थी तो कभी किसी को रुलाती थी ।

जुनूरैन ने एक दिन विस्मृति मे उसे अपनी बाँहो में समेट लिया । मेरिया ने दुगुने उत्साह से प्रतिदान मे उसे चिपटा लिया, उसके अधरो को चूम लिया । जुनूरैन ने इसकी आशा नही की थी । जाने कैसे जुनूरैन ने कहा,—"ज्ञान सिंह यह पसन्द नही करता ।"

"क्यो ?"—मेरिया ने सच्चाई से पूछा ।

जुनूरैन क्या कहता ? मेरिया ने ही उसे असमजस मे उबारा,—'होंठो का चुम्बन एक सद्व्यवहार है, मित्रता का मानक है, प्रेम नहीं । ज्ञान सिंह से मुझे प्रेम है—भेदो के भेद को नापने वाला प्रेम । शरीर की सनसनाहट का भी मोल रखना है ।"

अचानक हवाई आक्रमण के अभ्यास की सीटी बज गयी । मेरिया और जुनूरैन अपनी-अपनी सिखलायी मे लग गये ।

टाइपिंग जाने के पहले हर प्रशिक्षार्थी को एक दाव दिया गया जिससे जगल में झाड-झंखाड़ काट कर वह रास्ता बना सके । टाइपिंग मे मेरिया ने उस दाव का प्रयोग एक जापानी कैप्टन पर कर लिया । उस जापानी कैप्टन ने मेरिया को गीशा वाला समझ उससे बलात्कार करने की कोशिश की । मेरिया ने यह कह कर कि मैं भारतीय आदर्शों की नारी हूँ अपना दाव कैप्टन के कलेजे मे खोंस दिया । कैप्टन के प्राण पखेरू उड़ गये ।

जापानी उच्च अधिकारियो ने मेरिया को उन्हे सुपुर्द कर देने की माँग की । टाइपिंग के निदेशक राघवन ने आजाद हिन्द फौज के कमाण्ड की सहमति से उसे जापानियों के सुपुर्द कर दिया । जापानी बैरक मे वह कडे पहरे मे रखी गयी । वहां से खबर आती थी कि उसे कत्ल के जुर्म में गोलियो से उडा दिया जायगा । वैसा किया नही जा सका क्योकि मेरिया अदृश्य हो गयी । कब और कैसे वह जापानियो की आँख मे धूल झोंक कर कहाँ चली गयी कोई नही जान सका । आजाद हिन्द कमांड ने बडी सरगर्मी से जाच की । उसका कोई नतीजा नहीं निकला ।

नहीं था। इसलिए रात के अंधेरे में नन्दराम और वरियार खां कम-से-कम जरूरी सामान अपने बदन पर समेट नदी में उतरे। चिन्दवीन की धारा तेज थी। वे तैरने लगे। अभी आधा पाट भी पूरा नहीं कर पाये थे कि उन पर दुश्मन की गोलियों के ओले पड़ने लगे। पीछे लौटना सम्भव नहीं था। आगे जाना मौत के कुएँ में छलांग लगाना था। उन्होंने डुबकी मारी और सीधी दिशा छोड़ बायीं ओर डूबे-डूबे ही प्रवाह के सहारे करीब चौथायी मील तैर गये। वहाँ वे उतराये। उधर चुप्पी थी। वहाँ न गोलियाँ बरसी न आदमी की गन्ध कहीं से आई। वे हिम्मत साधे नदी की तेज धार को काटते-काटते पार पहुँच गये। किनारों पर पानी को छूते हुए वे लेट गये। आगे बिना टोह लिए जाना बेवकूफी होती। अंधेरा प्रगाढ़ था, आँखों की सीध में हाथ भर तक भी दिखायी नहीं पड़ता था। चोर बत्ती उनके कमर के झोले में थी। रात को एक माचिस की लौ भी बहुत दूर तक दिखायी पड़ती है। इसलिए वे चुपचाप लेटे रहे और सुस्ताते रहे। एक दूसरे से वे बोल भी नहीं सकते थे। रात की नीरवता आवाज़ को दूर तक तैरा ले जाती है।

सारे देश में लाल किले के कोर्ट मार्शल के फैसले से नयी उत्तेजना छा गयी। कोर्ट मार्शल ने तीनों जेनरलों—सहगल, ढिल्लो, शाहनवाज़—को आजीवन कारावास का दण्ड सुनाया। फेडरल कोर्ट के वकीलों के संग संग पुखराज उमड़ी। उसने नरेन्द्र से तमतमा कर कहा, —"यह क्या हुआ ?"

"अंगरेजों की विदाई के यज्ञ में यह आहुति है। उन्होंने अपने कानून का पालन किया। जनता उन्हें उखाड फेंकेगी।"

पुखराज ने समझा या नहीं नरेन्द्र के शान्त गम्भीर मुखमुद्रा से उसने आगे कुछ नहीं कहा।

लाल किले के मुकदमे से उठी लहर उसके फैसले से उत्तेजित हो नगर-नगर ग्राम-ग्राम नया आन्दोलन जगा बैठी। अंगरेज ने उस जन शक्ति को पहचाना। अंगरेज प्रधान सेनापति ने अपने विशेषधिकार से आजन्म कारावास के दण्ड को रद्द कर दिया। आज़ाद हिन्द फौज की स्वतंत्रता मान ली गयी।

लगभग उसी समय रेडियो में ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की कि वह जून अडतालीस के पहले हिन्दुस्तान को जिसे चाहे अधिकार सौंप कर वापस चली जायगी। हिन्दुस्तान की आज़ादी इस तरह मान ली गयी। नेता जी की बात सच हुई।

आज़ाद हिन्द फौज के कैप्टन दुर्रानी का भी कोर्ट मार्शल होने वाला था। वह अब रद्द कर दिया गया। पुखराज ने यह सुन कर नरेन्द्र से कहा,— "नेता जी की हर बात सच हो रही है। मगर ये मुसलमान अफसर अब लीगी क्यों होते जा रहे है ?"

"पाकिस्तान के गुब्बारे के कारण। यह तो नहीं जानते कि इस गुब्बारे को बड़ी ताकतें मन माना ढंग से उडा देंगी, उसे कहीं टिकने नहीं देंगी। इगलैंड

गत मसखरापन जान कर वह स्वयं दीवानजी से लोट-पोट होने को आया। इन रियासतों को जीवित करने का एक ही उपाय था। उस उपाय के खिलाफ हर रियासत कमर कसे तैयार थी।

महाराज झालावाड ने रियासतों की आम बैठक मे कहा,—"हम ब्रिटिश सरकार के संधि द्वारा सहयोगी थे। उनके हटते ही भारत से हमारा सम्बन्ध बिलकुल स्वतंत्र हो जायगा। हमे सोचना है कि विलायत के ताज से हमारा क्या सम्बन्ध रहे।"

महाराजा नाभा की ओर से उनकी अंगरेज रानी ने एक घोषणा पत्र ही पढ डाला कि अगर कठिनाई पडी तो वह नाभा के बदले मे विलायत मे ही राज्य की मांग करेंगे।

नरेन्द्र ने अधिकाश सधि पत्रों को पढ लिया था। रियासतों के ढुलमुल व्यक्तिवादी आकाक्षी शासकों से उसे भारतीय एकता को बड़ा खतरा नहीं दिखायी पडा। उनके सम्बन्धो की कडी को बडी कोमलता से निभाना जरूरी था।

सारे देश मे लाल किले के कोर्ट मार्शल के फैसले से नयी उत्तेजना छा गयी। कोर्ट मार्शल ने तीनों जेनरलों—सहगल, ढिल्लो, शाहनवाज—को आजीवन कारावास का दण्ड सुनाया। फेडरल कोर्ट के वकीलों के सग संग पुखराज उमडी। उसने नरेन्द्र से तमतमा कर कहा,—"यह क्या हुआ?"

"अंगरेजो की विदाई के यज्ञ मे यह आहुति है। उन्होंने अपने कानून का पालन किया। जनता उन्हे उखाड फेंकेगी।"

पुखराज ने समझा या नही नरेन्द्र के शान्त गम्भीर मुखमुद्रा से उसने आगे कुछ नहीं कहा।

लाल किले के मुकदमे से उठी लहर उसके फैसले से उत्तेजित हो नगर-नगर ग्राम-ग्राम नया आन्दोलन जगा बैठी। अंगरेज ने उस जन शक्ति को पहचाना। अंगरेज प्रधान सेनापति ने अपने विशेषधिकार से आजन्म कारावास के दण्ड को रद्द कर दिया। आजाद हिन्द फौज की स्वतंत्रता मान ली गयी।

लगभग उसी समय रेडियो से ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की कि वह जून अड़तालीस के पहले हिन्दुस्तान को जिसे चाहे अधिकार सौंप कर वापस चली जायगी। हिन्दुस्तान की आजादी इस तरह मान ली गयी। नेता जी की बात सच हुई।

आजाद हिन्द फौज के कैप्टन दुर्रानी का भी कोर्ट मार्शल होने वाला था। वह अब रद्द कर दिया गया। पुखराज ने यह सुन कर नरेन्द्र से कहा,—"नेता जी की हर बात सच हो रही है। मगर ये मुसलमान अफसर अब लीगी क्यों होते जा रहे है?"

"पाकिस्तान के गुब्बारे के कारण। यह तो नही जानते कि इस गुब्बारे को बड़ी ताकतें मन माना ढंग से उडा देंगी, उसे कही टिकने नही देंगी। इगलैंड

"राजा जी ने पहले यही कहा था।"

"राजा जी ने जब कहा था तब देश से अंगरेज जा नहीं रहा था। यहाँ हिन्दुस्तानियों की कार्यकारिणी समिति बना रहा था। अब स्वराज या औपनवेशिक स्वराज की बात है।"

"क्या हिन्दू मुसलिम मिल कर बँटवारा रोक नहीं सकते?"—कमलेश ने पूछा।

पुखराज आ गयी थी। उसने विवाद का विषय सुन लिया था। वह बोली,—"अंगरेजो ने यह विष की बेलि बहुत पहले लगायी। मैं बचपन से देखती आ रही हूँ कि मुसलमान हिन्दू को काफिर मानते हैं। उनके धर्म की सीख है कि काफिर को मौका पाते ही मार दो, मुसलमान का कोई अहित मत करो।"

"यह हिन्दुस्तान के लिए हमेशा खतरा बना रहेगा।" नरेन्द्र आ गये। उन्होंने कहा,—"हर धर्म में देश सर्वोपरि है। बँटवारा हुआ भी तो यहाँ के मुसलमान हिन्दुस्तान के गौरव के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देंगे।"

प्रफुल्ल ने पूछा,—"मिस्टर जिन्ना इस गूढ़ तत्व को क्यों नहीं समझते?"

"उनका धर्म से क्या नाता? पहले वह किसी के इशारे पर थे। अब राष्ट्रपिता होने के स्वार्थ से ग्रसित हैं।"

चाय आ गयी। वातावरण हल्का हो आया। चाय का एक घूंट पीकर दीदी ने नरेन्द्र से पूछा,—"रियासतों का क्या हो रहा है?"

"रियासतें भारतीय संघ में शामिल होंगी। स्वराज का रूप साफ होते ही निर्णय हो जायगा।"

"बहुत अच्छा होगा। तब बँटवारा बेमानी है।"

"वह एक आदमी की जिद के कारण होगा। अमेरिका को इस भू-भाग में पाँव रखने की जगह चाहिए।"

नरेन्द्र पुखराज का इम्पेरियल होटल में महाराजा अजीतगढ़ के यहाँ रात का खाना था। वहाँ महाराज से बात-व्रात में नरेन्द्र ने कहा,—"हमें इस महान देश को सैकड़ों टुकड़ों में नहीं बाँटना है।"

"यह देश सदा कई राज्यों में विभक्त रहा।"

"तब यातायात के साधन नहीं थे। शासकीय सुविधा उसी में थी। फिर भी देश एक था। अब वैसा करना अपने को कमजोर करना है।"

हिज हाईनेस पटियाला उसी समय पधारे। महाराजा अजीतगढ़ ने उनकी राय जाननी चाही। महाराजा बोले,—"मैं रियासतों के चेम्बर का अध्यक्ष हूँ। मैं सबके साथ रहूँगा। व्यक्तिगत रूप से सिख हूँ। हमारे पवित्र स्थान, लाहौर, ननकाना साहब, पंजा साहब, गुरुद्वारा डेरा साहब, सब बँटवारे में पाकिस्तान में पड़ेंगे। यह सिखों के लिए मिट जाने के बराबर है।"

"भाई-भाई का बँटवारा कल नहीं परसों समाप्त हो जायगा।"

"राजा जी ने पहले यही कहा था।"

"राजा जी ने जब कहा था तब देश से अंगरेज जा नहीं रहा था। वहाँ हिन्दुस्तानियों की कार्यकारिणी समिति बना रहा था। अब स्वराज या औपनवेशिक स्वराज की बात है।"

"क्या हिन्दू मुसलिम मिल कर बँटवारा रोक नहीं सकते?"—कमलेश ने पूछा।

पुखराज आ गयी थी। उसने विवाद का विषय सुन लिया था। वह बोली,—"अंगरेजों ने यह विष की बेलि बहुत पहले लगायी। मैं बचपन से देखती आ रही हूँ कि मुसलमान हिन्दू को काफिर मानते हैं। उनके धर्म की सीख है कि काफिर को मौका पाते ही मार दो, मुसलमान का कोई अहित मत करो।"

"यह हिन्दुस्तान के लिए हमेशा खतरा बना रहेगा।" नरेन्द्र आ गये। उन्होंने कहा,—"हर धर्म में देश सर्वोपरि है। बँटवारा हुआ भी तो यहाँ के मुसलमान हिन्दुस्तान के गौरव के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देंगे।"

प्रफुल्ल ने पूछा,—"मिस्टर जिन्ना इस गूढ़ तत्व को क्यों नहीं समझते?"

"उनका धर्म से क्या नाता? पहले वह किसी के इशारे पर थे। अब राष्ट्र-पिता होने के स्वार्थ से ग्रसित हैं।"

चाय आ गयी। वातावरण हल्का हो आया। चाय का एक घूँट पीकर दीदी ने नरेन्द्र से पूछा,—"रियासतों का क्या हो रहा है?"

"रियासतें भारतीय संघ में शामिल होंगी। स्वराज का रूप साफ होते ही निर्णय हो जायगा।"

"बहुत अच्छा होगा। तब बँटवारा बेमानी है।"

"वह एक आदमी की जिद के कारण होगा। अमेरिका को इस भू-भाग में पाँव रखने की जगह चाहिए।"

नरेन्द्र पुखराज का इम्पेरियल होटल में महाराजा अजीतगढ़ के यहाँ रात का खाना था। वहाँ महाराज से बात-बात में नरेन्द्र ने कहा,—"हमें इस महान देश को सैकड़ों टुकड़ों में नहीं बाँटना है।"

"यह देश सदा कई राज्यों में विभक्त रहा।"

"तब यातायात के साधन नहीं थे। शासकीय सुविधा उसी में थी। फिर भी देश एक था। अब वैसा करना अपने को कमजोर करना है।"

हिज हाईनेस पटियाला उसी समय पधारे। महाराजा अजीतगढ़ ने उनकी राय जाननी चाही। महाराजा बोले,—"मैं रियासतों के चेम्बर का अध्यक्ष हूँ। मैं सबके साथ रहूँगा। व्यक्तिगत रूप से सिख हूँ। हमारे पवित्र स्थान, लाहौर, ननकाना साहब, पंजा साहब, गुरुद्वारा डेरा साहब, सब बँटवारे में पाकिस्तान में पड़ेंगे। यह सिखों के लिए मिट जाने के बराबर है।"

"भाई-भाई का बँटवारा कल नहीं परसों समाप्त हो जायगा।"

के घर परिवार वालो का वहाँ लोगो ने नाम सुना था। उसका कोई निशान बाकी नही था। चकझूमरा आकर उसकी प्रतिज्ञा पूरी हो गयी। यहाँ उसे प्रस्तावित बँटवारे की लोमहर्षक विभीषिका का नमूना देखने को मिला। वह उससे काँप गयी।

पंजाब में हिन्दू मुसलमानों की मिली-जुली 'यूनियनिस्ट दल' की सरकार थी। मतगणना संग्रह में पंजाब ने बँटवारे का समर्थन किया। सीमा प्रान्त ने भी जहाँ कांग्रेस पार्टी की सरकार थी बँटवारे का पक्ष लिया। मुसलिम लीग को इन प्रान्तो मे जमने का मौका मिल गया। हिन्दू काफिर है, काफिर को मौका पाते ही मार डालना धर्म है—इसकी जिहाद छिड गयी। गाँव-गाँव, शहर-शहर आग लगने लगी। चकझूमरा मे आग पहुँची।

चकझूमरा के लम्बरदार का लड़का खान अब्दुल अजीज था। वह शातिर गुण्डा था। उस क्षेत्र मे लोग उसकी छाया से भागते थे। वह इलाके के मुसलिम लीग का पेशवा बन गया। मेरिया जब से मेहर सिंह के संग आई थी तभी से वह उसकी आँखो मे गड़ी थी। उसने अफवाह फैला दी थी कि मेहर सिंह मेरिया को बर्मा या स्याम से भगा कर लाया था। मेहर सिंह अगर बूढा न होता तो वह उसकी पोष्य-पुत्री को लेकर आने क्या न कहता?

जब इलाके मे मुसलिम लीग ने हिन्दुओ और सिखो के खिलाफ जेहाद का फतवा दिया तब अब्दुल अजीज ने एक रात अपने हमजोलियो के साथ मेहर सिंह का घर घेर लिया। अड़ोस-पडोस के हिन्दू-सिखों ने मेहर सिंह का साथ दिया। गुण्डो का पलड़ा भारी था। उन्होने मेहर सिंह समेत कई हिन्दुओ का कत्ल कर उनके मकानो मे आग लगा दिया। मेरिया भी लड़ी। मगर उसे वे पकड ले गये।

मेरिया के संग अब्दुल अजीज उसी रात लाहौर पहुँचा। अपने साथियो की उसने वहाँ शानदार दावत की और मेरिया से उसने आँखें तरेर कर कहा,—"आज तुमसे मुताह कर रहा हूँ। अगर मानी नही तो यह तमचा तुम्हारे सीनो को उड़ा देगा।" उसने देशी नली का अपना तमंचा मेज पर रख दिया और मेरिया के सीनो को पकड उसे झकझोर दिया।

मेरिया घोर सकट मे भी हिम्मत खोने वाली युवती नही थी। वह मौन साधे रही। अब्दुल अजीज ने अपनी तैश मे समझा कि मेरिया डर गयी। उसने एक और युवती को कमरे मे बुलवाया। उसके बारे मे उसने कहा कि यह लायलपुर के चक अठारह के सरदार गुरनाम हकीम की बेटी है। कल रात इसमे हमारे पाच साथियो ने मुताह किया। अब यह रहीमा से निकाह करने को तैयार हो गयी है। रहीमा अब्दुल अजीज का निजी नौकर था।

मेरिया ने छिपी नजरो से उस युवती को देखा। वह भय और अत्याचार से कातर थी। उसकी आँखें खुल नही रही थीं और उसकी जीभ जैसे ऐंठ गयी थी। मेरिया का मन काँप गया मगर वह डरी नही। तब अब्दुल अजीज ने कहा,

के घर परिवार वालो का वहाँ लोगो ने नाम सुना था। उसका कोई निशान बाकी नही था। चकझूमरा आकर उसकी प्रतिज्ञा पूरी हो गयी। यहाँ उसे प्रस्तावित बँटवारे की लोमहर्षक विभीषिका का नमूना देखने को मिला। वह उससे काँप गयी।

पंजाब में हिन्दू मुसलमानों की मिली-जुली 'यूनियनिस्ट दल' की सरकार थी। मतगणना संग्रह में पंजाब ने बँटवारे का समर्थन किया। सीमा प्रान्त ने भी जहाँ काग्रेस पार्टी की सरकार थी बँटवारे का पक्ष लिया। मुसलिम लीग को इन प्रान्तो मे जमने का मौका मिल गया। हिन्दू काफिर है, काफिर को मौका पाते ही मार डालना धर्म है—इसकी जिहाद छिड गयी। गाँव-गाँव, शहर-शहर आग लगने लगी। चकझूमरा मे आग पहुँची।

चकझूमरा के लम्बरदार का लड़का खान अब्दुल अजीज था। वह शातिर गुण्डा था। उस क्षेत्र मे लोग उसकी छाया से भागते थे। वह इलाके के मुसलिम लीग का पेशवा बन गया। मेरिया जब से मेहर सिंह के संग आई थी तभी से वह उसकी आँखो मे गडी थी। उसने अफवाह फैला दी थी कि मेहर सिंह मेरिया को बर्मा या स्याम से भगा कर लाया था। मेहर सिंह अगर बूढा न होता तो वह उसकी पोष्य-पुत्री को लेकर आने क्या न कहता ?

जब इलाके मे मुसलिम लीग ने हिन्दुओ और सिखो के खिलाफ जेहाद का फतवा दिया तब अब्दुल अजीज ने एक रात अपने हमजोलियो के साथ मेहर सिंह का घर घेर लिया। अडोस-पडोस के हिन्दू-सिखों ने मेहर सिंह का साथ दिया। गुण्डो का पलड़ा भारी था। उन्होने मेहर सिंह समेत कई हिन्दुओ का कत्ल कर उनके मकानो मे आग लगा दिया। मेरिया भी लड़ी। मगर उसे वे पकड ले गये।

मेरिया के संग अब्दुल अजीज उसी रात लाहौर पहुँचा। अपने साथियो की उसने वहाँ शानदार दावत की और मेरिया से उसने आँखें तरेर कर कहा,—"आज तुमसे मुताह कर रहा हूँ। अगर मानी नही तो यह तमचा तुम्हारे सीनो को उड़ा देगा।" उसने देशी नली का अपना तमंचा मेज पर रख दिया और मेरिया के सीनो को पकड उसे झकझोर दिया।

मेरिया घोर सकट मे भी हिम्मत खोने वाली युवती नही थी। वह मौन साधे रही। अब्दुल अजीज ने अपनी तैश मे समझा कि मेरिया डर गयी। उसने एक और युवती को कमरे मे बुलवाया। उसके बारे मे उसने कहा कि यह लायलपुर के चक अठारह के सरदार गुरुनाम हकीम की बेटी है। कल रात इसमें हमारे पाच साथियो ने मुताह किया। अब यह रहीमा से निकाह करने को तैयार हो गयी है। रहीमा अब्दुल अजीज का निजी नौकर था।

मेरिया ने छिपी नजरो से उस युवती को देखा। वह भय और अत्याचार से कातर थी। उसकी आँखें खुल नहीं रही थीं और उसकी जीभ जैसे ऐंठ गयी थी। मेरिया का मन काँप गया मगर वह डरी नही। तब अब्दुल अजीज ने कहा,

चालक ने समझा। उसने गाड़ी की रफ्तार तेजतम कर दी।

कुछ देर के बाद मेरिया ने चालक से पूछा,—"आप कहां जा रहे हैं ?"

"दिल्ली जाना है। अमृतसर मे सवेरे हर गुरु मन्दिर साहब का दर्शन करूंगा। वाहे गुरु अकाल पुरुष ही सबकी रक्षा करते हैं।"

सांस लेकर चालक ने आगे कहा,—"आप फिक्र न करें। मैं सिख हूं। जान देकर हम शरणागत की रक्षा करते है।"

अमृतसर में मेरिया ड्राइवर को धन्यवाद दे उतर गयी। पुरुष भेष में ही वह स्टेशन पहुंची। पौ फट गयी थी पर सवेरा नहीं हुआ था। दिल्ली को जाने वाली एक तेज पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी। मेरिया उसके जनाने डब्बे मे बैठ गयी।

उसके पास टिकट नही था। वह कही भी उतारी जाने के लिए तैयार थी। दिल्ली तक कोई टिकट जाचने वाला आया ही नही। दूसरे दिन शाम को वह दिल्ली पहुंच गयी।

दिल्ली के स्टेशन पर उसे पता चला कि आजाद हिन्द फौजियो को सेवामुक्त कर छोड़ दिया गया है। वे अपने घरो को या कही भी आने-जाने को अब स्वतंत्र थे।

मेरिया आजाद हिन्द फौज की होकर भी किसी पल्टन विशेष की नही थी। अपनी परिस्थितियों मे वह चक्कूमरा जाने के लिए बहुत खतरा मोल ले कर हिन्दुस्तान आयी थी। यहां उसे ज्ञान सिंह से मिलना था। आजाद हिन्द फौज ही नही आयी तो ज्ञान सिंह कैसे आता ? यहा हिन्दुस्तान का नक्शा बदल रहा था। उसका उसे इतना भयानक अनुभव हुआ कि उसका अन्तर डोल गया। ऐसे बंटवारे मे मुसलिम लीग के नेताओं को क्षणिक वाहवाही के और क्या मिलेगा ? वे अंगरेजो की चाल को क्यो नहीं समझ पा रहे हैं ? क्या बंटवारा रोका जा सकता है ?

स्टेशन से बाहर जाने के लिए वह तनी हुई टिकट चेकर के पास मे निकली। उसने कहा,—"जय हिन्द।" टिकट कलेकटर ने जय हिन्द कह कर उसे सलाम कर लिया। वह फाटक से बाहर आ गयी।

बाहर एक ओर खड़ी होकर वह यह सोचने लगी कि वह कहा जाय। अपने अज्ञातवास में वह दिल्ली आई थी। वहां ठहरी नहीं थी। उसके पास एक कौड़ी नहीं थी। अचानक सामने एक कार में बैठते हुए यात्रियों पर उसकी नजर पड़ी। रानी झासी रेजिमेंट की प्रख्यात बहादुर बेला दत्त किसी सुदर्शनीय नौजवान के संग कार में सवार हो रही थी।

झासी की रानी रेजीमेंट आजाद हिन्द फौज की औरतो की एक मात्र लडाकू सेना थी। मैम्योगी के अस्पताल मे परिचारिकाओ की कमी और घायल सैनिको की संख्या बहुत अधिक हो जाने के कारण लड़ाकू रेजिमेंट का एक सेक्शन परिचारिका के काम पर आ डटा था। अठारह वर्ष की बेला दत्त उनमे से एक थी। वह तेज पेचिस मे पीड़ित पचासी सैनिको की देख भाल की जिम्मेदार थी। वह उनके कपडे धोती, उनको स्पंज से पोछती और कपड़े पहनने मे सहायता देती थी। नेता जी इस

चालक ने समझा। उसने गाड़ी की रफ्तार तेजतम कर दी।

कुछ देर के बाद मेरिया ने चालक से पूछा,—"आप कहां जा रहे हैं ?"

"दिल्ली जाना है। अमृतसर में सवेरे हर गुरु मन्दिर साहब का दर्शन करूंगा। वाहे गुरु अकाल पुरुष ही सबकी रक्षा करते हैं।"

सांस लेकर चालक ने आगे कहा,—"आप फिक्र न करें। मैं सिख हूं। जान देकर हम शरणागत की रक्षा करते है।"

अमृतसर में मेरिया ड्राइवर को धन्यवाद दे उतर गयी। पुरुष भेष में ही वह स्टेशन पहुंची। पौ पट गयी थी पर सवेरा नहीं हुआ था। दिल्ली को जाने वाली एक तेज पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी। मेरिया उसके जनाने डब्बे मे बैठ गयी।

उसके पास टिकट नहीं था। वह कहीं भी उतारी जाने के लिए तैयार थी। दिल्ली तक कोई टिकट जांचने वाला आया ही नहीं। दूसरे दिन शाम को वह दिल्ली पहुंच गयी।

दिल्ली के स्टेशन पर उसे पता चला कि आजाद हिन्द फौजियों को सेवामुक्त कर छोड़ दिया गया है। वे अपने घरों को या कहीं भी आने-जाने को अब स्वतंत्र थे।

मेरिया आजाद हिन्द फौज की होकर भी किसी पल्टन विशेष की नहीं थी। अपनी परिस्थितियों में वह चकझूमरा जाने के लिए बहुत खतरा मोल ले कर हिन्दुस्तान आयी थी। यहां उसे ज्ञान सिंह से मिलना था। आजाद हिन्द फौज ही नहीं आयी तो ज्ञान सिंह कैसे आता ? यहां हिन्दुस्तान का नक्शा बदल रहा था। उसका उसे इतना भयानक अनुभव हुआ कि उसका अन्तर डोल गया। ऐसे बंटवारे मे मुसलिम लीग के नेताओं को क्षणिक वाहवाही के और क्या मिलेगा ? वे अंगरेजों की चाल को क्यों नहीं समझ पा रहे हैं ? क्या बंटवारा रोका जा सकता है ?

स्टेशन से बाहर जाने के लिए वह तनी हुई टिकट चेकर के पास से निकली। उसने कहा,—"जय हिन्द।" टिकट कलेक्टर ने जय हिन्द कह कर उसे सलाम कर लिया। वह फाटक से बाहर आ गयी।

बाहर एक ओर खड़ी होकर वह यह सोचने लगी कि वह कहां जाय। अपने अज्ञातवास में वह दिल्ली आई थी। वहां ठहरी नहीं थी। उसके पास एक कौड़ी नहीं थी।अचानक सामने एक कार में बैठते हुए यात्रियों पर उसकी नजर पड़ी। रानी झांसी रेजिमेंट की प्रख्यात बहादुर बेला दत्त किसी सुदर्शनीय नौजवान के संग कार में सवार हो रही थी।

झांसी की रानी रेजीमेंट आजाद हिन्द फौज की औरतों की एक मात्र लड़ाकू सेना थी। मैम्योगी के अस्पताल मे परिचारिकाओं की कमी और घायल सैनिकों की संख्या बहुत अधिक हो जाने के कारण लड़ाकू रेजिमेंट का एक सेक्शन परिचारिका के काम पर आ डटा था। अठारह वर्ष की बेला दत्त उनमे से एक थी। वह तेज पेचिस से पीड़ित पचासी सैनिकों की देख भाल की जिम्मेदार थी। वह उनके कपड़े धोती, उनको स्पंज से पोंछती और कपड़े पहनने मे सहायता देती थी। नेता जी इस

जिसके पीछे मेरिया ने सिंगापुर से अब तक का अपना सारा जीवन न जाने किन-किन शारीरिक और मानसिक यंत्रणाओं से बिताया उसके अमर हो जाने के शौर्य पर वह अपने अन्तराल के तूफान को पी कर रह गयी। चेहरे पर विचलित होने का उसने एक भी लक्षण प्रकट नहीं होने दिया।

बेला दत्त ने उसके दुःख को समझा। भरे हृदय से वह बोली,—"आजाद हिन्द फौज क्या किसी फौज में ज्ञान सिंह जैसा बहादुर हजारों में एक मिले तो मिले।"

मेरिया दूसरे दिन दुबारा मतवत कौर बन कर गुरुद्वारा शीश महल मत्था टेकने गयी। ग्रन्थी से उसने अपने दिवंगत पति के आनन्द लाभ के लिए अरदास कराया, भोग का प्रसाद बाँटा, रो-रो कर मत्था टेका।

तीसरे दिन उसने बेला-दत्त से कहा,—"यहाँ के बौद्ध विहार में ठहरने का प्रबन्ध कर दो।"

"नहीं, नहीं, तुम्हें भिक्षुणी नहीं बनने दूंगी। तुम्हें ज्ञान सिंह के सारे अधूरे काम पूरे करने हैं।"

मेरिया ने पूछा,—"कौन काम ?"

"बँटवारे में यहाँ वहाँ औरतों की रक्षा का अभूतपूर्व काम करना होगा। बँटवारे का पागलपन अभी शुरू हुआ है। उसका रूप ऐसा होगा जिसका वर्णन—सम्भव नहीं।"

मेरिया ठिठकी। प्रस्तावित काम के महत्व को उससे अधिक कौन जानता था।

"मैं इस बारे में तरुणियों का एक संगठन बनाऊँगी। एक स्थान दिलाना होगा।"

"स्थान हो जायगा। जल्दी ही आजाद हिन्द फौजियों का समागम होने वाला है।"

मेरिया का बौद्ध विहार में जाना रुक गया।

महात्मा गांधी उन दिनों दिल्ली की भंगी कालोनी में ठहरे थे। रोज शाम को उनकी प्रार्थना सभा होती थी। उसमें सभी आते थे—जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद, खान अब्दुल गफ्फार खाँ आदि सभी जो कांग्रेस की राज-नीति के निर्णायक थे। मेरिया भी सभा में बिला नागा रोज जाने लगी।

'देश का बँटवारा मेरी देह के टुकड़े करके ही होगा।' गांधी जी के उक्त वचन से मेरिया का पीड़ित अन्तर नाच उठा था। लेकिन घटना क्रम तेजी से अज्ञात दिशा में बढ़ रहा था।

कैबिनेट मिशन की योजना कि स्वतंत्र भारत में संघीय हिन्दू बहुल प्रान्त और मुसलिम बहुल प्रान्त की इकाइयाँ होंगी, कांग्रेस और मुसलिम लीग के मिस्टर जिन्ना—दोनों ने मान लिया था। केन्द्र के पास विदेश, वित्त, यातायात और फौज के विभाग होंगे। सूबों की इकाइयाँ अपने आन्तरिक मामलों में पूरी स्वतन्त्र होंगी।

जिसके पीछे मेरिया ने सिंगापुर से अब तक का अपना सारा जीवन न जाने किन-किन शारीरिक और मानसिक यंत्रणाओं से बिताया उसके अमर हो जाने के शौर्य पर वह अपने अन्तराल के तूफान को पी कर रह गयी। चेहरे पर विचलित होने का उसने एक भी लक्षण प्रकट नहीं होने दिया।

वेला दत्त ने उसके दुःख को समझा। भरे हृदय से वह बोली,—"आज़ाद हिन्द फौज क्या किसी फौज में ज्ञान सिंह जैसा बहादुर हजारों में एक मिले तो मिले।"

मेरिया दूसरे दिन दुबारा मतवंत कौर बन कर गुरुद्वारा शीश महल मत्था टेकने गयी। ग्रन्थी से उसने अपने दिवंगत पति के आनन्द लाभ के लिए अरदास कराया, भोग का प्रसाद बांटा, रो-रो कर मत्था टेका।

तीसरे दिन उसने वेला-दत्त से कहा,—"यहां के बौद्ध विहार में ठहरने का प्रबन्ध कर दो।"

"नहीं, नहीं, तुम्हें भिक्षुणी नहीं बनने दूंगी। तुम्हें ज्ञान सिंह के सारे अधूरे काम पूरे करने हैं।"

मेरिया ने पूछा,—"कौन काम?"

"बँटवारे में यहाँ वहाँ औरतों की रक्षा का अभूतपूर्व काम करना होगा। बंटवारे का पागलपन अभी शुरू हुआ है। उसका रूप ऐसा होगा जिसका वर्णन— सम्भव नहीं।"

मेरिया ठिठकी। प्रस्तावित काम के महत्त्व को उससे अधिक कौन जानता था।

"मैं इस बारे में तरुणियों का एक संगठन बनाऊँगी। एक स्थान दिलाना होगा।"

"स्थान हो जायगा। जल्दी ही आज़ाद हिन्द फौजियों का समागम होने वाला है।"

मेरिया का बौद्ध विहार में जाना रुक गया।

महात्मा गांधी उन दिनों दिल्ली की भंगी कालोनी में ठहरे थे। रोज शाम को उनकी प्रार्थना सभा होती थी। उसमें सभी आते थे—जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आज़ाद, खान अब्दुल गफ्फार खाँ आदि सभी जो कांग्रेस की राजनीति के निर्णायक थे। मेरिया भी सभा में बिला नागा रोज जाने लगी।

'देश का बँटवारा मेरी देह के टुकड़े करके ही होगा।' गांधी जी के उक्त वचन से मेरिया का पीड़ित अन्तर नाच उठा था। लेकिन घटना क्रम तेजी से अज्ञात दिशा में बढ़ रहा था।

कैबिनेट मिशन की योजना कि स्वतंत्र भारत में संघीय हिन्दू बहुल प्रान्त और मुसलिम बहुल प्रान्त की इकाइयाँ होंगी, कांग्रेस और मुसलिम लीग के मिस्टर जिन्ना—दोनों ने मान लिया था। केन्द्र के पास विदेश, वित्त, यातायात और फौज के विभाग होंगे। सूबों की इकाइयाँ अपने आन्तरिक मामलों में पूरी स्वतन्त्र होंगी।

घर था। वह भी उजड़ा लग रहा था। पुरवा में वरियार खाँ के टोल से होकर उसे घर पहुँचना था। उस टोल में उसे कोई परिचित चेहरा नहीं दिखायी पड़ा। एकाध लोग दिखायी भी पड़े तो किसी ने उससे राम रहीम नहीं किया। शायद उम्र से उनकी स्मृति कम हो गयी थी या श्याम सिंह को वे पहचान नहीं सके। अपने टोले में घर के पास उसे बहुत उजाड़-उजाड़ लगा। एक खण्डहर में एकाध बच्चे चिट्टी पहने विलबिला रहे थे। जो बच्चे गुमसुम बैठे थे वे उसे हैरानी से देख रहे थे। अपने घर के सामने के नीम से उसने घर की जगह को पहचाना। घर अब खण्डहर भी नहीं रह गया था। उसका कलेजा काँपने लगा। वह नीम के पेड़ के नीचे धक सा बैठ गया।

पास पड़ोस की एकाध बूढ़ी औरतें अपने खण्डहरों से झाक कर उसे देखने लगीं। देर में उसका साहस लौटा। उसने पड़ोस की फेंकू दादी को पहचाना। उनसे पूछा,—"मैया, इस घर के लोग कहाँ गये?"

एक बूढ़े बाबा कोई पुरानी परिचित आवाज को बरसों बाद सुन कर लाठी के सहारे अपने खण्डहर के बाहर आये। आँखों से उन्हें सूझता कम था। उन्होंने पूछा,—"तुम कौन हो, भइया?"

"मैं श्यामू हूँ, दद्दा।"—कह कर वह तीव्र आशंका से विलखने लगा।

"कौन श्याम सिंह! दद्दा तुम्हारा ही नाम जपते-जपते चले गये।...।"—अब दद्दा के बिलखने की पारी आई।

पुरवे के कई औरत मर्द जुट गये। सब रोते, ढाढस बँधाते, भगवान की दुहाई देते, कोई कुछ कहता नहीं।

घण्टों ऐसा रहा। लोग आते-जाते रहे, रोते बिलखते रहे। शोक प्रकट करने की, दु:ख की भी सीमा होती है। लोग धीरे-धीरे छंटने लगे। तब बूढ़ी मैया ने एक लड़के से एक कटोरे में गुड़-सत्तू और लोटे में पानी भेज दिया।

श्याम सिंह पिता के जाने की सुन ही चुका था। उसे कुछ खाना था नहीं। उसने बूढ़े दादा से पूछा,—माई?"

"भौजी दद्दा के पहले चली गयीं थीं। सौभाग्यवती थीं। मैंने उन्हें बिमान मे बैठ कर जाते देखा था। भाई रामू कुएँ में डूब गया, लछमिनिया रेल से कट गयी।"

लड़ाई का हवाई अड्डा उसके गाँव को, घर को, परिवार को खा गया। उसे सचमुच की मूर्छा आ गयी।

पानी के छींटे मारे, बेने से हवा कर, उसके तलवों और हथेली को मल, उसकी मूर्छा छुड़ायी गयी। आँखें खोल कर वह विस्मित हुआ। शायद वह जगना नहीं चाहता था। उसने बूढ़ी काकी से पूछा,—"वहाँ एक चौरा बनवा लूँ, काकी।"

काकी ने समझा। उनकी आखें दुबारा बरसने लगीं। बोली,—"हम दोनों मिल कर कल चौरा बनायेंगे, अभी अराम कर लो।"

आराम कितनो के भाग्य में होता है? श्याम सिंह एक बांस की खटिया

घर था। वह भी उजड़ा लग रहा था। पुरवा में बरियार खाँ के टोल से होकर उसे घर पहुँचना था। उस टोल में उसे कोई परिचित चेहरा नहीं दिखायी पड़ा। एकाध लोग दिखायी भी पड़े तो किसी ने उससे राम रहीम नहीं किया। शायद उम्र से उनकी स्मृति कम हो गयी थी या श्याम सिंह को वे पहचान नहीं सके। अपने टोले में घर के पास उसे बहुत उजाड़-उजाड़ लगा। एक खण्डहर में एकाध बच्चे खिट्टी पहले खिलखिला रहे थे। जो बच्चे गुमसुम बैठे थे वे उसे हैरानी से देख रहे थे। अपने घर के सामने के नीम से उसने घर की जगह को पहचाना। घर अब खण्डहर भी नहीं रह गया था। उसका कलेजा काँपने लगा। वह नीम के पेड़ के नीचे धक सा बैठ गया।

पास पड़ोस की एकाध बूढ़ी औरतें अपने खण्डहरों से झाँक कर उसे देखने लगीं। देर में उसका साहस लौटा। उसने पड़ोस की फँकू दादी को पहचाना। उनसे पूछा,—"मैया, इस घर के लोग कहाँ गये?"

एक बूढ़े बाबा कोई पुरानी परिचित आवाज को बरसों बाद सुन कर लाठी के सहारे अपने खण्डहर के बाहर आये। आँखों से उन्हें सूझता कम था। उन्होंने पूछा,—"तुम कौन हो, भइया?"

"मैं श्यामू हूँ, दद्दा।"—कह कर वह तीव्र आशंका से बिलखने लगा।

"कौन श्याम सिंह! दद्दा तुम्हारा ही नाम जपते-जपते चले गये।...।"—अब दद्दा के बिलखने की पारी आई।

पुरवे के कई औरत मर्द जुट गये। सब रोते, ढाढ़स बँधाते, भगवान की दुहाई देते, कोई कुछ कहता नहीं।

घण्टों ऐसा रहा। लोग आते-जाते रहे, रोते बिलखते रहे। शोक प्रकट करने की, दु:ख की भी सीमा होती है। लोग धीरे-धीरे छँटने लगे। तब बूढ़ी मैया ने एक लड़के से एक कटोरे में गुड़-सत्तू और लोटे में पानी भेज दिया।

श्याम सिंह पिता के जाने की सुन ही चुका था। उसे कुछ खाना था नहीं। उसने बूढ़े दादा से पूछा,—माई?"

"भौजी दद्दा के पहले चली गयीं थीं। सौभाग्यवती थीं। मैंने उन्हें बिमान में बैठ कर जाते देखा था। भाई रामू कुएँ में डूब गया, लछमिनिया रेल से कट गयी।"

लड़ाई का हवाई अड्डा उसके गाँव को, घर को, परिवार को खा गया। उसे सचमुच की मूर्छा आ गयी।

पानी के छींटे मारे, बेने से हवा कर, उसके तलवों और हथेली को मल, उसकी मूर्छा छुड़ायी गयी। आँखें खोल कर वह विस्मित हुआ। शायद वह जगना नहीं चाहता था। उसने बूढ़ी काकी से पूछा,—"यहाँ एक चौरा बनवा लूँ, काकी।"

काकी ने समझा। उनकी आखें दुबारा बरसने लगीं। बोली,—"हम दोनों मिल कर कल चौरा बनायेंगे, अभी अराम कर लो।"

आराम कितनों के भाग्य में होता है? श्याम सिंह एक बांस की खटिया

फलेल को उस पहाड़ी के बारे में भी बताया जहां उसे दफना कर उसकी कब्र बनायी गयी

बूढ़ी काकी देर तक चुप रही। उनके आसू पहले ही रोते रोते सूख चुके थे। श्याम सिंह को एक शिशु सा दुलारते हुये वे बोली,—"बेटा, जब तक ये आखें मुंद न जाय तुम यहीं रहना। जाने के दिन से ही तुम और बरियार इन पुतलियों में बसे रहे हो।"

काकी और श्याम सिंह उस दिन चुपचाप अतीत के अवसाद में पड़े रहे। शाम को उसकी पट्टीदारी का एक युवक आया। जबलपुर में किसी फैक्टरी में काम करता था। उसने कहा,—"तुम्हार आना सुन कर छुट्टी ले दौड़ा चला आ रहा हूं। ये चिट्ठिया आई थीं।"

दोनों चिट्ठिया उसके स्वर्गीय पिता के नाम पंजाब पल्टन के केन्द्र लाहौर से आयी थीं। पहली में यह सूचना थी कि हवलदार श्याम सिंह लापता है। दूसरी दो साल बाद की थी। उसमें लिखा था कि श्याम सिंह की मृत्यु हो गयी।

युवक ने बताया,—"पहली चिट्ठी पर दादी गयीं। दूसरी के बाद दादा चले गये। तुम्हारे ससुर तभी तुम्हारे बहू को लिवा गये। वह अजान जाना नहीं चाहती थी। बहुत रोयी कलपी। तुम्हारे ससुर ने उसका दु:ख देख कर, बिरादरी की राय, लेकर उसकी शादी कर दी।"

श्याम सिंह की आखें ही नहीं सारा शरीर पत्थर बन गया। युवक कुछ और कहने तथा सुनने की हिम्मत नहीं कर सका। वह देर तक बैठा रहा। फिर चला गया। बूढ़ी काकी निर्जीव सी सूखे आसू बहाते बहाते वहीं लुढ़क कर सो गयीं।

उसके बाद श्याम सिंह की वही दशा हो गयी जो नींद में चलने वाले की होती है। आज़ाद हिन्द फौज का वह वीर सेनानी जो रहा था, चल रहा था, एक मुर्दे की तरह। उसके दु:ख को बाटने वाली बरियार की मां बूढ़ी काकी थी जिसका आचल पकड़ कर वह घण्टों रोता था। काकी भी तो मुर्दा थी।

जीवन और मौत एक ही द्रव के दो रूप हैं यद्यपि वे एक नहीं। जब तक सांस है तब तक जीना पड़ता है। संसार का राजरोग अपना काम करता ही है। एक दिन इम्तियाज आ पहुंचा। श्याम सिंह को उसने बताया,—"सातवें दिन विवाह है। बदाऊँ की कचहरी में होगा। रीटा भी आई है। बनारस में उसके मामा हैं। वहीं रुके हैं। साड़ियां आदि खरीदने आये हैं। तुम विवाह के गवाह हो। बदाऊँ चलना पड़ेगा।"

इम्तियाज ने काकी से कहा,—"हम लोगों का, जो आज़ाद हिन्द फौज बना कर स्वदेश की आज़ादी के लिए अंगरेजों से लड़ रहे थे, दिल्ली में समागम है। उसमें भी जाना जरूरी है। देश का बंटवारा हो रहा है। उसे अब शायद हम रोक नहीं सकते। उससे उत्पन्न खतरों से हम देश के दोनों हिस्सों को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे।"

पलेत को उस पहाड़ी के बारे में भी बताया जहां उसे दफना कर उसकी कब्र बनायी गयी

बूढ़ी काकी देर तक चुप रही। उनके आंसू पहले ही रोते रोते सूख चुके थे। श्याम सिंह को एक शिशु सा दुलारते हुये वे बोली,—"बेटा, जब तक ये आखें मुंद न जाय तुम यहीं रहना। जाने के दिन से ही तुम और बरियार इन पुतलियों में बसे रहे हो।"

काकी और श्याम सिंह उस दिन चुपचाप अतीत के अवसाद में पड़े रहे। शाम को उसकी पट्टीदारी का एक युवक आया। जबलपुर में किसी फैक्टरी में काम करता था। उसने कहा,—"तुम्हार आना सुन कर छुट्टी ले दौड़ा चला आ रहा हूं। ये चिट्ठिया आई थीं।"

दोनों चिट्ठियां उसके स्वर्गीय पिता के नाम पंजाब पल्टन के केन्द्र लाहौर से आयी थीं। पहली में यह सूचना थी कि हवलदार श्याम सिंह लापता है। दूसरी दो साल बाद की थी। उसमें लिखा था कि श्याम सिंह की मृत्यु हो गयी।

युवक ने बताया,—"पहली चिट्ठी पर दादी गयीं। दूसरी के बाद दादा चले गये। तुम्हारे ससुर तभी तुम्हारे बहू को लिवा गये। वह अजान जाना नहीं चाहती थी। बहुत रोयी कलपी। तुम्हारे ससुर ने उसका दुःख देख कर, बिरादरी की राय, लेकर उसकी शादी कर दी।"

श्याम सिंह की आखें ही नहीं सारा शरीर पत्थर बन गया। युवक कुछ और कहने तथा सुनने की हिम्मत नहीं कर सका। वह देर तक बैठा रहा। फिर चला गया। बूढ़ी काकी निर्जीव सी सूखे आसू बहाते बहाते वहीं लुढ़क कर सो गयीं।

उसके बाद श्याम सिंह की वही दशा हो गयी जो नींद में चलने वाले की होती है। आजाद हिन्द फौज का वह वीर सेनानी जो रहा था, चल रहा था, एक मुर्दे की तरह। उसके दुःख को बाटने वाली बरियार की मां बूढ़ी काकी थी जिसका आचल पकड़ कर वह घण्टों रोता था। काकी भी तो मुर्दा थी।

जीवन और मौत एक ही द्रव के दो रूप हैं यद्यपि वे एक नहीं। जब तक सांस है तब तक जीना पड़ता है। संसार का राजरोग अपना काम करता ही है। एक दिन इम्तियाज आ पहुंचा। श्याम सिंह को उसने बताया,—"सातवें दिन विवाह है। बदाऊं की कचहरी में होगा। रीटा भी आई है। बनारस में उसके मामा हैं। वहीं रुके हैं। साड़ियां आदि खरीदने आये हैं। तुम विवाह के गवाह हो। बदाऊं चलना पड़ेगा।"

इम्तियाज ने काकी से कहा,—"हम लोगों का, जो आजाद हिन्द फौज बना कर स्वदेश की आजादी के लिए अंगरेजो से लड़ रहे थे, दिल्ली में समागम है। उसमें भी जाना जरूरी है। देश का बंटवारा हो रहा है। उसे अब शायद हम रोक नहीं सकते। उससे उत्पन्न खतरों से हम देश के दोनों हिस्सों को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे।"

"यह दुरंगी नीति है।" —कोहाट के कैप्टन असलम गुलजार चिल्ला उठे।

मुर्दा श्याम सिंह गुस्से से भर कर तैश में बोला,—"जिन्ना अंगरेजो को बँटे हुए स्वदेश को भी आजादी न देने के लिए उनके हाथ में एक नया बहाना देना चाहते हैं।"

समागम मे आये दोनो ओर के आजाद फौज के सैनिक बँटवारा नही चाहते थे। रावलपिन्डी के सूबेदार मेजर सनावर खां और पेशावर के कर्नल असलम ने बँटवारे के खिलाफ जोरदार तकरीरें की। उन्होंने कहा कि जिनमे डर कर अंगरेज हिन्दुस्तान को आजाद कर रहा है उनकी आवाज कोई नही सुन रहा है। यही नही उनकी पेन्शनें जब्त कर ली गयी हैं और उन्हे स्वतंत्रता सेनानी का गौरव भी नही प्रदान किया जा रहा है। फिर भी स्वदेश के दोनो प्रस्तावित हिस्से हमे जान से भी अधिक प्यारे हैं। हमने हिन्दुस्तानी सेना के डेढ सौ साल के कलंक को धोया है। हम अपनी आखिरी सांस तक दोनो हिस्सो की सेवा करते रहेगे।

समागम ने बहस-मुबाहिसे के बाद एकमत से प्रस्ताव किया कि बँटवारे के बाद अंगरेजी प्रशासन और अंगरेज फौजी अफसर विनाश लीला की पराकाष्ठा करेंगे। यह दुनिया को दिखाने का उनकी आखिरी चाल होगी। इसलिए दोनो ओर के वरिष्ठतम आजाद फौज के कमांडरो को बँटवारे के दिनो का प्रशासन सौंपा जाय।

समागम के अन्तिम दिन बडा खाना हुआ, सब रो-रो कर गले मिल एक-दूसरे से विदा हुए। दोनों हिस्सों मे सेवा करने का उनका नया जोश था। लेकिन अस्थायी भारत सरकार ने, जवाहर लाल नेहरु और महम्मद अली जिन्ना ने, समागम के प्रशासन वाले प्रस्ताव पर ध्यान नही दिया। जो हुआ वह जग जाहिर है। इतिहास के शोधकर्त्ता विद्यार्थी आज नही तो कल इस तत्व की खोज जरूर करेंगे कि क्या विभाजन का अभूतपूर्व रक्तपात इधर जेनरल भोंसले और उधर जेनरल कियानी को सेवा का अधिकार देकर बचाया नहीं जा सकता था?

अंगरेजी प्रशासन और फिरंगी फौजी अफसरों को आखिरी बार दिखाना था कि हिन्दू मुसलमान एक साथ नही रह सकते। वह उन्होने वडी नृशंसता से कर दिखाया। काश, समागम की बात अस्थायी सरकार के नेता मान लिए होते।

दिल्ली के स्टेशन पर मेरिया और बेला दत्त पश्चिमी पंजाब और सीमा प्रांत मे समागम में आये हुए सैनिक भाई-बहनों को विदा कराने आये थे। सिपाही मुख्तार सिंह शेखपुरा से अपने बाल-बच्चो समेत आया था। उससे नायक नन्दराम ने मजाक किया,—"हट कभी मिला या नही? सुना वह लाहौर में है।"

मुख्तार सिंह समझ कर भी चुप रहा। इधर की, उधर की, सबकी आँखें सावन-भादो की झडी लगा रही थी। मेरिया मेजर फकरुल से कह रही थी,—'क्या होना था क्या हुआ? इतिहास प्रकृति की तरह अप्रत्याशित उल्कापात करता है जिससे बीती और आने वाली सदिया अपना रास्ता बदल देती हैं।"

"यह दुरंगी नीति है।" —कोहाट के कैप्टन असलम गुलजार चिल्ला उठे।

मुर्दा श्याम सिंह गुस्से से भर कर तैश में बोला,—"जिन्ना अंगरेजो को बँटे हुए स्वदेश को भी आजादी न देने के लिए उनके हाथ में एक नया बहाना देना चाहते हैं।"

समागम मे आये दोनो ओर के आजाद फौज के सैनिक बँटवारा नही चाहते थे। रावलपिण्डी के सूबेदार मेजर सनावर खां और पेशावर के कर्नल असलम ने बँटवारे के खिलाफ जोरदार तकरीरें की। उन्होंने कहा कि जिनमे डर कर अंगरेज हिन्दुस्तान को आजाद कर रहा है उनकी आवाज कोई नही सुन रहा है। यही नही उनकी पेन्शनें जब्त कर ली गयी हैं और उन्हे स्वतंत्रता सेनानी का गौरव भी नही प्रदान किया जा रहा है। फिर भी स्वदेश के दोनो प्रस्तावित हिस्से हमे जान से भी अधिक प्यारे हैं। हमने हिन्दुस्तानी सेना के डेढ सौ साल के कलंक को धोया है। हम अपनी आखिरी सांस तक दोनो हिस्सो की सेवा करते रहेंगे।

समागम ने बहस-मुबाहिसे के बाद एकमत से प्रस्ताव किया कि बँटवारे के बाद अंगरेजी प्रशासन और अंगरेज फौजी अफसर विनाश लीला की पराकाष्ठा करेंगे। यह दुनिया को दिखाने का उनकी आखिरी चाल होगी। इसलिए दोनो ओर के वरिष्ठतम आजाद फौज के कमांडरो को बँटवारे के दिनो का प्रशासन सौंपा जाय।

समागम के अन्तिम दिन बडा खाना हुआ, सब रो-रो कर गले मिल एक-दूसरे से विदा हुए। दोनों हिस्सों मे सेवा करने का उनका नया जोश था। लेकिन अस्थायी भारत सरकार ने, जवाहर लाल नेहरु और महम्मद अली जिन्ना ने, समागम के प्रशासन वाले प्रस्ताव पर ध्यान नही दिया। जो हुआ वह जग जाहिर है। इतिहास के शोधकर्ता विद्यार्थी आज नही तो कल इस तत्व की खोज जरूर करेंगे कि क्या विभाजन का अभूतपूर्व रक्तपात इधर जेनरल भोंसले और उधर जेनरल कियानी को सेवा का अधिकार देकर बचाया नहीं जा सकता था?

अंगरेजी प्रशासन और फिरंगी फौजी अफसरों को आखिरी बार दिखाना था कि हिन्दू मुसलमान एक साथ नही रह सकते। वह उन्होने बडी नृशंसता से कर दिखाया। काश, समागम की बात अस्थायी सरकार के नेता मान लिए होते।

दिल्ली के स्टेशन पर मेरिया और बेला दत्त पश्चिमी पंजाब और सीमा प्रात मे समागम में आये हुए सैनिक भाई-बहनों को विदा कराने आये थे। सिपाही मुख्तार सिंह शेखपुरा से अपने बाल-बच्चो समेत आया था। उससे नायक नन्दराम ने मजाक किया,—"हट कभी मिला या नही? सुना वह लाहौर में है।"

मुख्तार सिंह समझ कर भी चुप रहा। इधर की, उधर की, सबकी आँखें सावन-भादो की झडी लगा रही थी। मेरिया मेजर फकरुल से कह रही थी,—'क्या होना था क्या हुआ? इतिहास प्रकृति की तरह अप्रत्याशित उत्कापात करता है जिससे बीती और आने वाली सदिया अपना रास्ता बदल देती हैं।"

होगा।

उसी रात बारह बजे दिल्ली की संविधान सभा को सम्बोधित करते हुए भारत के पहले प्रधान मन्त्री श्री जवाहर लाल नेहरु ने कहा,—"हमने अपने संघर्ष के शुरू में एक प्रतिज्ञा की थी। उसे पूरा करने का समय आ गया। कल सवेरे रात का अँधेरा मिट जायगा। नया विहान जन-जन को जगमगा देगा। भुखमरी, ग़रीबी, अशिक्षा, अनैतिकता, ऊँच-नीच—सब मिटेंगे, सब बराबर होंगे। हम असन्तोष के कारणों का मूलोच्छेदन करेंगे जिससे भारत संसार को दुबारा वसुधैव कुटुम्बकम् का पाठ पढ़ा सके।"

उसी दिन महात्मा गांधी ने रोते-रोते अपनी प्रार्थना सभा में कहा,—'जो नहीं होना था वह हुआ। आगे के लिए हम ऐसा करें कि भाई-भाई का प्रेम बना रहे।'

प्रार्थना सभा से इम्तियाज़ अपनी नव परिणीता रीटा के संग लौटा था। उसने श्याम सिंह से कहा,—"मैं गुजरावाला का हूँ, राजपूत मुसलमान हूँ। मैं हिन्दुस्तानी था हिन्दुस्तानी रहूँगा।"

उसकी बात सुन कर किसी ने कहा,—"बहुतों का यही विश्वास है। मुसलिम लीग को यह सह्य नहीं होगा।"

वे नयी दिल्ली के स्टेशन पर थे। एक ट्रेन आ गयी। उसमें पनाह गुज़ीन पश्चिमी पाकिस्तान जा रहे थे। एक सम्भ्रान्त परिवार आगरे से ट्रेन पर चढ़ा था। उसके सरगना मौलवी गजनफरुल्ला थे। बूढ़े हो चुके थे। बाल खिजाब से लाल थे। आखों मे मुरादाबादी सुरमा रचाये थे। उनकी चारों बीवियां और दर्जन भर बच्चे उन्हें कस कर पकड़े थे। वे दहाड़ें मार कर रो रहे थे और बक रहे थे,—"मैं यह बंटवारा मानता ही नहीं। ताजमहल तो बटा ही नहीं। मैं आगरा तब तक नहीं छोड़ूँगा जब तक ताज का आधा टुकड़ा लाहौर नहीं भेजा जाता।"

लोग उन्हें पागल समझ कर हंस रहे थे। वे पागल नहीं थे। वे बुजुर्ग थे जो बटवारे के खोखलेपन से चिढ़ उठे थे। मेरठ के लालकुर्ती वाले मशहूर खानदान के कुछ सदस्य मियांवाली जाने के लिए नयी दिल्ली से उसी ट्रेन पर सवार हुए। दर्जनों औरत मर्द उन्हें विदा करने आये थे। सब फूट-फूट कर रो रहे थे। मा बेटी मे कह रही थी,—'आना जाना तो लगा ही रहेगा। यह वहशीपन खत्म होते ही मैं तुम्हें लिवा लाने को तुम्हारे अब्बा को भेजूंगी या खुद चली आऊंगी।' बेटी रो रो कर सावन भादों बहा रही थी। मा ने अचानक बेटे को बुलाया। बेटा डब्बे मे उतर कर मेरिया ज्ञान सिंह से बातें करने चला गया था। वह पहली आजाद हिन्द फौज से ही आज़ाद फौज का कप्तान था। मेरिया को सिंगापुर से जानता था। उसने मेरिया को डब्बे के पास ले आकर अपनी मां से उसका परिचय कराया और कहा,—"ये आज़ाद फौज की वीर बांकुरा हैं। तुम लोगों को सही सलामत घर पहुंचा देंगी।"

होगा।

उसी रात बारह बजे दिल्ली की संविधान सभा को सम्बोधित करते हुए भारत के पहले प्रधान मन्त्री श्री जवाहर लाल नेहरु ने कहा,—"हमने अपने संघर्ष के शुरू में एक प्रतिज्ञा की थी। उसे पूरा करने का समय आ गया। कल सवेरे रात का अँधेरा मिट जायगा। नया विहान जन-जन को जगमगा देगा। भुखमरी, ग़रीबी, अशिक्षा, अनैतिकता, ऊँच-नीच—सब मिटेंगे, सब बराबर होंगे। हम असन्तोष के कारणों का मूलोच्छेदन करेंगे जिससे भारत संसार को दुबारा वसुधैव कुटुम्बकम् का पाठ पढ़ा सके।"

उसी दिन महात्मा गाँधी ने रोते-रोते अपनी प्रार्थना सभा में कहा,—'जो नहीं होना था वह हुआ। आगे के लिए हम ऐसा करें कि भाई-भाई का प्रेम बना रहे।'

प्रार्थना सभा से इम्तियाज़ अपनी नव परिणीता रीटा के संग लौटा था। उसने श्याम सिंह से कहा,—"मैं गुजरावाला का हूँ, राजपूत मुसलमान हूँ। मैं हिन्दुस्तानी था हिन्दुस्तानी रहूँगा।"

उसकी बात सुन कर किसी ने कहा,—"बहुतों का यही विश्वास है। मुसलिम लीग को यह सह्य नहीं होगा।"

वे नयी दिल्ली के स्टेशन पर थे। एक ट्रेन आ गयी। उसमें पनाह गुज़ीन पश्चिमी पाकिस्तान जा रहे थे। एक सम्भ्रान्त परिवार आगरे से ट्रेन पर चढ़ा था। उसके सरगना मौलवी गजनफरुल्ला थे। बूढ़े हो चुके थे। बाल खिज़ाब से लाल थे। आखों मे मुरादाबादी सुरमा रचाये थे। उनकी चारों बीवियां और दर्जन भर बच्चे उन्हें कस कर पकड़े थे। वे दहाड़ें मार कर रो रहे थे और बक रहे थे,—"मैं यह बंटवारा मानता ही नहीं। ताजमहल तो बटा ही नहीं। मैं आगरा तब तक नहीं छोड़ूंगा जब तक ताज का आधा टुकड़ा लाहौर नहीं भेजा जाता।"

लोग उन्हें पागल समझ कर हंस रहे थे। वे पागल नहीं थे। वे बुज़ुर्ग थे जो बटवारे के खोखलेपन से चिढ़ उठे थे। मेरठ के लालकुर्ती वाले मशहूर खानदान के कुछ सदस्य मियांवाली जाने के लिए नयी दिल्ली से उसी ट्रेन पर सवार हुए। दर्जनों औरत मर्द उन्हें विदा करने आये थे। सब फूट-फूट कर रो रहे थे। मा बेटी से कह रही थी,—'आना जाना तो लगा ही रहेगा। यह वहशीपन खत्म होते ही मैं तुम्हें लिवा लाने को तुम्हारे अब्बा को भेजूंगी या खुद चली आऊंगी।' बेटी रो रो कर सावन भादो बहा रही थी। मा ने अचानक बेटे को बुलाया। बेटा डब्बे से उतर कर मेरिया ज्ञान सिंह से बातें करने चला गया था। वह पहली आज़ाद हिन्द फौज से ही आज़ाद फौज का कप्तान था। मेरिया को सिंगापुर से जानता था। उसने मेरिया को डब्बे के पास ले आकर अपनी मां से उसका परिचय कराया और कहा,—"ये आज़ाद फौज की वीर बांकुरा हैं। तुम लोगों को सही सलामत घर पहुंचा देंगी।"

को बर्बरता से दबा कर इंग्लैण्ड की रानी को हिन्दुस्तान की महारानी घोषित किया गया। तब से सौ बरस भी नही बीत पाये थे कि उनकी सारी धोखाधड़ी खुल गयी। हिन्दुस्तान की जनता, आज़ाद हिन्द फौज और हिन्दुस्तानी फौज की आंखो में वे आगे धूल नही झोक सके। पन्द्रह अगस्त सैंतालीस को बम्बई और करांची के अरब सागर के किनारों से वे चले गये। जैसे बवने की तरह हाकिन्स नामक अंगरेज व्यापारी सन् सोलह सौ मे सूरत के बन्दरगाह पर उतरा था वैसे ही आज वे अपने टापू मे है। कोई भी वहां जाकर देख ले।

देश को वे बांट गये। भाई भाई भी बंटते हैं। मगर आज़ादी आई। उससे सभी खुश हुए। इसी के लिए देश ने, आज़ाद हिन्द के सैनिको ने और भारतमूलक प्रवासियों ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। आज़ाद हिन्द फौज के सभी, इधर या उधर, आज़ादी के प्रकाश से प्रसन्न थे। श्याम सिंह भी पन्द्रह अगस्त को खुश ही था।

उस रात सोते समय सिकंदर खां ने श्याम सिंह से कहा,—"उस्ताद, जाना ही पड़ रहा है। कल मैं लाहौर के लिए रवाना हो रहा हूं। अपना पता बता दो। जब आऊंगा तुम्हारे पास ठहरूंगा।"

श्याम सिंह खोया-सा था। उसने जवाब में कहा,—"मेरा गांव जरूर है। वहां एक मां भी मिल गयी है। पर वहां अब कभी जा न सकूंगा। दूसरी किसी जगह जाने का मुझे ठौर नही। यही या कहीं भी जो बन पड़ेगा वह करते करते अपनी सासें पूरा कर लूंगा।"

श्याम सिंह को मगर गाव के लिए कुछ ही दिनो में रवाना होना पड़ा। इम्तियाज़ खबर लाया कि काकी अब-तब हैं, उसे याद करती हैं। वह भागा। पहली ट्रेन से बनारस और वहा से पहली बस से गाव। काकी उसके पहुंचने के कुछ ही देर पहले अल्लाह को प्यारी हो चुकी थी।

वह रोया, खूब रोया। उसने काकी का जानाज़ा उठवाया, उन्हें कब्र दी, कब्र पक्की करायी और धूम धाम से शरियत के मुताबिक उनका चालीसवां किया।

सब कुछ करने के बाद उसने काकी की जमा-पूजी को जकात में बाट, अपने बुजुर्गो के चबूतरे पर मत्था टेक एक रात ढले तारों की आंखों से भी छिप कर उसने गांव छोड दिया। इस बार वह नेटुअवा बीर वाले महुए के पेड़ के नीचे नहीं रुका, सीधे बनारस पहुंचा।

बनारस स्टेशन पर मुंह हाथ धो वह सुस्ता रहा था कि एक प्रियदर्शी युवक ने उसका पाव छू कर उसे प्रणाम किया। उसके गोद मे एक सुन्दर शिशु था। युवक ने बालक शिशु से कहा,—"ताऊ जी हैं। इन्हे हाथ जोड़ कर प्रणाम कर।"

साथ ही उसने श्याम सिंह से कहा,—"इसकी मा ने भेजा है। वह चरण रज लेने के लिए आने की आज्ञा चाहती है। चिट्ठी आई थी कि···।"

श्याम सिंह बालक को देखते ही सब कुछ समझ गया था। मन मे तूफान का

को बर्बरता से दबा कर इंग्लैण्ड की रानी को हिन्दुस्तान की महारानी घोषित किया गया। तब से सौ बरस भी नहीं बीत पाये थे कि उनकी सारी धोखाधड़ी खुल गयी। हिन्दुस्तान की जनता, आज़ाद हिन्द फौज और हिन्दुस्तानी फौज की आंखों में वे आगे धूल नहीं झोंक सके। पन्द्रह अगस्त सैंतालीस को बम्बई और करांची के अरब सागर के किनारों से वे चले गये। जैसे बबने की तरह हाकिन्स नामक अंगरेज व्यापारी सन् सोलह सौ में सूरत के बन्दरगाह पर उतरा था वैसे ही आज वे अपने टापू में है। कोई भी वहां जाकर देख ले।

देश को वे बांट गये। भाई भाई भी बंटते हैं। मगर आज़ादी आई। उससे सभी खुश हुए। इसी के लिए देश ने, आज़ाद हिन्द के सैनिकों ने और भारतमूलक प्रवासियों ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। आज़ाद हिन्द फौज के सभी, इधर या उधर, आज़ादी के प्रकाश से प्रसन्न थे। श्याम सिंह भी पन्द्रह अगस्त को खुश ही था।

उस रात सोते समय सिकंदर खां ने श्याम सिंह से कहा,—"उस्ताद, जाना ही पड़ रहा है। कल मैं लाहौर के लिए रवाना हो रहा हूं। अपना पता बता दो। जब आऊंगा तुम्हारे पास ठहरूंगा।"

श्याम सिंह खोया-सा था। उसने जवाब में कहा,—"मेरा गांव जरूर है। वहां एक मां भी मिल गयी है। पर वहां अब कभी जा न सकूंगा। दूसरी किसी जगह जाने का मुझे ठौर नहीं। यहीं या कहीं भी जो बन पड़ेगा वह करते करते अपनी सांसें पूरी कर लूंगा।"

श्याम सिंह को मगर गांव के लिए कुछ ही दिनों में रवाना होना पड़ा। इम्तियाज़ खबर लाया कि काकी अब-तब हैं, उसे याद करती हैं। वह भागा। पहली ट्रेन से बनारस और वहां से पहली बस से गांव। काकी उसके पहुंचने के कुछ ही देर पहले अल्लाह को प्यारी हो चुकी थी।

वह रोया, खूब रोया। उसने काकी का जानाज़ा उठवाया, उन्हें कब्र दी, कब्र पक्की करायी और धूम धाम से शरियत के मुताबिक उनका चालीसवां किया।

सब कुछ करने के बाद उसने काकी की जमा- पूंजी को जकात में बांट, अपने बुजुर्गो के चबूतरे पर मत्था टेक एक रात ढले तारों की आंखों से भी छिप कर उसने गांव छोड़ दिया। इस बार वह नेटुअवा बीर वाले महुए के पेड़ के नीचे नहीं रुका, सीधे बनारस पहुंचा।

बनारस स्टेशन पर मुंह हाथ धो वह सुस्ता रहा था कि एक प्रियदर्शी युवक ने उसका पांव छू कर उसे प्रणाम किया। उसके गोद में एक सुन्दर शिशु था। युवक ने बालक शिशु से कहा,—"ताऊ जी हैं। इन्हें हाथ जोड़ कर प्रणाम कर।"

साथ ही उसने श्याम सिंह से कहा,—"इसकी मां ने भेजा है। वह चरण रज लेने के लिए आने की आज्ञा चाहती है। चिट्ठी आई थी कि···।"

श्याम सिंह बालक को देखते ही सब कुछ समझ गया था। मन में तूफान का